आज़ादी का अमृत महोत्सव

वार्षिक रिपोर्ट 2020-21

बी एच ई एल
BHEL

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान

बीएचईएल

परिचय

- भारत का अपनी तरह का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम
- भारतीय कैपिटल गुड्स उद्योग में दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता
- देश की कुल स्थापित पारंपरिक विद्युत उत्पादन क्षमता में 53% हिस्सेदारी के साथ शीर्ष योगदानकर्ता
- अखिल भारतीय उपस्थितिः 16 विनिर्माण इकाइयां; 8 सेवा केंद्र

प्रस्ताव

- पावर– थर्मल, हाइड्रो, गैस, परमाणु और सौर पीवी
- परिवहन
- पारेषण (ट्रांसमिशन)
- रक्षा और एयरोस्पेस
- तेल एवं गैस
- ऊर्जा भंडारण
- जल

पावर एवं उद्योग क्षेत्र में राष्ट्र को आत्मनिर्भर बना रहा है

उपस्थिति

देश के सभी राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में 457 कोयला, 422 हाइड्रो, 103 गैस, 12 परमाणु और 45 मेगावाट स्केल ग्रिड कनेक्टिड सोलर पीवी प्लांट का निष्पादन

सभी 6 बसे हुए महाद्वीपों के 86 देशों से व्यावसायिक संबंध

भारत की अग्रणी इंजीनियरिंग एवं विनिर्माणी कंपनी

पावर, उद्योग और अधोसंरचना क्षेत्रों के सपोषणीय समाधानों का एकल स्रोत

प्रतिभाशाली और कुशल कार्यबल द्वारा समर्थित भारतीय विद्युत संयंत्र उपकरण निर्माताओं में निर्विवाद रूप से शीर्षस्थ कंपनी

देश के रणनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत

विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी और परिसंपत्तियाँ

भारतीय इंजीनियरिंग क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर लगातार निवेश

राष्ट्र की ऑक्सीजन के लिए आत्मनिर्भरता में सहयोग!

कोविड–19 की दूसरी लहर के समय, जब राष्ट्र में अप्रत्याशित संकट खड़ा हो गया, तो बीएचईएल इस अवसर पर उभर कर सामने आया और मेडिकल ऑक्सीज़न की आपूर्ति हेतु युद्ध स्तर पर काम कर देश को गंभीर स्थिति से निपटने में सक्षम बनाने में सहयोग किया।

बीएचईएल के भोपाल एवं हरिद्वार विनिर्माण संयंत्र ने अपने आसपास के राज्यों के अस्पतालों में 5,75,000 घन मीटर (8,000 से अधिक सिलेंडर) की आपूर्ति की। बीएचईएल हरिद्वार ने केवल एक सप्ताह के रिकॉर्ड समय में अपनी सिलेंडर भरने की क्षमता 300 से बढ़ाकर 3,000 से अधिक सिलेंडर प्रतिदिन की है। एचपीईपी हैदराबाद में 10 से अधिक वर्षों से बंद पड़े 40 वर्ष पुराने ऑक्सीजन संयंत्र को भी तेलंगाना में ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए पुनर्जीवित किया गया था। बीएचईएल ने उपनगरों एवं नगरों के व्यापक स्तर पर सेनेटाईजेशन के लिए अनेक नये समाधान भी तैयार किए।

भविष्य में इस तरह के किसी भी संकट से बचने के लिए देश के प्रयासों को पूरा करते हुए, बीएचईएल अब 1000 एलपीएम तक के मेडिकल ऑक्सीजन संयंत्रों का निर्माण और आपूर्ति कर रहा है। इसके अलावा, जिन इकाइयों में इस प्रकार की सुविधाएं नहीं हैं उनमें आक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित किए जा रहें हैं।

अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों की देखभाल करते हुए, बीएचईएल ने अपने चिकित्सा अधोसंरचना को उन्नत करने और सभी विनिर्माण स्थानों में अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए ठोस प्रयास किया। महामारी के दौरान हमारे जो कर्मचारी दुर्भाग्यवश दिव्यंगत हो गए हैं उनके लिए एक सहायता योजना शुरू की गई है।

बीएचईएल अपने विभिन्न स्थानों पर स्थित परिसरों में कार्यरत कर्मचारियों, उनके परिवारों और कार्यरत सभी व्यक्तियों के 100% टीकाकरण पर तेजी से काम कर रहा हैं।

विषय सूची

वार्षिक समीक्षा 4

शेयरधारकों को पत्र 4

बीएचईएल का नेतृत्व 8

वर्ष के दौरान बीएचईएल एक नजर में 14

कॉर्पोरेट प्रोफाइल 16

बीएचईएल का परिचय 16

अखिल भारतीय उपस्थिति 20

बीएचईएल की दुनिया 22

उत्कृष्टता का सम्मान 24

निदेशक मंडल रिपोर्ट 28

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण 36

- व्यवसाय क्षेत्रों की रूपरेखा और कार्य निष्पादन 41
- वित्तीय निष्पादन का विश्लेषण 64

कॉर्पोरेट अभिशासन 81

सतत विकास 107

व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट 134

अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकीय प्रगति 142

वित्तीय विवरण 165

एकल वित्तीय विवरण 166

समेकित वित्तीय विवरण 236

अतिरिक्त जानकारी 319

वित्तीय निष्पादन प्रवृति 320

वर्षवार पूंजी व्यय 323

मूल्यवर्धित विवरण 323

उत्पादों की सूची 324

शब्दावली 331

सूचना 335

शेयरधारकों को पत्र



डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

"बीएचईएल स्वयं को जीवंत एवं प्रगतिशील वैश्विक इंजीनियरिंग संगठन में बदलने की राह पर है"

प्रिय शेयरधारक,

पिछला वर्ष कोविड–19 महामारी के कारण बड़ी चुनौती का वर्ष रहा, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ–साथ दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस महामारी ने आपकी कंपनी के कार्य निष्पादन को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया। तथापि, आपकी कंपनी इस स्थिति से निपटने के लिए बढ़–चढ़कर आगे आई और इस दिशा में राष्ट्र स्तर पर किए जा रहे प्रयासों में सहयोग किया। साथ ही, दीर्घकालिक विकास के लिए अपनी नींव को मजबूत बनाने की दिशा में भी कार्य किया।

महामारी के शुरुआती दिनों से ही, आपकी कंपनी अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा बड़े पैमाने पर समाज की मदद करने में सबसे आगे रही है। यह प्रयास दूसरी लहर के दौरान भी जारी रहा और कंपनी ने **5,75,000** घन मीटर अर्थात **80,000** से अधिक मेडिकल ऑक्सीजन सिलेंडरों की आपूर्ति की। वस्तुतः, बीएचईएल उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, भोपाल आदि में आपातकालीन चिकित्सा ऑक्सीजन का प्रमुख स्रोत था, जिसके परिणामस्वरूप बहुत–सी जानें बचाई जा सकीं। हमने अस्पतालों के लिए सीएसआईआर–आईआईपी के सहयोग से रिकॉर्ड समय में चिकित्सा ऑक्सीजन संयंत्रों का विकास और आपूर्ति की है। आपकी कंपनी ने कस्बों और शहरों के बड़े पैमाने पर सैनिटाइजेशन के लिए कीटाणुशोधन मशीनें भी विकसित और निर्मित कीं, तथा कंपनी के अस्पतालों और औषधालयों को अपग्रेड किया। एक देखभाल करने वाली कंपनी के रूप में अपनी छवि को कायम रखते हुए, बीएचईएल ने उन कर्मचारियों के परिवारों की देखभाल के लिए एक सहायता योजना शुरू की, जो दुर्भाग्य से महामारी का शिकार हो गए थे।

यद्यपि कोविड की दूसरी लहर ने देश और आपकी कंपनी को बहुत बुरी तरह प्रभावित किया है, फिर भी बीएचईएल ने अपने परिचालनों को तेजी से वापस लाने हेतु अनेक कदम उठाए हैं और कार्यस्थलों को कोविड मानदंडों के अनुरूप बनाकर तथा अपनी इकाइयों एवं परियोजना स्थलों पर व्यापक टीकाकरण अभियान चलाकर भविष्य में आने वाली किसी लहर के प्रभाव को कम करने के प्रयास किए हैं। कंपनी न केवल कर्मचारियों और उनके परिवारों का, बल्कि अपने परिसरों में काम करने वाले सभी व्यक्तियों का भी टीकाकरण सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। इसके अलावा, हम उन इकाइयों में ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित कर रहे हैं, जहाँ फिलहाल ऑक्सीजन उत्पादन की सुविधा नहीं है, ताकि भविष्य में किसी आपातकाल की स्थिति में, ऑक्सीजन की अनुपलब्धता (जैसा कि दूसरी लहर में हुआ) के कारण काम में रुकावट न आए और साथ ही बड़े पैमाने पर समाज की सहायता की जा सके।

प्रमुख निष्पादन उपलब्धियां

कोविड की पहली लहर के कारण हुए व्यवधान का, विनिर्माण इकाइयों के साथ–साथ परियोजना स्थलों पर भी कंपनी के परिचालन पर गंभीर प्रभाव पड़ा। हालांकि बाद में गतिविधियों को फिर से सामान्य स्तर पर शुरू करने

के लिए सभी प्रयास किए गए थे, लेकिन प्रतिकूल प्रभाव वार्षिक परिणामों में दिखाई दे रहा है।

- कोविड से संबंधित अनिश्चितताओं के कारण ग्राहकों द्वारा ऑर्डर करने में सुस्ती के बावजूद आपकी कंपनी ने 13,472 करोड़ रु. के ऑर्डर प्राप्त किए। आपकी कंपनी ने जल विद्युत क्षेत्र में अब तक के सबसे अधिक ऑर्डर बुक किए और परमाणु ऊर्जा तथा उत्सर्जन नियंत्रण व्यवसाय के लिए इंजीनियरिंग और उपकरणों के निर्माण में अपना नेतृत्व बनाए रखने में भी सफल रही।
- आपकी कंपनी ने आईओसीएल पारादीप से सल्फर रिकवरी यूनिट (525 टीपीडी) के लिए अपना पहला ऑर्डर प्राप्त किया है, और इसके सफलतापूर्वक पूरा होने पर बीएचईएल डाउनस्ट्रीम ऑयल एंड गैस सेक्टर में आगामी अवसरों में प्रोसेस पैकेज के लिए एक एलएसटीके प्लेयर के रूप में स्थापित हो जाएगा।
- कंपनी ने 2020–21 में 2,717 करोड़ रु. की निवल हानि के साथ 16,296 करोड़ रु. का कारोबार दर्ज किया। हानि में लगभग 1,800 करोड़ रु. का अतिरिक्त मेरिट आधारित प्रावधान भी शामिल है, जो प्राप्य राशियों की विस्तृत समीक्षा के बाद विशेष रूप से किया गया था, जिसे कंपनी द्वारा अत्यधिक वित्तीय विवेक के उपाय के रूप में लिया गया था, ताकि प्राप्य प्रबंधन प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके और बैलेंस शीट में संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। इसके अलावा, कोविड अवधि के दौरान गैर–उत्पादक व्ययों के कारण भी हानि में वृद्धि हुई (वेतन/ व्यय जिससे कोई उत्पादन नहीं हुआ)।
- आपकी कंपनी ने अपने परिचालन को राजस्व केंद्रित से बदलकर परियोजना केंद्रित करने की रणनीति अपनाने की एक बड़ी पहल की है, जिसने अल्पावधि में राजस्व को प्रभावित किया है, लेकिन इससे परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और ग्राहक संतुष्टि में सुधार करने में मदद मिलेगी तथा दीर्घकालिक व्यवसाय की संभावनाओं में पर्याप्त मात्रा में वृद्धि होगी।
- नकदी संग्रहण के लिए सम्मिलित प्रयासों के परिणामस्वरूप चालू वर्ष की बिलिंग के 82% का लिक्विडेशन हुआ, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक है और कंपनी ने पिछले वर्ष के 3,587 करोड़ रु. के घाटे के मुकाबले वित्त वर्ष 2020–21 में 383 करोड़ रु. का नकद अधिशेष हासिल किया।

> नकदी संग्रहण के लिए ठोस प्रयासों और बेहतर निष्पादन के परिणामस्वरूप कंपनी को वित्त वर्ष 2020–21 में पिछले वर्ष 3,587 करोड़ रु. की कमी के मुकाबले नकद अधिशेष मिला।

आर्थिक और व्यावसायिक वातावरण

महामारी के कारण संकुचन के बाद, वायरस की दूसरी लहर के समाप्त होने और अर्थव्यवस्था में फिर से चरणबद्ध रूप से सुधार होने के साथ घरेलू आर्थिक गतिविधि सामान्य हो रही है। कई उच्च आवृत्ति संकेतक, जैसे, ऑटोमोबाइल का पंजीकरण, बिजली की खपत, गैर–तेल गैर–सोने का आयात, उपभोक्ता टिकाऊ बिक्री और शहरी श्रमिकों को काम पर रखने से पता चलता है कि खपत, निवेश और बाहरी मांग फिर से बढ़ रही है।

निवेश की मांग अभी भी कमजोर बनी हुई है। हालांकि, क्षमता उपयोग में सुधार, इस्पात की बढ़ती खपत, अनुकूल मौद्रिक और राजकोषीय नीतियां और सरकार द्वारा घोषित आर्थिक पैकेज और अन्य उपायों से लंबे समय से प्रतीक्षित पुनरुद्धार शुरू होने की उम्मीद है।

हालांकि नए कोयला आधारित बिजली उत्पादन उपकरणों का ऑर्डर कमजोर बना हुआ है, उत्सर्जन नियंत्रण व्यवसाय की मांग मजबूत और बढ़ रही है। रेल परिवहन क्षेत्र में शहरी गतिशीलता में वृद्धि, रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में स्वदेशीकरण पर जोर, और तेल और गैस क्षेत्र में अपेक्षित विस्तार नए अवसर प्रदान करना जारी रखेगा। सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल भी कंपनी के लिए अनेक अवसर पैदा कर रही है।

भविष्य का दृष्टिकोण

यद्यपि चुनौतियां बनी हुई हैं, किंतु इस विषम परिस्थिति में अनेक अवसर भी मिल रहे हैं। कंपनी का मानना है कि उत्पादों और परियोजनाओं की समय पर और उच्च गुणवत्ता वाली डिलीवरी, उभरती प्रौद्योगिकियों में आक्रामक प्रयास, सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों, निजी उद्योग, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और शिक्षाविदों के साथ मिलकर काम करना एक मजबूत भविष्य के निर्माण की नींव होगा। इस स्थिति में, कंपनी दो आयामी रणनीति का पालन करके खुद को फिर से मजबूत करने के लिए दृढ़संकल्पित है:

क. अल्पावधि में, परियोजनाओं को तेजी से पूरा करके बंद किया जाए; जिसके परिणामस्वरूप इसके परिचालनों को पूरा करने के लिए नकदी की प्राप्ति भी होगी; प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियों, पुर्जों और सेवाओं में बढ़े हुए प्रयासों के माध्यम से मौजूदा पारंपरिक व्यवसाय का विस्तार करना; आईटी और प्रौद्योगिकी आधार को मजबूत करना; संगठन भर में गुणवत्ता प्रथम संस्कृति का पुनर्निर्माण; और प्रतिस्पर्धी वातावरण में व्यावसायिक वृद्धि हासिल करने के लिए लागत में कटौती करना और

ख. दीर्घावधि में, प्रौद्योगिकी नेतृत्व हासिल करने और विविधीकरण पहल को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

पिछला वर्ष कंपनी के लिए समेकन का वर्ष रहा है, जिसमें पिछले वर्ष की गई कई पहलें फलीभूत हुई हैं और भविष्य के बीएचईएल के निर्माण के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कंपनी ने आईपीएमएस (एकीकृत परियोजना प्रबंधन प्रणाली) के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से परियोजना निष्पादन में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसके साथ वर्तमान साइट डेटा डिजिटलीकरण परियोजना पूरक के रूप में काम कर रही है। इस परियोजना से अनुक्रमिक प्रेषण, पंच प्वॉइंट्स का क्लोजर और राजस्व केंद्रित रणनीति को छोड़कर परियोजना केंद्रित रणनीति अपनाना सुनिश्चित करता है।

कंपनी ने राज्य और केंद्र सरकारों के साथ कई स्तरों पर मुद्दों को उठाकर और उन परियोजनाओं में जोखिम को सीमित करने के लिए आवश्यक उपाय करके जहां भुगतान प्राप्त नहीं हो रहा है, अपने लंबित बकाया की वसूली के लिए आक्रामक तरीके से काम किया है। इसके परिणामस्वरूप नकदी की स्थिति स्थिर हो गई है, कंपनी 2020–21 में 2,717 करोड़ रु. के शुद्ध नुकसान के बावजूद नकद अधिशेष वाली कम्पनी बन गई है।

सूचना
अतिरिक्त जानकारी
वित्तीय विवरण
निदेशक मंडल रिपोर्ट
कॉर्पोरेट प्रोफाइल
वार्षिक समीक्षा

आपकी कंपनी ने बीएचईएल को डिजिटल रूप से सक्षम संगठन बनाने के लिए एक यात्रा शुरू की है ताकि संगठन की समग्र दक्षता में सुधार के साथ–साथ राजस्व वृद्धि के लिए आईटी का उपयोग किया जा सके। हमने ई–ऑफिस पर पूरी तरह स्विच ओवर हासिल कर लिया है, जो पेपरलेस ऑफिस की दिशा में एक बड़ा कदम है, और लॉकडाउन के दौरान निर्बाध काम सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित वर्क फ्रॉम होम सुविधा की शुरुआत की है। परियोजना निष्पादन, गुणवत्ता जाँच आदि के लिए शॉप फ्लोर और कार्य स्थलों पर आईटी समाधान प्रस्तुत करने हेतु अनेक प्रयास विभिन्न स्तरों पर निष्पादन के अधीन हैं।

उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना आज के व्यावसायिक वातावरण में सफलता का महत्वपूर्ण कारक है। इस दिशा में, कंपनी की गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में एक गुणवत्ता मानसिकता पैदा करने पर ध्यान देने के साथ पिछले वर्ष कंपनीव्यापी "क्वालिटी फर्स्ट" पहल शुरू की गई थी। हालांकि किसी भी प्रमुख गुणवत्ता पहल का वास्तविक प्रभाव आमतौर पर केवल लंबी अवधि में ही दिखाई देता है, प्रारंभिक सफलताओं में बीएचईएल की हरिद्वार इकाई के लिए 14 साल के बाद प्राप्त सीआईआई एक्जिम बैंक अवाड्‌र्स फॉर बिजनेस एक्सीलेंस 2020 में प्लेटिनम पुरस्कार और वर्ष 2020 के लिए "गोल्डन पीकॉक नेशनल" गुणवत्ता पुरस्कार" शामिल है।

लाभदायक वृद्धि प्राप्त करने के अपने प्रयासों के अनुरूप, कंपनी ने अपने संचालन के हर क्षेत्र में लागत में कटौती की गुंजाइश की पहचान करने के लिए एक लागत अनुकूलन समूह भी बनाया है। कंपनी द्वारा लागत में कमी के प्रयासों में डिजाइन, खरीद, ओवरहेड्स, इन्वेंट्री कंट्रोल, लॉजिस्टिक्स, और बजटीय नियंत्रण शामिल हैं।

आपकी कंपनी अपने वर्तमान परिचालन क्षेत्रों में चल रहे ऊर्जा ट्रांजिशन और कमजोर आर्थिक विकास से परिचित है। तदनुसार, मौजूदा पोर्टफोलियो में वृद्धि बनाए रखने के साथ–साथ नए, गैर–कोयला आधारित व्यवसायों में प्राप्त अवसरों का लाभ उठाने के लिए निश्चित कदम उठा रही है। नतीजतन, कंपनी ने परमाणु, हाइड्रो और थर्मल उत्सर्जन नियंत्रण व्यवसायों में अपनी प्रमुख स्थिति बरकरार रखी, 3,000 करोड़ रु. से अधिक के उच्चतम ऑर्डर की बुकिंग की। हाइड्रो क्षेत्र में, परमाणु क्षेत्र में परमाणु भाप टर्बाइनों के एकमात्र भारतीय आपूर्तिकर्ता के रूप में बाजार नेतृत्व को बनाए रखने के साथ–साथ एफजीडी और एससीआर खंड में उच्चतम बाजार हिस्सेदारी बनाए रखना। गैर–कोयला कारोबार में योगदान बढ़ाने की दिशा में कंपनी के प्रयास भी डाउनस्ट्रीम तेल और गैस खंड में पहला ऑर्डर प्राप्त करने के साथ फल दे रहे हैं। इसके अलावा, रेलवे, शहरी गतिशीलता, रक्षा, एयरोस्पेस आदि के लिए नए उत्पादों, प्रणालियों और समाधानों की एक श्रृंखला विकसित करने के लिए भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

दीर्घावधि में, कंपनी हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था (उत्पादन, भंडारण, उपयोग) के विभिन्न तत्वों सहित भविष्य की प्रौद्योगिकियों में निवेश करके अपनी प्रौद्योगिकी बढ़त हासिल करने का लक्ष्य बना रही है, जिसके लिए एक अलग व्यवसाय वर्टिकल बनाया गया है। इस व्यवसाय समूह को हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में बीएचईएल के लिए अवसरों की पहचान करने और प्रौद्योगिकी, विनिर्माण के साथ–साथ व्यावसायिक विकास के प्रयासों को फास्ट–ट्रैक आधार पर करने के उद्देश्य से काम सौंपा गया है। हमारा मानना है कि आगे चलकर एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग के सभी क्षेत्रों को बाधित करने वाला है, जिसके लिए इस क्षेत्र में शुरुआती अवसरों की पहचान करने के लिए एक और टीम का गठन किया गया है। अन्य क्षेत्र जहां समर्पित टीमों को तैनात किया गया है, वे हैं– प्रक्रिया उद्योगों के लिए उद्योग 4.0 समाधान (रिमोट मॉनिटरिंग और डायग्नोस्टिक्स, स्पेयर और सर्विसेज बिजनेस, आंतरिक संचालन के लिए IIoT), कोल टू मेथनॉल, अपस्ट्रीम सोलर वैल्यू चेन और बैटरी एनर्जी सिस्टम।

दीर्घकालिक संगठनात्मक और राष्ट्रीय दृष्टिकोण से, बीएचईएल हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था, एडिटिव विनिर्माण, उद्योग 4.0 समाधान, कोल टू मेथनॉल, अपस्ट्रीम सोलर वैल्यू चेन और बैटरी एनर्जी सिस्टम जैसी भविष्य की प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहा है।

तथापि, देश में कोयले के विशाल भंडार की मौजूदगी और आयात को नियंत्रण में रखने की अनिवार्यता, कम दक्षता, उच्च प्रदूषण और जीवन के अंतिम चरण में काम कर रहे पुराने उत्पादन सेटों को हटाने की आवश्यकता के साथ, मध्यम से दीर्घावधि में अवसरों के बढ़ने की उम्मीद है, जिनका आपकी कंपनी तापीय क्षेत्र, गैसीकरण/कोयला से मेथनॉल, कार्बन कैप्चर आदि सहित पर्यावरण के अनुकूल स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाभ उठाने के लिए तैयार है। अधिक कुशल और हरित ऐडवांस्ड अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल (एयूएससी) प्रौद्योगिकी का सफलतापूर्वक पूरा होना इस दिशा में एक कदम है और थर्मल व्यवसाय में हमारे प्रौद्योगिकी कौशल को और मजबूत करेगा।

अपने इस सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए कि हमारे कर्मचारी हमारी कंपनी की सबसे बड़ी संपत्ति हैं, कार्यबल के कौशल में वृद्धि, नेतृत्व विकास, आंतरिक संचार को मजबूत करने और ज्ञान साझा करने, नीतियों को सरल बनाने तथा विभिन्न डिजिटल–सक्षम कार्यस्थल समाधानों के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं, ताकि उत्पादकता और कर्मचारियों की व्यस्तता बढ़े।

ये प्रयास आपकी कंपनी को स्वयं को एक जीवंत वैश्विक इंजीनियरिंग संगठन में रूपांतरित करने की यात्रा में सहायक सिद्ध होंगे।

आत्मनिर्भर भारत पहल के अवसरों का लाभ उठाना

वर्तमान भू–राजनीतिक स्थिति और आत्मनिर्भर भारत पहल हमारे लिए देश के अंदर विनिर्माण में फिर से अग्रणी होने का एक अवसर है – विभिन्न उत्पादों और प्रौद्योगिकियों में – जो भविष्य के भारत के लिए अधिक प्रासंगिक होगा।

मेक इन इंडिया बिजनेस डेवलपमेंट ग्रुप के गठन के माध्यम से इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं और निकट भविष्य में, आयात किए जाने वाले उत्पादों का निर्माण करके (प्रौद्योगिकी सहयोग समझौतों के अधीन आयातों को छोड़कर) 50% आयात को स्वदेशी बनाने का लक्ष्य है, जिसे अन्य सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा आयात किए जाने वाले उत्पादों के स्वदेशी विकास के लिए उनके साथ मिलकर काम करके और देश में आयात किए जा रहे प्रमुख इंजीनियरिंग उत्पादों का घरेलू विकास एवं निर्माण करके

प्राप्त किया जाएगा। इन प्रयासों के माध्यम से बीएचईएल को पहले से ही विभिन्न ग्राहकों से विकास ऑर्डर मिल रहे हैं, जिससे कंपनी की क्षमता का उपयोग बढ़ रहा है और इसके साथ ही देश में आयात को कम करने में मदद मिल रही है। इसके अलावा, आपकी कंपनी स्थानीय उद्योगों/आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर भी काम कर रही है, ताकि उनकी क्षमताओं को विकसित किया जा सके और आयात को कम किया जा सके।

बीएचईएल आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत अवसरों का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिससे क्षमता का उपयोग बढ़ने के साथ–साथ देश में आयात को कम करने में मदद मिलती है।

आभार

कंपनी अनेक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अपने विभिन्न प्रयासों में लगातार आगे बढ़ रही है, जो विभिन्न हितधारकों के समर्थन के बिना संभव नहीं था। मैं अपने बहुमूल्य ग्राहकों के साथ–साथ अन्य व्यावसायिक भागीदारों को उनके निरंतर विश्वास के लिए, हमारे कर्मचारियों को उनके जुड़ाव, जुनून और दृढ़ता के लिए, बोर्ड के सदस्यों को उनके मार्गदर्शन के लिए और आप, हमारे सम्मानित शेयरधारकों, को सहयोग एवं कम्पनी पर भरोसे के लिए तहे दिल से धन्यवाद देता हूं और आभार व्यक्त करता हूं। मैं भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विशेष रूप से भारी उद्योग मंत्रालय को हमारे सभी प्रयासों में उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।

मुझे विश्वास है कि वर्तमान में किए जा रहे कई प्रयास हमें तात्कालिक चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने में मदद करेंगे और आपकी कंपनी के दीर्घकालिक और लाभप्रद विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेंगे।

शुभकामनाओं सहित,

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

नई दिल्ली
27 अगस्त, 2021

बीएचईएल का नेतृत्व

निदेशक मंडल (25.08.2021 की स्थिति)

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

कार्यकारी निदेशक

श्री सुबोध गुप्ता
निदेशक (वित्त)

श्री अनिल कपूर
निदेशक
(मानव संसाधन)
निदेशक (पावर) का अतिरिक्त प्रभार 01.02.2021 से

सुश्री रेणुका गेरा
निदेशक
(औद्योगिक प्रणाली और उत्पाद)
निदेशक (इंजीनियरिंग, आर एंड डी) का अतिरिक्त प्रभार 01.08.2021 से

सरकारी निदेशक/अंशकालिक आधिकारिक निदेशक

श्री शशांक प्रिय
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

श्री जीतेन्द्र सिंह
संयुक्त सचिव
भारी उद्योग मंत्रालय

स्वतंत्र निदेशक

श्री राजेश शर्मा
स्वतंत्र निदेशक

श्री राज कमल बिंदल
स्वतंत्र निदेशक

श्री मनीष कपूर
स्वतंत्र निदेशक

बीएचईएल का नेतृत्व

प्रबंधन समिति

25.08.2021 की स्थिति

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

सुबोध गुप्ता
निदेशक (वित्त)

अनिल कपूर
निदेशक (मानव संसाधन)
निदेशक (पावर) का
अतिरिक्त प्रभार 01.02.2021

रेणुका गेरा
निदेशक
(औद्योगिक प्रणाली और उत्पाद)
निदेशक (इंजीनियरिंग, आर एंड डी)
का अतिरिक्त प्रभार 01.08.2021

संजय गुलाटी
कार्यपालक निदेशक
(हीप एवं सीएफ़एफ़पी) हरिद्वार

सी आनंदा
कार्यपालक निदेशक
(एचईपी) भोपाल

पी जगदीश्वर रेड्डी
कार्यपालक निदेशक
(एचपीईपी) हैदराबाद

जय प्रकाश सिंह
कार्यपालक निदेशक
(एमआईआई–बीडीजी), नोएडा
सीएफपी तथा पीपीपीयू एवं पीसी का अतिरिक्त प्रभार

ए के जैन
कार्यपालक निदेशक
(ईडीएन), बेंगलुरु

शकील कुमार मनोचा
कार्यपालक निदेशक
(पीएस–मार्केटिंग, टीएंडजी),
नई दिल्ली

अनिल जोशी
कार्यपालक निदेशक
(सीओसी) नई दिल्ली

राजीव शर्मा
कार्यपालक निदेशक
(आरओडी) नई दिल्ली

रत्नानव आचार्य
कार्यपालक निदेशक
(कॉर्पोरेट आरएंडडी) हैदराबाद

कौशिक आचार्य
कार्यपालक निदेशक
(पीएस–एनआर) नोएडा

पुलक मुखोपाध्याय
कार्यपालक निदेशक
(पीएस–टीएस) नोएडा

डॉ. बलवीर तलवार
कार्यपालक निदेशक
(मा.सं. एवं सीसी) नई दिल्ली

अलका टुटेजा
कार्यपालक निदेशक
(पीएस–पीईएम) नोएडा

राजीव भटनागर
कार्यपालक निदेशक
(सीएसएम) सचिव–एमसी
आईओ, नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार

एस के ग्रोवर
कार्यपालक निदेशक
(ईएसएसजी एवं न्यू बिजनेस
एरिया) नई दिल्ली

जी मुरली
कार्यपालक निदेशक
(पीएस–एसआर) चेन्नई

उपिंदर सिंह मथारू
कार्यपालक निदेशक
(पीएस–ईआर) कोलकाता

पंकज गुप्ता
कार्यपालक निदेशक
(एसबीडी) बेंगलुरु

प्रवीण चन्द्र झा
कार्यपालक निदेशक
(एसएसबीजी) नोएडा

एस बी नैथानी
कार्यपालक निदेशक
(सीडीटी एवं सीटीएम), नई दिल्ली

जय प्रकाश श्रीवास्तव
कार्यपालक निदेशक
(डीएबीजी), नई दिल्ली
सीपीपीपी एवं पीएमजी का अतिरिक्त प्रभार

संतोष नायर
महाप्रबंधक प्रभारी
(पीएस–डब्ल्यूआर) नागपुर

मनोज कुमार सिन्हा
महाप्रबंधक प्रभारी
(एचबीजी), नोएडा

मिलिंद गिरीश कोप्पिकर
महाप्रबंधक प्रभारी
(आईएसजी), बेंगलुरु

एस वी श्रीनिवासन
महाप्रबंधक प्रभारी
(एचपीबीपी), तिरुचि

पी सुधीर बाबू
महाप्रबंधक प्रभारी
(पीई एवं एसडी) हैदराबाद

टी एस मुरली
महाप्रबंधक प्रभारी
(सीक्यू एंड बीई), नई दिल्ली

राजीव सिंह
महाप्रबंधक प्रभारी
(बीएपी), रानीपेटी

पंकज जैन
महाप्रबंधक प्रभारी
(कॉर्पोरेट वित्त) नई दिल्ली

मीना केसरी
महाप्रबंधक प्रभारी
(टीबीजी), नोएडा

पुष्पेंद्र कुमार सक्सेना
महाप्रबंधक प्रभारी
(पीएस–मुख्या. एवं
पीएस–पीएमजी), नई दिल्ली

ए बी गुप्ता
महाप्रबंधक एवं प्रमुख
(टी.पी.), झांसी

अमित केरकेट्टा
महाप्रबंधक एवं प्रमुख
(केपेक्स एवं एसएस एंड पी), नई दिल्ली
एफएसआईपी, जगदीशपुर का अतिरिक्त प्रभार

संजीव कुमार काक
महाप्रबंधक एवं प्रमुख
(पीसीएसजी), नोएडा

बी बालसुब्रमण्यन
महाप्रबंधक एवं प्रमुख
(एनबीजी), नोएडा

के एस मूर्ति
महाप्रबंधक एवं प्रमुख
(सीओएम), नई दिल्ली

सुशील कुमार बावेजा
महाप्रबंधक
(सीएलडी एवं पीएसजी), नोएडा

राजीव कुमार गुप्ता
महाप्रबंधक
(टीबीएसजी), नई दिल्ली

टी अनंत सयनम
महाप्रबंधक
(कॉर्पो. आंतरिक लेखा परीक्षा) नई दिल्ली

राजीव कालड़ा
कंपनी सचिव

बीएचईएल में नेतृत्व

कॉर्पोरेट संगठनात्मक ढांचा
(25.08.2021 की स्थिति)

निदेशक मण्डल

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

कार्यकारी निदेशकों की समिति

- **निदेशक इंजीनियरिंग, आर एंड डी**
  - कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास
    - कोर्पोरेट अनु. एवं वि., हैदराबाद
    - सिरेमिक तकनीकी संस्थान, बंगलूरु
    - एएसएससीपी, गुरुग्राम
  - कॉर्पोरेट प्रौद्योगिकी प्रबंधन
    - नवाचार रणनीति और निष्पादन
    - एडवांस अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल (एयूएससी) प्रोजेक्ट
    - प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग
    - ज्ञान प्रबंधन
    - उन्नत विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी
    - संयुक्त उद्यम, विलय और अधिग्रहण
  - कैपेक्स एवं एसएस एंड पी
    - कैपेक्स
    - सोर्सिंग स्ट्रेटजी एवं पॉलिसी
  - कॉर्पोरेट डिजिटल ट्रान्सफोर्मेशन
    - डिजिटल रणनीति और अभिशासन
    - उत्पादों एवं सेवाओं का डिजिटलीकरण
    - आईटी सिस्टम और एप्लिकेशन का विकास
    - आईटी सेवा, सुरक्षा ओर सहायता
    - आईटी संबंधी आधारभूत सुविधाओं का प्रबंधन
  - कॉर्पोरेट गुणवत्ता एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता
    - नई गुणवत्ता पहल
    - समग्र गुणवत्ता प्रबंधन
    - गुणवत्ता प्रमाणन
    - क्षेत्र गुणवत्ता आश्वासन
- **निदेशक वित्त**
  - कॉर्पोरेट वित्त
    - बजट और बजटीय नियंत्रण
    - परियोजना और सामान्य बीमा
    - कॉर्पोरेट बहियां एवं खाते
    - वित्तीय आयोजना एवं रणनीति
    - विदेशी व्यापार नीति
  - निधि प्रबंधन और बैंकिंग
    - प्राप्य प्रबंधन
    - कोषागार एवं नकद प्रबंधन
    - बैंकिंग संचालन
    - विदेशी मुद्रा प्रबंधन
    - परियोजना वित्त
  - कराधान
    - प्रत्यक्ष कर प्रबंधन
    - अप्रत्यक्ष कर प्रबंधन
  - लेखा परीक्षा एवं अनुपालन
    - सांविधिक और लागत लेखा परीक्षा
    - आंतरिक लेखा परीक्षा
    - सीएजी ऑडिट
    - (बीएचईएल और उसकी इकाइयां, क्षेत्र और व्यावसायिक क्षेत्र)
  - लागत इष्टतमीकरण सेल
    - लागत में कमी की पहल
    - परिचालन सुधार पुरस्कार कार्यक्रम
- **निदेशक मानव संसाधन**
  - कॉर्पोरेट मानव संसाधन एवं कॉर्पोरेट संचार
    - मा. सं. – निति
    - मा. सं. एनालिटिक्स
    - चिकित्सा सेवाएं
    - वैकल्पिक विवाद समाधान और कॉर्पोरेट विधि
    - औद्योगिक संबंध
    - जनशक्ति योजना एवं नियुक्ति
    - जनशक्ति लेखापरीक्षा
    - प्रतिभा प्रबंधन
    - कॉर्पोरेट संचार
    - कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व
    - स्वास्थ्य सुरक्षा पर्यावरण
    - प्रशासन एवं सुरक्षा
    - केंद्रीय लोक सूचना कार्यालय
  - पीपुल स्ट्रेटेजी ग्रुप
    - सक्सेशन प्लानिंग
    - कार्मचारी भागीदारी
    - निष्पादन प्रबंधन
  - कॉर्पोरेट ज्ञानार्जन और विकास
    - ज्ञा. एवं वि. रणनीतिः सूत्रीकरण, संरेखण एवं रिपोर्टिंग
    - तकनिकी, व्यवहारिक, प्रबंधकीय, कौशल प्रशिक्षण
  - मेक इन इंडिया – बिजनेस डेवलपमेंट ग्रुप
- **मुख्य सतर्कता अधिकारी**
  - सतर्कता
- **कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजिक प्रबंधन**
  - रणनीतिक योजना एवं क्रियान्वयन
  - जोखिम पहचान एवं प्रबंधन
  - बाहरी भागीदारी
  - परिवर्तन
  - नए विकास क्षेत्र एवं उभरती तकनीकी रणनीति
  - हाइड्रोजन बिजनेस ग्रुप
  - मुख्य निवेशक संबंध कार्यालय
  - उद्यम जोखिम कार्यालय
- **कॉर्पोरेट परिचालन प्रबंधन**
  - कॉर्पोरेट परिचालन प्रबंधन
- **कंपनी सचिव**
  - सचिवीय अनुपालन एवं निवेशक सेवाएं
  - कंपनी अधिनियम एवं लिस्टिंग समझौता
  - एजीएम, बोर्ड एवं बोर्ड स्तर की समितियों की बैठकें
- **निदेशक पावर**
- **निदेशक आईएस एंड पी**

प्रबंधन समिति

- पा. से.– विपणन (थर्मल एवं गैस)
- एनटीपीसी बिजनेस ग्रुप
- परमाणु व्यापार समूह
- हाइड्रो बिजनेस ग्रुप
- परियोजना प्रबंधन समूह
- तकनीकी सेवाएं
- प्रोजेक्ट क्लोजर सिनर्जी ग्रुप
- परियोजना इंजीनियरिंग प्रबंधन
- स्पेयर और सर्विसेज बिजनेस ग्रुप
- हेवी ईक्विपमेंट रिपेयर प्लांट, वाराणसी
- इंडस्ट्रियल सिस्टम्स ग्रुप, बेंगलुरु
- पा. से.– उत्तरी क्षेत्र, नोएडा
- पा. से.– दक्षिणी क्षेत्र, चेन्नई
- पा. से.– पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता
- पा. से.– पश्चिमी क्षेत्र, नागपुर
- पा. से.– मुख्यालय, एमएसएक्स, मा. सं.

- कैप्टिव पावर एंड प्रोसेस प्लांट्स
- उद्योग क्षेत्र – परियोजना प्रबंधन समूह
- क्षेत्रीय परिचालन प्रभाग (ट्रांसमिशन, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल उत्पाद)
- परिवहन व्यवसाय एवं सिस्टम समूह
- रक्षा और एयरोस्पेस व्यापार समूह

- ट्रांसमिशन बिजनेस ग्रुप
- प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग एंड सिस्टम्स डिवीजन
- ऊर्जा भंडारण समाधान समूह
- जल व्यवसाय

- अंतरराष्ट्रीय परिचालन

भोपाल
- हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट

हरिद्वार
- हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट
- सेंट्रल फाउंड्री फोर्ज प्लांट

हैदराबाद
- हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट

तिरुचि
- हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट, तिरुचि
- सीमलेस स्टील ट्यूब प्लांट, तिरुचि
- इंडस्ट्रीयल वाल्व प्लांट, गोइंदवाल
- पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट, थिरुमयम और पाइपिंग सेंटर, चेन्नई[1]

रानीपेट
- बॉयलर ऑक्जीलरी प्लांट

बेंगलुरु
- इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन, बेंगलुरु
- इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिवीजन, बेंगलुरु
- इलेक्ट्रिकल मशीन रिपेयर प्लांट, मुंबई
- सोलर बिजनेस डिवीजन, बेंगलुरु[2]

झांसी
- ट्रांसफार्मर प्लांट

जगदीशपुर
- फैब्रिकेशन, स्टैम्पिंग और इंसुलेटर प्लांट[3]

रुद्रपुर
- कंपोनेंट फैब्रिकेशन प्लांट[1]

विशाखापत्तनम
- हेवी प्लेट्स एवं वेसल्स प्लांट

1: निदेशक (मानव संसाधन) को रिपोर्ट करते हैं
2: निदेशक (औद्योगिक प्रणाली और उत्पाद) को रिपोर्ट करते हैं
3: निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) को रिपोर्ट करते हैं

वर्ष 2020–21 की एक झलक

(आंकड़े ₹ करोड़ में हैं जब तक कि अन्यथा उल्लेख न हो)

निवल मूल्य पर बाजार पूंजीकरण



चालू अनुपात



चालू वर्ष की शुद्ध बिलिंग का लिक्विडेशन%



परिचालन गतिविधियों से नगदी प्रवाह



दिनों की संख्या एवं व्यापार प्राप्य



माल सूची की स्थिति



बकाया एवं प्राप्त आदेश



परिचालनों से राजस्व



जनशक्ति (संख्या में)
प्रति कर्मचारी राजस्व (₹ लाख में)



वर्ष एक दृष्टि में 2020-21

01
₹ 1,02,000 करोड़ रुपए के कुल आदेश

02
गैर–कोयला व्यवसाय विकसित करने पर विशेष ध्यान; हाइड्रो में अब तक के उच्चतम ऑर्डर; परमाणु में नेतृत्व बनाए रखा

03
वर्तमान समय तक भारत तथा विदेशों में 193 GW से अधिक विद्युत उत्पादक उपस्कर स्थापित किए

04
देश में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों के व्यवसाय में बीएचईएल की बाजार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है

05
एयूएससी विकास सही दिशा की ओर है; आर एंड डी चरण पूरा हुआ; एचपी व आईपी टर्बाइन का डिजाइन पूरा हुआ; कमीशन किये गए टर्बाइन रोटर के लिए क्रीप–फटिग क्षति आकलन परीक्षण रिग

06
डाउनस्ट्रीम ऑयल एंड गैस बिजनेस के लिए प्रोसेस यूनिट के लिए अब तक का पहला एलएसटीके ऑर्डर हासिल किया

07
इसरो के यू आर राव सैटेलाइट सेंटर को 100वीं स्पेसग्रेड बैटरी की आपूर्ति की गई।

08
सागरदिघी में 1.2 गीगावॉट+ सोलर पीवी पोर्टफोलियो; 5 मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट कमीशन किया गया

09
28MWp घरेलू अक्षय ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से 27.2 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादित की गई

10
क्षमता निर्माण, उत्पादकता बढ़ाने और स्वदेशीकरण के लिए कंपनी की परिसंपत्ति में रु 180 करोड़ से अधिक की राशि का निवेश किया गया

11
अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार में 700 करोड़ का निवेश; 526 पेटेंट और कॉपीराइट दायर; 5052 कुल बौद्धिक पूंजी

12
मानव संसाधन पूंजी: 32,131

9000+ इंजीनियर

बीएचईएल का परिचय

बीएचईएल ऊर्जा तथा बुनियादी सुविधा (अधोसंरचना) के क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण उद्यम है। 1964 में स्थापित बीएचईएल दुनिया का अग्रणी विद्युत उपस्कर विनिर्माता है और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सबसे पुराने और अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक है। हम पावर (थर्मल, हाइड्रो, गैस, नाभिकिय और सोलार फोटो–वोल्टाइक), ट्रांसमिशन, परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा व एयरोस्पेस, तेल एवं गैस तथा जल आदि क्षेत्रों में ग्राहकों को उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं का एक व्यापक पोर्टफोलियो प्रदान करते है।

ईडीएन बेंगलूरू में सोलर मॉड्युल विनिर्माण केन्द्र

देश के प्रमुख औद्योगिक और रणनीतिक क्षेत्रों में कई क्षमताओं के निर्माण हेतु देश की विद्युत उत्पादन क्षमता को विकसित करने से लेकर अब तक, बीएचईएल आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। आर एंड डी तथा नवाचार पर अपने राजस्व के 2.5% से अधिक का लगातार व्यय; विश्व स्तरीय संपत्तियों की स्थापना, नई प्रौद्योगिकियों का विकास और आमेलन; और युवाओं को कौशल प्रदान करने, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में पहल के माध्यम से स्थायी व्यावसायिक समाधान और बड़े पैमाने पर समाज में योगदान देना, हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

32,000 से अधिक सशक्त जनशक्ति वर्षों से हमारी यात्रा के पीछे प्रेरक शक्ति है।

हीप, हरिद्वार का एरियल व्यू

पावर सेक्टर

बीएचईएल थर्मल, गैस, हाइड्रो और नाभिकीय विद्युत परियोजनाओं के निष्पादन में सिद्धहस्त होने के साथ विद्युत परियोजनाओं की समूची श्रृंखला के विनिर्माण की क्षमता रखने वाली दुनिया की चुनिंदा कंपनियों में से एक है। इसके उत्पादों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- जीवाश्म–ईंधन अनुप्रयोगों के लिए अनुषांगिक उपकरणों सहित 1000 मेगावाट इकाई आकार तक के स्टीम टर्बाइन, जनरेटर और बॉयलर तथा मैचिंग सहायक उपकरण
- SOx उत्सर्जन नियंत्रण के लिए फ्युल गैस डिसल्फेराइजेशन (एफजीडी) सहित उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण प्रणाली, कण उत्सर्जन नियंत्रण के लिये उच्च दक्षता इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपेटर, NOx उत्सर्जन नियंत्रण के लिए बॉयलर मॉडिफिकेशन और सिलेक्टिव केटलिस्टिक रिडक्शन सिस्टम
- 299 मेगावाट इकाई आकार तक गैस टर्बाइन और जनरेटर
- 400 मेगावाट इकाई आकार तक के हाइड्रो टर्बाइन और जनरेटर
- 220 / 235 / 540 / 700MWe नाभिकीय टर्बाइन जनरेटर सेट
- संयंत्रों के जीवन चक्र विस्तार और नवीकरण, आधुनिकीकरण, उन्नयन, अवशेष जीवन चक्र आकलन, समस्या निदान के माध्यम से संयंत्र के निष्पादन में संवर्धन

संपूर्ण भारत में बीएचईएल के 16 विनिर्माण केंद्र, 2 मरम्मत इकाइयां, 4 क्षेत्रीय कार्यालय, 8 सेवा केंद्र, 1 सहायक कंपनी, 3 सक्रिय संयुक्त उद्यम, 15 क्षेत्रीय विपणन केंद्र, 3 विदेशी कार्यालयों का व्यापक नेटवर्क है। भारत एवं विदेशों में वर्तमान में 150 से अधिक परियोजना साइटों पर काम चल रहा है। बीएचईएल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विस्तृत श्रृंखला के उच्च गुणवत्ता से युक्त और टिकाऊ उत्पादों का विनिर्माण करती है।

बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए विद्युत उत्पादन उपकरणों का विश्व भर में स्थापित आधार 193 गी.वा. से अधिक है जिससे बीएचईएल भारतीय विद्युत संयंत्र उपस्कर बनाने वाली कम्पनियों में निर्विवाद रूप से अग्रणी है। देश में थर्मल, हाइड्रो, परमाणु, गैस और सौर पीवी आधारित 1000 से अधिक विद्युत उत्पादन सेट स्थापित करने के बाद, कंपनी अब एयूएससी और कोयले से मेथनॉल जैसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास के साथ भविष्य में अधिक स्वच्छ और हरित ऊर्जा उपयोग के लिए मजबूत नींव बना रही है।

बीएचईएल उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में एक जाना पहचाना नाम है। भारतीय रेल के लोकोमोटिव एवं ईएमयू में आधे से अधिक ट्रैक्शन उपस्करों की आपूर्ति; 200+ इलेक्ट्रिक सबस्टेशनों की स्थापना और देश में 5 प्रमुख एचवीडीसी परियोजनाओं की स्थापना, पावर ट्रांसफार्मर और इलेक्ट्रिक एसी मशीन का सबसे बड़ा विनिर्माता एवं आपूर्तिकर्ता होना तथा ग्राउंड माउंटेड, रूफ टॉप, काइनाल टॉप एवं फ्लोटिंग पीवी प्लांट्स सहित देशभर में 1.2+ गीगावाट सोलर पोर्टफोलियो का विस्तार इसका प्रमाण है।

बीएचईएल अनेक प्रौद्योगिकियों से युक्त उत्पादों एवं प्रणालियों का एकमात्र भारतीय आपूर्तिकर्ता होने के नाते राष्ट्र के रणनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बीएचईएल देश में न्यूक्लियर स्टीम टरबाइन का एकमात्र विनिर्माता है; भारत के न्यूक्लियर पावर कार्यक्रम के तीनों स्तरों से जुड़ी हुई एकमात्र कंपनी है; तीन दशकों से अधिक समय से रक्षा एवं एयरोस्पेस क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपस्कर एवं सेवाओं का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है; भारतीय नौसेना को उसके युद्धपोतों के लिए नवल गन का विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है।

बीएचईएल के विश्व के सभी बसे हुए महाद्वीपों से व्यवसायिक संबंध और 86 देशों में संयंत्र स्थापित हैं जिसमें पड़ोसी देश जैसे बांग्लादेश, अफगानिस्तान, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया, ओमान, इराक, सूडान, संयुक्त राष्ट्र और न्यूजीलेंड सम्मिलित हैं। आज तक, विदेशी बाजारों में लगभग 11 गीगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त बांग्लादेश में 2X660 डॅ मैत्री सुपर थर्मल पावर परियोजना और नेपाल में 4X225 मेगावाट अरुण–3 जलविद्युत परियोजना सहित 6 गी.वा. निष्पादन के अधीन है।

बीएचईएल द्वारा झारखंड में कमीशन किया जा रहा है 6X660 मे.वा. नार्थ करनपुरा थर्मल पावर स्टेशन

उद्योग क्षेत्र

ऊर्जा, उद्योग और बुनियादी सुविधाओं (अधोसंरचना) के क्षेत्रों में बीएचईएल के प्रमुख उत्पाद निम्नानुसार हैं:

- **परिवहनः** आईजीबीटी आधारित प्रोपल्शन उपकरण (ट्रैक्शन कन्वर्टर / सहायक कनवर्टर / वाहन नियंत्रण इकाई), इलेक्ट्रिक लोको और एसीईएमयू/ एमईएमयू, ईएमयू कोच, 9000एचपी तक के इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव और 3000एचपी तक के डीजल इलेक्ट्रिक लोको के लिये ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर
- **अक्षय ऊर्जाः** ग्रिड कनेक्टिड एवं एकल (स्टैंड अलोन) सोलार पीवी अनुप्रयोगों के लिए संकल्पना से कमीशनिंग तक ईपीसी समाधान
- **रक्षा और एयरोस्पेसः** नेवल शिप के सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) एवं इंटिग्रेटिड प्लेटफ़ोर्म मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस), कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स, स्पेस ग्रेड लिथियम आयन सेल्स, स्पेस ग्रिड सोलर पैनल, स्पेस ग्रिड बैटरी, अंतरिक्ष यान प्रोपेलेंट (प्रणोदक) टैंक की हॉट फार्मिंग, टाइटेनियम शेल/डोम्स का निर्माण, टाइटेनियम शीट और ट्यूबों की वेल्डिंग और मशीनिंग सहित भारतीय रक्षा बलों के लिए रानीतिक उपस्कर
- **ऊर्जा भंडारण समाधान और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रः** सौर आधारित ईवी चार्जिंग स्टेशनों सहित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन के लिए ईपीसी समाधान, बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों (बीईएसएस) के लिए ईपीसी समाधान, रेलवे ट्रैक विद्युतीकरण के लिए ईपीसी समाधान, विद्युत संयंत्रों, उद्योगों और नगरपालिका अनुप्रयोगों के लिए पूर्ण जल प्रबंधन समाधान, चिकित्सा ऑक्सीजन संयंत्र
- **कैप्टिव पावर व प्रोसेस प्लांटः** एकल (स्टैंडअलोन) एसटीजी (स्टीम टर्बाइन जेनरेटर), बीटीजी (बॉयलर टर्बाइन जेनरेटर) पैकेज, जीटीजी ईपीसी आधार पर रिफाइनरी सीपीपी (कैप्टिव पावर प्लांट), यूबी (यूटिलिटी बॉयलर) पैकेज, डाउनस्ट्रीम ऑयल और गैस पैकेज
- **ट्रांसमिशनः** 132 केवी से लेकर 765 केवी रेंज के ईएचवी और यूएचवी सबस्टेशन और ± 800KV तक के एचवीडीसी कनवर्टर स्टेशन, पावर ट्रांसफॉर्मर, शंट रिएक्टर, वैक्यूम और SF6 स्विचगियर, गैस इंसुलेटेड स्विचगियर, सिरेमिक इंसुलेटर,फ्लेजिबल एसी ट्रांसमिशन सिस्टम डिवाइस आदि
- **औद्योगिक उत्पादः** ऑयल रिग्स, वेलहेड्स और एक्समैस ट्री वाल्व, मैकेनिकल पैकेज, फैब्रिकेटेड उपकरण और बॉयलर फीड पंप, कम्प्रेसर और एसी मशीन

बीएचईएल स्वयं को परिवर्तित करने हेतु अपनी प्रौद्योगिकी क्षमताओं एवं प्रतिबद्ध श्रमशक्ति का लाभ उठा रहा है। मुख्य व्यवसाय के नेतृत्व पर ध्यान देना, व्यवसायों में विविधता लाना, लागत अनुकूलन, दक्षता अनुकूलन और अभिनव तकनीकी समाधान कुछ प्रमुख कारक हैं जो व्यवसाय हेतु कंपनी की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाते हैं। बीएचईएल वर्तमान चुनौतियों को दूर करने और निकट भविष्य में सतत विकास के लिए एक मजबूत आधार बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने भविष्य का पुनः निर्माण कर रहा है।

बीएचईएल द्वारा आईओसीएल, पारादीप ओडिशा में कमीशन किया गया यूटिलिटी बॉयलर एवं एसटीजी

आधुनिक परिवहन में तीव्र प्रगति!

बीएचईएल भारतीय रेलवे का एक दीर्घकालिक एवं विश्वसनीय भागीदार रहा है। यह भारतीय रेलवे को सभी प्रकार के रोलिंग स्टॉक हेतु उत्पादों और प्रपल्शन प्रणालियों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता रहा है।

बीएचईएल द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित और आपूर्ति की गई प्रपल्शन प्रणाली से युक्त भारतीय रेलवे का पहला 9000 एचपी फ्रेट लोकोमोटिव वर्ष के दौरान चालू किया गया है। इसमें ट्रैक्शन कन्वर्टर, व्हीकल कंट्रोल यूनिट (वीसीयू) और हाई पावर ट्रैक्शन मोटर्स भी शामिल थे इस लोको का उपयोग पश्चिमी और पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में किया जाएगा, जिससे भारतीय रेलवे के माल ढुलाई परिचालन की दक्षता में काफी सुधार होगा।

बीएचईएल ने वर्ष के दौरान भारतीय रेलवे को निर्धारित समय से पहले 6000एचपी डब्ल्यूएजी9एच लोकोमोटिव की आपूर्ति की और इसे कमीशन किया।

अपनी इंजीनियरिंग और उत्पाद विकास क्षमताओं के साथ, बीएचईएल रेल परिवहन की आगामी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन समाधान प्रदान करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

अखिल भारतीय उपस्थिति

16 विनिर्माण इकाइयां

08 सेवा केंद्र

15 व्यावसायिक कार्यालय

150+ भारत और विदेश में परियोजना स्थल

04 क्षेत्रीय कार्यालय

02 मरम्मत इकाइयां

विनिर्माण संयंत्र/इकाइयां

बीएचईएल विनिर्माण संयंत्र	बंगलूरू	1. इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन (ईडीएन)
		2. इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स डिवीजन (ईएसडी)
		3. सोलार बिजनिस डिवीजन (एसबीडी)
	भोपाल	4. हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट (एचईपी)
	गोइंदवाल	5. इंडस्ट्रियल वॉल्व प्लांट (आईवीपी)
	हरिद्वार	6. हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट (एचईईपी)
		7. सेंट्रल फ़ाउन्ड्री फ़ोर्ज प्लांट (सीएफ़एफ़पी)
	हैदराबाद	8. हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट (एचपीईपी)
	जगदीशपुर	9. फ़ैब्रिकेशन स्टाम्पिंग एवं इंसुलेटर प्लांट (एफ़एसआईपी)
	झांसी	10. ट्रान्सफ़ॉर्मर प्लांट (टीपी)
	रुद्रपुर	11. कम्पोनेंट फ़ैब्रिकेशन प्लांट (सीएफ़पी)
	रानीपेट	12. बॉयलर ऑग्जीलरी प्लांट (बीएपी)
	तिरुचिरापल्ली	13. हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट (एचपीबीपी)
		14. सीमलेस स्टील ट्यूब प्लांट (एसएसटीपी)
	तिरुमयम	15. पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट (पीपीपीयू)
	विशाखापत्तनम	16. हेवी प्लेट्स एंड वेसल्स प्लांट (एचपीवीपी)
बीएचईएल की मरम्मत इकाइयां	मुंबई	1. इलेक्ट्रिकल मशीन्स रिपेयर प्लान्ट (ईएमआरपी)
	वाराणसी	2. हेवी इक्विपमेंट रिपेयर प्लांट (एचईआरपी)
बीएचईएल सहायक कंपनी	कासरगोड	1. बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन्स लि. (बीएचईएल– ईएमएल)

कॉर्पोरेट कार्यालय
कॉर्पोरेट अनु. एवं विकास
विनिर्माण इकाइयां
सेवा केंद्र
क्षेत्रीय विपणन कार्यालय
क्षेत्रीय कार्यालय (पॉवर सेक्टर)
गोइंदवाल
चंडीगढ़
हरिद्वार
रुद्रपुर
नई दिल्ली
नोएडा
जयपुर
लखनऊ
वाराणसी
जगदीशपुर
पटना
गुवाहाटी
झांसी
भोपाल
वडोदरा
रांची
जबलपुर
कोलकाता
नागपुर
रायपुर
भुवनेश्वर
मुंबई
विशाखापट्नम
सिकंदराबाद
हैदराबाद
बेंगलुरु
रानीपेट
चेन्नै
तिरुचिरापल्ली
तिरुमयम

बीएचईएल की दुनिया

राष्ट्रीय संस्थान

- अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों को सेवा प्रदान करने वाली भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग और विनिर्माण कंपनियों में से एक
- विश्व स्तर पर 150+ परियोजना स्थलों एवं 16 विनिर्माण इकाइयों के साथ अखिल भारतीय उपस्थिति

विजन

बेहतर कल के लिए समाधान प्रदान करने वाला वैश्विक अभियांत्रिकी उद्यम

मिशन

ऊर्जा, उद्योग और बुनियादी सुविधा के क्षेत्र में संधारणीय व्यावसायिक समाधान प्रदान करना

भारत को ऊर्जावान बनाना

- 193+ गीगावाट के विद्युत उत्पादन उपकरणों को भारत और विदेशों में स्थापित किया
- 18,250+ मेगावाट के कैप्टिव पावर प्लांट कमीशन किए गए
- 1.2GW से अधिक कुल सौर पोर्टफोलियो
- बीएचईएल द्वारा निर्मित उपस्कर देश में 55% ताप विद्युत उत्पादन, 47% परमाणु ऊर्जा उत्पादन सेकेण्डरी साईट और 45% जल विद्युत उत्पादन करते हैं।

कोर सेक्टर्स में अप्रतिम योगदान

- 6,90,000+ एमवीए ट्रांसमिशन उपकरण की आपूर्ति
- 32,550+ एसी मशीनों की आपूर्ति
- 760+ लोको की भारतीय रेलवे एवं उद्योगों को आपूर्ति
- 410+ कंप्रेशर्स की आपूर्ति और 90 ऑयल ड्रिलिंग रिग्स की आपूर्ति
- 13000 वेल हेड्स और क्रिसमस ट्री वाल्व की आपूर्ति
- भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए 40 सुपर रैपिड गन माउंट की आपूर्ति

विश्व स्तर पर उपस्थिति

- 86 देशों से व्यावसायिक संबंध
- देश से बाहर 11GW बिजली उत्पादन क्षमता; 6GW पर काम चल रहा है।
- दो विदेशी सोलर पीवी परियोजना के लिए संविदा की गई।

कर्मचारियों का महत्व

- 32000 से अधिक समर्पित सशक्त जन शक्ति,
- लगभग 1900 महिला कर्मचारी
- लगभग 9000 + इंजीनियर
- 1973 से सहभागितापूर्ण प्रबंधन संस्कृति



राष्ट्रीय संस्थान

- बीएचईएल ने देश में पहली बार एयूएससी अनुप्रयोग के लिए दो असमान धातुओं के सम्मिश्रित वेल्डेड इनर केसिंग के साथ एचपी टर्बाइन विकसित किया है।
- बीएचईएल ने उच्च दक्षता वाली क्रिस्टलाइन सिलिकॉन सौर कोशिकाओं के लिए विकसित पैसिव एमिटर और रियर सेल (पीईआरसी) तकनीक घरेलू रूप से विकसित की है।
- बीएचईएल ने भारतीय रेलवे के लिए मध्य प्रदेश के बीना में ट्रैक्शन प्रणाली को सीधे विद्युत आपूर्ति कराने वाला, अपनी तरह का पहला 1.7 मेगावॉट का सोलर पीवी प्लांट सफलतापूर्वक स्थापित किया है।
- बीएचईएल ने भारतीय रक्षा बलों के रणनीतिक अनुप्रयोग के लिए पहले स्वदेशी रूप से विकसित 500 kW मुख्य मोटर जेनरेटर की आपूर्ति की बीएचईएल ने मोजाम्बिक रेलवे हेतु 3000 एचपी केप गेज लोकोमोटिव अनुप्रयोगों के लिए 3–फेस एसी इंडक्शन मोटर्स और ट्रैक्शन अल्टरनेटर को सफलतापूर्वक विकसित और आपूर्ति की है।

सतत भविष्य के लिए प्रौद्योगिकियां

- घरेलू स्तर पर एड्वांस्ड अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल (AUSC) और कोल से मेथनॉल प्रौद्योगिकियों का विकास
- भारत में कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के लिए उत्सर्जन नियंत्रण उपस्कर के विकास, स्थापना और स्वदेशीकरण में नेतृत्व
- घरेलू स्तर पर 28MWp सौर ऊर्जा प्रतिष्ठानों की स्थापना से लगभग CO_2 के 26,118 मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी
- उच्च दक्ष ईएचवी ट्रांसमिशन प्रणालियों एवं उत्पादों का विकास (800KV HVDC सहित)
- बीएचईएल इकाइयों की 12 उपनगरियों (टाउनशिप) को ''एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त'' घोषित किया गया है

समाज के साथ विकासशील

- कोविड की दूसरी लहर के दौरान देश को 5,75,000 क्यूबिक मीटर से अधिक मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई
- संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध
- ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की सत्यनिष्ठा संधि पर हस्ताक्षर
- हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए 2020–21 के दौरान बीएचईएल में 35,500+ पौधे लगाए गए
- बीएचईएल त्रिची देशी पेड़ों को संरक्षित करने और 2022 तक आधा मिलियन पेड़ लगाने के लिए अपनी तरह का अनूठा बीएचईएल वन बना रहा है

नवाचार

- अनुसंधान एवं विकास व्यय लगातार राजस्व का >2.5%
- प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास
- पांच शोध संस्थान; 14 उत्कृष्टता केंद्र
- डीएसआईआर से मान्यता प्राप्त विनिर्माण इकाइयों एवं प्रभागों के 12 घरेलू अनुसंधान एवं विकास केंद्र

उत्कृष्टता का सम्मान

प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने की परंपरा को यथावत रखते हुए, बीएचईएल और उसके कर्मचारियों ने वर्ष के दौरान कई पुरस्कार जीते हैं। इनमें से उल्लेखनीय इस प्रकार हैं:

निम्नलिखित क्षेत्रो में **महारत्न श्रेणी मे 8वां गवर्नेंस नाउ पीएसयू पुरस्कार**:–

- समग्र मानव संसाधन प्रक्रियाओं में उत्कृष्टता के लिए **मानव संसाधन उत्कृष्टता पुरस्कार**।
- अपनी सूचना और डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने में उत्कृष्टता और नवाचार के लिए **डिजिटल परिवर्तन पुरस्कार**।
- **अनुसंधान तथा नवाचार**

पावर उपकरण क्षेत्र में **गोल्डन पीकॉक नेशनल क्वालिटी पुरस्कार 2020**

पावर उपकरण क्षेत्र में **गोल्डन पीकॉक एनवायरमेंट मेनेजमेंट पुरस्कार 2020**

बीएचईएल को पेटेंट की मात्रा, अनुदान की सफलता दर, वैश्वीकरण के विस्तार, नवाचार के प्रभाव के आधार पर दक्षिण पूर्व एशिया के शीर्ष 28 नवप्रवर्तकों में शामिल होने पर **क्लेरिवेट साउथ एंड साउथ ईस्ट एशिया इनोवेशन अवार्ड 2020**

एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन 2020 में **लार्जेस्ट पार्टिसिपेटिंग कॉर्पोरेट ट्रॉफी**।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से "इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर" श्रेणी में वित्त वर्ष 2019–20 के लिए **वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता** हेतु पुरस्कार प्राप्त। गुणात्मक वित्तीय विवरण की तैयारी एवं प्रस्तुतीकरण में उत्कृष्टता के सम्मानस्वरूप यह पुरस्कार श्री अर्जुन राम मेघवाल, तत्कालीन माननीय संसदीय कार्य एवं भारी उद्योग व लोक उद्यम राज्य मंत्री द्वारा डॉ. अनिल अग्रवाल, माननीय सांसद, सीए अतुल कुमार गुप्ता, अध्यक्ष आईसीएआई, तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रदान किया।

बीडब्ल्यू बिजनेसवर्ल्ड के सहयोग से बीडब्ल्यू सीएफओ वर्ल्ड द्वारा आयोजित **सीएफओ और फिन्नेशियल स्ट्रेटजी समिट एंड आवार्ड 2021** के एक आभासी समारोह में निदेशक (वित्त) को **"बेस्ट सीएफओ पीएसयू"** के सम्मान से सम्मानित किया गया।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड, वित्त मंत्रालय (कई राज्यों के संबंध में) से सशक्त एवं स्थिति–स्थापक राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण कारकों; सरकार को माल और सेवा कर के समय पर रिटर्न प्रस्तुत करने, समय पर भुगतान एवं पर्याप्त योगदान हेतु **"प्रशंसा प्रमाण पत्र"** प्रदान किया गया।

इंजीनियरिंग क्षेत्र में व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा (ओएच एंड एस) प्रबंधन में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए **"अपेक्स इंडिया ऑक्यूपेशनल हेल्थ एंड सेफ्टी अवार्ड–2020"** के अंतर्गत **गोल्ड अवार्ड**

प्रशिक्षण और विकास हेतु भारतीय सोसायटी द्वारा **"नवप्रवर्तन प्रशिक्षण प्रथाओं के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार"** के लिए विशेष प्रशस्ति पत्र

वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा **"टाइम्स एसेंट ड्रीम कंपनीज टू वर्क फॉर"** की **शीर्ष 10** में स्थान प्राप्त हुआ। अभिनव मानव संसाधन प्रथाओं वाले संगठन की श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त किया

वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा **श्री अनिल कपूर,** निदेशक (मा.स.) को **टाइम्स एसेंट एचआर सुपर अचीवर्स अवार्ड**

इंजीनियरिंग क्षेत्र में मानव संसाधन प्रथाओं में उत्कृष्टता के लिए **"एपेक्स इंडिया एचआर एक्सीलेंस अवार्ड– 2020"** के अंतर्गत **प्लेटिनम अवार्ड**

कोविड –19 महामारी के दौरान साइबर सुरक्षा रेसिलेंस के लिए **स्कोच गोल्ड अवार्ड**

प्रौद्योगिकी विकास और नवाचार के लिए आर एंड डी **स्कोप मेरोटोरियस पुरस्कार 2016–17**

कोविड के दौरान विभिन्न परियोजनाओं के लिए प्रेरणादायक या परिवर्तनकारी प्रदर्शन के लिए **स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड**

एचआरएम प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण के लिए **स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड**

अपने प्रतिष्ठानों में शिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के प्रति संगठन की मेंटरशिप भावना को मान्यता देते हुए **कौशलाचार्य पुरस्कार 2019–20 का प्रथम पुरस्कार**

हीप हरिद्वार को ईएफक्यूएम 2020 मॉडल के अनुसार **"सीआईआई एक्जिम बैंक अवार्ड फॉर बिजनेस एक्सीलेंस 2020"** के अंतर्गत **प्लेटिनम पुरस्कार**

नाभकीय शक्ति का उन्मुक्तिकरण

बीएचईएल देश के परमाणु ऊर्जा खंड के विकास में चार दशकों से अधिक समय से अग्रणी रहा है, यह एकमात्र भारतीय कंपनी है जो परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के सभी तीन चरणों से जुड़ी हुई है।

बीएचईएल देश की एकमात्र कंपनी है जिसके पास परमाणु अनुप्रयोगों के लिए टीजी सेटों की डिजाइन और इंजीनियरिंग क्षमताएं हैं। राष्ट्र में संचालित कुल 18 पीएचडब्ल्यूआर में से 12 प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर), जो परमाणु ऊर्जा क्षमता का 74% हैं, बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए स्टीम टर्बाइन जेनरेटर सेट (प्रत्येक 220 मेगावाट की 10 इकाइयां और 540 की दो इकाइयां) से लैस हैं)। यह देश के स्वदेशी परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के पहले चरण के लिए परिपक्वता प्राप्त करने में सहायक के रूप में बीएचईएल के योगदान को प्रदर्शित करता है।

परमाणु खंड में, बीएचईएल आगामी पीएचडब्ल्यूआरएस, जो एनपीसीआईएल द्वारा फ्लीट मोड के तहत खरीदे जा रहे हैं, के लिए ईपीसी आधार पर 700 मेगावाट टीजी आईसलैंड व्यवसाय के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए सबसे कम बोली लगाने वाले के रूप में उभर कर, बीएचईएल ने न्यूक्लियर स्टीम टर्बाइन के इंजीनियरिंग और निर्माण में अपने नेतृत्व की पुष्टि की है।

निदेशक मंडल
की रिपोर्ट

निदेशक मंडल की रिपोर्ट 29

अनुलग्नक–I 36
प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

अनुलग्नक–II 81
कॉर्पोरेट अभिशासन

अनुलग्नक–III 105
सीईओ और सीएफओ प्रमाण पत्र

अनुलग्नक–IV 107
सतत विकास

अनुलग्नक–V 134
व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट

अनुलग्नक–VI 142
अनुसंधान एवं विकास
तथा तकनीकी उपलब्धियां

अनुलग्नक–VII 146
ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समामेलन
और विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय

अनुलग्नक–VII A 147

अनुलग्नक–VIII 150
फार्म एओसी–1 और एओसी–2

अनुलग्नक–IX 153
स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट
और सीएजी की टिप्पणियाँ

निदेशक मंडल की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यो,

निदेशक मंडल को आपकी कंपनी के व्यवसाय और परिचालन पर 57वीं वार्षिक रिपोर्ट और 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

वित्तीय परिणाम

(₹ करोड़ में)

	को समाप्त वर्ष के लिए	
	31 मार्च, 2021	31 मार्च, 2020
राजस्व	**16296**	20491
परिचालन से राजस्व	**17308**	21459
कर के बाद लाभ/(हानि)	**(2717)**	(1473)
कुल व्यापक आय /(हानि)	**(2697)**	(1747)
ईपीएस (₹ में)	**(7.80)**	(4.23)

नोटः ( ) में दिए गए आंकड़े नकारात्मक मूल्य हैं।

कंपनी की स्थिति

वैश्विक स्तर पर कोविड 19 महामारी के कारण राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन आर्थिक गतिविधियों में व्यवधान और मंदी का कारण बना। इसने वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान कंपनी के परिचालन को प्रभावित किया, जो बाद में धीरे–धीरे ठीक हो गया। इसके अतिरिक्त, दुनिया भर में भू–राजनीतिक स्थिति से उत्पन्न मुद्दों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को गंभीर रूप से बाधित कर दिया, जिससे परिचालन प्रभावित हुआ। इकाइयों से उत्पादन और आपूर्ति को भी साइट प्रगति की स्थिति के अनुरूप विनियमित किया गया, ताकि आवश्यकता के क्रम में आपूर्ति की जा सके और कार्यशील पूंजी को ऑप्टिमाइज किया जा सके।

वित्त वर्ष 2020–21 में, कंपनी को वित्त वर्ष 2019–20 में ₹1473 करोड़ के नुकसान के मुकाबले ₹2717 करोड़ का नुकसान हुआ है, जो मुख्यतः कम राजस्व, उच्च सामग्री लागत और लगभग ₹1800 करोड़ के अतिरिक्त मेरिट आधारित प्रावधान के कारण हुआ है। व्यापक समीक्षा के आधार पर, यह प्रावधान अत्यंत वित्तीय बुद्धिमत्ता के रूप में किया गया, ताकि प्राप्ति प्रबंधन की प्रक्रिया को मजबूत बनाया जा सके और बैलेंस शीट में संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। हालांकि कड़े बजटीय नियंत्रण उपायों और परिचालन व्यय में कमी के परिणामस्वरूप हानि सीमित हुई।

कंपनी को वित्त वर्ष 2020–21 में ₹13472 करोड़ के ऑर्डर मिले। इसमें पावर क्षेत्र में ₹8984 करोड़ , उद्योग क्षेत्र में ₹4283 करोड़ और अंतर्राष्ट्रीय परिचालन में ₹205 करोड़ के ऑर्डर शामिल हैं। 31 मार्च, 2021 के अंत में बकाया ऑर्डर बुक 31 मार्च, 2020 को ₹108443 करोड़ के मुकाबले लगभग ₹102090 करोड़ थी। ऑर्डर बुक के आंकड़ों में लागू कर शामिल हैं।

(₹ करोड़ में)





कोविड 19 ने न केवल कंपनी की टॉपलाइन को प्रभावित किया, बल्कि ग्राहकों द्वारा ऑर्डर देने / अंतिम रूप देने में भी देरी हुई है। वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान नए प्रोजेक्ट प्रस्तावों में काफी गिरावट आई है, जिसका असर कंपनी की ऑर्डर बुक पर भी पड़ा है। यह उल्लेखनीय है कि नए परियोजना प्रस्तावों (सीएमआईई के अनुसार) और कंपनी के ऑर्डर बुकिंग के बीच महत्वपूर्ण संबंध है।

रिजर्व में अंतरण

चालू वित्त वर्ष में घाटे के चलते कंपनी ने रिजर्व में कोई राशि ट्रांसफर नहीं की है।

लाभांश

कंपनी की लाभांश वितरण नीति और चालू वित्त वर्ष में घाटे को देखते हुए, निदेशक मंडल ने 11 जून 2021 को हुई अपनी बैठक में वर्ष 2020–21 के लिए किसी लाभांश की अनुशंसा नहीं की है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 43A की अपेक्षाओं के अनुसरण में कंपनी में लाभांश वितरण नीति लागू है। लाभांश वितरण नीति कंपनी की वेबसाइट https://www.bhel.com/dividend-distribution-policy-bhel-0 पर उपलब्ध है।

जमा

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 के दायरे में आने वाली जनता से जमा स्वीकार नहीं किया है।

पूंजी और वित्त

वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान, कंपनी ने आंतरिक संचय के माध्यम से अपनी केपेक्स और ऑपरेटिंग फंड आवश्यकताओं को पूरा किया है। एक ट्रेजरी कार्य के रूप में, कंपनी कंपनी को ब्याज आय को अधिकतम करने के लिए उपलब्ध निवेश के अवसरों में अधिशेष धन का निवेश करती है। किसी भी आकस्मिक परिचालन निधि आवश्यकता को पूरा करने के लिए, कंपनी द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न अल्पकालिक उधार विकल्पों में वाणिज्यिक पत्र, पीसीएफसी, खरीदार क्रेडिट आदि शामिल हैं। पीसीएफसी उधार भी कंपनी को एक प्राकृतिक विदेशी मुद्रा बचाव प्रदान करते हैं। प्रभावी ट्रेजरी प्रबंधन के कारण चालू वित्त वर्ष में पिछली अवधि की तुलना में बंद नकदी और बैंक शेष में 26ः की वृद्धि हुई।

कंपनी के वाणिज्यिक पत्र एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध हैं। वाणिज्यिक पत्रों का विवरण एकल वित्तीय विवरणों के नोट [24] पर उपलब्ध है।

ऋण और निवेश

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधानों के अंतर्गत कवर किए गए ऋण और निवेश का विवरण वित्तीय विवरण का हिस्सा है। कार्यशील पूंजी के लिए ₹3 करोड़ का ऋण 2015–16 के दौरान बीएचईएल की सहायक कंपनी मेसर्स बीएचईएल ईएमएल को दिया गया था, और पहले से ही हानि के लिए प्रदान किया जा चुका है। सहायक कंपनियों को दिए गए ऋणों और अग्रिमों का खुलासा वित्तीय विवरणों के नोट संख्या [54] का हिस्सा है। कंपनी या उसकी सहायक कंपनी में ऋणी द्वारा निवेश के कोई उदाहरण नहीं हैं।

क्रेडिट रेटिंग

आपकी कंपनी की क्रेडिट रेटिंग इस प्रकार है:

बीएचईएल की हिस्सेदारी (%)	**27.97%**	27.97%
बीएचईएल का पूँजी निवेश	**664.04**	664.04
परिचालन से राजस्व	**2224.22**	256.32
वर्ष के दौरान लाभ/(हानि)	**(543.44)**	(2084.95)

* लेखा परीक्षा से पूर्व अनंतिम आँकड़ों पर आधारित

वित्तीय वर्ष 2020–21 में, बेहतर संयंत्र परिचालन के परिणामस्वरूप, कंपनी उच्च स्तर का राजस्व उत्पन्न कर सकती है जिससे कंपनी को अपने घाटे को लगभग 74% कम करने में मदद मिलेगी। उम्मीद है कि आने वाले समय में कंपनी अपने प्रदर्शन में और अधिक सुधार करेगी।

घ. दादा धुनीवाले खंडवा पावर लिमिटेड (डीडीकेपीएल):

दादा धुनीवाले खंडवा पावर लिमिटेड (डीडीकेपीएल) बीएचईएल और मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) की एक संयुक्त उद्यम कंपनी थी, जिसे निर्माण, स्वामित्व और परिचालन के आधार पर खंडवा, मध्य प्रदेश में 2x800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के लिए स्थापित किया गया था।

कोयला लिंकेज की अनुपलब्धता और भूमि अधिग्रहण में आने वाली समस्याओं के कारण, दोनों प्रमोटरों ने जेवीसी के स्वैच्छिक समापन के लिए

मंजूरी दे दी। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के आदेश दिनांक 02.11.2020 के अनुसार, डीडीकेपीएल आदेश की तिथि से भंग हो गया है। 22.50 करोड़ के निवेश के मुकाबले, कंपनी इस संयुक्त उद्यम के विघटन पर ₹17.57 करोड़ की वसूली कर सकती है, जिसके परिणामस्वरूप 4.93 करोड़ का शुद्ध घाटा हुआ (पहले के वर्षों में प्रदान किया गया)।

ङ.. पॉवर प्लांट परफोरमेंस इम्प्रूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पीपीआईएल)

पावर प्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पीपीआईएल) बीएचईएल और सीमेंस एजी, जर्मनी की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसे पुराने जीवाश्म ईंधन विद्युत संयंत्रों के प्रदर्शन में सुधार के लिए बढ़ावा दिया गया है।

चूंकि कंपनी की व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त व्यवसाय नहीं हो रहा था, इसलिए प्रमोटर पार्टनर्स कंपनी को धीरे–धीरे बंद करने के लिए परस्पर सहमत हुए। जेवीसी के सभी लंबित अनुबंधों को बंद कर दिया गया था और वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान समापन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जेवीसी का परिसमापन चल रहा है।

पीपीआईएल में निवेश ₹2 करोड़ है जिसके लिए पूरी तरह से प्रावधान किया गया है।

1.5.4 समेकित वित्तीय विवरण (सीएफएस)

समेकित वित्तीय विवरण, इंड एएस –110 "समेकित वित्तीय विवरण" एवं इंड एएस– 28 "सहयोगी और संयुक्त उद्यमों में निवेश" के अनुसार तैयार किया गया है।

सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरणों इंट्रा ग्रुप बैलेंस और इंट्रा–ग्रुप ट्रांजैक्शन को संयुक्त रूप से पंक्ति दर पंक्ति अंतरसमूह शेष व अंतरसमूह लेनदेन को पूर्ण रूप से समाप्त करते हुए तैयार किया गया है तथा संयुक्त उद्यमों के लिए इंड एएस के अनुसार इक्विटी विधि अपनाई गई है। सीएफएस के लिए मैसर्स पीपीपीआईएल पर विचार नहीं किया गया क्योंकि यह परिसमापन के अधीन है। डीडीकेपीएल परिसमापन के अधीन था और अंततः वर्ष के दौरान भंग कर दिया गया था।

वित्तीय निष्पादन के परिणाम का संक्षिप्त विवरण उक्त लिखित इंड एएस के अनुसार निम्नलिखित है:

वित्तीय निष्पादन

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर	
	31 मार्च, 2021	31 मार्च, 2020
परिचालन से राजस्व	**17309**	21463
कर पूर्व लाभ/(हानि)	**(3596)**	(659)
कर पश्चात लाभ /(हानि)	**(2700)**	(1468)
अन्य व्यापक आय/(हानि)	**20**	(274)
कुल व्यापक आय / (हानि)	**(2680)**	(1742)

वित्तीय वर्ष 2020–21 में संयुक्त उद्यमों के संबंध में लाभ का हिस्सा ₹44.14 करोड़ था, जबकि वित्तीय वर्ष 2019–20 में ₹25.72 करोड़ का लाभ हुआ था। संयुक्त उद्यम कंपनियों (एनबीपीपीएल और आरपीसीएल) को 2020–21 में घाटा हुआ है और समूह ने वित्तीय वर्ष 2018–19 के समेकित वित्तीय विवरणों में इन दो संयुक्त उपक्रमों में निवेश की लागत के बराबर संचित नुकसान को पहले ही मान्य किया है।

वित्तीय स्थिति

(₹ करोड़ में)

विवरण	वर्ष के लिए	
	31 मार्च, 2021 को	31 मार्च, 2020 को
परिसंपतियाँ		
संपत्ति, संयत्र एवं उपकरण, अमूर्त परिसंपतियॉ एवं सीडब्ल्यूआइपी (कुल मूल्य)	**2911**	3131
इक्विटी विधि से गणना किया गया निवेश	**182**	159
गैर–वर्तमान वित्तीय परिसंपतियाँ	**3281**	4620
आस्थगित कर संपत्ति (शुद्ध)	**3671**	2766
गैर–वर्तमान अन्य संपत्ति	**16852**	16362
वर्तमान संपत्ति	**28343**	32711
कुल	**55240**	59749
इक्विटी और देयता		
इक्विटी शेयर पूँजी	**696**	696
अन्य इक्विटी	**25287**	27964
गैर– नियंत्रित ब्याज	**(12)**	(9)
गैर–वर्तमान देनदारी	**8909**	8489
वर्तमान देनदारी	**20360**	22609
कुल	**55240**	59749

1.6 पूंजी निवेश

बीएचईएल परमाणु, रक्षा और एयरोस्पेस के रणनीतिक क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, इसके अलावा वर्तमान में चल रहे व्यवसायों अवरोधों को दूर करने में लगा है। कंपनी ने परमाणु अनुप्रयोग, ट्रांसफॉर्मर, उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण, तेल और गैस क्षेत्र के वाल्व आदि में स्टीम जेनरेटर और हीट एक्सचेंजर्स के लिए विनिर्माण क्षमताओं को उन्नत बनाने हेतु पूंजीगत व्यय किया है।

इसके अलावा हमारी कंपनी ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों के निर्माण के साथ–साथ रक्षा क्षेत्र के लिए मौजूदा सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस कार्य–योजना बनाई है।

1.7 गुणता निष्पादन

बीएचईएल ने 1970 के दशक के शुरुआत में तत्कालीन प्रचलित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और गुणता प्रक्रियाओं और प्रणालियों को अपनाने के साथ भारत में गुणता प्रबंधन प्रणालियों के विकास का बीड़ा उठाया है। तब से कंपनी ने अपने उत्पादों, सेवाओं और आंतरिक प्रणालियों की गुणता में निरंतर सुधार की दिशा में कार्य किया है और गुणता की दिशा में सबसे आगे रहा है, तथा भारत में गुणता चक्रों की शुरुआत करने के लिए जाना जाता है। गुणता प्रबंधन प्रभावशीलता समीक्षा (क्यूएमईआर–बीएचईएल का कॉपीराइट) सम्पूर्ण गुणता परिकल्पना मॉडल एवं कुछ अन्य प्रकार की प्रमुख पहलों को अपनाया है।

गुणता आवश्यकताओं की वर्तमान मांग के स्वरूप में कंपनी को भविष्य के लिए तैयार वैश्विक इंजीनियरिंग संगठन में बदलने के अपने प्रयासों के रूप में बीएचईएल ने वित्तीय वर्ष 2019–20 में सम्पूर्ण बीएचईएल में "गुणता सर्वप्रथम" की पहल को शुरू किया, ताकि–अत्याधुनिक प्रक्रियाएं, गुणता को कंपनी के उत्पादों और सेवाओं की पहचान बनाने के लिए

स्थापित किया जा सके। इस पहल की सफलता के लिए कंपनी को वर्ष 2020 के लिए "गोल्डन पीकॉक राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार" प्रदान किया और कंपनी की एचईईपी हरिद्वार इकाई को 14 वर्षों के बाद सीआईआई ईएक्सईएम बैंक अवार्ड की प्लेटिनम श्रेणी में" बिजनेस एक्सीलेंस 2020" के लिए चुना गया।

'गुणता सर्वप्रथम' चार उद्देश्यों पर केंद्रित है– कर्मचारियों को सशक्त, शिक्षित, कार्य के प्रति समर्पित और प्रोत्साहित करना एवं कंपनी के अंदर आधुनिक गुणतापूर्ण मानसिकता को और अधिक मजबूत करने के लिए नवीनतम गुणता प्रक्रियाओं और प्रणालियों को स्थापित करना। विनिर्माण इकाइयों, इंजीनियरिंग केंद्रों और विद्युत क्षेत्र के परियोजना स्थलों में मौजूदा गुणता प्रणालियों को मजबूत करने के लिए, नियमित समयावधि पर गुणता ऑडिट, **गुणता प्रबंधन प्रभावशीलता समीक्षा (गुणता 360 मॉडल के अनुसार), सम्पूर्ण गुणता प्रबंधन (टीक्यूएम)** आंतरिक मूल्यांकन वर्ष 2020–21 के दौरान किया गया, 23 बीएचईएल प्रभागों में ईएफक्यूएम 2020 मॉडल के अनुसार गुणता 360 समीक्षा एवं टीक्यूएम मूल्यांकन किया गया।

एकीकृत गुणता स्वास्थ्य सूचकांक (क्यूएचआई) गुणता प्रबंधन प्रणाली को सम्पूर्ण कंपनी में गुणता स्वास्थ्य सूचकांक और सम्पूर्ण व्यावसायिक उत्कृष्टता पर विचार करते हुए पूरे संगठन के 23 प्रभागों में एकीकृत गुणता स्वास्थ्य सूचकांक (क्यूएचआई) को लागू किया गया। क्यूएचआई स्कोर 2020–21 के अनुसार एचपीईपी हैदराबाद, एचईईपी हरिद्वार और एचपीबीपी तिरुच्चि शीर्ष तीन इकाइयों में शामिल हैं जो 10% से अधिक (वर्ष–दर–वर्ष) के संगठन में समग्र वृद्धि दर है।

बीएचईएल वर्ष 1981 में गुणता चक्र (क्यूसी) की अवधारणा को प्रस्तुत करने वाला भारत का पहला संगठन था, जिसे देश भर के कामगारों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा चलाया जा रहा है। पिछले कुछ दशकों में इस **गुणता चक्रों** की संख्या बीएचईएल में 1152 तक पहुँच चुकी है। हर साल बीएचईएल में एक अंतर–इकाई वार्षिक गुणता सम्मेलन आयोजित किया जाता है जहां गुणता चक्र अपने–अपने मामले अध्ययन का प्रदर्शन करते हैं। इस तरह के 30वें गुणता चक्र का आयोजन संयुक्त रूप से एचपीईपी–हैदराबाद और कॉर्पोरेट गुणता एवं बिजनेस एक्सीलेंस–नई दिल्ली द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 5–9 अक्टूबर, 2020 के दौरान किया गया। जिसमें 14 विनिर्माण इकाइयों की कुल 48 गुणता चक्र की टीमों ने विभिन्न श्रेणियों जैसे विनिर्माण, सहयोग सेवाएँ, नए चक्र एवं 5S के अंतर्गत इस आयोजन में भाग लिया।

गुणता रोडमैप के अनुपालन के स्तर पर, इकाई की नई पहलों और किसी भी विशिष्ट मुद्दे के लिए जिसे अन्य लोगों के समर्थन/ हस्तक्षेप की आवश्यकता है, के अनुपालन के स्तर का आकलन करने के लिए एमयू, क्षेत्रों और इंजीनियरिंग केंद्रों के सभी गुणता प्रमुखों के साथ गुणता **'क्यूनवर्स'** विचार–विमर्श / संगोष्ठी पर बातचीत शुरू की गई है। ताकि भविष्य की प्रमुख चिंताओं को दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई अग्रिम रूप से शुरू की जा सके। अन्य बीएचईएल इकाइयों में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम और अनूठी प्रणालियों को अपनाने के लिए इकाइयों को प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है।

कॉर्पोरेट गुणता और व्यावसायिक उत्कृष्टता समूह द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाता है जिससे गुणता के क्षेत्र में कर्मचारियों की क्षमता के विकास के लिए इकाइयों के मानव संसाधन विकास (एचआरडी)

एचईईपी, हरिद्वार में स्टीम टर्बाइन रोटर शाफ्ट का निरीक्षण

नवंबर 2020 में बीएचईएल में गुणवत्ता माह 2020 मनाया गया

केंद्रों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के अलावा बीएचईएल के विभिन्न केंद्रों पर **गुणता प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम** आयोजित किए जाते हैं।

कोविड महामारी की स्थिति में निरीक्षण को पूर्ण करने के लिए, बीएचईएल विनिर्माण इकाइयों में रिमोट निरीक्षण करने के लिए दिशानिर्देश भी तैयार किए गए।

गुणता माह (नवंबर 20) के दौरान, 12 विशेष गुणता सुधार परियोजनाएं (क्यूआईपीएस) शुरू की गईं जिनमें 'कोनवर्स' पहल (बातचीत का सर्वोत्तम स्तर) से उभरी सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करना और उनको अपनाना शामिल है; महत्वपूर्ण मशीनों की प्रक्रिया क्षमता वृद्धि; गुणता महत्वपूर्ण संकेतकों के लिए डैशबोर्ड लॉन्च करना – QUAVID; बॉयलर ट्यूब रिसाव की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश; PAUT की तुलना में आरटी, गुणता, ट्रांसफॉर्मर के मापन (क्यूटीएम), आदि के लिए इसे संगठन में लागू किया गया है।

कंपनी की गुणता क्षमता को और अधिक बढ़ाने के लिए डिजिटलाइजेशन की शक्ति का भी लाभ लिया जा रहा है। इसे साइट पर फील्ड गुणता योजनाओं और प्रोटोकॉल/ लॉग–शीट के प्रबंधन के लिए ऑनलाइन प्रणाली शुरू की है जिसे छह परियोजना स्थलों पर लागू किया गया है। कंपनी के साथ–साथ इकाई स्तर पर गुणता महत्वपूर्ण संकेतांक (प्रक्रिया स्तर और सिस्टम स्तर) की स्थिति की वास्तविक समय निगरानी के माध्यम से संगठन के गुणता स्वास्थ्य की सूचकनांक प्राप्त करने के उद्देश्य से गुणता महत्वपूर्ण संकेतक (QUAVID) डैशबोर्ड विकसित किया गया है। इसके अतिरिक्त, निरंतर प्रणालीगत सुधार सुनिश्चित करने, बॉयलर ट्यूब रिसाव (बीटीएल) की जानकारी को प्राप्त करने और वेल्ड कमी विवरण को शामिल करने के लिए वेल्डिंग प्रदर्शन निगरानी प्रणाली (डब्ल्यूपीएमएस) को डिजिटल रूप से उन्नत किया गया है।

1.8 आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली

बीएचईएल का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी) अच्छी तरह से प्रलेखित नीतियों और प्रक्रियाओं के रूप में बनाया किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह अपने व्यवसाय के क्रमबद्ध और कुशल आचरण को सुनिश्चित करने, कंपनी की नीतियों का पालन, परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पहचान, सटीकता और पूर्णता का पता लगाने लेखांकन के रिकॉर्ड, और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के कार्यान्वयन और रखरखाव के स्रोत नियम पुस्तकें, दिशा निदेश, शक्तियों का प्रत्यायोजन, आईटी प्रणाली और नियंत्रण हैं और ये अच्छी तरह से परिभाषित संगठनात्मक संरचना अर्थात प्रक्रियाओं के प्रत्येक चरण में विभिन्न स्तरों पर कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों के माध्यम से प्रभावित होते है।

बीएचईएल के पास इन–हाउस आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग है जो अपने ही प्रकार के व्यवसाय के परिचालन अनुरूप है। कॉर्पोरेट आंतरिक लेखा परीक्षा के अलावा, बीएचईएल के सभी स्थानों पर आंतरिक लेखा परीक्षा गतिविधियों को पूरा करने के लिए कंपनी में 12 आंतरिक लेखा परीक्षा कक्ष स्थापित किए गए हैं। आईएफसी की पर्याप्तता और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए, आंतरिक ऑडिट जोखिम वाले क्षेत्रों के निरंतर ऑडिट और संबंधित स्थानों पर प्रक्रियाओं और प्रणालियों के कामकाज का महत्वपूर्ण मूल्यांकन करता है। आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की रिपोर्ट के आधार पर, प्रक्रिया को करने वाले व्यक्ति अपने संबंधित क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्रवाई करते हैं और ऐसा कर वे नियंत्रण प्रदान करते हैं।

लेखा परीक्षा के कार्य निदेशक मंडल स्तर की ऑडिट कमेटी (बीएलएसी) द्वारा अनुमोदित वार्षिक ऑडिट कार्यक्रम के अनुसार किए जाते हैं। आंतरिक लेखा परीक्षा गतिविधियों के मुख्य बिंदु विभिन्न मंचों पर वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत किए जाते हैं और इसे इकाइयों और क्षेत्रों के साथ साझा किया जाता है। बीएलएएसी प्रमुख आंतरिक ऑडिट टिप्पणियों और सीएजी ऑडिट निष्कर्षों की भी समीक्षा करता है और कंपनी के बदलते वातावरण को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहा है। इसके साथ ही, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रभावशीलता पर चर्चा करने के लिए लेखा परीक्षा समिति के पास लगातार अंतराल पर सांविधिक लेखा परीक्षकों और प्रबंधन के साथ स्वतंत्र सत्र आयोजित किए जाते हैं।

बीएचईएल में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का मूल्यांकन आंतरिक परीक्षण द्वारा सभी स्थानों पर वर्ष के दौरान नियंत्रण के परीक्षण द्वारा किया गया है, और परीक्षण किए गए नियंत्रण को कंपनी के भीतर प्रभावी ढंग से संचालित किया गया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप–धारा 3 के खंड (i) के अनुसार कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का कुछ अंश **अनुलग्नक–IX** में शामिल किया जा रहा है।

1.9 मानव संसाधन

एक इंजीनियरिंग संगठन के लिए सबसे बड़ी संपत्ति 'कर्मचारी' हैं। आपके संगठन ने समर्पित और प्रेरित कार्यबल विकसित करने के लिए कई पहल शुरू की हैं। कंपनी की पुरस्कार प्रणाली से व्यक्तिगत और कंपनी के निष्पादन के साथ निकटता से जोड़ने पर ध्यान देने के लिए कंपनी के कार्य–निष्पादन प्रबंधन प्रणाली को नया रूप दिया गया है। अन्य पहलों में इस बदलते व्यापार परिवेश में कार्यबल के प्रशिक्षण/पुनः प्रशिक्षण के माध्यम से जनशक्ति विकास पर ध्यान केंद्रित करना, कार्यबल का निरंतर प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए ई–मॉड्यूल का विकास, नेतृत्व विकास, आंतरिक संचार को मजबूत करना, कर्मचारी केंद्रित नीतियों को सरल बनाना आदि शामिल हैं।

सभी कर्मचारियों और उनके परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोविड–19 महामारी के दौरान कंपनी में मानव संसाधन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। महामारी से संबंधित स्थिति से निपटने के लिए कई पहल की गईं और सभी संबंधित कर्मचारियों को पर्याप्त सहायता और चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

इन सभी पहलों के परिणामस्वरूप बीएचईएल को "वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस" के सर्वेक्षण में 'टाइम्स एसेंट ड्रीम कंपनीज टू वर्क फॉर' में 7वां स्थान मिला, और इंजीनियरिंग क्षेत्र में एचआर अभ्यास में उत्कृष्टता के लिए 'एपेक्स इंडिया एचआर एक्सीलेंस अवार्ड–2020' के अंतर्गत प्लेटिनम पुरस्कार जीता।

1.9.1 ज्ञानार्जन एवं विकास

वर्ष 2020–21 के दौरान कोविड–19 महामारी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए, एल एंड डी विभाग ने अपने प्रशिक्षण प्रक्रियाओं में तेजी से बदलाव किया है और कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षित करने

के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण पद्धति को अपनाया है। संगठन के रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता की पहचान प्रक्रिया में सुधार करके प्रशिक्षण को व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है जैसे परियोजना निष्पादन में सुधार, गुणवत्ता को प्रमुखता देना, मुख्य व्यवसाय को बनाएं रखना, डिजिटल रुप से सक्षमता, लागत अनुकूलन, नकदी प्रबंधन, नए विकास क्षेत्र एवं कर्मचारी पर ध्यान देना। इसके साथ ही, कंपनी के अंदर पारस्परिक संचार को बेहतर बनाने के लिए, 3सी (कनेक्ट, कोलाबोरेट एवं क्रिएट) पहल को संगठन की यात्रा और वर्तमान चुनौतियों के बारे में साझा करने, कर्मचारियों से सुझाव लेने और एक मजबूत बीएचईएल के विकास में और अधिक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

ज्ञानार्जन को अधिक प्रभावी और ज्ञान समृद्ध बनाने के लिए, ऊर्जा भंडारण प्रणाली, स्टीम टर्बाइन, संरचनाओं की स्थिरता, टर्बो जनरेटर, कारखाना अधिनियम, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), मध्यस्थता और सुलह, कोचिंग, भावनात्मक जैसे विषयों पर आंतरिक रूप से विकसित ई–मॉड्यूल उन्नयन (बीएचईएल की ज्ञानार्जन प्रबंधन प्रणाली) पर सूचना जारी किए गए और 7000 से अधिक कर्मचारियों ने इन मापदंडों को पूरा किया है। 835 कर्मचारियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा, मशीन लर्निंग आदि डोमेन में ग्रेट लर्निंग एकेडमी द्वारा पेश किए गए ई–लर्निंग पाठ्यक्रमों में भाग लिया है।

मासिक आधार पर सभी संबंधित आंतरिक हितधारकों के साथ कार्य स्थल अनुभवों को ग्रहण एवं प्रसारित करने के लिए एक विशेष पहल शुरू की गई है। अपने स्वयं के अनुभवों से सीखना वास्तव में स्पष्ट और निहित ज्ञान को प्रगाढ़ करता है, जो बेहतर परियोजना निष्पादन में प्रत्यक्ष सहयोग करता है।

उच्च प्रदर्शन करने वालों के विकास में तेजी लाने एवं भविष्य में चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उन्हें तैयार करने के लिए ट्रैल्बलैजर (TRAILBLAZER) कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम मेंटरिंग कन्वर्सेशन पोस्ट प्रोग्राम भी प्रदान करता है, ताकि वे अपने कार्य में उत्कृष्ट बने रहें। चिन्हित किए गए 550 कार्यपालकों में से 104 कार्यपालकों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमडीई) के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) और राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) के अंतर्गत क्रमशः 846 और 116 अप्रेंटिसों को वर्ष 2020–21 में प्रशिक्षित किया गया।

कर्मचारियों को महामारी से निपटने और उनका मनोबल ऊंचा रखने के लिए प्रतिष्ठित व्यवसायों द्वारा स्वास्थ्य प्रबंधन और व्याख्यान श्रृंखला पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इकाइयों के मानव संसाधन विकास केंद्रों द्वारा ओएनजीसी, आईओसीएल, गेल जैसे अन्य सम्मानित ग्राहकों के लिए आभासी (वर्चूअल) कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सितंबर 2020 में बीएचईएल में लर्निंग वीक मनाया गया।

पाँचवें बीएचईएल ज्ञानार्जन सप्ताह (बीएलडब्ल्यू) – 2020 का आयोजन 05–11 सितंबर 2020 को "आपदा में अवसर खोजना" विषय पर आयोजित किया गया।

इन सभी सामूहिक प्रयासों से वर्ष 2020–21 के दौरान बीएचईएल में प्रति कर्मचारी 4.54 प्रशिक्षण मानव दिवस (टीएमडी) प्राप्त करने में मदद मिली, जबकि विगत वर्ष यह 3.70 टीएमडी था।

1.9.2 प्रदर्शन प्रबंधन एवं करियर विकास

प्रदर्शन प्रबंधनः कंपनी के साथ–साथ इकाई एवं उसके साथ कर्मचारी के व्यक्तिगत प्रदर्शन और पुरस्कारों को जोड़ने के लिए प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली को व्यापक रूप से नया रूप दिया गया है। सभी स्तरों पर नेतृत्व विकसित करने के लिए प्रमुख प्रबंधन संस्थानों के सहयोग से उत्तराधिकार नीति और विशेष कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं। 360 फीडबैक से मेंटर–मेंटी प्रोग्राम को मजबूत किया गया है ताकि संगठन की जरूरतों/ लोकाचार के साथ तकनीकी और व्यवहारिक कौशल विकसित किया जा सके। उद्योग जगत में सबसे कम आकर्षक मुल्य वाले संगठन का लाभ स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

लोक क्षमता परिपक्वता मॉडल (पीसीएमएम)ः कंपनी ने पीसीएमएम स्तर 3 की प्राप्ति के लिए एक रूपरेखा तैयार की है, और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित समय–सीमा के भीतर वर्ष के दौरान विभिन्न गतिविधियों को पूरा किया गया। बाहरी सलाहकार के माध्यम से पीसीएमएम स्तर 3 में प्रशिक्षित क्षेत्रवार टास्क फोर्स का गठन किया गया जो पूर्व परिभाषित प्रक्रिया परिभाषाओं के विरुद्ध आंतरिक मूल्यांकन करने के लिए किया गया था। इसके बाद सभी सात प्रक्रिया क्षेत्रों की कमियों को दूर करने के लिए आंतरिक विश्लेषण और कार्य योजना बनाई गई।

पीईएसीईः बीएचईएल के कर्मचारियों की सहायता के लिए पीईएसीई पहल (परामर्श अनुभव के माध्यम से सकारात्मक, भावनात्मक मार्गदर्शन) वर्ष के दौरान हमारे कर्मचारियों को कार्यस्थल, परिवार और समाज में बड़े पैमाने पर उनकी कल्याण, प्रदर्शन और व्यवहार को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर सहायता और सलाह लेने की सुविधा के लिए शुरू की गई थी जिसके अंतर्गत गोपनीय परामर्श सेवाएं प्रदान करना भी शामिल था। महामारी के दौरान कर्मचारियों और उनके आश्रित परिजनों को महामारी और अनलॉक 2.0 के शुरू होने की अनिश्चितता के कारण किसी भी चिंता या तनाव से निपटने में सक्षम बनाने के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई गई थी।

ऑनलाइन विकास केंद्रः वांछित नेतृत्व / व्यवहारिक दक्षताओं के विकास के लिए, कर्मचारियों को ऑनलाइन विकास केंद्र में अभ्यास हेतु भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था, जहां उन्हें बीएचईएल के सरंचनात्मक ढांचे के आधार पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के अभ्यासों की एक श्रृंखला से अवगत कराया गया था। इसके बाद व्यक्ति की पसंदनुसार सीखने की शैली के आधार पर, व्यक्तिगत विकास योजनाओं के माध्यम से सक्षम क्षेत्रों और विकास के सुझाए गए क्षेत्रों पर प्रकाश डालने वाली व्यापक प्रतिक्रिया रिपोर्ट भी तैयार की गई। इस अभ्यास श्रृंखला के दौरान लगभग 950 अपर महाप्रबंधक/ महप्रबंधक स्तर के कार्यपालकों को शामिल किया गया।

केंद्रीकृत सक्षमता मूल्यांकन प्रणालीः वर्ष 2020–21 के दौरान, एसएपी एचआर मॉड्यूल में "जॉब विवरण विश्लेषण प्रणाली" (जेडीएएस) में 1800 से अधिक प्रमुख क्षेत्रों के विवरण और योग्यता प्रोफाइल बनाए गई और उन्हे अपडेट किया गया, जो कंपनी की दीर्घकालिक योजना में सहायक होगा।

मानव संसाधन प्रक्रियाओं जैसे कैरियर विकास, उत्ताराधिकार आयोजना, प्रशिक्षण और विकास आदि में उच्च स्तर के संगठन में परिपक्व होने के साथ, कंपनी में प्रमुख पदों की भूमिकाओं/ दक्षताओं को न केवल युक्तिसंगत बनाना बल्कि बेहतर निर्णय हेतु केंद्रीय पूल के रूप में एक ऑनलाइन डेटाबेस भी होना अनिवार्य हो जाता है। इस उद्देश्य के लिए प्रमुख पदों के धारकों की दक्षताओं के मूल्यांकन के लिए 2020–21 में एसएपी–एचआर

मॉड्यूल में 'केंद्रीकृत योग्यता मूल्यांकन प्रणाली' (सीसीएएस) नामक एक नई प्रणाली विकसित की गई।

कंपनी अधिनियम की धारा 134 (3) (पी) के अंतर्गत प्रकटीकरण

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (3) (पी) के अनुसार, एक सूचीबद्ध कंपनी की निदेशक मंडल रिपोर्ट में निदेशक मंडल, व्यक्तिगत निदेशकों आदि के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन की विधि को दर्शाने वाला विवरण शामिल होगा। दिनांक 5 जून, 2015 को कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों से सरकारी कंपनियों की छूट को अधिसूचित किया गया, जो अन्य बातों के साथ धारा 134 (3) (पी), औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन विवरणिका के संबंध में सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होगी यदि निदेशक मंत्रालय द्वारा मूल्यांकन किया जाता है जो प्रशासनिक रूप से प्रभारी है। इसके अतिरिक्त, उपर्युक्त छूट के अनुरूप, नियुक्ति, प्रदर्शन मूल्यांकन और पारिश्रमिक के संबंध में धारा 178 की उप–धारा (2), (3) और (4) सरकारी कंपनियों के निदेशकों पर लागू नहीं होगी।

सीपीएसई में, कंपनी और भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित एमओयू उन मापदंडों और पहलुओं का विवरण देता है जो कंपनी को उस वित्तीय वर्ष के दौरान शुरू करने के लिए आवश्यक हैं। वर्ष के अंत में इस एमओयू का सरकार द्वारा मूल्यांकन किया जाता है एवं निर्धारित मानदंडों के आधार पर बीएचईएल को निष्पादन रेटिंग दी जाती है। इसके अलावा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशकों के कार्य–निष्पादन के मूल्यांकन के लिए एक अच्छी निर्धारित प्रक्रिया है। सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने एक प्रारूप तैयार किया है और कार्यकारी निदेशक के कार्य–निष्पादन के मूल्यांकन के लिए एक प्रक्रिया निर्धारित की है। कार्यकारी निदेशकों का कार्यकाल, जैसा कि उनकी नियुक्ति के नियमों और शर्तों में बताया गया है, पांच वर्ष या उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि, जो भी पहले हो, है।

निदेशक मंडल स्तर की समितियों के विचारार्थ विषय निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित होते हैं। निदेशक मंडल स्तर की समितियों के कार्यवृत्त को निदेशक मंडल के अवलोकनार्थ उसके समक्ष रखा जाता है।

स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में, उनकी नियुक्ति और कार्यकाल (आमतौर पर तीन साल की अवधि) भारत सरकार द्वारा तय किया जाता है। डीपीई, बीएचईएल के प्रशासनिक मंत्रालय (एमएचआई) के माध्यम से कंपनी के निदेशक मंडल में गैर–आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों के कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन/ आकलन का कार्य कर रहा है।

1.9.3 औद्योगिक संबंध

हमारी औद्योगिक संबंध यात्रा का मूल मंत्र 'सभी की प्रतिभागिता से सबका विकास' के माध्यम से बीएचईएल के सभी वर्गों के कर्मचारियों के साथ खुला एवं निरंतर संचार नीति को सुनिश्चित किया गया। विभिन्न कर्मचारी समूहों के साथ निकट सहभागिता में प्रबंधन द्वारा भागीदारी संस्कृति को दिया गया प्रोत्साहन संगठन के भीतर एक अनुकूल सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंध वातावरण को बनाए रखने और बनाने में सहायक रहा है।

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान कंपनी की विभिन्न विनिर्माण इकाइयों, प्रभागों और कार्यालयों में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण रहा। कंपनी में प्रचलित इको सिस्टम के परिणामस्वरूप, कंपनी की नीतियों के खिलाफ हड़ताल के कारण वर्ष के दौरान 'शून्य मानव–दिवस हानि रही, जो संगठन के लक्ष्यों की दिशा में संयुक्त रूप से काम करने के लिए प्रबंधन और कर्मचारी समूहों द्वारा किए गए संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

वर्ष के दौरान शीर्ष स्तरीय द्विदलीय मंच, अर्थात् "संयुक्त समिति" की एक बैठक आयोजित की गई। विभिन्न विनिर्माण इकाइयों में प्लांट काउंसिल की 26 और शॉप काउंसिल की 213 बैठकें हुई। इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक संभावनाओं और चुनौतियां, कंपनी स्तर के मुद्दों आदि पर अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें भी हुईं।

विभिन्न द्विदलीय मंचों पर कंपनी के समग्र प्रदर्शन में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर ग्राहक प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए उत्पादकता, कंपनी के वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए अंततः कर्मचारियों सहित विभिन्न हितधारकों को लाभान्वित करने के हेतु लागत में कमी के लिए विभिन्न प्रयासों, गुणवत्ता और सुपुर्दगी में सुधार की विभिन्न चर्चाओं में ध्यान आकृष्ट किया गया है।

1.9.4 कर्मचारी (जनशक्ति)

31 मार्च, 2021 के अनुसार, बीएचईएल की कर्मचारीयों की संख्या 32,131 है।

1.9.5 राष्ट्रपति के निदेशों की स्थिति

1.9.5.1 आरक्षित श्रेणी के व्यक्ति हेतु आरक्षण नीति पर निर्देश

केंद्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आरक्षण नीति पर राष्ट्रपति के निदेश सीधी भर्ती में निश्चित प्रतिशत आरक्षण साथ–साथ निर्दिष्ट पदों पर पदोन्नति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांग व्यक्तियों के लिए प्रावधान प्रदान करते हैं। इसके अलावा, निर्देशों में सीधी भर्ती और पदोन्नति में कर्मचारियों की निर्दिष्ट श्रेणी के लिए कुछ रियायतें और छूट का भी प्रावधान है। संदर्भित विषय पर राष्ट्रपति के निदेश का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है और सरकार द्वारा निर्धारित पोस्ट आधारित रोस्टर प्रणाली के रखरखाव के माध्यम से आरक्षण का प्रतिशत सुनिश्चित किया जाता है।

इस विषय पर अन्य संबंधित जानकारी नीचे दी गई है:

i. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व

दिनांक 31/12/2020 को कुल जनशक्ति में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों का कुल प्रतिनिधित्व क्रमशः 20.69%, 7.41% और 34.25% था। वर्ष 2020 के दौरान, कोई भी भर्ती नहीं की गई। वर्ष 2019 में भर्ती हुआ एक अभ्यर्थी वर्ष 2020 में नियुक्त हुआ।

वर्ष 2019 में, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10% आरक्षण की शुरुआत उन लोगों के लिए की गई, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए मौजूदा आरक्षण के अंतर्गत नहीं आते हैं।

दिनांक 31/12/2020 की स्थिति पर, सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप वार्षिक विवरणिका में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व को वर्ष के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या को **अनुलग्नक–क** में दर्शाया गया है।

ii. 31 दिसम्बर, 2020 को दिव्यांग कर्मचारियों की संख्या/स्थिति

दिनांक 31/12/2020 को कुल दिव्यांग कर्मचारियों की संख्या 865 थी। हालांकि वर्ष 2020 में कोई भर्ती नहीं हुई, लेकिन वर्ष 2019 में भर्ती हुए 1 अभ्यर्थी ने जनवरी 2020 में दिव्यांग श्रेणी के अंतर्गत नियुक्ति की। दिनांक 31/12/2020 को कंपनी में पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की समूहवार जनशक्ति की स्थिति **अनुलग्नक–ख** में दी गई है ।

1.9.5.2 कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा

कार्यस्थल पर महिलाओं के विरूद्ध लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम एवं लैगिक उत्पीड़न शिकायतों एवं इससे संबंधित मामलों के लिए "महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम 2013" दिनांक 9 दिसम्बर, 2013 से प्रभाव में आया। भारत सरकार के महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत इस अधिनियम को "महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम 2013" कहा जाता है।

इस अधिनियम एवं इसमें वर्णित नियम के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। इस अधिनियम के अनुसरण में बीएचईएल द्वारा सभी इकाइयों में आंतरिक समितियों का गठन किया गया है एवं उनके गठन के बारे में जानकारी एवं संपर्क सूत्र इकाई की वेबसाइट में दिए गए हैं। अधिनियम के मुख्य प्रावधान, नियोक्ता के कर्तव्य, शिकायत निवारण

कार्यप्रणाली, विद्वेषपूर्ण शिकायतों पर कार्रवाई एवं यौन उत्पीडन संबंधी त्रुटियों को हिन्दी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में पोस्टरों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी इकाइयों में आईसीसी सदस्यों के लिए कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा 2 कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इकाई स्तर पर, यौन उत्पीड़न अधिनियम, लिंग संवेदीकरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध और साइबर–अपराध पर 15 कार्यशालाएं / जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वर्ष 2020–21 के दौरान प्राप्त यौन उत्पीड़न की शिकायतों की संख्या और 31.03.2021 की स्थिति की वार्षिक रिपोर्ट **अनुलग्नक–ग** में दी गई है।

कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

अनुलग्नक – क

समूह	अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रतिनिधित्व (31 दिसम्बर, 2020 के अनुसार)					कैलेंडर वर्ष 2020 के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या											
						सीधी भर्ती					पदोन्नति*			प्रतिनियुक्ति/ समायोजन			
	कर्मचारियों की कुल संख्या	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अ.पि.व.	ईडब्ल्यूएस	कुल	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अ.पि.व.	ईडब्ल्यूएस	कुल	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	कुल	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अ.पि.व.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
समूह ए	10270	1838	864	2602	11	1	0	0	0	0				0	0	0	0
समूह बी	7060	1385	669	1809	0	0	0	0	0	0				0	0	0	0
समूह सी	14846	3406	869	6884	0	0	0	0	0	0				0	0	0	0
समूह डी (SW) को छोड़कर	264	59	4	104	0	0	0	0	0	0		--- लागू नहीं ----		0	0	0	0
समूह डी (SW)	33	31	1	0	0	0	0	0	0	0				0	0	0	0
कुल	**32473**	**6719**	**2407**	**11399**	**11**	**1**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**

* बीएचईएल में, पदोन्नति के आधार पर कोई नियुक्ति नहीं की जाती है।

अनुलग्नक –ख

कैलेंडर वर्ष 2020 के दौरान नियुक्त दिव्यांग व्यक्तियों का विवरण

समूह	कर्मचारियों की कुल संख्या				सीधी भर्ती							पदोन्नति *						
	कर्मचारियों की कुल संख्या	VH	HH	OH	आरक्षित रिक्तियों की सं.			कुल	कुल नियुक्तियाँ की गई			आरक्षित रिक्तियों की सं.			कुल	कुल नियुक्तियाँ की गई		
					VH	HH	OH		VH	HH	OH	VH	OH	HH		VH	HH	OH
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
समूह ए	10270	6	17	236	0	0	1	0	0	0	1							
समूह बी	7060	1	12	187	0	0	0	0	0	0	0							
समूह सी	14846	15	25	357	0	0	0	0	0	0	0				--- लागू नहीं ----			
समूह डी	297	1	5	3	0	0	0	0	0	0	0							
कुल	**32473**	**23**	**59**	**783**	**0**	**0**	**1**	**0**	**0**	**0**	**1**							

नोटः (i) VH का अर्थ है दृष्टिहीन दिव्यांग (अंधेपन या कम दृष्टि से पीड़ित व्यक्ति)

(ii) HH का अर्थ है हियरिंग हैंडीकैप्ड (श्रवण दोष से पीड़ित व्यक्ति)

(iii) OH का अर्थ है ऑर्थोपेडिकली हैंडीकैप्ड (लोकोमोटर अपंगता या मस्तिष्क पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति)

* आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के अनुसार, पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में कोई आरक्षण नहीं है

अनुलग्नक–ग

कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर वार्षिक रिपोर्ट

1	वर्ष 2020–21 के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या (पिछले वर्ष से अग्रेषित शिकायतों सहित)	1
2	वर्ष 2020–21 के दौरान निपटाए गई शिकायतों की संख्या (पिछले वर्ष से अग्रेषित शिकायतों सहित)	0
3	दिनांक 31.03.2021 को लंबित मामलों की संख्या	1*
4	90 से अधिक दिनों से लंबित मामलों की संख्या	0
5	यौन उत्पीड़न के खिलाफ कार्यशाला या जागरूकता कार्यक्रम की संख्या	17
6	**आईसीसी की अनुशंसाओं पर नियोक्ता द्वारा की गई कार्रवाई**	
	* शिकायत दिनांक 30.03.2021 को प्राप्त हुई चूंकि आईसीसी को दिनांक 30.03.2021 को शिकायत प्राप्त हुई थी, इसलिए 31.03.2021 तक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी (इसका निपटारा कर दिया गया है)	

1.10 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 (अधिनियम) के प्रावधानों के अनुरूप बीएचईएल पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है। कंपनी की प्रत्येक प्रमुख प्रशासनिक इकाई में 24 सीपीआईओ के साथ ही कॉर्पोरेट कार्यालय में एक केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) कार्यरत हैं। कंपनी में 25 प्रथम अपीलीय प्राधिकारी भी अधिनियम के अंतर्गत दायर प्रथम अपीलों के निपटारे के लिए कार्य कर रहे हैं।

नागरिकों को आरटीआई आवेदन करने और पहली अपील की ऑनलाइन सुविधा के लिए, बीएचईएल ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा शुरू किए गए ऑनलाइन आरटीआई वेब पोर्टल (https:// rtionline.gov.in) को अपनाया है। परिणामस्वरूप, ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल पर दायर आरटीआई आवेदनों और आरटीआई की प्रथम अपीलों का उत्तर ऑनलाइन माध्यम से दिया जा रहा है। धारा 4 (1) (बी) का प्रकटीकरण बीएचईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया हैं। इसके अतिरिक्त, अधिनियम के अंतर्गत सूचना प्राप्त करने और आरटीआई प्रथम अपील दायर करने की प्रक्रिया को दर्शाने वाले कुछ दिशानिर्देश और प्रोफार्मा बीएचईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाये गए हैं।

सीपीआईओ और अन्य आंतरिक हितधारकों को प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के माध्यम से अधिनियम के अंतर्गत अपने दायित्वों के बारे में जागरूक किया जाता है।

सार्वजनिक उद्यम के स्थायी सम्मेलन (एससीओपीई) द्वारा गठित आरटीआई परिचालन समिति का सदस्य होने के नाते बीएचईएल स्कोप द्वारा आयोजित आरटीआई मामलों से संबंधित अपनी बैठकों और चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लेता है। सभी चार (4) तिमाहियों के त्रैमासिक आरटीआई रिटर्न केंद्रीय सूचना आयोग को जमा कर दिए गए हैं। वर्ष 2020–21 के दौरान, कुल 840 आवेदन और 169 अपील प्राप्त हुई, तथा इनमें से 746 आवेदन और 151 अपीलों का निपटान किया गया।

1.11 जोखिम तथा चिंताएं

बीएचईएल ऐसे व्यवसायों का परिचालन करता है जिसमें विभिन्न प्रकार के जोखिम जुड़े हैं जैसे– ग्राहकों की बदलती हुई आवश्यकताएं, प्रौद्योगिकी प्रतिफल, अनुबंधों की लंबी अवधि, साइट पर प्रतिकूल परिस्थितियों में समय पर उत्पाद की सहायक आवश्यकताएं आदि शामिल हैं।

उद्योग जोखिमों की व्यापकता, हमारे व्यापार पोर्टफोलियो की विविधता तथा हमारे परिचालन के भौगोलिक स्थानों को ध्यान में रखते हुए, हमने एक मजबूत जोखिम प्रबंधन नीति तैयार की है। हमारे जोखिम पहचान की प्रक्रिया कंपनी के उद्देश्यों, बाहरी वातावरण, उद्योगों की रिपोर्ट के साथ–साथ आंतरिक तथा बाहरी हितधारकों द्वारा सतर्कता के साथ निर्देशित होती है। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि कंपनी जोखिमों की पहचान तथा प्रबंधन हेतु पर्याप्त रूप से सक्षम है। हमारा जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण प्रासंगिक कानूनों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहन देता है।

इसका समाधान करने के लिए, बीएचईएल ने एक ढांचागत और व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन प्रणाली को लागू करने के लिए एक निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन चार्टर और नीति स्थापित की है। इस चार्टर का उद्देश्य जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन, प्रतिक्रिया, निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए एक सामान्य समझ, भाषा और कार्यप्रणाली स्थापित करना है। जो प्रबंधन को यह आश्वासन देता है कि कंपनी में प्रमुख जोखिमों को ठीक से पहचाना जाता है और प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा रहा है।

बीएचईएल के जोखिम प्रबंधन ढांचे में शीर्ष स्तर पर निदेशक मंडल (बीओडी) (निदेशक मंडल स्तर जोखिम प्रबंधन समिति (बीएलआरएमसी) द्वारा प्रतिनिधित्व); कॉर्पोरेट स्तर और इकाई स्तर पर जोखिम प्रबंधन परिचालन समिति (आरएमएससी) के साथ तीन स्तरीय संरचना है। क्षेत्रीय/इकाइयों/अनुसंधान एवं विकास केंद्रों में में जोखिम प्रबंधन समितियां (यूआरएमसी) हैं।

"निदेशक मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति" (बीएलआरएमसी) को कंपनी के जोखिम अभिशासन ढांचे, जोखिम मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन ढांचे, दिशानिर्देशों, नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निदेशक मंडल/बीएलआरएमसी नियमित रूप से शीर्ष जोखिम वाले क्षेत्रों की समीक्षा करता है।

कंपनी द्वारा सामना किए जाने वाले प्रमुख जोखिमों का जोखिम प्रबंधन परिचालन समिति द्वारा विस्तार से विश्लेषण किया जाता है, जो जोखिम प्रबंधन ढांचे को अपनाने और लागू करने तथा कंपनी में जोखिम प्रबंधन पहल का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदार है।

मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ), बीएलआरएमसी और आरएमएससी के संयोजक निदेशक मंडल/बीएलआरएमसी को जोखिम प्रबंधन पर आवधिक रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार हैं।

इकाई स्तर पर जोखिम प्रबंधन समितियां अपने संबंधित क्षेत्रों से संबंधित जोखिमों का विश्लेषण करती हैं, शमन योजनाएं तैयार करती हैं, उनका कार्यान्वयन सुनिश्चित करती हैं और यदि आवश्यक हो तो शीर्ष प्रबंधन को भी सूचित करती हैं।

कंपनी द्वारा सामना किए जाने वाले कुछ प्रमुख जोखिमों और शमन के लिए संबंधित रणनीतियों का उल्लेख नीचे दी गई तालिका में किया गया है:

जोखिम विवरण	शमन रणनीतियाँ
अतिरिक्त घरेलू विनिर्माण क्षमता, नीति में बदलाव के कारण व्यापार क्षेत्र में बदलाव और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण ऑर्डर बुक कम होना	• 'आत्मनिर्भर भारत' और "मेक इन इंडिया" मिशन से उत्पन्न होने वाले अवसरों की पूर्ति करना। • गैर–कोयला आधारित और अन्य पुर्जों का कारोबार बढ़ाना। • नए क्षेत्रों में उद्यम करने के लिए सामरिक गठजोड़ पर बल।
एलडी (परिसमापन हर्जाना), दंड, ग्राहक असंतोष और कंपनी की छवि को प्रभावित करने वाली परियोजनाओं की डिलीवरी में देरी	• वास्तविक समय परियोजना निगरानी के लिए तथा देरी को रोकने के लिए सक्रिय कार्रवाई करने के लिए "एकीकृत परियोजना प्रबंधन सॉफ्टवेयर (आईपीएमएस)" का कार्यान्वयन। • ड्राइंग/दस्तावेज प्रस्तुत करने और अनुमोदन में तेजी लाने के लिए पीईडीएम प्रणाली (प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग प्रलेखन प्रबंधक) का कार्यान्वयन। • प्रमुख ग्राहकों की परियोजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने के लिए समर्पित व्यावसायिक समूहों का गठन। • ठेकेदार जनशक्ति की उपलब्धता में सुधार और परियोजना स्थलों पर ठेकेदार के प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए सक्षम नीति। • निर्बाध निष्पादन हेतु क्रमिक आपूर्ति के लिए निगरानी ढांचा • अभियांत्रिकी आदि जैसी गतिविधियां आरम्भ करने के लिए प्री–अवार्ड चरण।

बढ़ते कर्जदार	• ऑनगोइंग और चालू (कमीशन) परियोजनाओं के बदले देनदारों के प्रत्येक अवयव से नकद वसूली की बेहतर प्रभावशीलता के लिए क्रॉस फंक्शनल टीमों का गठन। • मध्यस्थता/एनसीएलटी/एएमआरसीडी कार्यवाही सहित कंपनी की व्यापार प्राप्य नीति के अनुसार चूककर्ता ग्राहकों के विरुद्ध कार्रवाई।
लाभप्रदता को प्रभावित करने वाली प्रत्यक्ष सामग्री लागत में वृद्धि	• कंपनी में लागत में कमी के प्रयासों पर केंद्रित और निरंतर पहुंच प्रदान करने के लिए कार्यपालक निदेशक स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में लागत अनुकूलन सेल (सीओसी) का गठन। • ग्राहक के आदेश से निष्पादन चरण तक के डिजाइन अनुकूलन, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और विवेकपूर्ण खरीद से लागत में कमी हेतु विशेष केंद्रित दृष्टिकोण।
वर्तमान/भविष्य की बाजार आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी तत्परता	• उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अवसरों की खोज के लिए कार्यपालक निदेशक स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में उभरती प्रौद्योगिकी रणनीति डेस्क(एमर्जिंग टेक्नोलोजी स्ट्रेटजी डेस्क) का गठन। • चूंकि कंपनी का फोकस गैर–कोयला व्यवसाय की हिस्सेदारी बढ़ाने पर है, इसलिए प्रौद्योगिकी विकास परियोजनाओं के साथ–साथ विश्व स्तर के वैश्विक ओईएम के साथ गठजोड़/सहयोग समझौते वर्तमान में चल रहे हैं। • भारी उद्योग विभाग (DHI) द्वारा संचालित, प्रौद्योगिकी विकास का AUSC अनु. एव वि. चरण दिसंबर' 2020 में पूरा हो गया है। बीएचईएल अब 800 मेगावाट प्रौद्योगिकी आधारित संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है। • आंतरिक प्रयासों के माध्यम से प्रौद्योगिकियों का विकास और उन्नयन।

ऑनलाइन डेटा और सूचना सुरक्षा उल्लंघन के कारण हानि तथा महत्वपूर्ण सूचना की अवसंरचना टूटना	• ग्लोबल थ्रेट इंटेलिजेंस (जीटीआई) डेटाबेस के साथ एकीकृत साइबर एसओसी (सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर) के माध्यम से सभी इंटरनेट ट्रैफिक की 24×7 निगरानी की जाती है। • बीएचईएल के सभी इंटरनेट राउटरों को 'साइबर स्वच्छता केंद्र' (सीईआरटी– इन, एमईआईटीवाई का बॉटनेट सफाई और मैलवेयर विश्लेषण केंद्र) के साथ एकीकृत करना। • सभी आईएसओ 27001 प्रमाणित बीएचईएल इकाइयों में सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (आईएसएमएस) का एकीकरण।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 27.08.2021

निदेशक मण्डल रिपोर्ट का अनुलग्नक–II

कॉर्पोरेट अभिशासन

2.1 कॉर्पोरेट अभिशासन पर हमारे सिद्धांत

बीएचईएल एक मजबूत कॉर्पोरेट अभिशासन ढांचे के अंतर्गत कार्य करता है, जो अभिशासन की गुणवत्ता, प्रकटीकरण में पारदर्शिता, हितधारकों के मूल्य में लगातार वृद्धि और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वके प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बीएचईएल अपने शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं और बड़े पैमाने पर समाज के विश्वास को बनाए रखने पर लगातार ध्यान केंद्रित करते हुए, कॉर्पोरेट अभिशासन की बुनियादी और नियामक आवश्यकताओं से आगे जाने का प्रयास करता है। बीएचईएल का कॉर्पोरेट अभिशासन ढांचा पारदर्शिता, पूर्ण प्रकटीकरण, स्वतंत्र निगरानी और सभी के लिए निष्पक्षता तथा विशेष रूप से अल्पसंख्यक शेयरधारकों पर आधारित है।

निम्नलिखित कारक बीएचईएल में कॉर्पोरेट अभिशासन को मजबूत करते हैं:

i. निदेशक मंडल/मंडल की स्वतंत्रता और बहुमुखी प्रतिभा

ii. सभी कर्मचारियों की सत्यनिष्ठा और नैतिक व्यवहार

iii. सभी हितधारकों – शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं और समाज के प्रति कर्तव्यों का उत्तरदायित्व

iv. उच्च स्तरीय प्रकटीकरण और पारदर्शिता

v. कंपनी परिचालन के सभी क्षेत्रों में पूर्ण कानूनी और नियामक अनुपालन

vi. लोगों तथा पर्यावरण के प्रति सहानुभूतिन रखते हुए लक्ष्यों की प्राप्ति

कंपनी कॉर्पोरेट अभिशासन प्रक्रियाओं और आचार संहिता का अनुपालन करते हुए सभी मूल मूल्यों को चारितार्थ करते हुए, जो बीएचईएल के शेयरधारकों को दीर्घकालिक रिटर्न, ग्राहकों को अनुकूल परिणाम, कर्मचारियों को आकर्षक अवसर, आपूर्तिकर्ताओं को कंपनी की प्रगति में भागीदार बनाने के लिए अवसर, और समाज का संवर्धन करते हुए अपने व्यवसाय का परिचालन करने में विश्वास करती है।

2.2 निदेशक मंडल

i. निदेशकों की संरचना और श्रेणी

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) के अनुसार, बीएचईएल एक "सरकारी कंपनी" है क्योंकि कंपनी की कुल चुकता शेयर पूंजी का 63.17% भारत के राष्ट्रपति के माध्यम से केंद्र सरकार के पास है।

निदेशक मंडल की स्वतंत्रता को बनाए रखने, प्रबंधन और नियंत्रण के निदेशक मंडल के कार्यों को भिन्न करने के लिए बीएचईएल के निदेशक मंडल की संरचना में कार्यपालक निदेशकों का एक समुचित मिश्रण है। जिसमें सीएमडी और गैर–कार्यकारी निदेशक शामिल हैं, जिनका प्रतिनिधित्व सरकारी नामितों और स्वतंत्र निदेशकों द्वारा किया जाता है।

31 मार्च 2021 को निदेशक मंडल की संरचना इस प्रकार है:

निदेशकों की श्रेणी	निदेशक मंडल संरचना	31 मार्च, 2021 को वास्तविक संख्या
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	1	1
पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक	5	4
भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अंशकालिक शासकीय निदेशक (सरकारी नामित)	2	2
अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक	8	3
कुल	**16**	**10**

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, बीएचईएल के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशकों (कम से कम एक स्वतंत्र महिला निदेशक सहित) और निदेशक (पावर) की पांच रिक्तियां उपलब्ध हैं। इन रिक्तियों को भरने का प्रकरण भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के विचाराधीन है।

ii. 2020–21 के दौरान आयोजित निदेशक मंडल की बैठकों में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति और अंतिम वार्षिक आम बैठक

निदेशक का नाम (सुश्री / श्री)	निदेशक मंडल बैठकों की संख्या		अंतिम वार्षिक आम बैठक (28.09.2020 को आयोजित)
	आयोजित	में भाग लिया	
कार्यकारी निदेशक			
डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	8	8	हाँ
सुबोध गुप्ता, निदेशक (वित्त)	8	8	हाँ
एस बालकृष्णन, निदेशक (आईएस एंड पी) (30 नवम्बर 2020 तक)	6	6	हाँ
मनोज कुमार वर्मा, निदेशक (पावर) (31 जनवरी 2021 तक)	7	7	हाँ
कमलेश दास, निदेशक (ई, आर एंड डी)	8	8	हाँ
अनिल कपूर, निदेशक (मा.सं.) #	8	8	हाँ
सुश्री रेणुका गेरा, निदेशक (आईएस एंड पी) (1 दिसंबर, 2020 से प्रभावी)	2	2	*

अंशकालिक शासकीय निदेशक – सरकार द्वारा नामित			
शशांक प्रिय, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय	8	8	हाँ
अमित वरदान, संयुक्त सचिव (जेएस), भारी उद्योग विभाग (डीएचआई), भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय (2 सितंबर, 2020 तक)	4	4	*
अमित मेहता, जेएस, डीएचआई, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय (2 सितंबर, 2020 से प्रभावी)	4	4	हाँ
अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक			
देश दीपक गोयल (11 सितंबर, 2020 तक)	5	5	’
रंजीत रे (11 सितंबर, 2020 तक)	5	5	’
राजेश शर्मा	8	7	हाँ
राज कमल बिंदल	8	8	हाँ
मनीष कपूर	8	8	हाँ

निदेशक (पावर) का अतिरिक्त प्रभार 1 फरवरी, 2021 से सम्भाला

* यह दर्शाता है कि संबंधित व्यक्ति पिछली वार्षिक आम बैठक की तिथि को बीएचईएल का निदेशक नहीं था।

iii. क. 31 मार्च, 2021 को अन्य कंपनियों में निदेशक, समिति सदस्यता और समिति अध्यक्ष का विवरण#

निदेशक का नाम (सुश्री / श्री)	अन्य कंपनियों में निदेशकत्व का विवरण	अन्य कंपनियों में समिति की सदस्यता और समिति की अध्यक्षता का विवरण*
डॉ नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	–निरंक–
सुबोध गुप्ता, निदेशक (वित्त)	रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	–निरंक–
कमलेश दास, निदेशक (ई, आर एंड डी)	1. बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्रा. लिमिटेड 2. बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड	–निरंक –
अनिल कपूर निदेशक (मा. सं.)	रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	–निरंक–
सुश्री रेणुका गेरा निदेशक (आईइएस एवं पी)	–निरंक–	– निरंक –
शशांक प्रिय, अंशकालिक शासकीय निदेशक	1. स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड 2. एमएमटीसी लिमिटेड 3. इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन सेंटर लिमिटेड 4. भारत व्यापार संवर्धन संगठन 5. इन्वेस्ट इंडिया 6. एचएमटी लिमिटेड 7. नेशनल जूट मैन्युफैक्चरर्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड 8. राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड 9. एनएमडीसी लिमिटेड 10. केआईओसीएल लिमिटेड 11. स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड 12. मेकॉन लिमिटेड	**लेखा परीक्षा समिति:** 1. स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (अध्यक्ष) 2. एमएमटीसी लिमिटेड (सदस्य) 3. भारत व्यापार संवर्धन संगठन (सदस्य) 4. राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (सदस्य) **हितधारकों संबंधित समिति:** स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (अध्यक्ष)
अमित मेहता, अंशकालिक शासकीय निदेशक	1. एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड 2. टाइड वाटर ऑयल कंपनी इंडिया लिमिटेड	–निरंक–
राजेश शर्मा, अंशकालिक शासकीय निदेशक	बर्नपुर सीमेंट लिमिटेड	**लेखा परीक्षा समिति:** बर्नपुर सीमेंट लिमिटेड (अध्यक्ष) **हितधारकों की संबंध समिति:** बर्नपुर सीमेंट लिमिटेड (सदस्य)
राज कमल बिंदल स्वतंत्र निदेशक	1. अविका कंसल्टिंग प्रा. लिमिटेड 2. नमशिवाय वेंचर्स प्रा. लिमिटेड 3. राज कमल बिंदल फाउंडेशन	–निरंक–
मनीष कपूर स्वतंत्र निदेशक	जेनेक्स्ट लाइफकेयर प्रा. लिमिटेड	–निरंक–

*केवल लेखा परीक्षा समिति और हितधारकों की संबंध समिति की अध्यक्षता/सदस्यता पर विचार किया गया है।

#अन्य कंपनियों में निदेशक/समिति सदस्यता निदेशक मंडल पर संबंधित निदेशकों से प्राप्त नवीनतम प्रकटीकरण पर आधारित हैं।

कंपनी का कोई भी निदेशक एक ही समय में बीस (20) से अधिक कंपनियों में निदेशक के रूप में पद धारण नहीं करता है। कंपनी का कोई भी निदेशक दस से अधिक (10) समितियों में सदस्य नहीं है या सभी कंपनियों में पांच से अधिक (5) समितियों के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है जिसमें वह एक निदेशक है।

निदेशकों के बीच आपस में संबंधों का खुलासाः निरंक

ख. सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशकों का विवरण और निदेशक पद की श्रेणी

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित निदेशकों ने सूचीबद्ध संस्थाओं में निम्नानुसार निदेशक पद धारण किया:

निदेशक का नाम सुश्री/ श्री	सूचीबद्ध इकाई का नाम	निदेशक पद की श्रेणी
शशांक प्रिय, अंशकालिक शासकीय निदेशक	1. स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड 2. एमएमटीसी लिमिटेड 3. एचएमटी लिमिटेड 4. एनएमडीसी लिमिटेड 5. केआईओसीएल लिमिटेड 6. स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	सरकार द्वारा नामित निदेशक
अमित मेहता, अंशकालिक शासकीय निदेशक	1. एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड 2. टाइड वाटर ऑयल कंपनी इंडिया लिमिटेड	सरकार द्वारा नामित निदेशक
राजेश शर्मा, अंशकालिक शासकीय निदेशक	बर्नपुर सीमेंट लिमिटेड	स्वतंत्र निदेशक

iv आयोजित की गई निदेशक मंडल की बैठकों की संख्या तथा दिनांक का विवरण

निदेशक मंडल की बैठकें सामान्यतः नई दिल्ली में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाती हैं तथा काफी पहले से इनकी तिथि निर्धारित की जाती हैं। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के परामर्श से, कंपनी सचिव प्रत्येक निदेशक को निदेशक मंडल की प्रत्येक बैठक की लिखित सूचना भेजता है।

निदेशक मंडल सदस्यों के पास कंपनी की सभी जानकारियां हैं और वे किसी भी मामले को एजेंडा में शामिल करने की अनुशंसा करने के लिए स्वतंत्र हैं जो सामान्यतरू अग्रिम रूप से भेजा जाता है। आवश्यकता होने पर, वरिष्ठ प्रबंधन को निदेशक मंडल की बैठकों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है जिससे चर्चा किए जा रहे विषयों से संबंधित अतिरिक्त इनपुट प्रदान किए जा सकें और/या निदेशक मंडल को प्रस्तुतिकरण दिया जा सके। निदेशक मंडल तिमाही में कम से कम एक बार तिमाही परिणामों और एजेंडा पर अन्य मदों की समीक्षा करने के लिए बैठक करता है। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बैठकें आयोजित की जाती हैं।

समीक्षा हेतु वर्ष के दौरान, निदेशक मंडल की निम्नलिखित तिथियों पर आठ बार बैठक हुई हैं:

(i) 9 अप्रैल, 2020	(ii) 13 जून, 2020	(iii) 24 जून, 2020
(iv) 28 अगस्त, 2020	(v) 11 सितम्बर, 2020	(vi) 6 नवम्बर, 2020
(vii) 24 दिसम्बर, 2020	(viii) 6 फरवरी, 2021	

निदेशक मंडल की प्रत्येक बैठक के तुरंत बाद निदेशक मंडल के कार्यवृत्त तैयार किए जाते हैं और सभी निदेशकों को उनकी टिप्पणियों, यदि कोई हो, के लिए परिचालित किया जाता है और उसके बाद अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया जाता है। उपयुक्त कार्रवाई और कार्यान्वयन प्रारम्भ करने के लिए स्वीकृत कार्यवृत्त को संबंधित विभागों/समूहों को परिचालित किया जाता है।

v. प्रमुख कौशल/विशेषज्ञता/सक्षमता सूची

बीएचईएल एक सरकारी कंपनी है, इसलिए इसके निदेशक मंडल के सभी निदेशकों अर्थात कार्याकारी निदेशकों, सरकार द्वारा नामित निदेशकों तथा स्वतंत्र निदेशकों का चयन एवं नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है। प्रत्येक श्रेणी के निदेशकों का चयन एवं नियुक्ति एक सुपरिभाषित निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाता है। बीएचईएल द्वारा संचालित व्यवसाय खंड के संदर्भ में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए निदेशक मंडल आवश्यक प्रमुख कौशल, विशेषज्ञता और सक्षमता की आवश्यकता, इन निदेशकों के चयन की सरकार की प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है। इसलिए, बीएचईएल का निदेशक मंडल अपने आप में ऐसे किसी भी प्रमुख कौशल या कार्य के लिए आवश्यक सक्षमता की पहचान नहीं करता है; यह प्रमुख कौशल / विशेषज्ञता / सक्षमता के लिए निदेशकों की पहचान करता है।

vi. निदेशक मंडल के उत्तरदायित्व

निदेशक मंडल का कार्य कंपनी की रणनीतिक दिशा की निगरानी करना, कॉर्पोरेट प्रदर्शन की समीक्षा एवं निगरानी करना, नियामक अनुपालन सुनिश्चित करना तथा हितधारकों के हितों की रक्षा करना है।

vii. स्वतंत्र निदेशक

स्वतंत्र निदेशक निदेशक मंडल और समिति की बैठकों के विचार–विमर्श में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा कंपनी को इंजीनियरिंग, वित्त, प्रबंधन, कानून, सार्वजनिक नीति आदि के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता उपलब्ध कराते हैं।

स्वतंत्र निदेशक निदेशक मंडल द्वारा गठित महत्वपूर्ण समितियों जैसे लेखा परीक्षा समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति, हितधारक संबंध समिति और सीएसआर समिति का हिस्सा हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 और लिस्टिंग विनियमों के अनुरूप, लेखा परीक्षा समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है और यह उनसे संबंधित परिभाषित कार्यक्षेत्र के अनुसार कार्य करता है।

इसके अतिरिक्त, सीपीएसई के लिए गैर–शासकीय निदेशकों की आदर्श भूमिका और उत्तरदायित्वों पर 28 दिसंबर, 2012 को डीपीई कार्यालय ज्ञापन के अनुरूप, निदेशक मंडल ने स्वतंत्र निदेशकों की एक समिति का गठन किया था। यह समिति कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत लिस्टिंग विनियमों और स्वतंत्र निदेशकों की संहिता की आवश्यकताओं के अनुपालन में है।

स्वतंत्र निदेशकों के परिचय कार्यक्रम का विवरण कंपनी की वेबसाइट www.bhel.com पर वेब लिंक https://www.bhel.com/familiarization-programme-directors पर "निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम" शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है।

निदेशक मंडल की राय में, स्वतंत्र निदेशक लिस्टिंग विनियमों में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र होते हैं।

viii. निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत सूचना

निदेशक मंडल के समक्ष रखे गए एजेंडे में अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित शामिल हैं:–

- वार्षिक परिचालन योजनाएँ, बजट तथा तत्संबंधी अद्यतन सूचना।
- पूंजी बजट और तत्संबंधी अद्यतन सूचना।
- महत्वपूर्ण पूंजी निवेश प्रस्ताव।

- अधिशेष निधियों का अल्पकालिक निवेश।
- निवेश, सहायक कंपनियों तथा संपत्तियों की बिक्री जो प्रकृति में मूर्त हैं और व्यवसाय के सामान्य क्रम में नहीं हैं।
- महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और प्रचलनों में परिवर्तन और इसके कारण।
- कंपनी और उसके परिचालन प्रभागों या व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए तिमाही परिणाम।
- विदेशी मुद्रा एक्सपोजर का त्रैमासिक विवरण और प्रतिकूल विनिमय दर के मुद्दों को सीमित करने के लिए प्रबंधन द्वारा उठाए गए कदम, यदि मूर्त हैं।
- विभिन्न कानूनों के अनुपालन पर तिमाही रिपोर्ट।
- मध्यस्थता मामलों और प्रमुख कानूनी विवादों की स्थिति।
- लेखा परीक्षा समिति और निदेशक मंडल की अन्य समितियों की बैठकों का कार्यवृत्त।
- असूचीबद्ध अनुषंगी कंपनियों की निदेशक मंडल बैठकों का कार्यवृत्त।
- असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किए गए सभी महत्वपूर्ण लेनदेन और व्यवस्थाओं का विवरण।
- निदेशक मंडल स्तर से एक स्तर नीचे के वरिष्ठ अधिकारियों की भर्ती की सूचना।
- निदेशक मंडल के अनुमोदन की आवश्यकता वाले किसी संयुक्त उद्यम या अनुसंधान एवं विकास परियोजना या तकनीकी सहयोग समझौते का विवरण।
- महत्वपूर्ण श्रम/लेबर समस्याएं और उनके प्रस्तावित समाधान।
- मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध के मोर्चे पर कोई महत्वपूर्ण विकास जैसे वेतन समझौते पर हस्ताक्षर, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना का कार्यान्वयन आदि।
- निदेशक मंडल द्वारा वांछित मामलों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट।
- कोई भी अनुबंध जिसमें निदेशक (निदेशकों) को रुचि रखने वाला समझा जाता है।
- निदेशकों द्वारा अन्य कंपनियों में उनके द्वारा अधिग्रहित निदेशकों और समिति पदों के बारे में रुचि का प्रकटीकरण
- निदेशक मंडल की बैठक आदि पर सूचीकरण विनियमों, डीपीई दिशानिर्देशों और सचिवीय मानक–1 के अंतर्गत सूचना या अनुमोदन के लिए निदेशक मंडल को प्रस्तुत किए जाने वाले आवश्यक अन्य मामले।

निदेशक मंडल ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुचारू तथा कुशल प्रवाह देने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया है। सभी निदेशक मंडल स्तरीय समितियों के कार्यवृत्त परिचालित किए जाते हैं और निदेशक मंडल की बैठकों में चर्चा की जाती है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ऐसा कोई उदाहरण नहीं था जिसमें निदेशक मंडल ने निदेशक मंडल की किसी समिति की किसी भी अनुशंसा को स्वीकार नहीं किया जो अनिवार्य रूप से आवश्यक हो।

ix. नए निदेशकों का चयन

बीएचईएल के अंतरनियमों के अनुसार, भारत के राष्ट्रपति भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के माध्यम से, बीएचईएल के निदेशक मंडल में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक तथा कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति करते हैं। बीएचईएल के निदेशक मंडल में प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा दो अंशकालिक शासकीय निदेशकों को नामित किया जाता है। भारत के राष्ट्रपति बीएचईएल के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर–आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों की नियुक्ति भी करते हैं।

स्वतंत्र निदेशकों का चयन भारी उद्योग विभाग द्वारा सार्वजनिक उद्यम विभाग की खोजबीन समिति के परामर्श से किया जाता है, जिसके पास प्रबंधन, वित्त, इंजीनियरिंग, प्रशासन, उद्योग आदि के क्षेत्र में विस्तृत अनुभव रखने वाले विद्वान व्यक्तियों के पैनल की सूची होती है।

x. सदस्यता अवधि तथा सेवानिवृत्ति नीति

अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक तथा कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की अवधि के लिए, या उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक की जाती है। अंशकालिक शासकीय निदेशक भारत सरकार के विवेक पर बीएचईएल के निदेशक मंडल में बने रहेंगे। अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशकों का कार्यकाल प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा तय किया जाता है। सामान्यतः स्वतंत्र निदेशक को तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है।

xi. आचार संहिता

बीएचईएल ने अपने कर्मचारियों के लिए उच्च मानक स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासों के एक हिस्से के रूप में; बीएचईएल निदेशक मंडल ने 2005 में पूर्ववर्ती लिस्टिंग समझौते के खंड 49 के अनुरूप "निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए व्यावसायिक आचरण और नैतिकता संहिता" निर्धारित की। संहिता को बाद में समय–समय पर नियामक ढांचे में बदलाव के अनुरूप संशोधित किया गया था, जिसमें लिस्टिंग समझौते में बदलाव और व्यापार की गतिशीलता में बदलाव तथा संहिता की मजबूती के लिए अन्य प्रासंगिक प्रावधानों को सम्मिलित करना था। वर्तमान संहिता भी संशोधित सूचीकरण विनियमों के अनुपालन में है।

संहिता में सम्मिलित हैं:

- सामान्य नैतिक अनिवार्यताएं;
- विशिष्ट व्यावसायिक उत्तरदायित्व; तथा
- निदेशक मंडल सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए विशिष्ट अतिरिक्त प्रावधान।

संहिता की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट 'www.bhel.com' पर उपलब्ध है।

xii. निदेशक मंडल का घोषणा पत्र/चार्टर

निदेशक मंडल तथा निदेशकों की व्यक्तिगत भूमिका तथा उत्तरदायित्वों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने के उद्देश्य से, निदेशक मंडल ने निदेशक मंडल का एक घोषणा पत्र/चार्टर निर्धारित किया है। घोषणा पत्र/चार्टर बीएचईएल कॉर्पोरेट अभिशासन के उद्देश्यों तथा दृष्टिकोण को भी स्पष्ट करता है।

डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप, लिस्टिंग समझौते और निदेशकों को प्रदान करने के उद्देश्य से

क) अपने वैधानिक कर्तव्यों के सफल निर्वहन के लिए दिशानिर्देशों और प्रक्रियाओं में अंतर्दृष्टि,

ख) भविष्य को समझने तथा रणनीतियों को विकसित करने के लिए कारोबारी माहौल की बेहतर समझ तथा

ग) निदेशक मंडल के सदस्यों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण, बीएचईएल निदेशक मंडल ने निदेशकों के प्रशिक्षण के लिए नीति को मंजूरी दी है। इसमें कंपनी के विशिष्ट क्षेत्रों के लिए सामान्य और विशिष्ट दोनों प्रकार के प्रशिक्षण हैं।

xiii. व्यवसायी कंपनी सचिव द्वारा प्रमाण पत्र

कंपनी को कंपनी सचिव से प्रमाण पत्र प्राप्त है कि कंपनी निदेशक मंडल के किसी भी निदेशक को सेबी/कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय या किसी ऐसे वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी निदेशक के रूप में नियुक्त या निरंतरता रखने से वंचित या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है। यह संलग्न भी है।

xiv. सीईओ/सीएफओ प्रमाणन

लिस्टिंग विनियमों के अनुसार सीईओ/सीएफओ प्रमाणन निदेशक मण्डल रिपोर्ट के अनुलग्नक–III में संलग्न है।

2.3 निदेशक मंडल स्तरीय लेखा परीक्षा समिति

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल द्वारा निर्दिष्ट निदेशक मंडल स्तरीय लेखा परीक्षा समिति के विचारार्थ विषय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 की आवश्यकताओं के साथ–साथ लिस्टिंग विनियमों के अनुरूप हैं और निम्नानुसार हैं:

1. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी और इसकी वित्तीय जानकारी का प्रकटीकरण यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त और विश्वसनीय है;
2. कंपनी के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक और नियुक्ति की शर्तों की अनुशंसा;
3. सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रदान की गई किसी भी अन्य सेवाओं के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों को भुगतान की स्वीकृति;
4. अनुमोदन के लिए निदेशक मंडल को प्रस्तुत करने से पहले प्रबंधन के साथ वार्षिक वित्तीय विवरणों और लेखापरीक्षक रिपोर्ट की समीक्षा करना, विशेष रूप से निम्नलिखित के संदर्भ में:
    i. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उपधारा 3 के खंड (सी) के संदर्भ में निदेशक मण्डल रिपोर्ट में शामिल करने के लिए निदेशक के उत्तरदायित्व विवरण में शामिल किए जाने वाले आवश्यक मामले;
    ii. लेखांकन नीतियों और प्रचलनों में परिवर्तन, यदि कोई हो, और उसके कारण;
    iii. प्रबंधन द्वारा लिए निर्णयों के आधार पर अनुमानों को शामिल करने वाली प्रमुख लेखा प्रविष्टियां;
    iv. लेखापरीक्षा निष्कर्षों से उत्पन्न वित्तीय विवरणों में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन;
    v. वित्तीय विवरणों से संबंधित सूचीकरण और अन्य कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन;
    vi. किसी भी संबंधित पक्षों से लेनदेन का प्रकटीकरण;
    vii. मसौदा लेखा परीक्षा रिपोर्ट योग्यता;
5. अनुमोदन के लिए निदेशक मंडल को प्रस्तुत करने से पहले प्रबंधन के साथ तिमाही वित्तीय विवरण और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा करना;
6. प्रबंधन के साथ किसी मुद्दे (सार्वजनिक विषय, अधिकार/राइट्स इश्यू, प्रेफरेंशियल इश्यू, आदि) के माध्यम से जुटाई गई निधियों के उपयोग/प्रयोग के विवरण, प्रस्ताव दस्तावेज़ में बताए गए उद्देश्यों के अतिरिक्त; अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग किए गए धन का विवरण/प्रॉस्पेक्टस/नोटिस और निगरानी एजेंसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट जो सार्वजनिक या राइट्स इश्यू की आय के उपयोग की निगरानी करती है और इस मामले में कदम उठाने के लिए निदेशक मंडल को उचित अनुशंसाएं करती हो, की समीक्षा करना;
7. लेखापरीक्षक/ऑडिटर की स्वतंत्रता और प्रदर्शन, लेखापरीक्षा/ऑडिट प्रक्रिया की प्रभावशीलता की समीक्षा और निगरानी करना;
8. संबंधित पक्षों के साथ कंपनी के लेन–देन की स्वीकृति या उसके बाद का कोई संशोधन;
9. अंतर–कॉर्पोरेट ऋणों और निवेशों की जांच;
10. इस प्रावधान के लागू होने की तिथि से, होल्डिंग कंपनी द्वारा 100 करोड़ रुपये से अधिक या सहायक कंपनी की परिसंपत्ति का 10%, जो भी कम हो, में मौजूदा ऋण/अग्रिम/निवेश सहित मौजूदा ऋणों/अग्रिमों/निवेशों के उपयोग की समीक्षा करना;
11. कंपनी के उपक्रमों या परिसंपत्तियों का मूल्यांकन, जहां कहीं भी आवश्यक हो;
12. आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों और जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन;
13. प्रबंधन के साथ सांविधिक और आंतरिक लेखा परीक्षकों के प्रदर्शन, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्त समीक्षा;
14. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना, स्टाफिंग और विभागाध्यक्ष की वरिष्ठता, रिपोर्टिंग संरचना दायरा/कवरेज और आंतरिक लेखापरीक्षा की आवृत्ति सहित आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की पर्याप्तता, यदि कोई हो, की समीक्षा करना;
15. किसी महत्वपूर्ण निष्कर्ष पर आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई;
16. आंतरिक लेखा परीक्षकों द्वारा किसी भी आंतरिक जांच के निष्कर्षों की समीक्षा करना जहां संदिग्ध धोखाधड़ी या अनियमितता या मूर्त प्रकृति की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की विफलता है और प्रकरण को निदेशक मंडल को रिपोर्ट करना है;
17. लेखा परीक्षा शुरू होने से पहले सांविधिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा, लेखा परीक्षा की प्रकृति और दायरे के साथ–साथ संदेह के किसी भी क्षेत्र के बारे में पता लगाने के लिए लेखा परीक्षा के बाद भी चर्चा;
18. जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान न करने की स्थिति में) और लेनदारों को भुगतान में पर्याप्त चूक के कारणों की जांच करना;
19. व्हिसल ब्लोअर/ सतर्कता तंत्र के कामकाज की समीक्षा करना;
20. आंतरिक लेखापरीक्षा/निदेशक मंडल और/या भारत सरकार द्वारा बीएलएसी को संदर्भित लेखापरीक्षा पैरा की समीक्षा करना और इसे संदर्भित मुद्दों पर अपने सुझाव/मार्गदर्शन/टिप्पणियां प्रदान करना;
21. सांविधिक लेखापरीक्षकों/आंतरिक लेखापरीक्षकों के साथ आन्तरिक नियंत्रण प्रणालियों के बारे में आवधिक रूप से चर्चा;
22. जहां भी आवश्यक हो, उपयुक्त मामलों में बाहरी स्रोतों से व्यावसायिक सलाह लेना;
23. लेखा परीक्षा समिति निम्नलिखित सूचनाओं की भी समीक्षा करेगी:
    i. वित्तीय स्थिति और परिचालन परिणामों पर प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण;
    ii. महत्वपूर्ण संबंधित पक्षों से लेनदेन का विवरण;
    iii. सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा जारी प्रबंधन पत्र/आंतरिक नियंत्रण कमजोरियों के पत्र; और
    iv. आंतरिक नियंत्रण कमजोरियों से संबंधित आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट;
24. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य सांविधिक विनियमों के अंतर्गत निर्धारित लेखा परीक्षा समिति के संदर्भ शर्तों से संबंधित कोई अन्य कार्य करना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

लेखा परीक्षा समिति की संरचना लिस्टिंग विनियम और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुपालन में है। लेखा परीक्षा समिति की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है। सदस्य निदेशकों में वाणिज्य, वित्त, प्रशासन और अभिशासन पृष्ठभूमि के साथ विद्वान तथा प्रतिष्ठित व्यवसायी शामिल हैं।

लेखा परीक्षा समिति का वर्तमान पुनर्गठन 06 फरवरी 2021 को किया गया था। 06 फरवरी 2021 से लेखा परीक्षा समिति की संरचना में निम्नलिखित निदेशक शामिल हैं:

निदेशक का नाम सुश्री / श्री	पद	बैठकों की संख्या	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित हुए
देश दीपक गोयल, स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर, 2020 तक)	अध्यक्ष	3	3
राजेश शर्मा, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (12 सितंबर, 2020 से)	2	2
	सदस्य (11 सितंबर, 2020 तक)	3	3*
शशांक प्रिय, एएस और एफए, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, अंशकालिक शासकीय निदेशक	सदस्य (6 फरवरी, 2021 से)	0	0
अमित वरदान, जेएस, डीएचआई, अंशकालिक शासकीय निदेशक (2 सितंबर, 2020 तक)	सदस्य	2	2
अमित मेहता, जेएस, डीएचआई, अंशकालिक शासकीय निदेशक	सदस्य (2 सितंबर, 2020 से 5 फरवरी, 2021 तक)	3	3
रंजीत रे, स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर, 2020 तक)	सदस्य	3	3
राज कमल बिंदल स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (6 फरवरी, 2021 से प्रभावी)	0	0
मनीष कपूर स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (29 मई, 2020 से प्रभावी)	5	5

* श्री राजेश शर्मा को 20 अगस्त, 2020 को आयोजित स्थगित बैठक के लिए अनुपस्थिति अवकाश प्रदान किया गया

निदेशक (वित्त) स्थायी आमंत्रित व्यक्ति हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करता है।

आंतरिक लेखा परीक्षा के प्रमुख और सांविधिक लेखा परीक्षक के प्रतिनिधि लेखा परीक्षा समिति की बैठकों के लिए आमंत्रितों के रूप में उपस्थित हो सकते हैं। कंपनी के लेखापरीक्षकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को लेखा परीक्षा समिति की बैठकों में सुनवाई का अधिकार होगा। वह लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर विचार करेगा लेकिन उसे वोट देने का अधिकार नहीं होगा।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लेखापरीक्षा समिति की पांच बैठकें 13 जून, 2020, 19–20 अगस्त, 2020, 11 सितंबर, 2020, 5–6 नवंबर, 2020 और 6 फरवरी, 2021 को हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण उपर्युक्त तालिका में दिया गया है।

2.4 नामांकन और पारिश्रमिक समिति

i. पारिश्रमिक नीति

बीएचईएल एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम होने के कारण इसमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/ कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा तय किया जाता है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/ निदेशकों की नियुक्ति की शर्तें, भारत के राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित की गई हैं। इनको बीएचईएल के नियमों के अनुसार, पट्टे पर आवास, मकान किराए का भुगतान, सुसज्जित आवास, उत्पादकता से जुड़े प्रोत्साहन आदि जैसे कुछ लाभों का भुगतान किया जाता है। अंशकालिक गैर–कार्यकारी निदेशकों तथा स्वतंत्र निदेशकों को निदेशक मंडल या उसकी समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए बैठक शुल्क के अतिरिक्त किसी अन्य पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता है।

ii. विचारार्थ विषय

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 की आवश्यकताओं के अनुरूप तथा पूर्ववर्ती लिस्टिंग समझौते (अब लिस्टिंग विनियम) के खंड 49 के अनुरूप, निदेशक मंडल ने 30 मार्च, 2015 से नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) का गठन किया। सूचीकरण विनियमों में एनआरसी के संदर्भ की शर्तों में संशोधन के अनुरूप, समिति के विचारार्थ विषय इस प्रकार हैं:

1. ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक बनने के योग्य हैं तथा जो निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किए जा सकते हैं। उनकी नियुक्ति और उन्हें हटाने के लिए निदेशक मंडल को अनुशंसा करेंगे और निदेशक मंडल के प्रदर्शन के प्रभावी मूल्यांकन की विधि को निर्दिष्ट करेंगे, इसकी समितियों और व्यक्तिगत निदेशकों को या तो निदेशक मंडल द्वारा संचालित किया जाएगा, नामांकन और पारिश्रमिक समिति या एक स्वतंत्र बाहरी एजेंसी द्वारा इसके कार्यान्वयन और अनुपालन की समीक्षा करना;
2. निदेशक की योग्यता, सकारात्मक विशेषताओं और स्वतंत्रता का निर्धारण करने के लिए मानदंड निर्धारित करना तथा निदेशक मंडल को एक नीति की अनुशंसा करना, निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और अन्य कर्मचारियों के पारिश्रमिक से संबंधित अधिनियम / लिस्टिंग विनियमों के प्रावधानों के अनुपालन में / डीपीई दिशानिर्देश;
3. स्वतंत्र निदेशकों और निदेशक मंडल के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना;
4. निदेशक मंडल की विविधता पर नीति बनाना;
5. निदेशक मंडल को अनुशंसा करने के लिए, अपनी सहायक कंपनियों और अन्य सरकारी संगठनों के बोर्डों में बीएचईएल अधिकारियों का नामांकन, जिन्हें डीएचआई को प्रस्तुत करने से पहले बीएचईएल के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है।
6. विशिष्ट पारिश्रमिक पैकेजों पर कंपनी की नीति का निरीक्षण, पेंशन अधिकारों सहित पूर्णकालिक निदेशकों के लिए अनुलाभ और कोई भी क्षतिपूर्ति भुगतान, जो भारत के राष्ट्रपति द्वारा तय नहीं किया गया है;

7. पूर्णकालिक निदेशकों के लिए कुछ अनुलाभों को मंजूरी देना जो निदेशक मंडल की शक्तियों के अधीन हैं। प्रमुख समूहों के अंतर्गत संक्षेपित व्यक्तिगत निदेशकों के पारिश्रमिक पैकेज के तत्वों की समीक्षा, जैसे प्रोत्साहन/लाभ, बोनस, स्टॉक विकल्प, पेंशन आदि;
8. ऐसे भत्तों, लाभों तथा अन्य संबंधित मामलों पर नीतियों को अंतिम रूप देना जो भारत के राष्ट्रपति द्वारा नहीं बल्कि निदेशक मंडल की शक्तियों के अधीन तय किए गए हैं;
9. कार्य निष्पादन मानदंड के आधार पर निश्चित घटकों और प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहनों का अनुमोदन;
10. गैर–कार्यकारी निदेशकों को किए जाने वाले भुगतानों के मानदंडों को अंतिम रूप देना;
11. निदेशक मंडल/ शेयरधारकों को स्वतंत्र निदेशकों सहित गैर–कार्यकारी निदेशकों को भुगतान/अनुदान दिए जाने वाले शुल्क/क्षतिपूर्ति/ स्टॉक विकल्प की अनुशंसा , यदि कोई हों;
12. वरिष्ठ प्रबंधन को देय समस्त पारिश्रमिक, चाहे वह किसी भी रूप में हो; के लिए निदेशक मंडल को अनुशंसा,
13. अधिकारियों और गैर–संघीय पर्यवेक्षकों के लिए बोनस/परिवर्तनीय वेतन पूल और इसके वितरण के लिए नीति तय करना;
14. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य वैधानिक विनियमों के अंतर्गत निर्धारित एनआरसी के विचारार्थ विषयों से संबंधित कोई अन्य कार्य करना।

एमसीए ने 5 जून 2015 की अधिसूचना में प्रावधान किया कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 (2), (3) और (4) निदेशकों के प्रदर्शन मूल्यांकन सरकारी कंपनी पर लागू नहीं होगी।

iii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

नामांकन और पारिश्रमिक समिति का पिछली बार पुनर्गठन 6 फरवरी, 2021 किया गया था। जिसके अनुसार समिति की संरचना में निम्नलिखित निदेशक शामिल हैं:

निदेशक का नाम सुश्री/श्री	पद	बैठकों की संख्या	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	जिनमें भाग लिया
राजेश शर्मा, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष*	2	2
शशांक प्रिय, एएस और एफए, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, अंशकालिक शासकीय निदेशक	सदस्य (5 फरवरी, 2021 तक)	2	2
अमित वरदान, जेएस, डीएचआई, अंशकालिक शासकीय निदेशक (2 सितंबर, 2020 तक)	सदस्य	0	0
अमित मेहता, जेएस, डीएचआई, अंशकालिक शासकीय निदेशक	सदस्य (2 सितंबर, 2020 से)	2	2
रंजीत रे, स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर, 2020 तक)	सदस्य	0	0
मनीष कपूर स्वतंत्र निदेशक	सदस्य* (29 मई, 2020 से)	2	2

* 13 जनवरी 2021 को आयोजित बैठक में श्री राजेश शर्मा, कुछ तकनीकी कारणों से बैठक में देर से शामिल हुए। इस कारण उनके स्थान पर श्री मनीष कपूर को इस बैठक का अध्यक्ष चुना गया।

निदेशक (मानव संसाधन) स्थायी आमंत्रित व्यक्ति हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करता है।

iv. बैठकें और उपस्थिति

गत वर्ष के दौरान नामांकन और पारिश्रमिक समिति दो बैठकें 6 अक्तूबर, 2020 तथा 13 जनवरी, 2021 को हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण उपर्युक्त तालिका में दिया गया है।

v. वर्ष 2020–21 के दौरान कार्यकारी निदेशकों के पारिश्रमिक का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ में)

क्र. सं.	निदेशक का नाम (सुश्री/श्री)	वेतन	लाभ	अन्य लाभ	कार्य निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन	कुल	सेवा अनुबंध / नोटिस अवधि विच्छेद शुल्क
1.	डॉ. नलिन सिंघल	51,64,430	8,00.047	39,600	–	60,04,077	––––
2.	सुबोध गुप्ता	41,78,054	7,37,526	3,37,609	3,76,613	56,29,803	चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होंगे
3.	एस बालकृष्णन (30 नवंबर, 2020 तक)	54,33,724	4,89,311	8,02,839	3,48,992	70,74,865	––––
4.	मनोज कुमार वर्मा (31 जनवरी 2021 तक)	53,93,457	6,18,154	5,13,372	2,99,053	68,24,036	––––
5	कमलेश दास	40,77,360	7,19,388	3,21,800	2,58,274	53,76,822	चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होंगे
6.	अनिल कपूर	39,75,593	7,48,793	3,14,483	2,66,832	53,05,701	चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होंगे
7.	सुश्री रेणुका गेरा (1 दिसंबर, 2020 से)	14,28,029	2,53,414	1,82,997	–	18,64,440	चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होंगे

vi. वर्ष 2020–21 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को किए गए भुगतान का विवरण नीचे दिया गया हैरू –

(₹ में)

स्वतंत्र निदेशकों के नाम	बैठक शुल्क		कुल
	निदेशक मंडल बैठक	समिति बैठक	
श्री दीपक गोयल	1,50,000/–	1,80,000/–	3,30,000/–
श्री रंजीत रे	1,50,000/–	2,00,000/–	3,50,000/–
श्री राजेश शर्मा	2,10,000/–	3,00,000/–	5,10,000/–
श्री राज कमल बिंदल	2,40,000/–	2,20,000/–	4,60,000/–
श्री मनीष कपूर	2,40,000/–	2,40,000/–	4,80,000/–

स्वतंत्र निदेशक वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान बैठक शुल्क / 30,000/– प्रति निदेशक मंडल बैठक तथा ₹20,000/– प्रति निदेशक मंडल स्तरीय समिति बैठक में भाग लेने के पात्र थे।

स्वतंत्र निदेशक स्टॉक विकल्प के पात्र नहीं हैं।

निदेशकों द्वारा धारित इक्विटी शेयर

नीचे दर्शाये के अतिरिक्त किसी भी निदेशक के पास बीएचईएल में कोई इक्विटी शेयर नहीं है (31 मार्च, 2021 तक):

निदेशक का नाम	धारित शेयरों की संख्या
डॉ. नलिन सिंघल (पत्नी के साथ संयुक्त रूप से)	100

कंपनी ने वर्ष 2020–21 के दौरान कोई स्टॉक विकल्प जारी नहीं किया है।

2.5 शेयरधारकों की समिति

2.5.1 स्टेक होल्डर्स संपर्क समिति

i. विचारार्थ विषय

कंपनी अधिनियम 2013 तथा पूर्ववर्ती सूचीयन समझोतों की आवश्यकताओं के अनुसरण में निदेशक मंडल ने 12 मई, 2014 को स्टेक होल्डर्स संपर्क समिति (एसआरसी) के रूप में शेयरधारकों/निवेशक शिकायत समिति पुनः गठित की गई। समिति शेयरों के अंतरण, तुलन पत्र का प्राप्त न होना, घोषित लाभांश की गैर प्राप्ति आदि से संबंधित शिकायतों सहित शेयरधारकों की शिकायतों के निपटान को देखती है। लिस्टिंग विनियम में होल्डर्स संपर्क समिति (एसआरसी) के संदर्भ की शर्तों में संशोधन के साथ–साथ समिति के विचारार्थ विषय नीचे दी अनुसार है:

1. कंपनी के सुरक्षा धारकों की शिकायतों का समाधान जिसमें शेयरों के हस्तांतरण / प्रसारण/प्रचारण से संबंधित शिकायतें, वार्षिक रिपोर्ट की अनुपलब्धता, घोषित लाभांश की प्राप्ति नहीं होना, नए / डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करना, सामान्य बैठकें आदि शामिल हैं।
2. शेयरधारकों द्वारा मतदान अधिकार के प्रभावी अभ्यास के लिए किए गए उपायों की समीक्षा करना;
3. रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में कंपनी द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के पालन की समीक्षा करना;
4. कंपनी के शेयरधारकों द्वारा बिना दावे के लाभांश की मात्रा को कम करने और लाभांश वारंट / वार्षिक रिपोर्ट / सांविधिक नोटिस की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों और पहलों की समीक्षा करना;
5. शेयरधारकों, डिबेंचर धारकों और अन्य प्रतिभूति धारकों के हित के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देना।
6. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियम और अन्य सांविधिक नियमों के अंतर्गत निर्धारित समिति के संदर्भ से संबंधित किसी अन्य कार्य को करना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों एवं अध्यक्ष के नाम

समिति का अंतिम बार पुनर्गठन 06 फरवरी, 2021 को किया गया। वर्ष के दौरान गठित समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल हैं:

निदेशक का नाम सुश्री/श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें की सं.	बैठकों की सं. जिनमें उपस्थित हुए
रंजीत रे स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर 2020 तक)	अध्यक्ष	2	2
मनीष कपूर स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (12 सितंबर 2020 से)	1	1
शशांक प्रिय एएस एवं एफए , सदस्य कॉमर्स एवं इंडस्ट्री अंश कालिक सरकारी निदेशक	सदस्य (6 फरवरी 2021 से)	0	0
अमित वर्दन, जे एस, डीएचआई अंश कालिक सरकारी निदेशक (2 सितंबर 2020 तक)	सदस्य	2	1
अमित मेहता, जे एस, डीएचआई अंश कालिक सरकारी निदेशक	सदस्य (2 सितंबर, 2020 से 5 फरवरी, 2021 तक)	1	0
निदेशक (वित्त)	सदस्य	3	3
निदेशक (मा.सं.)	सदस्य	3	3

चीफ इंवेस्टर रिलेशनशिप ऑफिसर (सीआईआरओ) स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। कंपनी सचिव, समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

श्री राजीव कालड़ा, कंपनी सचिव सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमों, 2015 के संदर्भ में अनुपालन अधिकारी हैं।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की तीन बैठकें दिनांक 12 जून, 2020, 30 जुलाई, 2020, तथा 05 नवंबर, 2020 को हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति ऊपर लिखित तालिका में दी गई है।

शेयरधारकों की शिकायतों का विवरण

केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (31 दिसंबर, 2020 तक कंपनी का

आरटीए) और अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड (1 जनवरी, 2021 से कंपनी का आरटीए) के अनुसार सेबी को दी गई सूचना के अनुसार समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शेयरधारकों से 265 शिकायतें प्राप्त हुई और सभी शिकायतों का निवारण 31 मार्च, 2021 तक कर दिया गया। रिपोर्ट की अवधि के अंत में कोई भी शिकायत लंबित नहीं थी।

2.5.2 शेयर अंतरण समिति

निदेशक मंडल ने एक शेयर अंतरण समिति का गठन 25 मार्च, 1992 को किया था। निदेशक मण्डल ने समिति की सन्दर्भ की शर्तें 01 अगस्त, 2014 से संशोधित की शेयर अंतरण समिति शेयर से जुड़े सभी मुद्दे शेयर अंतरण कमेटी भौतिक मोड में ट्रांसपोज़ेशन, सब–डिवीजन, समेकन, डुप्लिकेट शेयर सर्टिफिकेट जारी इत्यादि पर विचार और अनुमोदन करती है। शेयर अंतरण समिति को 6 फरवरी, 2021 को अंतिम बार पुनर्गठित किया गया जिसमें निदेशक (वित्त) अध्यक्ष के रूप में, निदेशक (ई, आर–डी) और निदेशक (आईएस–पी) सदस्य के रूप में शामिल हैं।

2020–21 के दौरान बैठकें

शेयर अंतरण समिति ने वर्ष के दौरान दो बार बैठकें की। शेयर अंतरण समिति की बैठकों के कार्यवृत्त समय–समय पर निदेशक मण्डल के सामने प्रस्तुत किए जाते हैं।

2.6 कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए निदेशक मंडल स्तरीय समिति

i. विचारार्थ विषय

सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर डीपीई दिशानिर्देशों के लिए, निदेशक मंडल ने सीएसआर गतिविधियों की उचित और आवधिक मोनीटरिंग के लिए 25 नवंबर, 2010 को सीएसआर के लिए निदेशक मंडल स्तरीय उच्च समिति का गठन किया। समिति को वर्तमान में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए निदेशक मंडल स्तर की समिति के रूप में नामित किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 में संशोधन के अनुसार (सीएसआर समिति से संबंधित), समिति के विचारार्थ विषय निम्नानुसार हैं।

1. निदेशक मंडल को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पॉलिसी का गठन और अनुशंसा जो कंपनी अधिनियम, 2013 में अनुसूची VII में निर्दिष्ट क्षेत्रों या विषय में कंपनी द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को इंगित करेगा;
2. परियोजनाओं, कार्यक्रमों और धारा 1 में दिए गए कार्यों पर होने वाले व्यय की राशि की सिफ़ारिश करना:
3. समय – समय पर कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व की गतिविधियों की मोनीटरिंग करना:
4. भारत सरकार द्वारा समय–समय पर कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व और सतत विकास पर जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना:

ii. समिति की संरचना, अध्यक्ष और सदस्यों के नाम

पिछली बार समिति को 6 फरवरी, 2021 से पुनर्गठन किया गया था। वर्ष के दौरान गठित समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल हैं:

निदेशक का नाम सुश्री / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें की सं.	बैठकों की सं. जिनमें उपस्थित हुए
रंजीत रे स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर 2020 तक)	अध्यक्ष	2	2
मनीष कपूर स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (12 सितंबर 2020 से)	1	1
	सदस्य (29 मई, 2020 से 11 सितंबर, 2020 तक)	2	2
अमित वरदान, जेएस, डीएचआई, अंशकालिक सरकारी निदेशक (2 सितंबर, 2020 तक)	सदस्य	2	2
अमित मेहता, जेएस, डीएचआई, अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य (2 सितंबर, 2020 से 5 फरवरी, 2021 तक)	1	1
राजेश शर्मा, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य	3	3
निदेशक (वित्त)	सदस्य	3	3
निदेशक (मा.सं.)	सदस्य	3	3

प्रमुख (सीएसआर), कॉर्पोरेट कार्यालय स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। कंपनी सचिव, समिति के सचिव के रूप में कार्य करते है।

iii. बैठकें और उपस्थिति

वर्ष के दौरान समिति की तीन बैठकें 12 जून, 2020, 30 जुलाई, 2020 तथा 5 नवंबर, 2020 को आयोजित की गई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति ऊपर उल्लिखित तालिका में दी गई है।

2.7 मानव संसाधन समिति

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल ने 31 मई, 2006 को मानव संसाधन समिति का गठन विशेष रूप से निम्नलिखित मामलों को देखने के लिए किया है।

क. कार्यपालकों की पदोन्नति और पुरस्कार / प्रोत्साहन की वर्तमान नीतियों की समीक्षा।

ख. बदलते /उभरते व्यापारिक परिवेश के अनुरूप बीएचईएल को तैयार करने की नीतियों में अल्पकालिक और दीर्घकालिक बदलाव का सुझाव देना।

ii. समिति की संरचना, अध्यक्ष और सदस्यों के नाम

पिछली बार समिति को 6 फरवरी, 2021 से पुनर्गठन किया गया था। वर्ष के दौरान गठित समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल हैं:

निदेशक का नाम सुश्री/श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें की सं.	बैठकों की सं. जिनमें उपस्थित हुए
देश दीपक गोयल, स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर, 2020 तक)	अध्यक्ष	0	0
राज कमल बिंदल स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (6 फरवरी, 2021 से)	0	0
	सदस्य (29 मई, 2020 से)	1	1
रंजीत रे, स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर, 2020 तक)		0	0
निदेशक (वित्त)	सदस्य* (5 फरवरी, 2021 तक)	1	1
निदेशक (मा.सं.)	सदस्य	1	1
निदेशक (आईएस एंड पी)	सदस्य (6 फरवरी, 2021 से)	0	0

* निदेशक (वित्त) को 22 दिसंबर, 2020 को आयोजित बैठक के अध्यक्ष के रूप में चुना गया।

प्रमुख (मा.सं.), कॉर्पोरेट कार्यालय स्थायी आमन्त्रित सदस्य हैं। कंपनी सचिव, समिति के सचिव के रूप में कार्य करते है।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की दिनांक 22 दिसंबर, 2020 को एक बैठक हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति ऊपर उल्लिखित तालिका में दी गई है।

2.8 स्वतंत्र निदेशकों की समिति

i. विचारार्थ विषय

दिनांक 28 दिसंबर, 2012 के डीपीई कार्यालय ज्ञापन के अनुसार सीपीएसई के लिए निदेशक मंडल ने स्वतंत्र निदेशकों की आदर्श भूमिका और जिम्मेदारियों पर एक समिति का गठन किया, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की IV अनुसूची और सूचीयन समझौते की आवश्यकताओं के अनुसार है।

ii. समिति की संरचना, अध्यक्ष और सदस्यों के नाम

वर्ष के दौरान समिति की संरचना में निम्नलिखित निदेशक शामिल हैं।

निदेशक का नाम सुश्री/श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें की सं.	बैठकों की सं. जिनमें उपस्थित हुए
देश दीपक गोयल, (11 सितंबर, 2020 तक)	अध्यक्ष और मुख्य स्वतंत्र निदेशक	1	1
राजेश शर्मा	अध्यक्ष और मुख्य स्वतंत्र निदेशक (12 सितंबर, 2020 से)	0	0
	सदस्य (11 सितंबर, 2020 तक)	1	1
रंजीत रे, (11 सितंबर, 2020 तक)	सदस्य	1	1
राज कमल बिंदल	सदस्य	1	1
मनीष कपूर	सदस्य	1	1

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की दिनांक 11 सितंबर, 2020 को एक बैठक हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति ऊपर उल्लिखित तालिका में दी गई है।

2.9 निदेशक मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति

i. विचारार्थ विषय

पुराने लिस्टिंग एग्रीमेंट (अब लिस्टिंग विनियम) के अनुसार, निदेशक मंडल ने 14 नवंबर, 2014 को निदेशक मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया। सूचीबद्ध विनियमों के अनुसार निदेशक मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति के विचारार्थ विषय, यथासंशोधित, निम्नानुसार हैं।

1. कंपनी के जोखिम पर काबू पाने की संरचना, जोखिम आंकलन और जोखिम प्रबंधन के ढाँचे, निर्देशों, नीतियों, और जोखिम निर्धारण एवं जोखिम प्रबंधन की प्रक्रिया की समीक्षा करना।
2. पहचाने गए प्रमुख जोखिमों को कम करने के लिए कंपनी की रणनीति के साथ ऐसे जोखिमों की निगरानी और कम करने की प्रक्रिया की समीक्षा करना।
3. साइबर सुरक्षा और इसके उपशमन से संबंधित जोखिम की समीक्षा करना;
4. समिति की गतिविधियों की जानकारी और प्रस्तावित परिवर्तनों की अनुशंसा के लिए अनुमोदन यदि कोई हो, के लिए निदेशक मंडल को रिपोर्ट करना।
5. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियम और अन्य सांविधिक नियमों के अंतर्गत निर्धारित समिति के संदर्भ से संबंधित किसी भी अन्य कार्य को करना।

ii. समिति की संरचना, अध्यक्ष और सदस्यों के नाम

समिति का अंतिम बार पुनर्गठन 29 मई, 2020 को किया गया। वर्ष के दौरान समिति की संरचना में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं।

निदेशक का नाम सुश्री / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें की सं.	बैठकों की सं. जिनमें उपस्थित हुए
शशांक प्रिय एएस एवं एफए , सदस्य कॉमर्स एवं इंडस्ट्री अंश कालिक सरकारी निदेशक	अध्यक्ष	3	3
देश दीपक गोयल, स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर, 2020 तक)	सदस्य	1	1
राज कमल बिंदल स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (29 मई, 2020 से)	3	3
निदेशक (वित्त)	सदस्य	3	3
निदेशक (आईएस एंड पी)	सदस्य	3	3
निदेशक (पॉवर)	सदस्य	3	3
अध्यक्ष, रिस्क मैनेजमेंट स्टीरिंग कमेटी	सदस्य	3	3
मुख्य जोखिम अधिकारी	सदस्य और संयोजक	3	3

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की तीन बैठकें दिनांक 12 जून, 2020, 08 अक्टूबर, 2020 तथा 13 जनवरी, 2021 को हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति ऊपर उल्लिखित तालिका में दी गई है।

2.10 मध्यस्थता एवं मुख्य कानूनी विवादों पर समिति

i. विचारार्थ विषय

26 मई, 2015 को हुई अपनी बैठक में निदेशक मंडल ने मध्यस्थता एवं मुख्य कानूनी विवादों पर समिति का गठन किया जो मध्यस्थता के मामलों के साथ–साथ प्रमुख कानूनी विवादों की विस्तृत समीक्षा करती है और उसके बाद तदनुसार निदेशक मंडल को अवगत कराती है।

ii. समिति की संरचना, अध्यक्ष और सदस्यों के नाम

निदेशक मंडल ने 6 फरवरी, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में ''वैकल्पिक विवाद समाधान पर निदेशक मंडल स्तर की समिति'' के ''मध्यस्थता एवं मुख्य कानूनी विवादों पर समिति" के साथ विलय को मंजूरी दे दी और ''मध्यस्थता एवं मुख्य कानूनी विवादों पर समिति" को पुनर्नमित कर "मध्यस्थता एवं प्रमुख कानूनी विवाद और वैकल्पिक विवाद समाधान समिति" कर दिया। इसके विलय से पूर्व मध्यस्थता एवं प्रमुख कानूनी विवादों पर समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे।

निदेशक का नाम सुश्री / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें की सं.	बैठकों की सं. जिनमें उपस्थित हुए
देश दीपक गोयल, स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर, 2020 तक)	अध्यक्ष	2	2
अमित वरदान, जेएस, डीएचआई, अंशकालिक सरकारी निदेशक (2 सितंबर, 2020 तक)	सदस्य	2	2
अमित मेहता, जेएस, डीएचआई, अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य (2 सितंबर, 2020 से)	2	0
राजेश शर्मा, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य	4	4
राज कमल बिंदल# स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (29 मई, 2020 से)	4	4
निदेशक (पॉवर)#	सदस्य	4	4*
निदेशक (मा.सं.)	सदस्य	4	4*

* दिनांक 1 फरवरी, 2021 से श्री अनिल कपूर, निदेशक (मानव संसाधन) के पास निदेशक (पॉवर) का अतिरिक्त प्रभार रहा हैं।

निदेशक (पॉवर) और श्री राज कमल बिंदल, स्वतंत्र निदेशक को क्रमशः 5 नवंबर, 2020 और 6 फरवरी, 2021 को हुई बैठकों के अध्यक्ष के रूप में चुना गया।

प्रमुख–विधि समिति के संयोजक हैं और समिति द्वारा समीक्षा के लिए आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करते हैं।

iii. बैठकें और उपस्थिति

इसके विलय तक, वर्ष के दौरान मध्यस्थता एवं प्रमुख कानूनी विवादों पर समिति की बैठकें 12 जून, 2020, 30 जुलाई, 2020, 5 नवंबर, 2020 और 6 फरवरी, 2021 को चार बार हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति ऊपर उल्लिखित तालिका में दी गई है।

2.11 वैकल्पिक विवाद समाधान पर निदेशक मंडल स्तरीय समिति

i. विचारार्थ विषय,

29 मई, 2018 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल ने बीएचईएल समाधान योजना, 2018 के अंतर्गत मसौदा निपटान समझौते को स्वीकार / अस्वीकार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान पर निदेशक मंडल स्तर समिति का गठन किया।

ii. समिति की संरचना, अध्यक्ष एवं सदस्यों के नाम

निदेशक मंडल ने 6 फरवरी, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में "वैकल्पिक विवाद समाधान पर निदेशक मंडल स्तर की समिति" के "मध्यस्थता एवं मुख्य कानूनी विवादों पर समिति" के साथ विलय को मंजूरी दे दी और "मध्यस्थता एवं मुख्य कानूनी विवादों पर समिति" को पुनर्नमित कर "मध्यस्थता एवं प्रमुख कानूनी विवाद और वैकल्पिक विवाद समाधान समिति" कर दिया। इसके विलय से पूर्व मध्यस्थता एवं प्रमुख कानूनी विवादों पर समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे।

निदेशक के नाम सुश्री/श्री सुश्री / सर्वश्री	पद
राजेश शर्मा, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष
मनीष कपूर स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (29 मई, 2020 से)
निदेशक(वित्त)	सदस्य
निदेशक (ई, आर एंड डी)	सदस्य
निदेशक (मा.सं.)	सदस्य

समिति जब भी आवश्यक हो, संबंधित कार्यकारी निदेशक को अतिरिक्त सदस्य के रूप में सह–योजित कर सकती है।

iii. बैठकें और उपस्थिति

इसके विलय तक, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वैकल्पिक विवाद समाधान पर निदेशक मंडल स्तर की समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

2.12 बाय बैक कमेटी

i. विचारार्थ विषय, समिति की संरचना, अध्यक्ष एवं सदस्यों के नाम

25 अक्टूबर, 2018 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल ने बायबैक समिति का गठन किया और समिति को शेयरों के बायबैक के संबंध में निदेशक मंडल की शक्तियों का प्रतिनिधित्व किया। समिति को ऐसे सभी कार्य, दस्तावेज़ों, मामलों और चीजों को करने के लिए अधिकृत किया गया था, जो कि अपने पूर्ण विवेक से आवश्यक, समीचीन, सामान्य या उचित रूप में हो, क्योंकि बायबैक समिति बायबैक का कार्यान्वयन शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में करती है। निदेशक मंडल ने 6 फरवरी, 2021 को हुई अपनी बैठक में बायबैक समिति के विघटन को मंजूरी दी। विघटन से पहले समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे।

निदेशक का नाम सुश्री/श्री	पद
निदेशक (मा.सं.)	अध्यक्ष
निदेशक (वित्त)	सदस्य
निदेशक (ई, आर एंड डी)	सदस्य

कंपनी सचिव / उप कंपनी सचिव, बायबैक समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

ii. बैठकें और उपस्थिति

वर्ष के दौरान समिति के विघटन तक बायबैक समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

2.13 निदेशक मंडल स्तरीय परियोजना समीक्षा समिति

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल ने दिनांक 9 अगस्त, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में, संदर्भ की निम्नलिखित पुनरीक्षित शर्तों के साथ निदेशक मंडल स्तर की परियोजना समीक्षा समिति के पुनः प्रवर्तन को मंजूरी दी।

I. समिति रु 500 करोड़ और उससे अधिक मूल्य वाली परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करेगी;

II. समिति देनदारों की आवधिक स्थिति की समीक्षा करेगी;

III. बैठकों के लिए कोरम तीन सदस्य होंगे;

IV. समिति वर्ष में कम से कम चार बार बैठकें करेगी।

V. समिति ऐसे कार्यपालकों को आमंत्रित कर सकती है, जिनका समिति की बैठकों में उपस्थित होना उचित समझा जाए।

ii. समिति की संरचना, अध्यक्ष एवं सदस्यों के नाम

समिति का अंतिम बार पुनर्गठन 06 फरवरी, 2021 को किया गया। वर्ष के दौरान समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल है–

निदेशक का नाम सुश्री / सर्वश्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें की सं.	बैठकों की सं. जिनमें उपस्थित हुए
रंजीत रे स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर, 2020 तक)	अध्यक्ष	2	2
अमित मेहता, जेएस, डीएचआई, अंश कालिक सरकारी निदेशक	अध्यक्ष (06 फरवरी, 2021 से)	0	0
	सदस्य (2 सितंबर, 2020 से 5 फरवरी, 2021 तक)	0	0
अमित वरदान, जेएस, डीएचआई, अंश कालिक सरकारी निदेशक (2 सितंबर, 2020 तक)	सदस्य	2	1
देश दीपक गोयल स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर, 2020 तक)	सदस्य	2	2
राज कमल बिंदल स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (29 मई, 2020 से)	2	2
निदेशक (वित्त)	सदस्य	2	2
निदेशक (आईएस एंड पी)	सदस्य	2	2
निदेशक (पॉवर)	सदस्य	2	2

प्रमुख (पीएस–पीएमजी) और महाप्रबंधक–प्राप्य प्रबंधन (Receivable Management) संबंधित एजेंडे के लिए समिति के संयोजक हैं और समिति द्वारा समीक्षा के लिए आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करते हैं। जब कभी आवश्यक हो, संबंधित व्यावसायिक क्षेत्रों के प्रमुखों को आमंत्रित किया जाएगा। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की दो बैठकें दिनांक 11 जून, 2020 तथा 30 जुलाई, 2020 को हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति ऊपर उल्लिखित तालिका में दी गई है।

2.14 मध्यस्थता एवं प्रमुख कानूनी विवाद और वैकल्पिक विवाद समाधान पर समिति

i. विचारार्थ विषय, समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

निदेशक मंडल ने 6 फरवरी, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में "वैकल्पिक विवाद समाधान पर निदेशक स्तर की समिति" के "मध्यस्थता एवं मुख्य कानूनी विवादों पर समिति" के साथ विलय को मंजूरी दे दी और "मध्यस्थता एवं मुख्य कानूनी विवादों पर समिति" का नाम "मध्यस्थता एवं मुख्य कानूनी विवाद तथा वैकल्पिक विवाद समाधान पर समिति" के रूप पुनर्नमित किया गया। समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल हैं।

निदेशक का नाम सुश्री / सर्वश्री	पद
राज कमल बिंदल स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष
अमित मेहता, जेएस, डीएचआई, अंश कालिक सरकारी निदेशक	सदस्य
राजेश शर्मा, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य
निदेशक (पॉवर)	सदस्य
निदेशक (ई, आर एंड डी)	सदस्य
निदेशक (मा.सं.)	सदस्य

विधि–प्रमुख समिति का संयोजक होता है तथा समिति की समीक्षा के लिए आवश्यक सूचनाएं प्रस्तुत करता है।

iii. बैठकें और उपस्थिति

वर्ष के दौरान मध्यस्थता एवं मुख्य कानूनी विवाद तथा वैकल्पिक विवाद समाधान संबंधी समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

2.15 सामान्य बैठकें

i. पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों का स्थान और समय

वर्ष	स्थान	दिनांक	समय
वित्त वर्ष 2017– 18 (54वीं वार्षिक आम बैठक)	मानेकशॉ सेंटर, परेड रोड, खैबर लाइन्स, दिल्ली कैंट, दिल्ली–110010	19 सितंबर, 2018	प्रातः 10.00
वित्त वर्ष 2018– 19 (55वीं वार्षिक आम बैठक)	मानेकशॉ सेंटर, परेड रोड, खैबर लाइन्स, दिल्ली कैंट, दिल्ली–110010	19 सितंबर, 2019	प्रातः 10.00
वित्त वर्ष 2019 – 20 (56वीं वार्षिक आम बैठक)	वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। नियत स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय था	28 सितंबर, 2020	प्रातः 10.00

ii. पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों में पारित विशेष प्रस्तावों का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के प्रावधानों के अनुसार, 19 सितंबर, 2018 को 54 वीं वार्षिक आम बैठक में एक विशेष प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें शेयरों के बाय–बैक संबंधी अनुच्छेद 5ए का सम्मिलन कर कंपनी के संगम अनुच्छेदों में संशोधन किया गया था। इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के प्रावधानों के अनुसार, 19 सितंबर, 2019 को आयोजित 55वीं वार्षिक आम बैठक में श्री आर. स्वामीनाथन की दूसरे कार्यकाल के लिए स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनः नियुक्ति के लिए एक विशेष प्रस्ताव पारित किया गया।

iii. पोस्टल बैलेट

पिछले वर्ष में पोस्टल बैलेट के माध्यम से कोई विशेष प्रस्ताव पारित नहीं किए गए। पोस्टल बैलेट द्वारा इस तरह का कोई प्रस्ताव परिचालन हेतु प्रस्तावित नहीं किया गया।

2.16 प्रकटीकरण

i. संबद्ध पक्ष के साथ वास्तविक रूप से महत्वपूर्ण लेन–देन का प्रकटीकरण जिसके कंपनी के हित के विरूद्ध होने की संभावना हो।

कंपनी ने भौतिक रूप से महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेन–देन (आरपीटी) के साथ व्यवहार नहीं किया है जिसका व्यापक रूप से कंपनी के हितों के साथ संभावित प्रतिकूलता हो सकती है। बहरहाल, वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय विवरण 2020–21 के नोट्स में संबंधित पक्षों के साथ लेन–देन का खुलासा किया गया है।

सामग्री सहायक कंपनियों का निर्धारण करने वाली कंपनी की नीति और संबंधित पार्टी लेनदेन से संबंधित नीति https://www.bhel.com/policy-regard-related-party-transactions-0 पर उपलब्ध है।

ii. पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित कंपनी पर लगाए गए गैर–अनुपालन / दंड एवं आलोचना

पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार के संबंध में कंपनी पर गैर–अनुपालन / दंड और आलोचना का कोई भी मामला नहीं है। स्टॉक एक्सचेंज / सेबी या किसी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी पर पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले पर कोई दंड / सख्ती लागू नहीं की गई थी। ।

तथापि, कंपनी ने एनएसई और साथ ही बीएसई को सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 17 (1) के प्रावधान का पालन न करने और निदेशक मंडल में 50: स्वतंत्र निदेशकों (कम से कम एक स्वतंत्र महिला निदेशक सहित) के न होने पर जुर्माने के लिए नोटिस प्राप्त किया। नोटिस के जवाब में, कंपनी ने एक्सचेंजों को स्पष्ट किया कि स्वतंत्र निदेशकों की कमी कंपनी की किसी भी लापरवाही / चूक के कारण नहीं थी, क्योंकि नियुक्ति उनके नियंत्रण में नहीं है। इसके मद्देनजर, कंपनी ने एक्सचेंजों से उनकी वाली नीतियों के अंतर्गत जुर्माना माफ करने का अनुरोध किया है। स्वतंत्र निदेशकों (कम से कम एक स्वतंत्र महिला निदेशक सहित) की नियुक्ति के मामले पर प्रशासनिक मंत्रालय के साथ प्रक्रिया चल रही है।

iii. व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी (मुखबिर नीति)

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपकर्मों के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर डीपीई दिशानिर्देशों और सूचीबद्ध कंपनियों एवं स्टॉक एक्सचेंजों और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के बीच लिस्टिंग समझौते के खंड 49 के अनुसरण में कंपनी और इसके द्वारा एक विस्तृत व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी

का मसौदा तैयार किया गया था। दिनांक 12 अगस्त 2014 को हुई 464वीं बैठक में निदेशक मंडल द्वारा इसको विधिवत स्वीकृति प्रदान की गई। नीति सूचीकरण विनियमों के अनुरूप है। इसके उत्तरवर्ती एक परिपत्र द्वारा व्हिसल ब्लोअर नीति को अधिसूचित किया और सभी कर्मचारियों के नोटिस के लिए सक्षम प्राधिकारी और अध्यक्ष, लेखा परीक्षा समिति के संपर्क विवरण को सूचित किया।

व्हिसल ब्लोअर नीति की एक प्रति व्यापक प्रचार के लिए कंपनी की वेबसाइट www.bhel.com पर उपलब्ध कराई गई है। पते में परिवर्तन, सक्षम प्राधिकारी और अध्यक्ष, लेखापरीक्षा समिति के संपर्क विवरणों में समय–समय पर संशोधन भी अधिसूचित किया जा रहा है।

इस नीति के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निवारण इस संबंध में दिये गए दिशा–निर्देशों के अंतर्गत किया जाता है और किसी भी कार्मिक को लेखा परीक्षा समिति के पास जाने से रोका नहीं जाता है।

iv. कॉर्पोरेट अधिशासन पर डीपीई दिशा–निर्देशों के अनुपालन की आवश्यकताओं, सूचीयन समझौतों /विनियमों के गैर अनिवार्य कॉर्पोरेट अभिशासन की आवश्यकताओं का अधिग्रहण एवं अनिवार्य आवश्यकताओं के अनुपालन का विवरण।

सीपीएसई और सेबी (सूचीबद्ध करने की बाध्यता और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों की सभी अनिवार्य आवश्यकताएं, 2015 के कंपनी द्वारा निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित को छोड़कर विधिवत अनुपालन किया गया है। लिस्टिंग विनियमों के लिए गैर अनिवार्य आवश्यकताओं के संबंध में बीएचईएल असंशोधित लेखा परीक्षा के साथ वित्तीय विवरण की व्यवस्था में पहले से ही है।

खाते से कोई भी ऐसा खर्च नहीं किया गया है जो व्यापार के उद्देश्य से नहीं है और खाते से ऐसा कुछ भी खर्च नहीं किया गया जो व्यक्तिगत हो तथा निदेशक मंडल के निदेशकों और शीर्ष प्रबंधन के लिए किया गया है। कुल खर्चों के प्रतिशत के रूप में अन्य खर्चों (प्रशासनिक और अन्य विविध खर्चों सहित) को वित्त वर्ष 2019–20 में 10.70% के मुकाबले वित्त वर्ष 2020–21 में घटाकर कुल खर्चों का 8.45% कर दिया गया है। इसे विभिन्न लागत में कमी के उपायों और कड़े बजटीय नियंत्रणों द्वारा संभव बनाया गया है।

v. राष्ट्रपति निदेश

पिछले तीन वर्षों यथा–2018–19, 2019–20 और 2020–21 के दौरान राष्ट्रपति महोदय से कोई निदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

vi. जोखिम प्रबंधन

सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई के दिशा–निर्देशों और सेबी (सूचीयन दायित्व प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में, बीएचईएल के पास निदेशक मंडल से स्वीकृत एक जोखिम प्रबंधन चार्टर एवं नीति है जिसमें निदेशक मंडल के सदस्यों को जोखिम आकलन और न्यूनीकरण के बारे में सूचित करने की प्रक्रिया दी गई है। इस नीति में कंपनी की जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया के लिए संरचनागत एवं संपूर्ण ढांचा है जो जोखिमों के उचित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करता है। जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया में जोखिम की पहचान, जोखिम मूल्यांकन, जोखिम समीक्षा, जोखिमों के न्यूनीकरण, जोखिमों की समीक्षा एवं मॉनिटरिंग शामिल है। बीएचईएल में निदेशक मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति (बीएलआरएमसी) है जिसे कंपनी के जोखिम शासन संरचना, जोखिम मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन ढांचे, दिशानिर्देशों और निदेशक मंडल स्तर पर नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जोखिम प्रबंधन स्थायी समिति (आरएमएससी) कंपनी में जोखिम प्रबंधन पहल का नेतृत्व करती है। जोखिम प्रबंधन स्थायी समिति में कॉर्पोरेट कार्य और व्यवसाय क्षेत्र के प्रमुख शामिल हैं, जो जोखिम प्रबंधन प्रणाली को अपनाने और लागू करने के लिए उत्तरदायी हैं। जोखिम प्रबंधन समितियां (आरएचसी) व्यावसायिक क्षेत्रों / क्षेत्रों / इकाई स्तर पर जोखिम प्रोफाइल और जोखिम शमन योजनाओं की समीक्षा और संबंधित इकाइयों / क्षेत्रों के लिए उनके कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी हैं।

vii. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण के बारे में जानकारी निदेशक मंडल की रिपोर्ट का हिस्सा है और अनुलग्नक 'ग' के पैरा 1.9.5.2 "कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा" के रूप में उपलब्ध है।

viii. नियमन 32 (7ए) के अंतर्गत निर्दिष्ट अधिमान्य आबंटन या योग्य संस्थानों के प्लेसमेंट के माध्यम से उठाए गए फंड के उपयोग का विवरण

शून्य

ix. सूचीबद्ध संस्था और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा सांविधिक आधार पर सांविधिक लेखा परीक्षक और नेटवर्क फर्म / नेटवर्क इकाई में सभी संस्थाओं के लिए भुगतान की जाने वाली सभी सेवाओं के लिए कुल शुल्क, जिसका वैधानिक लेखा परीक्षक एक हिस्सा है ।

वैधानिक लेखा परीक्षकों और शाखा लेखा परीक्षकों को भुगतान की गई सभी सेवाओं के लिए कुल शुल्क का खुलासा वित्तीय विवरण 2020–21 के नोट्स में किया गया है। सहायक कंपनी और संयुक्त उद्यम कंपनियों के लेखा परीक्षकों को उनके द्वारा अलग–अलग नियुक्त किया गया था और वे वही लेखा परीक्षक नहीं थे जिन्होंने बीएचईएल के वित्तीय विवरणों का लेखा–जोखा किया था।

x. कॉर्पोरेट अभिशासन पर अनुपालन प्रमाण पत्र

कॉर्पोरेट अभिशासन पर अनुपालन प्रमाण पत्र संलग्न है।

2.17 संचार माध्यम

सूचीकरण नियमों के अंतर्गत आवश्यक है कि कंपनी निदेशक मंडल बैठकों के स्टॉक एक्सचेंजों को अग्रिम रूप से एक नोटिस जारी करती है, जिसमें बिना लेखा परीक्षा के / लेखा परीक्षा किए गए वित्तीय परिणाम होते हैं। इसके अलावा, उक्त परिणाम रिकॉर्ड / अनुमोदित किए जाने के तुरंत बाद स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित कर दिए जाते हैं । ये अनुमोदित वित्तीय परिणाम निदेशक मंडल या समिति की बैठक के समापन के 48 घंटों के भीतर एक अंग्रेजी के दैनिक समाचार पत्र में जो पूरे भारत में प्रकाशित होता हो और एक क्षेत्रीय भाषा में प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित होते हैं जहां कंपनी का पंजीकृत कार्यालय स्थित हो एवं कंपनी के वेबसाइट (www.bhel.com) में प्रकाशित होता है। शेयरधारकों से संबंधित अन्य सूचना जैसे कि निर्देशन में परिवर्तन, अप्रदत्त लाभांश का विवरण, वार्षिक रिपोर्ट आदि, कंपनी की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किए जाते हैं। प्रमुख आदेशों का मिलना, प्रमुख परियोजनाओं का कमीशन किया जाना, महत्वपूर्ण कोलाबोरेशन्स, अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं को कंपनी की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाता है और साथ ही स्टॉक एक्सचेंजों को भी भेजा जाता है। 2019–20 के दौरान, बीएचईएल ने विश्लेषकों या निवेशकों को वित्तीय परिणामों पर कोई प्रस्तुति नहीं दी है, वित्तीय परिणाम की घोषणा के बाद स्टॉक एक्सचेंजों को पूर्व सूचना देने और अपनी वेबसाइटों पर इसे पोस्ट करने के बाद त्रैमासिक सम्मेलन का आयोजन। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी एवं तीसरी तिमाही के लिए, जिसमें कॉन्फ्रेंस कॉल आयोजित नहीं की जा सकीं, विस्तृत परिणाम दस्तावेज़ स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों के साथ–साथ कंपनी की वेबसाइटों पर भी अपलोड किए गए थे। बीएचईएल ने नियमित आमने–सामने की चर्चा के अलावा विभिन्न निवेशक सम्मेलनों/बैठकों में भी भाग लिया है।

सूचीकरण विनियमों के विनियमन 46 के अनुपालन में, कंपनी अपनी वेबसाइट की सूचनाओं का प्रसार करती है जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ निदेशक मंडल की विभिन्न समितियों की संरचना, आचार संहिता, आरपीटी

से निपटने की नीति, नामित अधिकारियों के संपर्क की जानकारी निवेशकों की शिकायतों आदि को संभालने एवं सहायता करने हेतु उत्तरदायी कंपनी के पदनामित अधिकारियों की सूचना कंपनी अपनी वेबसाइट में प्रसारित करती है ।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के "ग्रीन इनिसिएटिव" के अनुसरण में कंपनी उन शेयरधारकों को ईमेल के माध्यम से वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक आम बैठक बुलाने की सूचना भेजती है, जिन्होंने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स / आरटीए के साथ अपना ईमेल आईडी पंजीकृत किया है और जिन्होंने वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड प्रति के विकल्प को नहीं चुना है। इस पहल की निरंतर सफलता के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल आईडी को अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/आरटीए के साथ पंजीकृत करें।

2.18 सामान्य शेयरधारकः सूचना

	वार्षिक आम सभा दिनांक	समय	स्थल
i	सितंबर 23, 2021	10:00 प्रातः	कंपनी, दिनांक 5 मई, 2020 के एमसीए परिपत्र के साथ पठित 13 जनवरी, 2021 के एमसीए परिपत्र के अनुसार बैठक वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से आयोजित कर रही है और तदनुसार, एजीएम का स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय ही समझा जाएगा। विवरण के लिए कृपया इस एजीएम के नोटिस का संदर्भ ग्रहण करें
ii	वित्तीय वर्ष	01 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021	

वार्षिक रिटर्न– https://www.bhel.com/agm-related पर उपलब्ध है

iii. लाभांश का इतिहासः

बीएचईएल द्वारा भुगतान किए गए लाभांश (और निवेशक शिक्षा सुरक्षा निधि में अतरण हेतू देय नहीं) का विवरण निम्नानुसार है।

वर्ष	लाभांश दर	भुगतान की गई कुल लाभांश राशि (रु. करोड़ में)	लाभांश घोषित करने की तिथि
2013–2014 (अंतिम)	76%	372.04	19.09.2014
2014–2015 (अंतरिम)	27%	132.17	12.02.2015*
2014–2015 (अंतिम)	31%	151.75	22.09.2015
2015–2016 (अंतिम)	20%	97.90	22.09.2016
2016–2017 (अंतरिम)	40%	195.81	07.02.2017*
2016–2017 (अंतिम)	39%	190.92	22.09.2017
2017–2018 (अंतरिम)	40%	293.72	08.02.2018*
2017–2018 (अंतिम)	51%	374.48	19.09.2018
2018–2019 (अंतरिम)	40%	278.57	05.02.2019*
2018–2019 (अंतिम)	60%	417.85	19.09.2019

* निदेशक मंडल की बैठक की तिथि जिसमें अंतरिम लाभांश घोषित किया गया था।

नोटः

(1) 2017–18 के दौरान, कंपनी ने 03.10.2017 को 1: 2 के अनुपात में अपने शेयरधारकों को बोनस इक्विटी शेयर आबंटित किए हैं, यानी प्रत्येक दो पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों के लिए रु. 2 का पूर्ण प्रदत्त नया बोनस इक्विटी शेयर। परिणामस्वरूप,शेयरों की कुल संख्या 244.76 करोड़ से बढ़कर 367.14 करोड़ हो गई है।

(2) कंपनी ने वर्ष 2018–19 के दौरान 1628.30 करोड रू के कुल कंसिडरेशन हेतु 86 रु (छियासी रू) प्रति इक्विटी शेयर के मूल्य पर "निविदा प्रस्ताव" के माध्यम से आनुपातिक आधार पर रिकॉर्ड तिथि पर इसके शेयर होल्डर्स से कंपनी के कुल जारी एवं प्रदत्त इक्विटी शेयर 18,93,36,645 का पुनः क्रय किया जो पूंजी का 5.16% है एवं परिणामस्वरूप, शेयरों की कुल संख्या 367.14 करोड़ रू से घटकर 348.21 करोड़ हो गई है।

(3) यदि किसी अंशधारक ने पिछले सात वर्षों से किसी भी व्यक्ति के लिए लाभांश दावा / प्राप्त नहीं किया है और उसे अभी तक निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (IEPF) में अंतरित नहीं किया गया है तो कंपनी की वेबसाइट (www.bhel.com) पर अपलोड की गई प्रक्रिया का पालन करके वह इस अप्रदत्त लाभांश का दावा कर सकता है। वर्ष 2012–13 (अंतिम) और 2013–14 (अंतरिम) के लिए अप्रदत्त लाभांश पहले ही वर्ष 2020–21 के दौरान निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (IEPF) में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा, वर्ष 2013–14 (अंतिम) और 2014–15 (अंतरिम) के लिए अप्रदत्त लाभांश क्रमशः 19/10/2021 और 15/03/2022 पर आईईपीएफ को हस्तांतरित करना बाकी है।

(4) आईईपीएफ को स्थानांतरित किए गए लाभांश/ शेयरों के संबंध में, शेयरधारकों आईईपीएफ प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, स्थानांतरण और वापसी) नियम, 2016 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके आईईपीएफ प्राधिकरण से उपरोक्त का दावा कर सकते हैं। ये नियम आईपीएफ वेबसाइट (www.iepf.gov.in) और कंपनी की वेबसाइट (www.bhel.com) पर उपलब्ध हैं।

iv क) स्टॉक एक्सचेंज और स्टॉक कोड पर लिस्टिंग

बीएचईएल के शेयरों को निम्नलिखित स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध किया गया है, जिसके लिए 2020–21 की सूची शुल्क का भुगतान किया गया है।

स्टॉक एक्सचेंज का नाम	स्टॉक कोड
1. बीएसई लिमिटेड फीरोज जीजीभोय टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई – 400 001	500103
2. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, प्लॉट नं. सी / 1, ब्लॉक – जी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051	बीएचईएल

इसके अतिरिक्त, कम्पनी द्वारा जारी वाणिज्यिक कागजात भी बीएसई एवं एनएसई पर सूचीबद्ध किए गए हैं।

ख) डिपॉजिटरीज को वार्षिक कस्टोडियन शुल्क का भुगतान

एनएसडीएल और सीडीएसएल को वित्तीय वर्ष 20020–21 के लिए वार्षिक कस्टोडियन शुल्क का भुगतान किया गया।

v. वित्तीय वर्ष 2020–21 में बीएसई और एनएसई में प्रत्येक माह के दौरान बीएचईएल के शेयरों और बाजार सूचकांक के उच्च, निम्न, क्लोज और वॉल्यूम नीचे दिए गए हैं:

बाजार मूल्य डेटा: वित्तीय वर्ष 2020–21 में प्रत्येक माह के दौरान उच्च, निम्न, क्लोज										
माह	बीएसई				एनएसई				बाजार सूचकांक (क्लोज)	
	उच्च	निम्न	क्लोज	वॉल्यूम	उच्च	निम्न	क्लोज	वॉल्यूम	एस एवं पी बीएसई सूचकांक	एनएसई निफ्टी
	(रु में)			(करोड में शेयरों की सं)	(रु में)			(करोड में शेयरों की सं)		
अप्रैल–20	23.50	20.40	22.40	2.99	23.35	20.40	22.45	48.85	33717.62	9859.90
मई–20	29.30	20.90	27.95	10.76	29.25	20.90	28.00	167.02	32424.10	9580.30
जून–20	39.80	26.40	35.70	15.04	39.80	26.40	35.70	209.04	34915.80	10302.10
जुलाई–20	44.35	35.40	35.95	9.97	44.40	35.40	35.95	151.35	37606.89	11073.45
अगस्त–20	42.35	34.90	38.55	7.67	42.45	34.75	38.55	120.73	38628.29	11387.50
सितम्बर–20	40.35	28.90	29.30	5.04	40.40	28.85	29.25	81.80	38067.93	11247.55
अक्तूबर–20	30.40	26.75	28.00	3.35	30.40	26.75	28.00	41.14	39614.07	11642.40
नवम्बर–20	33.45	26.95	32.85	7.34	33.45	26.95	32.85	84.81	44149.72	12968.95
दिसम्बर–20	37.60	30.60	35.90	9.89	37.60	30.60	35.90	106.28	47751.33	13981.75
जनवरी–21	42.25	35.15	36.05	13.81	42.30	35.10	36.05	124.54	46285.77	13634.60
फरवरी–21	48.80	35.45	47.65	16.89	48.80	35.40	47.60	183.14	49099.99	14529.15
मार्च–21	56.50	46.90	48.75	16.83	56.50	46.90	48.75	188.07	49509.15	14690.70

स्रोत: www.bseindia.com / www.nseindia.com

vi. इनसाइडर ट्रेडिंग नीति

बीएचईएल अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी की गोपनीयता को बनाए रखने और ऐसी जानकारी के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रयासरत है। इस प्रयोजन के लिए और सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियमन, 1992 के अनुसार, कंपनी ने 26 अगस्त, 2002 को "इनसाइडर ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए आचार संहिता" को अपनाया था, जिसे बाद में 29 जनवरी, 2009 को संशोधित किया गया था।

सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियमन, 2015 के अनुरूप निदेशक मंडल ने 6 अप्रैल, 2015 को आयोजित अपनी 469 वीं बैठक में, इनसाइडर द्वारा विनियमन और रिपोर्टिंग ट्रेडिंग तथा निष्पक्ष प्रकटीकरण, 2015 के लिए आचार संहिता को मंजूरी दे दी। 01.04.2019 से प्रभावी निष्पक्ष प्रकटीकरण के लिए सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) (संशोधन) विनियमन, 2018 के अनुपालन में, निदेशक मंडल ने संशोधित व्यक्तियों और उनके तत्काल संबंधियों द्वारा विनियमन और रिपोर्टिंग व्यापार के लिए संशोधित बीएचईएल आचार संहिता को भी मंजूरी दे दी। संहिता का उद्देश्य सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियमन, 2015 के अनुपालन करने के लिए नामित व्यक्तियों और नामित व्यक्तियों के नजदीकी संबंधी के व्यापार को विनियमित, निगरानी और रिपोर्ट करना है। कोड में, अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटीकरण के लिए प्रक्रियाओं और पद्धतियों का भी उल्लेख है। इस कोड के अंतर्गत कंपनी का कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट डिपार्टमेंट का प्रमुख मुख्य निवेशक संपर्क अधिकारी है।

vii. (क) इक्विटी शेयर के लिए रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)

कंपनी ने बीएचईएल इक्विटी शेयरों (भौतिक और डीमैट मोड दोनों) से संबंधित सभी मामलों को देखने के लिए दिनांक 01.01.2021 से मेसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के स्थान पर मेसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को अपना रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के रूप में से नियुक्त किया है। कंपनी के इक्विटी शेयरों से संबंधित सभी मामले जैसे ट्रांसफर, ट्रांसमिशन, डीमैटेरियलाइजेशन, रीमैटेरियलाइजेशन, डिविडेंड, एड्रेस में बदलाव आदि और संबंधित पत्राचार और प्रश्न आदि निम्न पते पर प्रेषित किए जाएं।

मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
यूनिट: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
4ई/2, अलंकित हाउस, झण्डेवालान एक्सटेंसन
नई दिल्ली–110055
टेलिफोन: 011–42541234
फैक्स नंबर: 011–23552001
ईमेल: rta@alankit.com
वेबसाइट: www.alankit.com

ख) वाणिज्यिक कागजातों (कमर्शियल पेपर्स) के लिए रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)

मेसर्स केफीन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31–32
गचीबोवली फाइनेंसियल डिस्ट्रिक्ट, नानकराम्गुडा
हैदराबाद – 500 032
टेलिफोन नंबर: 040– 67162222
फैक्स नंबर: 040– 23001153
ई–मेल: einward.ris@kfintech.com
वेबसाइट: www.kfintech.com

शेयरधारकों की सेवा में आरटीए का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है। सभी निवेशकों की शिकायतों पर त्वरित ध्यान दिया जाता है।

viii. शेयर स्थानांतरण पद्धति

दस्तावेजों की रसीद / प्रेषण जैसे फिजिकल सेगमेंट के अंतर्गत सभी शेयर हस्तांतरण गतिविधियां और उनका सत्यापन मेसर्स मेसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। 01.04.2019 से प्रभावी सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2018 के अनुसार (चौथा संशोधन), जब तक प्रतिभूति विमुद्रीकृत फॉर्म में नहीं रहता तब तक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण (प्रतिभूतियों के संचरण या हस्तांतरण के मामले को छोड़कर) को प्रभावित करने के अनुरोधों को संसाधित नहीं किया जाएगा।

लिस्टिंग विनियमों के अनुरूप, ट्रांसमिशन, ट्रांसपोजिशन, सब–डिवीजन और समेकन के लिए निर्धारित समय–सीमा के भीतर शेयर प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं।

ix. शेयरहोल्डिंग का वितरण

i. 31 मार्च, 2021 तक होल्डिंग के आकार के अनुसार शेयरों का वितरण

इक्विटी शेयर की संख्या	शेयरहोल्डर्स की सं	शेयरहोल्डर्स का प्रतिशत	शेयर्स की सं	शेयरहोल्डिंग का प्रतिशत
1 - 500	826102	81.49	110071938	3.16
501 - 1000	93020	9.18	75649152	2.17
1001 - 2000	48879	4.82	74637450	2.14
2001 - 3000	16454	1.62	42699961	1.23
3001 - 4000	7125	0.70	25821702	0.74
4001 - 5000	6681	0.66	31879251	0.92
5001 - 10000	9088	0.90	68369712	1.96
10001 से अधिक	6410	0.63	3052934189	87.68
Total	**1013759**	**100**	**3482063355**	**100**

ii. 31 मार्च, 2021 तक शेयरहोल्डिंग पैटर्न

कैटेगरी	2021		2020	
	वोटिंग स्ट्रेन्थ (%)	शेयरों की संख्या	वोटिंग स्ट्रेन्थ (%)	शेयरों की संख्या
प्रमोटर होल्डिंग				
भारतीय प्रमोटर्स				
प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया	63.17	2199650402	63.17	2199650402
कुल प्रमोटर होल्डिंग	**63.17**	**2199650402**	**63.17**	**2199650402**
नॉन प्रमोटर्स होल्डिंग				
बैंक, वित्तीय संस्थान, बीमा कंपनियाँ, योग्य संस्थागत खरीददार, वैकल्पिक निवेश फंड	12.31	428740274	12.28	427674203
विदेशी संस्थागत निवेशक (योग्य विदेशी निवेशक सहित)	4.47	155519893	9.36	325989415
म्यूचुअल फंड और यूटीआई	1.33	46172073	5.62	195826511
अन्य				
प्रति व्यक्ति	16.65	579818714	8.00	278542017
कारपोरेट निकाय	0.69	23948963	0.80	27825151
एन आर आई–विदेशी राष्ट्रीय / संस्थान	0.72	24980324	0.41	14205495
ट्रस्ट	0.01	462075	0.11	3680869
क्लियरिंग मेंबर्स	0.64	22402985	0.24	8337813
आई ई पी एफ	0.01	366052	0.01	331267
निदेशक एवं रिश्तेदार	0	100	0	212
राज्य सरकार	0	1500	0	0
कुल नॉन प्रमोटर होल्डिंग	**36.83**	**1282412953**	**36.83**	**1282412953**
कुल योग	**100.00**	**3482063355**	**100.00**	**3482063355**

31 मार्च, 2021 को शेयरहोल्डिंग पैटर्न



iii. उन शेयरधारकों की सूची जो 31 मार्च, 2021 तक कंपनी के 1% से अधिक शेयर अपने पास रखे हुए हैं

शेयरहोल्डर्स की कैटेगरी एवं का नाम	31 मार्च, 2021	
	वोटिंग स्ट्रेंथ	शेयरों की सं
प्रमोटर्स		
भारत के राष्ट्रपति	63.17	2199650402
नॉन प्रमोटर्स		
1. भारतीय जीवन बीमा निगम	10.07	350647914

x. शेयर्स और लिक्विडिटी का डिमेटेरियलाइजेशन

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय निदेशक मंडल (सेबी) के निर्देशों के अनुसार, 5 अप्रैल 1999 से, सभी श्रेणी के निवेशकों द्वारा बीएचईएल के शेयरों में ट्रेडिंग डीमैट रूप में अनिवार्य कर दी गई है।

बीएचईएल ने देश के दोनों डिपॉजिटरी यानी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ डीमैट मोड के अंतर्गत अपनी सिक्योरिटीज के प्रवेश के लिए करार किया है। 31मार्च, 2021 तक, शेयरधारकों द्वारा बीएचईएल की कुल इक्विटी शेयर पूंजी का 99.97% (एनएसडीएल: 91%, सीडीएसएल: 8.97%) डीमैट मोड में की जा रही है।

शेयरधारकों द्वारा भौतिक मोड में रखे गए शेयर 0.03% हैं। भारत के माननीय राष्ट्रपति की शेयरहोल्डिंग (कंपनी का प्रमोटर होने के कारण कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी का 63.17% हिस्सा है) भी डीमैटरियलाइज्ड रूप में है। कंपनी को आबंटित अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभूति पहचान संख्या (आईएसआईएन) INE257A01026 है।

xi. बकाया जीडीआर / एडीआर / वारंट या कोई परिवर्तनीय उपकरण, रूपांतरण की तिथि और इक्विटी पर संभावित प्रभाव

शून्य

xii. वर्ष के दौरान प्राप्त क्रेडिट रेटिंग की सूची का खुलासा निदेशक मंडल की मुख्य रिपोर्ट में किया गया है

xiii. विदेशी मुद्रा जोखिम या कमोडिटी मूल्य जोखिम और प्रतिरक्षा गतिविधियां

निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबंधन नीति के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान कंपनी द्वारा प्रतिरक्षा से संबद्ध गतिविधियां/लेनदेन किए गए है।

वर्ष भर में वस्तुओं द्वारा सामना की जाने वाली कमोडिटी और कमोडिटी जोखिम के लिए सूचीबद्ध वस्तुओं का एक्सपोजर:

क) कमोडिटी के लिए सूचीबद्ध वस्तुओं का कुल जोखिम 1438 करोड़ रु (लगभग)

ख) विभिन्न कमोडिटीज के लिए सूचीबद्ध सामग्री का एक्सपोजर

कमोडिटी का नाम	विशेष कमोडिटी की ओर भारतीय रुपए में एक्सपोजर (रु. करोड़ में) लगभग	विशेष कमोडिटी की मात्रा के संदर्भ में एक्सपोजर (मी.टन में) (लगभग)	कमोडिटी डेरिवेटिव्स के माध्यम से इस तरह के एक्सपोजर का %				
			घरेलू बाजार		अंतर्राष्ट्रीय बाजार		कुल
			ओटीसी	विनिमय	ओटीसी	विनिमय	
स्टील	1040	195723	-				
कॉपर	350	5095	-				
एल्यूमिनियम	30	1400	-				
निकल	15	120	-				
टिन	3	22	-				

ग) विभिन्न बीएचईएल इकाइयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, प्रमुख औद्योगिक वस्तुओं जैसे स्टील, कॉपर, एल्यूमीनियम आदि को मूल्य लाभ प्राप्त करने के लिए पहचान की गई इकाइयों में से किसी एक इकाई द्वारा केंद्रीकृत रूप से खरीदा जा रहा है। मूल्य में उतार–चढ़ाव से कंपनी को बचाने के लिए, फ्रेमवर्क समझौतों को समय–समय पर अंतिम रूप दिया जाता है।

xiv. संयंत्र स्थल

बीएचईएल विनिर्माण इकाइयां	
बेंगलुरू	1. इलेक्ट्रोनिक्स डिविजन(ईडीएन)
	2. इलेक्ट्रोनिक्स सिस्टम्स डिविजन (ईएसडी)
	3. सौर व्यापार प्रभाग
भोपाल	4. हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट (एचईपी)
गोइंदवाल	5. इंडसिट्रयल वॉल्वस प्लांट (आईवीपी)
हरिद्वार	6. हेवी इलेक्ट्रिकल इक्वीपमेंट प्लांट (एचईईपी)
	7. सेंट्रल फाउंड्री फोर्ज प्लांट (सीएफएफपी)
हैदराबाद	8. हेवी पावर इक्वीपमेंट प्लांट (एचपीईपी)
जगदीशपुर	9. फेब्रिकेशन,स्टांपिंग एवं इंसुलेटर प्लांट (एफएसआईपी)
झांसी	10. ट्रांसफार्मर प्लांट (टीपी)
रूद्रपुर	11. कंपोनेंट फेब्रिकेशन प्लांट(सीएफपी)
रानीपेट	12. बॉयलर ऑक्जीलरीज प्लांट (बीएपी)
तिरूचिरापल्ली	13. हाई प्रेसर बॉयलर प्लांट (एचपीबीपी)
	14. सीमलेस स्टील ट्यूब प्लांट (SSTP)
तिरूमयम	15. पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट (पीपीपीयू)
विशाखापटनम	16. हेवी प्लेट्स एवं वेसल्स प्लांट (एचपीवीपी)
बीएचईएल रिपेयर यूनिट	
मुंबई	1. इलेक्ट्रिकल मशीन रिपेयर प्लांट (ईएमआरपी)
वाराणसी	2. हेवी इक्वीपमेंट रिपेयर प्लांट (एचईआरपी)
बीएचईएल सबसिडियरी	
कसरगोड	1. बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड (बीएचईएल–ईएमएल)

xv. पत्राचार का पता

शेयरधारक, शेयरों के हस्तांतरण, लाभांश की अप्राप्ती, लाभांश वारंटों के पुनर्वैधीकरण और कंपनी के शेयरों से संबंधित किसी भी अन्य पत्राचार के बारे में अपने प्रश्न निम्न को भेज सकते हैं।

मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
यूनिटः बीएचईएल

दिल्लीः

4ई / 2, अलंकित हाउस	टेलिफोनः 011–42541234
झण्डेवालान एक्सटेंसन	फैक्स नंबरः 011–23552001
नई दिल्ली–110055	ईमेलः rta@alankit.com

अथवा

श्री राजीवकालड़ा	दूरभाषः 011–26001046
कंपनी सचिव	फैक्सः 011–66337533
	ईमेलः shareholderquery@bhel.in

बीएचईएल
पंजीकृत कार्यालयः बीएचईएल हाउस
सिरी फोर्ट, नई दिल्ली–110 049

नोटः इलेक्ट्रॉनिक मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को अपना सभी पत्राचार अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों को संबोधित करना चाहिए

घोषणाः लिस्टिंग विनियमन के अनुसार, यह घोषित किया जाता है कि निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए बीएचईएल के "व्यापार आचरण और आचार संहिता" के अनुपालन की पुष्टि की है।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
निदेशक मंडल की ओर से एवं उनके लिए

डॉ नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 27.08.2021

निदेशकों के नॉन – डिसक्वालीफिकेशन का प्रमाणपत्र

(सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियन, 2015 के विनियम 34 (3) और अनुसूची V पैरा C खंड (10) (i) के अनुसार)

सेवा में,
सदस्यगण
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
बीएचईएल हाउस, सिरी फोर्ट
नई दिल्ली – 110049

भारतीय प्रतिभूति (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 की अनुसूची V पैरा–सी उप खंड 10 (i) के साथ पठित विनिमय 34 (3) के अनुसार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (इसके बाद इसे यहां कंपनी के नाम से संदर्भित किया जाएगा) जिनका CIN: L74899DL1964GOI004281 है और पंजीकृत कार्यालय बीएचईएल हाउस, सिरी फोर्ट नई दिल्ली है, द्वारा इस प्रमाणपत्र को जारी करने के उद्देश्य से हमारे समक्ष प्रस्तुत निदेशकों से प्राप्त प्रासंगिक सूचनाओं, रजिस्टर, रिकॉर्ड, फॉर्म्स, रिटर्न्स की हमने जांच की है।

हमारी राय एवं सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा यथा आवश्यक कंपनी के निदेशक/ अधिकारी द्वारा हमें प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरण / अभ्यावेदन एवं www.mca.gov.in पोर्टल पर उसके सत्यापन (निदेशकों की पहचान सं (डीआईएन) सहित) के अनुसार हम एतद द्वारा यह प्रमाणित करते हैं कि 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में कंपनी के निम्नलिखित निदेशक मंडल में कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल या किसी अन्य वैधानिक प्राधिकरण द्वारा नियुक्त या कार्यरत कोई भी निदेशक कंपनियों के निदेशक के रूप में प्रतिबंधित एवं डिसक्वालिफायड नहीं है:

क्रसं	निदेशक का नाम (डीआईएन के अनुसार)	डीआईएन	कंपनी में नियुक्ति की तिथि
1	नलिन सिंघल	01176857	08.07.2019
2	शशांक प्रिय	08538400	04.10.2019
3	अमित मेहता	08859397	02.09.2020
4	राजेश शर्मा	01586332	20.02.2019
5	राज कमल बिंदल	07423392	31.01.2020
6	मनीष कपूर	02405818	31.01.2020
7	सुबोध गुप्ता	08113460	18.04.2018
8	कमलेश दास	08376769	01.03.2019
9	अनिल कपूर	08587329	15.10.2019
10	रेणुका गेरा	08970501	01.12.2020

निदेशक मंडल में प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति / निरंतरता की पात्रता सुनिश्चित करना कंपनी प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारा उत्तरदायित्व है कि हम अपने सत्यापन के आधार पर इन पर राय व्यक्त करें। यह प्रमाण पत्र न तो कंपनी के भविष्य की व्यवहार्यता और न ही दक्षता या प्रभावशीलता के लिए आश्वासन है, जिससे प्रबंधन ने कंपनी के कार्यों का परिचालन किया है।

एसपीएनजी एंड एसोसिएट्स
व्यवसायी कंपनी सचिव

एफआरएनः P2021DE086300
सीएस पी एन गुप्ता
सीपी क्रः 6778
एफ़सीएस क्रः 4430
यूडीआईएनः F004430C000317699

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 15 मई, 2021

कॉर्पोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन पर प्रमाण पत्र

सदस्यगण,

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

1. हमने 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (CIN: L74899DL1964GOI004281) द्वारा कॉर्पोरेट अभिशासन की अनुपालन शर्तों की जांच की है, जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 तथा लोक उद्यम विभाग (डीपीई), भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन पर दिशानिर्देश में निर्धारित किया गया है।
2. कॉर्पोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। कॉर्पोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हमारी जांच कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं और कार्यान्वयन तक सीमित थी। यह कंपनी के वित्तीय विवरण की न तो लेखापरीक्षा है ओर न ही विचारों की अभिव्यक्ति है।
3. हमारे विचार और जानकारी तथा हमें दिए गए आश्वासन एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने कॉर्पोरेट अभिशासन की सभी लागू शर्तों का अनुपालन किया है जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन 2015 में तथा डीपीई द्वारा जारी सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन पर दिशानिर्देश, सेबी (LoDR) विनियमन, 2015 के विनियमन 17 (1) और डीपीई दिशानिर्देशों के नियम 3.1.4 को छोड़कर, निर्धारित किया गया है, क्योंकि कंपनी के निदेशक मंडल में कम से कम एक स्वतंत्र महिला निदेशक और अपेक्षित स्वतंत्र निदेशकों की संख्या नहीं थी।
4. कंपनी ने स्पष्ट किया है कि बीएचईएल, एक सरकारी कंपनी है, इसलिए स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। कंपनी अपने निदेशक मंडल में कम से कम एक स्वतंत्र महिला निदेशक सहित आवश्यक संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ निरंतर पत्र व्यवहार में है।
5. इसके अलावा, इस तरह का अनुपालन न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के लिए है और न ही दक्षता या प्रभावशीलता का आश्वासन है जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का परिचालन किया है।
6. हमने प्रमाण पत्र जारी करने के उद्देश्य से कोविड–19 के कारण कंपनी द्वारा दी गई सुविधा के अनुसार ऑन लाइन सत्यापन और अभिलेखों की जांच की है।



(पीएसआर मूर्ति)
व्यवसायी कंपनी सचिव
यूडीआईएनः A005880C000395874

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 31 मई 2021

फॉर्म नंबर एमआर–3
सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट
31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) एवं कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और मानदेय) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसार,

सेवा में,

सदस्यगण,

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

हमने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड L74899DL1964GOI004281 (इसके बाद यहाँ इसे "कंपनी" के रूप में संदर्भित किया गया है) द्वारा उत्तम कॉर्पोरेट उद्यम का पालन तथा प्रयोज्य सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन का सचिवीय लेखा परीक्षा किया है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस तरीके से की गई थी कि हमें कॉर्पोरेट आचार / सांविधिक अनुपालन के मूल्यांकन हेतु और उस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए उचित आधार दिया।

सचिवीय लेखा परीक्षा के दौरान कंपनी, कंपनी के अधिकारी, एजेंट्स तथा प्राधिकृत प्रतिनिधि, द्वारा अनुरक्षित कंपनी के बही, कागजातों, कार्यवृत्त की पुस्तकों, प्रपत्रों और भरे गए रिटर्न और कंपनी द्वारा रखे गए अन्य अभिलेखों के सत्यापन के आधार पर हम एतद्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में, कंपनी ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष को कवर करने वाली ऑडिट अवधि के दौरान, यहां सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी कि कंपनी के पास उचित निदेशक मंडल प्रक्रियाएं और अनुपालन–तंत्र हैं।

निम्न प्रावधानों के अनुसार हमने कंपनी द्वारा अनुरक्षित 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बही, दस्तावेज, कार्यवृत की पुस्तकों, प्रपत्रों और फाइल किए गए रिटर्न और अन्य अभिलेखों की जांच की है।

i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) एवं इसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम 1956 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

iii) डिपॉजिटरी एक्ट, 1996 एवं इसके अंतर्गत बनाए गए उपनियम एवं विनियमन;

iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 एवं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, समुद्रपार प्रत्यक्ष निवेश तथा बाहरी वाणिज्यिक ऋणों की सीमा में इसके अंतर्गत बनाए गए उपनियम एवं विनियमन;

v) निम्नलिखित विनियमन एवं दिशानिर्देश भारतीय प्रतिभूति तथा विनिमय निदेशक मंडल अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित हैं:

क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण तथा टेकओवर) विनियमन, 2011;

ख) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (आंतरिक ट्रेडिंग का निषेध) विनियमन, 2015;

ग) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताओं को जारी करना) विनियमन, 2018;

घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियमन, 2014 (लेखा परीक्षा अवधि के दौरान कंपनी के लिए लागू नहीं);

ड.) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (इश्यु एवं लिस्टिंग ऑफ डेब्ट सेक्युरिटीज) विनियमन, 2008 (लेखा परीक्षा अवधि के दौरान कंपनी के लिए लागू नहीं);

च) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (रजिस्ट्रार टु एन इश्यु एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट्स) विनियमन, 1993 कंपनी अधिनियम और ग्राहक के साथ डीलिंग के बारे में;

छ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (डिलिस्टिंग आफ इक्विटी शेयर) विनियमन, 2009 (लेखापरीक्षा के दौरान कंपनी के लिए प्रयोज्य नहीं);

ज) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (प्रतिभूति का पुनः क्रय) विनियमन, 2018;

झ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015;

vi) हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी में प्रचलित अनुपालन प्रणाली और संबंधित दस्तावेजों तथा अभिलेखों की जांच के बाद, परीक्षण–जांच के आधार पर, कंपनी ने सभी विशिष्ट लागू कानूनों का अनुपालन किया है। कुछ महत्वपूर्ण कानूनों का अनुपालन इस प्रकार है:

क) कारखाना अधिनियम, 1948;

ख) भारतीय बॉयलर अधिनियम, 1923;

ग) खतरनाक रासायनिक नियमों का विनिर्माण, भंडारण और आयात, 1989;

घ) परमाणु ऊर्जा (विकिरण सुरक्षा) नियम, 2004; और

ङ) बैटरीज (प्रबंधन एवं हैंडलिंग) नियम, 2001;

हमने निम्नलिखित लागू क्लॉज के अनुपालन की भी जांच की है:

i) भारत के इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज द्वारा जारी किए गए निदेशक मंडल (एसएस –1) और जनरल मीटिंग (एसएस –2) की बैठकों के संबंध में सचिवीय मानक और;

ii) लोक उद्यम विभाग द्वारा उनके कार्या. ज्ञा. संख्याः 18 (8)/2005–GM दिनांक 14 मई, 2010 के द्वारा से जारी किए गए कॉर्पोरेट अभिशासन दिशानिर्देश।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है, जो निम्नलिखित अवलोकन के अधीन है।

निदेशक मंडल की संरचना भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन 2015, विनियमन 17 (1) एवं कॉर्पोरेट दिशानिर्देशों पर डीपीई दिशानिर्देशों के पैरा 3.1.4 के अनुपालन में नहीं है क्योंकि कंपनी के निदेशक मंडल में कम से कम एक स्वतंत्र महिला निदेशक सहित अपेक्षित स्वतंत्र निदेशकों की संख्या नहीं थी।

कंपनी ने स्पष्टीकरण दिया कि बीएचईएल, एक सरकारी कंपनी है, इसलिए यहां स्वतंत्र निदेशकों का नामांकन / नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। कंपनी पहले ही भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के भारी उद्योग विभाग से, भारत के निदेशक मंडल में कम से कम एक स्वतंत्र महिला निदेशक सहित स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या के नामांकन के लिए अनुरोध कर चुकी है ।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल में हुए परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के उचित अनुपालन में किए गए थे।

सामान्यतः निदेशक मंडल की बैठकों के समय की सूचना पर्याप्त समय में दी जाती है, एजेंडा और एजेंडा पर विस्तृत नोट सभी निदेशकों को कम से कम सात दिन पहले भेजा गया था और बैठक से पहले एजेंडा मुद्दों पर आगे की जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए तथा बैठक में प्रतिभागिता अर्थपूर्ण हो इस हेतु एक प्रणाली मौजूद है।

अध्यक्ष द्वारा विधिवत् दर्ज और हस्ताक्षरित बैठकों के कार्यवृत्त के अनुसार, निदेशक मंडल के निर्णय सभी मामलों में एकमत थे और कोई भी असहमतिपूर्ण विचार दर्ज नहीं किये गये हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी द्वारा स्थापित अनुपालन तंत्र की समीक्षा और निदेशक मंडल द्वारा उनकी बैठकों में कानूनी अनुपालन प्रमाण पत्र के रिकॉर्ड के आधार पर हमारा विचार है कि कंपनी में लागू कानूनों, नियमों, विनियमनों और दिशानिर्देशों की निगरानी और उनके अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी में कंपनी के आकार और परिचालन के अनुरूप पर्याप्त व्यवस्थाएं और प्रक्रियाएं हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखा परीक्षा अवधि के दौरान, उपरोक्त उल्लिखित कानूनों के पालन में कंपनी के मामलों पर असर डालने वाली कोई विशेष घटना / कार्य नहीं हुए थे।

कृते पी पी अग्रवाल एंड कंपनी
कंपनी सचिव

प्रमोद प्रसाद अग्रवाल
स्वामी
स.सं. एफ4955, सी.पी. नंबर 10566
पी. आर.सी. नंबर 1241/2021
यूडिनः F004955C000491650

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 21.06.2021

इस रिपोर्ट को इसी दिनांक के हमारे समसंख्यक पत्र के साथ पढ़ा जाना है जो "अनुलग्नक ए" के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट का एक अभिन्न अंग है।

"अनुलग्नक क"

प्रति,
सदस्यगण,
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

सम तिथि की हमारी रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जाए।

1. सचिवीय रिकॉर्ड का रखरखाव कंपनी के प्रबंधन की उत्तरदायित्व है। हमारा उत्तरदायित्व हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन सचिवीय अभिलेखों पर राय व्यक्त करना है।

2. हमने लेखा परीक्षा पद्धतियों और प्रक्रियाओं का पालन किया है जो सचिवीय अभिलेखों की सामग्री की शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्य परिलक्षित होते हैं, नमूना जांच के आधार पर सत्यापन किया गया था। हम मानते हैं कि जिन प्रक्रियाओं और प्रथाओं का हमने पालन किया है, वे हमारी राय के लिए एक उचित आधार प्रदान करती हैं।

3. हमने कंपनी के वित्तीय अभिलेखों और लेखा पुस्तकों की शुद्धता और उपयुक्तता को सत्यापित नहीं किया है।

4. हमने लेखापरीक्षा के मुख्य भाग के दौरान अभिलेखों की भौतिक जांच की है। हालांकि, कोविड–19 महामारी के फैलने और परिणामस्वरूप कार्यस्थलों/कार्यालयों के लॉकडाउन के कारण, हमने लेखापरीक्षा के बाद के भाग में कंपनी द्वारा सुविधानुसार शेष अभिलेखों का ऑनलाइन सत्यापन और परीक्षण किया।

5. जहां कहीं आवश्यक हो, हमने कानूनों, नियमों, विनियमों आदि के उचित अनुपालन के बारे में प्रबंधन से जानकारी प्राप्त की है।

6. कॉर्पोरेट और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन की उत्तरदायित्व है। हमारी परीक्षा नमूना जांच के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।

7. सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस प्रभावोत्पादकता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यों का परिचालन किया है।

कृते पी पी अग्रवाल एंड कंपनी
कंपनी सचिव

प्रमोद प्रसाद अग्रवाल
स्वामी
स.सं. एफ4955, सी.पी. नंबर 10566
पी. आर.सी. नंबर 1241/2021
यूडिनः F004955C000491650

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 21.06.2021

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक– III

सीईओ और सीएफओ प्रमाणन

(सेबी (एलओडीआर) अधिनियम 2015 के विनियम 17(8) की शर्तों के अनुसरण में)

सेवा में,
निदेशक मंडल
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
नई दिल्ली

(क) हमने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष का वित्तीय विवरण तथा नकदी प्रवाह विवरण की समीक्षा की है और हमारी जानकारी तथा विश्वास के अनुसारः

i. इन विवरणों में ऐसा कोई असत्य विवरण या छोड़ दी गई जानकारी अथवा भ्रमित करने वाले विवरण नहीं पाये गए हैं।

ii. विवरण कंपनी मामलों के बारे में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं एवं लागू लेखा मानकों, विधियों, विनियमों के अनुसरण में तैयार किए गए है।

(ख) हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार वर्ष 2020–21 के दौरान कंपनी ऐसे किसी प्रकार के लेन–देन में शामिल नहीं पायी गई जो कि झूठे, गैर कानूनी अथवा कंपनी की आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले हों।

(ग) हम कंपनी के वित्तीय मामलों में आंतरिक नियंत्रण और वित्तीय रिपोर्टिंग स्थापित करने का उत्तर दायित्वस्वीकार करते हैं और हमने इस आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन कर लिया है और हमने इस प्रकार के आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन या परिचालन में पायी गयी कमियों, यदि कोई हो तो और जिनकी हमें जानकारी है, को लेखा परीक्षकों तथा लेखा परीक्षा समिति की जानकारी में ला दिया है तथा इन कमियों को दूर करने के उपाय किए जा चुके हैं या किया जाना प्रस्तावित है।

(घ) हमने लेखा परीक्षकों तथा लेखा परीक्षा समिति को निम्न प्रकार सूचित किया है;

i. वर्ष 2020–21के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक नियंत्रण संबंधी महत्वपूर्ण परिवर्तन, यदि कोई हो तो;

ii. वर्ष 2020–21 के दौरान लेखांकन नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन, यदि कोई हो तो और वित्तीय विवरणों में टिप्पणियों को प्रकट किया जा चुका है; और

iii. महत्वपूर्ण धोखाधड़ी के उदाहरण, जिनके बारे में हमें ज्ञात हुआ है और इसमें वित्तीय प्रबंधन पर कंपनी के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रबंधन या किसी कर्मचारी, यदि कोई हो, की भागीदारी है।

(सुबोध गुप्ता)
निदेशक (वित्त)

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 11 जून, 2020

सतत विकास

निदेशक मण्डल रिपोर्ट का अनुलग्नक–IV

4.1 सतत विकास संबंधी निष्पादन–पर्यावरणीय

सतत विकास के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता हमारी व्यावसायिक प्रक्रियाओं में अंतर्निहित है। बीएचईएल उत्तरदायी तरीके से संपूर्ण विनिर्माण मूल्य श्रृंखला में अपने पर्यावरणीय प्रभाव का प्रबंधन करता है। आंतरिक रूप से, समाज के व्यापक हित में सामग्री, पानी, ऊर्जा, उत्सर्जन और जैव विविधता के प्रमुख पहलुओं को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर पहल की जा रही हैं। इसके अलावा, हम अपने ग्राहकों को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए अत्याधुनिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी इनपुट की पेशकश के साथ–साथ पानी की खपत कम करने के तरीकों के साथ ही विद्युत संयंत्रों के पूरे परिचालन जीवन चक्र में उनके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों के प्रबंधन में भी सुविधा प्रदान करते हैं। बेहतर हीट रेट, कम ईंधन की आवश्यकता के साथ कम सहायक विद्युत की खपत के परिणामस्वरूप हमारे उत्पाद और सेवाएं पर्यावरण हितैषी की भूमिका में अग्रणी है।

निम्नलिखित अनुभागों में वर्ष 2020–21 के लिए सतत विकास के अंतर्गत की गई गतिविधियों की झलक प्रस्तुत की गई है।

4.1.1 उत्तरदायी सामग्री एवं प्राकृतिक संसाधन खपत

उत्पादों और प्रणालियों के निर्माण में शामिल एक संगठन के रूप में, बीएचईएल कच्चे माल सहित प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति अपनी जिम्मेदारी से अच्छी तरह वाकिफ है। संसाधन संरक्षण गतिविधियों के लिए, हमारी योजना और परिचालन में रिड्यूस–रीसाइकिल–पुनः उपयोग के सिद्धांत का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। हमारी निर्माण इकाई में स्क्रैप का पुनः उपयोग, उदाहरण के लिए भोपाल की फाउंड्री शॉप में 1200 मीट्रिक टन माइल्ड स्टील स्क्रैप और 32 मीट्रिक टन तांबे के स्क्रैप का पुनः उपयोग, बड़ी ढलाई और फोर्जिंग के निर्माण के लिए सिस्टर इकाइयों द्वारा सीएफएफपी हरिद्वार को स्क्रैप का प्रेषण, पुनः उपयोग जैसी गतिविधियाँ उत्पादों के भंडारण और पैकेजिंग के लिए अलमारी बनाने के लिए लकड़ी की पैकिंग, अपशिष्ट तेल का पुनर्चक्रण और हाइड्रोलिक तेल का पुनर्चक्रण अपव्यय से बचने के लिए शीट काटने के लिए नेस्टिंग योजना का अनुकूलन, तेल स्किमर और शीतलक उपचार संयंत्र से 35 मीट्रिक टन तेल की वसूली एचईईपी हरिद्वार में एचईपी भोपाल की फाउंड्री शॉप में 820 मीट्रिक टन रेत का पुनर्ग्रहण और पुनः उपयोग कुछ ऐसी गतिविधियाँ हैं जो 2020–21 के दौरान हमारे परिचालन में स्थायी प्राकृतिक संसाधन खपत की दिशा में हमारे प्रयासों को दर्शाती हैं।

4.1.2 ऊर्जा प्रबंधन

हमारे परिसर में ऊर्जा का सतत उपयोग व्यावसायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण तत्व है। हमने ऊर्जा संरक्षण/दक्षता में कई गतिविधियां की हैं जिसके परिणामस्वरूप हमारी ऊर्जा खपत में काफी बचत हुई है। हमारी कुछ इकाइयाँ जिन्हें ऊर्जा गहन माना गया है, विस्तृत ऊर्जा लेखा परीक्षा प्रक्रिया से गुज़री हैं और बाद में संभव सीमा तक ऊर्जा बचत के अवसरों का दोहन करने के लिए आईएसओ 50001 प्रमाणन प्राप्त किया है। कार्यालयों/स्ट्रीट लाइटिंग में ऊर्जा कुशल प्रकाश जुड़नार में स्विच करके प्रकाश भार में कमी हमारे संगठन में एक नियमित गतिविधि है। बीएपी रानीपेट में कुशल उपयोग और ईंधन की खपत में कमी के लिए 10 टन फर्नेस की दुर्दम्य ईंटों की मरम्मत, ईडीएन बेंगलुरु और एचईईपी हरिद्वार में एयर कंप्रेसर की क्षमता का अनुकूलन, नवीनतम 5– के साथ 538 नंबर 1 और 2 – स्टार एसी के प्रतिस्थापन जैसी गतिविधियां कंटीन नं. एचईईपी हरिद्वार में 3 और 5, एचईपी भोपाल में मासूम मिलिंग कॉलम मशीन के हाइड्रोलिक सर्किट में ओवरहालिंग और संशोधन, आदि ऊर्जा संरक्षण / दक्षता से संबंधित 2020–21 के दौरान की गई गतिविधियों के कुछ उदाहरण हैं।

हमारे संगठन में हाल के वर्षों में कैप्टिव उपयोग के लिए अक्षय ऊर्जा के उत्पादन में तेजी आई है। अब हमारे पास ग्राउंड माउंटेड के साथ–साथ रूफटॉप सोलर सिस्टम से युक्त सौर ऊर्जा संयंत्र की लगभग 28 मेगावाट स्थापित क्षमता है। इसके परिणामस्वरूप डीजी सेटों पर निर्भरता कम हुई है और हमारे परिचालन में स्थायी ऊर्जा मिश्रण प्राप्त हुआ है। वर्ष 2020–21 के दौरान, हमारी कंपनी में कुल 27.2 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा उत्पन्न हुई।

4.1.3 जल और जैव विविधता प्रबंधन

पानी एक बहुत ही कीमती प्राकृतिक संसाधन है और पानी और अपशिष्ट जल का स्थायी रूप से प्रबंधन करना और हमारे परिसर में हरित आवरण को बढ़ाना हमारी व्यावसायिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण तत्व हैं। हमारे परिसर में स्थापित 12 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और 12 एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट हमें डिस्चार्ज मानदंडों को पूरा करने और हमारी अधिकांश इकाइयों को

जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, हमारे प्रतिष्ठानों में हरित पट्टी को बनाए रखने के लिए, उपचारित अपशिष्ट जल का बागवानी के लिए पुनः उपयोग किया जाता है जो हमें ताजे पानी की मांग को कम करने में मदद करता है।

हमारी इकाइयों में, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी और आने वाले गणमान्य व्यक्ति इस अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाते हैं। इसके अलावा विश्व पर्यावरण दिवस हमारी इकाई में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का दिन है। हमारे हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए 2020–21 के दौरान बीएचईएल में कुल लगभग 35,500 पौधे लगाए गए, जो भविष्य में कार्बन सिंक के रूप में कार्य करेंगे।

बीएपी, रानीपेट में कैप्टिव पावर उत्पादन हेतु घरेलू 5 मेगावाट सोलर पीवी स्थापना

4.1.4 कार्बन प्रबंधन

ऊर्जा संरक्षण/दक्षता में हमारे प्रयास, हमारे परिसर में हरियाली बढ़ाना, स्वच्छ उत्पादों का विकास, हमारे परिचालन में स्वच्छ ईंधन का उपयोग, जहां कहीं भी संभव हो वहां पाइप से गैस का उपयोग, ईंधन के माध्यम से परिवहन से बचाव – ये सभी हमारे कार्बन उत्सर्जन को कम करने में हमारी मदद करते हैं। वर्ष 2020–21 के दौरान, हमने अपने परिसर को नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन के कारण लगभग 26,118 मीट्रिक टन कार्बन डाइ ऑक्साइड उत्सर्जन से बचाया।

4.1.5 कचरे का प्रबंधन

हीप, हरिद्वार में 7 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का उद्घाटन

हमारी प्रक्रिया में कचरे के उत्पादन में कमी को एक बहुत ही महत्वपूर्ण गतिविधि के रूप में लिया जाता है और धातु शीट को काटने के लिए हमारी नेस्टिंग योजना इस पहलू का ध्यान रखने के लिए बनाई गई है। हालांकि, एक बार जब स्क्रैप उत्पन्न हो जाता है, तो इसका उपयोग या तो स्थानीय फाउंड्री शॉप में कास्टिंग / फोर्जिंग बनाने के लिए किया जाता है या सीएफएफपी हरिद्वार को भेजा जाता है / नई सामग्री की खपत से बचने के लिए फर्नेस में पिघलने के लिए पुनर्चक्रण को अधिकृत करता है। इकाइयों में उत्पन्न खतरनाक अपशिष्ट को नियामक आवश्यकता के अनुसार निपटाया जाता है और प्राधिकरण की जांच के लिए आवश्यक रिकॉर्ड विधिवत बनाए रखा जाता है।

2020–21 के दौरान किए गए जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कुछ विशिष्ट गतिविधियों में एचईपी भोपाल में रसोई के कचरे का उपयोग करने और ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए 500 किलोग्राम / दिन बायो–गैस संयंत्र की स्थापना, एचईईपी हरिद्वार में खतरनाक अपशिष्ट भंडारण क्षेत्र का विकास, कृमि खाद शामिल है। एचईआरपी वाराणसी में रसोई अपशिष्ट, एक भस्मक की स्थापना की, जो बीएपी रानीपेट आदि में कारखाने और टाउनशिप परिसर के अंदर उत्पन्न ठोस कचरे को भस्म करने के लिए नियंत्रित ऑक्सीजन घूर्णन प्रौद्योगिकी (सीओआरटी) का उपयोग करके काम करता है।

प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने के लिए एक विशेष पहल के रूप में, बीएचईएल ने यह सुनिश्चित करने के लिए जबरदस्त प्रयास किया है कि हमारे सभी टाउनशिप को "सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री" बनाया जाए और इन 14 टाउनशिप के लिए थर्ड पार्टी सर्टिफिकेशन प्राप्त किया जाए।

4.2 संपोषणीय प्रदर्शन

अपनी सीएसआर पहलों के लिए, बीएचईएल ने सात प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की है। ये बीएचईएल की सीएसआर नीति में विस्तृत रूप में उपलब्ध हैं। इन ट्रस्ट क्षेत्रों में सभी गतिविधियां कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में उल्लिखित गतिविधियों और क्षेत्रों के अनुरूप हैं। इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में

बीएचईएल द्वारा हरिद्वार एवं ऋषिकेश में निर्मित बायो डाइजेस्टर शौचालयों का लोकार्पण

वर्ष के दौरान कुछ प्रमुख हस्तक्षेपों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

स्वच्छ भारत

- बीएचईएल ने हरिद्वार और ऋषिकेश में बायो–डाइजेस्टर शौचालयों के निर्माण के अपने कार्यक्रम को जारी रखा। इन बायो–डाइजेस्टर शौचालयों के बाईस क्लस्टर पूरे कर लिए गए हैं।
- भोपाल के बैरागढ़ और भदभदा क्षेत्र में स्थित ईसाई कब्रिस्तानों में शौचालय ब्लॉक का निर्माण।

बीएचईएल झांसी द्वारा छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई।

लम्को को देश के जिले जरूरतमन्द जिलों में सहायता एवं सामाग्री के वितरण हेतु वित्तीय सहायता

शिक्षित भारत

- बीएचईएल द्वारा गोद लिए गए गांवों में 44 विधवा वार्डों/अनाथों/दिव्यांग स्कूली छात्रों तथा 15 दिव्यांग आईटीआई छात्रों को छात्रवृत्ति का वितरण।
- शासकिय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लूणकरणसर, बीकानेर (राजस्थान) में टिन शेड के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता।
- शासकिय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जांगलू, बीकानेर (राजस्थान) में टिन शेड और चौकी के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता।

स्वस्थ भारत

- हमारी सीएसआर पहल "हील–ए–सोल IV" के अंतर्गत भारत भर के विभिन्न जिलों में हीमोफिलिया (पी एंड सीडब्ल्यूएच) वाले व्यक्तियों और बच्चों को एन्टी हीमोफिलिक फैक्टर (एएचएफ) प्रदान करना।
- बिहार और झारखंड के आस–पास के क्षेत्रों के मोतियाबिंद–अंध रोगियों की मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी के लिए "नव भारत जागृति केंद्र (एनबीजेके), हजारीबाग (झारखंड)" को वित्तीय सहायता
- आकांक्षी जिलों हरिद्वार (उत्तराखंड), खम्मम (तेलंगाना), दमोह (मध्य प्रदेश), खगड़िया (बिहार) में दिव्यांगजनों को सहायता और उपकरणों के वितरण के लिए भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एएलआईएनसीओ) को वित्तीय सहायता।
- ऋषिकेश (उत्तराखंड), झांसी (यूपी), गुवाहाटी (असम) और भुवनेश्वर (ओडिशा) में पोंसेटी पद्धति का उपयोग करके क्लब फुट विकलांगता के साथ पैदा हुए बच्चों के इलाज के लिए "क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट (सीआईआईटी), नई दिल्ली" को वित्तीय सहायता। इनमें एस्पिरेशनल जिलों सहित आस–पास के क्षेत्रों के रोगी शामिल है।
- हेल्पएज इंडिया को सतपुड़ा (एमपी), बीकानेर (राजस्थान) और नोएडा (यूपी) में 03 (तीन) मोबाइल हेल्थकेयर इकाइयों की सेवा प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता।
- 0–19 आयु वर्ग के 200 बच्चों को चिकित्सा सहायता के लिए एनजीओ – "कैनकिड्स किड्सकैन" को वित्तीय सहायता और भारत भर में कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए अस्पतालों एव पैलेटिव केंद्र (आकांक्षी जिलों को कवर करते हुए) को चिकित्सा उपकरण।

कुंभ मेला 2021 के दौरान घाटों को साफ करने के लिए भेलमिस्टर का उपयोग किया गया

बीएचईएल द्वारा कोविड काल के दौरान आयोजित विभिन्न स्वास्थ्य शिविर

बीएचईएल ने अपनी प्रमुख इकाइयों में लेडीज क्लब के माध्यम से कई महिलाओं को विभिन्न ट्रेडों में कौशल विकास प्रशिक्षण करवाया

जिम्मेदार भारत

- मकाली से हरोक्यथानहल्ली, दशानपुरा होबली, बंगलौर उत्तर तालुक में नहर के आर–पार पुल और सड़क के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता।
- चेन्नई, तमिलनाडु के ग्रामीण गरीब लोगों को व्हील चेयर का वितरण।

समावेशी भारत

- वाराणसी में हेरिटेज स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम की स्थापना के लिए नगर आयुक्त, वाराणसी को वित्तीय सहायता।
- "प्रोफेशनल असिस्टेन्स फॉर डवलपमेन्ट एक्शन (प्रदान)" को "मोटिवेटिंग एग्रेरियन कम्युनिटीज ऑफ एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट कांधमाल (ओडिशा)" परियोजना के लिए वित्तीय सहायता, ताकि एग्रेरियन समाज का विकास हो सके।
- विकलांग और दृष्टिबाधित बच्चों के लिए व्यावसायिक और कौशल विकास प्रशिक्षण, वाइजैग, आंध्र प्रदेश।

आपदा राहत

- जिला चमोली, उत्तराखंड में बाढ़ के दौरान श्रमिकों के प्रभावित परिवारों को आवश्यक किराना सामग्री का वितरण।

4.3 सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट

[(कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 की आवश्यकता के अनुसार]

1. कंपनी की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा (अनुलग्नक–क)
2. सीएसआर समिति की संरचना

क्र.	निदेशक का नाम	पदनाम/निदेशकत्व की प्रकृति	वर्ष के दौरान सीएसआर समिति की सम्पन्न बैठकों की संख्या	वर्ष के दौरान सीएसआर समिति द्वारा बैठकों में दी गई उपस्थिति अथवा इनके सम्मिलित होने वाली बैठकों की संख्या
1	रंजीत रे स्वतंत्र निदेशक (11 सितंबर 2020 तक)	अध्यक्ष	2	2
2	मनीष कपूर स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (12 सितंबर, 2020 से) सदस्य (29 मई, 2020 से) (11 सितंबर 2020 तक)	1 2	1 2
3	अमित वरदान संयुक्त सचिव, भाउवि. अंशकालिक शासकीय निदेशक (02 सितंबर 2020 तक)	सदस्य	2	2
4	अमित मेहता संयुक्त सचिव, भाउवि. अंशकालिक शासकीय निदेशक (05 फरवरी 2020 तक)	सदस्य (02 सितंबर 2020 से)	1	1
5	राजेश शर्मा स्वतंत्र निदेशक	सदस्य	3	3
6	सुबोध गुप्ता निदेशक (वित्त)	सदस्य	3	3
7	अनिल कपूर निदेशक (मा.सं.)	सदस्य	3	3

प्रमुख (सीएसआर), कॉर्पोरेट कार्यालय स्थायी आमंत्रिती है। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते है।

3. वेब–लिंक प्रदान करें, जहां कंपनी की वेबसाइट पर सीएसआर समिति की संरचना, सीएसआर नीति और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित सीएसआर परियोजनाओं का खुलासा किया गया है।

   वेब लिंक —————————— https://www.bhel.com/csr

4. कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014, के नियम 8 के उप–नियम (3) (यदि लागू हो) के अनुसरण में किए गए सीएसआर परियोजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन का विवरण प्रदान करें (रिपोर्ट संलग्न करें)

   ₹1.00 करोड़ से अधिक मूल्य की निम्नलिखित पूर्ण सीएसआर परियोजना का प्रभाव आकलन बाहरी एजेंसी से करवाया गया था। परियोजना का विवरण नीचे दिया गया हैं:

परियोजना	कार्यावयन एजेंसी	द्वारा प्रभाव आकलन
महाराष्ट्र के भंडारा जिले के गांवों में पक्की सड़कों, नालों, सामुदायिक हॉल, चारदीवारी आदि का निर्माण	पीडब्ल्यूडी, महाराष्ट्र	मेसर्स सूर्य एनविरोटेक, नागपुर, महाराष्ट्र

   प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट का कार्यकारी सारांश अनुलग्नक–ख के रूप में संलग्न है।

   विस्तृत प्रभाव आकलन रिपोर्ट वेब लिंक पर उपलब्ध है ————— https://www.bhel.com/csr

5 कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के नियम 7 के उप–नियम (3) के अनुसरण में सेट ऑफ के लिए उपलब्ध राशि का विवरण और वित्तीय वर्ष के लिए सेट ऑफ के लिए आवश्यक राशि, यदि कोई हो

क्र.	वित्तीय वर्ष	सेट–ऑफ के लिए उपलब्ध राशि पिछले वित्तीय से वर्ष (₹ में	वित्तीय वर्ष के लिए समायोजन के लिए आवश्यक राशि, यदि कोई हो (₹ में
	निरंक	निरंक	निरंक
	सकल योग		

सूचना | अतिरिक्त जानकारी | वित्तीय विवरण | निदेशक मंडल रिपोर्ट | कॉर्पोरेट प्रोफाइल | वार्षिक समीक्षा

6. धारा 135(5) के अनुसार कंपनी का औसत शुद्ध लाभ ———————₹1009.00 करोड़

7. (क) धारा 135(5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत ₹20.18 करोड़

(ख) सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या पिछले वित्तीय वर्षों की गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष ——— शून्य

(ग) वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित की जाने वाली राशि, यदि कोई हो —— शून्य

(घ) वित्तीय वर्ष के लिए कुल सीएसआर दायित्व (7क + 7ख + 7ग) ——— ₹20.18 करोड़

8.(क) वित्तीय वर्ष के लिए खर्च या शेष (अव्ययित) सीएसआर राशि

वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई सकल राशि (रुपये में)	शेष (अव्ययित) राशि (₹ में)				
	धारा 135 (6) के अनुसार शेष (अव्ययित) सीएसआर खाता को हस्तांतरित कुल राशि		धारा 135(5) की द्वितीय प्रति अनुसार अनुसूची VII के अंतर्गत निर्दिष्ट किसी भी फंड में ट्रांसफर की गई राशि		
	राशि (₹ लाख में)	स्थानांतरण की तिथि	पूंजी का नाम	निधि	स्थानांतरण की तिथि
1441.99 लाख	2126.95	30.04.2021	शून्य	शून्य	लागू नहीं

(ख) वित्तीय वर्ष के लिए चल रही परियोजनाओं के मद में खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण: ₹466.35 **संलग्न अनुलग्नक–ग**

(ग) वित्तीय वर्ष के लिए चल रही परियोजनाओं के अलावा अन्य पर खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण: ₹903.54 लाख **संलग्न अनुलग्नक–घ**

(घ) प्रशासनिक उपरिव्यय में व्यय की गई राशि ———————————₹69.92 लाख

(ड.) प्रभाव आकलन पर खर्च की गई राशि, यदि लागू हो ———— ₹2.18 लाख

(च) वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई कुल राशि ——————————————₹1441.99 लाख (8ख + 8ग + 8घ + 8ड.)

(छ) सेट ऑफ के लिए अतिरिक्त राशि, यदि कोई हो

क्र.	**विवरण**	**राशि (₹लाख में)**
(i)	धारा 135 (5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत	2018.00
(ii)	वित्तीय वर्ष में खर्च की गई कुल राशि	1441.99
(iii)	वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई अतिरिक्त राशि [(ii) – (i)]	निरंक
(iv)	पिछले वित्तीय वर्षों की सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष, यदि कोई हो,	निरंक
(v)	आगामी वित्तीय वर्षों में समायोजन के लिए उपलब्ध राशि [(iii) – (iv),	निरंक

9. (क) पिछले तीन वित्तीय वर्षों में व्यय न की गई सीएसआर राशि का विवरण

क्र	**पिछले वित्तीय वर्ष**	**धारा 135 (6) के अंतर्गत शेष (अव्ययित) सीएसआर राशि में अंतरित राशि (₹ लाख में)**	**रिपोर्टिंग वित्तीय वर्ष व्यय की गई राशि (₹ लाख में)**	**धारा 135 (6) के अनुसार खंड VII के अंतर्गत विनिर्दिष्ट किसी निधि में अंतरित राशि**			**आगामी वित्तीय वर्षों में व्यय की जाने वाली राशि (₹ लाख में)**
	2017-18	निरंक	3316.08	निरंक	निरंक	लागू नहीं	3113.92
	2018-19	निरंक	1601.45	निरंक	निरंक	लागू नहीं	2182.47
	2019-20	निरंक	3511.53	निरंक	निरंक	लागू नहीं	1550.94
	2020-21	2126.95	1441.99	निरंक	निरंक	लागू नहीं	2126.95

(ख) पिछले वित्तीय वर्ष (वर्षों) की चल रही परियोजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष में खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण: **विवरण अनुलग्नक–ई में संलग्न है**

10. पूंजीगत संपत्ति के निर्माण या अधिग्रहण के मामले में, वित्तीय वर्ष में खर्च किए गए सीएसआर के माध्यम से अर्जित की गई संपत्ति से संबंधित विवरण प्रस्तुत करें।

(संपत्ति–वार विवरण) जैसा कि नीचे सारणीबद्ध है

(क) पूंजीगत संपत्ति (संपत्तियों) के निर्माण या अधिग्रहण की तिथि

(ख) इकाई या सार्वजनिक प्राधिकरण या लाभार्थी का विवरण, जिनके नाम पर ऐसी पूंजीगत संपत्ति पंजीकृत है, उनका पता आदि।

(ग) इकाई या सार्वजनिक प्राधिकरण या लाभार्थी का विवरण जिनके नाम पर ऐसी पूंजीगत संपत्ति पंजीकृत है, उनका पता आदि।

(घ) सृजित या अर्जित (पूंजीगत संपत्ति का पूरा पता और स्थान सहित) पूंजीगत संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण प्रदान करें।

क्र.	पूंजीगत संपत्ति (संपत्तियों) के निर्माण या अधिग्रहण की तिथी	पूंजीगत संपत्ति के निर्माण या अधिग्रहण के लिए खर्च की गई सीएसआर की राशि	इकाई या सार्वजनिक प्राधिकरण या लाभार्थी का विवरण जिनके नाम पर ऐसी पूंजीगत संपत्ति पंजीकृत है, उनका पता आदि	सृजित या अर्जित (पूंजीगत संपत्ति का पूरा पता और स्थान सहित) पूंजीगत संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण प्रदान करें
1	20.04.2020	2.00	नई दिल्ली रेलवे स्टेशन	कोविड के दौरान स्वच्छता के लिए इलेक्ट्रोस्टैटिक कीटाणुशोधन मशीन (ईडीएम) पताः– नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली
2	09.05.2020	2.00	भारी उद्योग विभाग का कार्यालय (भारत सरकार), नई दिल्ली	कोविड. के दौरान स्वच्छता के लिए इलेक्ट्रोस्टैटिक कीटाणुशोधन मशीन (ईडीएम) पताः– भारी उद्योग कार्यालय, नई दिल्ली
3	09.05.2020	2.00	ओम आरोग्यम योग मंदिर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड	कोविड के दौरान स्वच्छता के लिए इलेक्ट्रोस्टैटिक कीटाणुशोधन मशीन (ईडीएम) पताः– ओम आरोग्यम योग मंदिर, एस–8, संदेश नगर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड
4	09.05.2020	2.00	लोक स्वास्थ्य विभाग, नोएडा प्राधिकरण, सेक्टर–39, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर नोएडा प्राधिकरण, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर	कोविड के दौरान स्वच्छता के लिए इलेक्ट्रोस्टैटिक कीटाणुशोधन मशीन (ईडीएम) पताः– लोक स्वास्थ्य विभाग, नोएडा प्राधिकरण, सेक्टर–39, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर
5	01.07.2020	3.00	नोएडा प्राधिकरण, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर	कोविड के दौरान सैनिटाइज करने के लिए सैनिटाइजिंग स्प्रे मशीन (बीएचईएल मिस्टर) पताः– नोएडा प्राधिकरण, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर
6	28.05.2020	3.00	जिला विकास अधिकारी, विकास भवन, कानपुर	कोविड के दौरान सैनिटाइज करने के लिए सैनिटाइजिंग स्प्रे मशीन (बीएचईएल मिस्टर) पताः– जिला विकास अधिकारी, विकास भवन, कानपुर

11. कारण निर्दिष्ट करें, यदि कंपनी धारा 135(5) के अनुसार औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रही है।
    1. इस वर्ष कई परियोजनाएँ आरंभ की गई हैं एवं अन्य पिछले वर्षों से जारी हैं जिन्हें 2020–21 तक आगे लाया गया है। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक निधि की पूर्ति सीएसआर बजट से उन्हें पहले से आवंटित निधि से की जाएगी।
    2. कोविड–19 महामारी के कारण लॉकडाउन और जनशक्ति की आवाजाही पर अन्य प्रतिबंधों के कारण परियोजनाओं का कार्यान्वयन बाधित हो गया।
    3. बीएचईएल की सीएसआर नीति के अनुरूप, 2020–21 के लिए सीएसआर बजट सीएसआर परियोजनाओं के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, शेष (अव्ययित) राशि समाप्त नहीं होगी एवं भविष्य में सीएसआर परियोजनाओं के लिए उपयोग की जाएगी।

12. हम, एतद् द्वारा यह घोषणा करते है कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन एवं मॉनीटरिंग कम्पनी के सीएसआर उद्देश्यों और नीति के अनुरूप है।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
बीएचईएल



अध्यक्ष
सीएसआर समिति

नई दिल्ली
दिनांकः 27.08.2021

सूचना | अतिरिक्त जानकारी | वित्तीय विवरण | निदेशक मंडल रिपोर्ट | कॉर्पोरेट प्रोफाइल | वार्षिक समीक्षा

अनुलग्नक–क

बीएचईएल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) नीति की रूपरेखा

सीएसआर विजन: एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक बनना, जो बेहतर कल के निर्माण के लिए प्रयासरत है।

सीएसआर मिशन:

कंपनी अधिनियम, 2013 में सूचीबद्ध सीएसआर के महत्वपूर्ण क्षेत्रों और अन्य क्षेत्रों में कंपनी के उत्तरदायित्व को ईमानदारी और प्रभावी ढंग से निर्वहन करना

नीति के उद्देश्य:

- कंपनी अधिनियम 2013, कंपनी (सीएसआर नीति), नियम 2014 और मौजूदा डीपीई दिशानिर्देशों के अंतर्गत आने वाली ऐसी परियोजनाएं और कार्यक्रम, जिन्हें बीएचईएल शुरु करना चाहता है, का विवरण देना।
- सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों के निष्पादन का तरीका।
- सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों की निगरानी प्रक्रिया।
- हितधारकों को बीएचईएल में विद्यमान सीएसआर अभ्यास से अवगत कराना।
- व्यवसाय एवं सी एस आर एजेंडा को निरंतर विकास के बृहत उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करना।

नीति के प्रमुख बिंदु:

- यह कंपनी अधिनियम 2013, कंपनी (सीएसआर नीति), नियम 2014, सी एस आर और निरंतरता पर डीपीई के दिशा निर्देशों की सभी अपेक्षाओ को पूरा करती है।
- यह सीएसआर गतिविधियों के उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को परिभाषित करती है, जो कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII में उल्लिखित हैं।
- इसमें हाल ही के तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 2% सी एस आर गतिविधियों के लिए आबंटित किए जाने का स्पष्ट उल्लेख है।
- कंपनी सीएसआर गतिविधियों के लिए स्थानीय इलाकों को प्राथमिकता देगी और सी एस आर गतिविधियों की राशि का 75% वहाँ खर्च करेगी।
- ऐसी परियोजना, जिसका कुल मूल्य रु. 2 करोड़ या उससे अधिक है, को बड़ी परियोजना (मेगा प्रोजेक्ट) कहा जाएगा और ऐसी परियोजनाओं के प्रभाव का आकलन/ गणना बाहरी एजेंसियों के माध्यम से करायी जाएगी।
- कुल वार्षिक सीएसआर बजट का 5% आपदा/ विनाश के समय राहत कार्यों के लिए आपातकालीन निधि के रूप में आरक्षित रखे जाने का प्रावधान है।
- कुल वार्षिक सीएसआर बजट का 5% क्षमता निर्माण हेतु आरक्षित रखा जाएगा, जिसमें प्रशासनिक ओवरहैड्स भी शामिल हैं।
- यह बीएचईएल में सीएसआर के लिए संगठनात्मक संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

सीएसआर नीति का वेब–लिंक:

बीएचईएल सीएसआर नीति www.bhel.com में सीएसआर अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है, जिस पर **https://www.bhel.com/csr** लिंक के माध्यम से पहुंचा जा सकता है।

अनुलग्नक–ख

कार्यपालक सारांश बीएचईएल

SURYA ENVIROTECH

Ph : +91-712-2742664, Off : 7721968783, Cell : +91-9860352441, 9370522007
E-mail : suryaenvirotech@rediffmail.com, suryaenvirotechmpj@gmail.com
Web Site : www.suryaenviro.com
237, Hanuman Nagar, Nagpur - 440009 (MS)

मेगा सीएसआर परियोजना जिला भंडारा के प्रभाव आकलन का सारांश

1.0 परिचय

बीएचईएल भारत में अपनी तरह की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग और विनिर्माण कंपनियों में से एक है। जो 180 से अधिक उत्पादों को उपलब्ध कराते हुए, उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ डिजाइन, इंजीनियरिंग, निर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग और सेवाओं में लगी हुई है ताकि देश की अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों में बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

मेगा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजना के कार्यान्वयन प्रभाव का मूल्यांकन अंधलगांव, वर्थी, कराडी, सिहोरा, तालुका पौनी और सकोली गाँव में किया जाता है तथा अध्ययन किए क्षेत्र में लोगों के जीवन की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए निष्कर्ष निकाला जाता है। यह मूल्यांकन परिवहन, संचार, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संसाधनों के विकास के संबंध में ग्रामीणों तथा नागरिकों की संतुष्टि के आधार पर किया जाता है।

1.1 अध्ययन का उद्देश्य

- अध्ययन क्षेत्र की जनसांख्यिकीय रूपरेखा तैयार करना
- अध्ययन क्षेत्र में लोगों की वर्तमान सामाजिक–आर्थिक स्थिति का आकलन करना
- वर्तमान और भविष्य के रोजगार अवसरों की प्रकृति को पहचानने तथा मात्रा निर्धारित करना
- अध्ययन क्षेत्र में लोगों के जीवन की गुणवत्ता का आकलन करना
- अधोसंरचना संसाधनों के आधार जैसे–चिकित्सा, शिक्षा, जल संसाधन, बिजली आपूर्ति का मूल्यांकन करना
- आर्थिक संसाधनों के आधार जैसे–कृषि, उद्योग, वन, व्यापार और वाणिज्य का मूल्यांकन करना
- स्वास्थ्य स्थिति अर्थात प्रमुख और स्थानिक रोगों के संदर्भ में रुग्णता पैटर्न (जैसे कोविड–19, स्वाइन फ्लू, डेंगू, फ्लोरोसिस, मलेरिया, फाइलेरिया) का मूल्यांकन करना
- ऐतिहासिक/पुरातात्विक महत्व के स्थानों सहित अध्ययन क्षेत्र में सांस्कृतिक और सौंदर्य संबंधी विशेषताओं का मूल्यांकन करना
- अध्ययन क्षेत्र के लोगों के व्यवसायिक पैटर्न, रोजगार की स्थिति और आय वर्ग का मूल्यांकन करना
- आर्थिक संसाधनों की मात्रा, स्वास्थ्य स्थिति, सांस्कृतिक और सौंदर्य संबंधी विशेषताएं आदि

• अध्ययन क्षेत्र के लोगों पर सीएसआर योजना के प्रभाव का आकलन करना

1.2 अध्ययन क्षेत्र

भंडारा जिले में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की मेगा परियोजना के लिए वर्तमान अध्ययन क्षेत्र में सकोली तथा पौनी के दो शहरी क्षेत्र, तालुका मोहदी के तीन गांव अंधलगांव, वर्थी, कराडी तथा तालुका तुमसर का सिहोरा गांव शामिल हैं।

1.3 अध्ययन क्षेत्र में सीएसआर कार्य योजना का प्रभाव आकलन

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के प्रबंधन ने ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए तथा उनके उत्थान हेतु अध्ययन क्षेत्र में सीएसआर का कार्यान्वयन शुरू किया था। अध्ययन क्षेत्र में आवश्यकता आधारित विश्लेषण के अनुसार 2014 से सीएसआर कार्य योजना लागू की गई है। सीएसआर कार्य योजना के कार्यान्वयन से पहले और बाद में अध्ययन क्षेत्र के जीवन की गुणवत्ता की तुलना करके सीएसआर के प्रभाव मूल्यांकन किया गया है।

1.4 कार्यप्रणाली

अध्ययन दल ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रभाव मूल्यांकन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के डेटा संग्रह विधियों का उपयोग किया है। ऐसी प्रकृति के अध्ययन हेतु प्राथमिक तौर पर घरेलू सर्वेक्षण की आवश्यकता होती है। यद्यपि सीएसआर अध्ययन के सीमित उद्देश्य के लिए टीम ने दो स्रोतों से डेटा एकत्र किया। पहला, अध्ययन क्षेत्र के परियोजना प्रभावित लोगों का घरेलू सर्वेक्षण, दूसरा स्थानीय कार्यालयों के साथ–साथ गैर–सरकारी स्रोत। बीएचईएल प्रबंधन द्वारा सर्वेक्षण हेतु विचार किए गए गांवों में जीवन की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए सरकारी कार्यालयों से माध्यमिक डेटा भी एकत्र किया गया है। डेटा संग्रह के लिए लागू विधियों में संरचित प्रश्नावली, गहन साक्षात्कार और फोकस समूह चर्चा शामिल है।

ग्रामीणों से केंद्रित (फोक्सड) समूह चर्चा (एफजीडी) करने हेतु टीमें अलग–अलग दिनों में प्रत्येक गांव में गई। इनमें से प्रत्येक फोकस समूह चर्चा (एफजीडी) में पंचायत सदस्यों के विभिन्न समूह, स्कूल शिक्षक, अनौपचारिक/औपचारिक संगठनों के नेता तथा ग्राम प्रतिनिधि शामिल हैं। ये सभी एफजीडी बहुत व्यापक (कम से कम 2 से 3 घंटे की अवधि) रही। इसके अतिरिक्त, सीएसआर का एक भाग टीम द्वारा गहन व्यक्तिगत अवलोकन था। यद्यपि, डेटा के द्वितीयक स्रोतों में विभिन्न सरकारी विभाग (स्थानीय और जिला स्तर) और परियोजना प्राधिकरण शामिल थे।

2.0 जनसांख्यिकीय संरचना

अध्ययन महाराष्ट्र के भंडारा जिले के 06 गांव में किया गया है।

राज्य के सापेक्ष भंडारा जिले के सामाजिक–आर्थिक विशेषताओं की तुलना इस प्रकार है:

तालिका

अध्ययन क्षेत्र में जनसांख्यिकी की एक झलक

क्रमांक	जनसांख्यिकीय पैरामीटर	विवरण
1.	ग्राम संख्या	06
2.	कुल आवासीय परिवारों की संख्या	15560
3.	कुल जनसंख्या	67251
4.	अनुसूचित जाति %	12903 (19.2%)
5.	अनुसूचित जनजाति %	4027 (5.98%)
6.	लिंगानुपात (प्रति हजार पुरुषों पर महिलाएं)	980.5
7.	साक्षर (%)	53218 (79.13%)
8.	मुख्य श्रमिक (%)	18575 (27.62%)
9.	सीमांत श्रमिक (%)	8536 (12.69%)
10.	गैर श्रमिक (%)	40140 (59.68%)

स्रोतः प्राथमिक जनगणना सारांश सीडी–2011, जिला नागपुर, राज्य महाराष्ट्र

तालिका

अध्ययन क्षेत्र में ग्रामों की विद्यमान जीवन स्तर गुणवत्ता की तुलनात्मक तालिका (2005– 2015)

क्रमांक	ग्रामों का नाम	क्यूओएल (सी) (2013)	क्यूओएल (सी) (2020)
1	वर्थी	0.53	0.59
2	अंधलगाँव	0.525	0.59
3	कराड़ी	0.535	0.56
4	सिहोरा	0.57	0.58
5	साकोली	0.57	0.61
6	पवनी	0.56	0.58
	कुल	**0.55**	**0.58**

क्यूओएल (एस) = जीवन की व्यक्तिपरक गुणवत्ता

क्यूओएल (ओ) = जीवन का वस्तुपरक गुणवत्ता

क्यूओएल (सी) = जीवन की संचयी गुणवत्ता

3.0 सामाजिक – आर्थिक प्रभाव

बीएचईएल पावर सेक्टर पश्चिमी क्षेत्र द्वारा मेगा सीएसआर परियोजना का कार्यान्वयन लाभकारी प्रभावों सहित सामाजिक–आर्थिक वातावरण पर निश्चित प्रभाव उत्पन्न करेगा। इनमें से कुछ प्रभाव अल्पकालिक प्रभावों सहित निकटस्थ क्षेत्र में अधिक लाभदायक होंगे जबकि अन्य दीर्घकालिक प्रकृति या उच्च लाभ वाले होंगे।

बीएचईएल पावर सेक्टर पश्चिमी क्षेत्र द्वारा मानव हित मानकों पर इस मेगा सीएसआर परियोजना के प्रभावों का आकलन इस प्रकार किया गया है:

अन्य सहायता सुविधाओं के सापेक्ष परिवहन और संचार सुविधा में वृद्धि के कारण प्रभाव

लाभकारी प्रभाव

मेगा सीएसआर परियोजना गतिविधियों से लाभकारी समर्थन के रूप में चिहनित प्रभाव इस प्रकार हैं:

- परिवहन सुविधा में वृद्धि के कारण स्थानीय लोगों के साथ–साथ आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे
- जनसंख्या में अन्तर्वाह के कारण, स्थानीय लोगों के लिए व्यापार, व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे, जिससे अध्ययन क्षेत्र के आसपास के लोगों की आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी।
- अध्ययन क्षेत्र में शहरीकरण की दिशा में विकास के साथ–साथ के कामकाजी लोगों की संख्या में अन्तर्वाह से विद्यमान आधारभूत सुविधाओं में अनुकूल बदलाव आएंगे, जिससे अध्ययन क्षेत्र के जीवन स्तर की गुणवत्ता में और सुधार होगा।
- शहरीकरण के कारण क्षेत्र और व्यवसाय के अवसरों का समग्र विकास होगा , जिससे अध्ययन क्षेत्र के जीवन स्तर की गुणवत्ता में संवर्धन होगा।

अनुलग्नक–ग

वित्तीय वर्ष के दौरान प्रगतिशील परियोजनाओं के लिए व्यय की गई सीएसआर राशि का विवरण

(₹लाख में)

क्र.	परियोजना का नाम	अनुसूची VII से मद संख्या	स्थानीय क्षेत्र (हां/नहीं)	परियोजना का स्थान	आवंटित राशि	वित्त वर्ष 2020–21 में खर्च की गई राशि	शेष (अव्ययित) सीएसआर खाते में हस्तांतरित राशि।	कार्यान्वयन प्रत्यक्ष मोड (हां/नहीं)	क्रियान्वयन एजेंसी	
				राज्य, जिला					नाम	सीएसआर पंजीकरण संख्या
										(₹लाख में)
1	पेयजल की सुविधा के साथ सामुदायिक जैव शौचालय क्लस्टर	स्वच्छ भारत	हाँ	उत्तराखंड, हरिद्वार	565.00	37.08	95.51	नहीं	एफआईसीसीआई	लागू नहीं
2	क्लेफ्ट रोगियों की क्लेफ्ट सर्जरी	स्वस्थ भारत	हाँ	उत्तराखंड, हरिद्वार	56.00	11.20	44.80	नहीं	मिशन मुस्कान	लागू नहीं
3	ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकेयर यूनिट का परिचालन	स्वस्थ भारत	हाँ	महाराष्ट्र, रायगढ़	33.00	28.02	4.98	नहीं	वॉकहार्ट फाउंडेशन	लगू नहीं
4	मोबाइल मेडिकेयर यूनिट का परिचालन	स्वस्थ भारत	हाँ	महाराष्ट्र, रत्नागिरी	33.00	27.06	5.94	नहीं	वॉकहार्ट फाउंडेशन	लगू नहीं
5	कल्याण ब्लॉक, ठाणे के आशा कार्यकर्ताओं का क्षमता निर्माण	स्वस्थ भारत	हाँ	महाराष्ट्र, ठाणे	18.00	6.00	0.00	नहीं	रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी (आरएमपी)	लगू नहीं
6	सरकारी आईटीआई में बालिका शौचालय का निर्माण	स्वच्छ भारत	हाँ	तमिलनाडु, वेल्लोर	10.00	6.09	3.91	हाँ	बीएचईएल	लगू नहीं
7	कोविड 19 के खिलाफ लड़ने के लिए 04 नग इलेट्रोस्टेटिक कीटाणुशोधन मशीन	स्वस्थ भारत	हाँ	उत्तराखंड (हरिद्वार), दिल्ली/एनसीआर	10.00	8.00	2.00	हाँ	बीएचईएल	लगू नहीं
8	कोविड राहत – राउरकेला साइट के पास मजदूरों को पोषण किट वितरित	स्वस्थ भारत	हाँ	ओडिशा, संबलपुर	9.93	9.55	0.39	हाँ	बीएचईएल	लगू नहीं
9	कोविड राहत –उत्तर करनपुरा साइट के पास ग्रामीणों को पोषाहार किट का वितरण	स्वस्थ भारत	हाँ	झारखंड, चतरा	9.80	9.28	0.52	हाँ	बीएचईएल	लगू नहीं
5. बीएचईएल में सहभागी प्रबंधन के सिद्धांत के आधार पर कार्यकारी प्रतिनिधियों के साथ श्रमिकों और कंपनी के हित संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए शीर्ष स्तर के द्विपक्षीय निकाय अर्थात बीएचईएल की संयुक्त समिति में प्रतिनिधित्व करने वाली कुल उनतीस (29) ट्रेड यूनियन हैं। उपरोक्त के अलावा बीएचईएल में अधिकारियों और पर्यवेक्षकों हेतु एक–एक यानी कुल दो कर्मचारी संघ हैं।
6. कर्मचारियों की सभी तीन श्रेणियां जैसे– अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और श्रमिकों का प्रतिनिधित्व उनकी संबंधित एसोसिएशन/ ट्रेड यूनियनों द्वारा किया जाता है। हालांकि कार्यपालक/ पर्यवेक्षक संघों और श्रमिक संघों की सटीक सदस्यता का पता लगाने के लिए कोई चेक–ऑफ सुविधा नहीं है, इसलिए कर्मचारियों के तीन वर्गों के संबंध में निश्चित संख्या उपलब्ध नहीं है।
7. वर्ष 2020–21में कंपनी को यौन उत्पीड़न की कुल एक शिकायत मिली, एवं एक शिकायत वर्ष के अंत में लंबित थी। इसके अलावा बालश्रम/ मजबूर श्रम/ अनैच्छिक श्रम/ भेद–भावपूर्ण रोजगार की कोई शिकायत नहीं मिली है।
8. वर्ष 2020–21 के दौरान प्रति कर्मचारी प्रशिक्षण मानव–दिवस की कुल संख्या 4.54 है। कंपनी अपने कर्मचारियों को तकनीकी और व्यवहार कौशल में प्रशिक्षण प्रदान करती है। स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण (एचएसई) पहलू पर प्रशिक्षण हमारे प्रस्तावना प्रशिक्षण कार्यक्रम के आवश्यक तत्वों में से एक है। इसके अतिरिक्त आंतरिक और बाहरी संकाय दोनों सदस्यों द्वारा एचएसई पर कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए बीएचईएल की सभी विनिर्माण इकाइयों और परियोजना साइटों पर नियमित रूप से भिन्न–भिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। ठेकेदारों के साथ कार्य/ कार्य अनुबंध के माध्यम से आने वाले आकस्मिक/ अस्थायी/ संविदाकर्मियों को सुरक्षा पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। उन कर्मचारियों का प्रतिशत जिन्हें 2020–21 में सुरक्षा और कौशल (तकनीकी और व्यवहार दोनों) उन्नयन प्रशिक्षण दिया गया थाः

   क) स्थायी कर्मचारी 43%

   ख) स्थायी महिला कर्मचारी 56%

कोविड प्रतिक्रिया

बीएचईएल ने कई मोर्चों पर कोविड संकट के विरुद्ध एक त्वरित एवं व्यापक प्रतिक्रिया शुरू की, जिसमें सरकारी दिशानिर्देशों का सख्त कार्यान्वयन, अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ–साथ बड़े पैमाने पर समाज को सहयोग एवं सुविधा प्रदान करना शामिल है। विनिर्माण इकाइयां और परियोजना स्थल में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ काम किया। इसके सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा, संरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए गए।

कोविड –19 महामारी की दूसरी लहर से राष्ट्र पर एक अभूतपूर्व संकट होने पर, बीएचईएल ने चिकित्सा ऑक्सीजन की आपूर्ति करने और देश को गंभीर स्थिति से निपटने में सक्षम बनाने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया। इस संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट के पृष्ठ संख्या 31 पर अधिक विवरण प्रदान किया गया है।

सिद्धांत 4: हितधारकों की वचनबद्धता

बीएचईएल ने अपने पणधारियों के अंतर्गत "ग्राहक", "कर्मचारी", "शेयरधारक", "वेंडर" एवं सोसाइटी को शामिल किया है। पणधारियों के हितों एवं उनकी कंपनी से आकांक्षाओं की सुनिश्चितता हेतु प्रक्रियाएं स्थापित हैं। हितधारकों की सहभागिता द्वारा तथा कार्यक्रमों एवं क्रियान्वयन योजनाओं को स्पष्ट एवं मापनीय लक्ष्यों को बताते हुए प्रमुख समस्याओं की पहचान की जाती है। क्षमता वृद्धि हेतु बीएचईएल इकाइयां नियमित रूप से वेंडर मीट विशेषतः एमएसई (स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं को शामिल करते हुए) का आयोजन करती हैं जो खुला संवाद/ वार्ता के साथ–साथ सहयोग और परस्पर लाभप्रदता प्रदान करती है। ग्राहक "कस्टमर बैठक" जैसे कार्यक्रमों से कंपनी से जुड़े रहते हैं। निवेशक समुदाय सम्मेलनों/ बैठकों के माध्यम से जुड़े रहते हैं तथा उन्हें इन बैठकों में उनके निवेश संबंधी जानकारी प्रदान की जाती है।

बीएचईएल ने बीएचईएल विनिर्माण इकाइयों/ क्षेत्रों/ प्रभागों/ साइटों/ कार्यालयों के आसपास के वंचित, कमजोर, गरीब, जरूरतमन्द और हाशिए वाले हितधारकों की पहचान की है और उनकी चिंताओं को बीएचईएल की सीएसआर नीति जो कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 और अनुसूची VII के अनुपालन में है तथा सीपीएसई के लिए सीएसआर और स्थायित्व पर डीपीई दिशा निर्देशों के साथ–साथ नियम भी बनाए गए हैं।

https://www.bhel.com/sites/default/files/BHEL_CSR_Policy_July2017.pdf

सिद्धांत 5: मानवाधिकार

भारत का संविधान और विभिन्न लागू क़ानूनों के परिपेक्ष्य में बीएचईएल नीतियाँ मानवाधिकारों के सिद्धांतों के अनुरूप है। बीएचईएल में कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीएचईएल के पास विशेष प्रावधान है। मानवाधिकारों के दुरुपयोग के संदर्भ में, कंपनी में इस तरह की कोई घटना सामने नहीं आई है।

बीएचईएल ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क (जीसीएनआई) भारत का संस्थापक सदस्य है और इसकी पहलों में सक्रिय भागीदार है। वर्ष 2001 से कंपनी वार्षिक आधार पर प्रगति संबंधी जानकारी (सीओपी) जिसमें यूएनजीसी से सिद्धांतों पर कायम रखने में बीएचईएल की प्रतिबद्धता भी शामिल है, के माध्यम से यूएनजीसी के दस सिद्धांतों पर अपने निष्पादन रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। इस सीओपी पर https://www.bhel.com/sites/default/files/HSEPOLICY.pdf के माध्यम से पहुंचा जा सकता है।

सिद्धांत 6: पर्यावरण

बीएचईएल में पूर्णतया स्थापित पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) आईएसओ 14001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के मानकों की आवश्यकता के अनुरूप है, जिसके आधार पर सभी विनिर्माण इकाइयों और क्षेत्रों ने अपने एचएसई प्रणाली को विकसित किया है। ईएमएस व्यवस्थित ढंग से पर्यावरण से संबधित जोखिमों को सक्रिय रूप से पहचानने और प्रतिबंध करने के लिए एक उत्कृष्ट ढांचा प्रदान करता है। सभी बीएचईएल इकाइयों के साथ–साथ पावर सेक्टर क्षेत्रों में एचएसई प्रकोष्ठ रणनीतिक मार्गदर्शन करने के लिए शीर्ष स्तर पर कॉर्पोरेट एचएसई विभाग द्वारा समर्थित एचएसई नीति के कार्यान्वयन की देख–रेख करती है। ईएमएस के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण निकाय द्वारा आवधिक लेखापरीक्षा की जाती है और आईएसओ 14001 की आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है। कंपनी की एचएसई नीति इंटरनेट पर उपलब्ध है और इस पर वेबलिंक के माध्यम से पहुंचा जा सकता है: https://www.bhel.com/sites/default/files/HSEPOLICY.pdf

एक जिम्मेदार वैश्विक नागरिक के रूप में संगठन ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन के सह–संबंध को स्वीकार करता है। इस वैश्विक चुनौती को हल करने के लिए बीएचईएल अपने उत्पादों और सेवाओं में कार्बन उत्सर्जन को कम करने का प्रयास कर रहा है जिससे ग्राहकों को संयंत्र के जीवन चक्र में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना स्थायी तरीके से विद्युत उत्पन्न करने में सक्षम बनाया जा सकता है। अपने आंतरिक परिचालनों में भी संगठन, ऊर्जा दक्षता और अक्षय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा दे रहा है। कंपनी ने बीएचईएल के विभिन्न स्थानों पर कुल 28 डॅच के सोलर फोटोवोल्विक (एसपीवी) सयंत्र स्थापित किए हैं जिससे कंपनी को अपने ऊर्जा मिश्रण को अधिक टिकाऊ बनाने में मदद मिली है। अक्षय ऊर्जा उत्पादन स्रोतों की हमारी सूची में किलोवाट स्केल रूफटॉप और ग्राउंड आधारित एसपीवी प्रणाली, सौर जल हीटर, सौर स्ट्रीट लाइटिंग आदि शामिल हैं। इस तरह की पहल के परिणामस्वरूप, बीएचईएल ने विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा आधारित प्रणालियों के माध्यम से वर्ष 2020–21 के दौरान 26,118 मी.टन CO_2-e का कम उत्सर्जन किया। विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से उत्पन्न कुल ऊर्जा वर्ष 2020–21 के दौरान 27.2 मिलियन यूनिट रही। कंपनी ने जल व ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण, अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधन संरक्षण इत्यादि से संबंधित कई परियोजनाएं भी शुरू की हैं।

भारत में पहले से ही सुपरक्रिटिकल तकनीक पेश करने के बाद, कंपनी अपने परिचालन जीवन चक्र के दौरान बीएचईएल निर्मित उत्पादों के कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में आगे भी काम कर रही है। स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत बीएचईएल आईजीसीएआर और एनटीपीसी के सहयोग से स्वच्छ उन्नत अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी विकसित कर रहा है। तकनीक सब–क्रिटिकल के 38% और सुपरक्रिटिकल सेट के 41–42% की दक्षता के मुकाबले 45–46% की लक्षित दक्षता प्राप्त करेगी। नतीजतन, सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की तुलना में कोयले की खपत और CO_2 उत्सर्जन में लगभग 11% और विद्युत उत्पादन की एक यूनिट के लिए सब क्रिटिकल पावर प्लांट की तुलना में लगभग 20% की कमी आएगी।

बीएचईएल पहले से ही निर्धारित उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने के लिए आवश्यक समाधान प्रस्तुत कर रहा है जो उत्पादन यूटिलिटी के लिए जरूरी है। कंपनी बॉयलर डिजाइन में संशोधन, एसओएक्स उत्सर्जन में कमी के लिए एफजीडी सिस्टम की स्थापना और ईएसपी के कण संग्रह दक्षता में सुधार जैसे कार्य कर रही है। बीएचईएल ने अपने समर्पित आरएंडडी प्रयासों के माध्यम से स्वदेशी रूप से खास उच्च राख कोयला संचालित भारतीय थर्मल पावर प्लांटों के लिए एससीआर तकनीक को विकसित किया है जिसको एनटीपीसी सिम्हाद्रि में प्रदर्शित किया गया है। बीएचईएल ने एससीआर उत्प्रेरक के डिजाइन एवं निर्माण के लिए नैनो कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य और बाबॅक पॉवर एनवायर्नमेंटल इंक तथा कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों में एससीआर प्रणाली के डी–एनओएक्स कार्य को पूर्ण करने के लिए अमेरिका के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग समझौता (टीसीए) किया है।

बीएचईएल उच्च राख वाले भारतीय कोयले को मेथनॉल में बदलने के लिए प्रौद्योगिकी के विकास पर काम कर रहा है। इस तकनीक के सफल कार्यान्वयन से पेट्रोल के साथ मिश्रित करने के लिए औद्योगिक पैमाने पर मेथनॉल पैदा करने में मदद मिलेगी जो देश के बढ़ते कच्चे तेल आयात बिल पर काफी हद तक अंकुश लगा सकता है और भारत की ऊर्जा सुरक्षा

में सुधार कर सकती है।

बीएचईएल ने घरेलू स्तर पर बड़े पैमाने पर निष्क्रिय एमिटर रियर कांटैक्ट (पीईआरसी) प्रौद्योगिकी का उपयोग करके उच्च दक्षता वाले सौर सेलों का विकास किया है। इष्टतम प्रक्रियाओं का उपयोग करके पीईआरसी सौर सेलों में प्राप्त अधिकतम दक्षता 21.7% है जबकि प्राप्त औसत दक्षता 21.08% है। इस विकास के साथ, बीएचईएल को पीईआरसी प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया डिजाइन का ज्ञान है। समर्पित आर एंड डी सुविधा ने गैर–पीईआरसी विनिर्माण प्रौद्योगिकी प्रक्रियाओं से पीईआरसी प्रौद्योगिकी में प्रवासन का समर्थन करने की क्षमता विकसित की है।

शहरी परिवहन क्षेत्र में, परिवहन के भविष्य के साधन के रूप में इलेक्ट्रिक वाहन परिवहन की ओर आगे अग्रसर होने के लिए, बीएचईएल पहले से ही ई–बस, स्थायी चुंबक मोटर्स, इंडक्शन मोटर्स, ई–बसों के लिए आईजीबीटी नियंत्रक, ई–मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन विकसित कर रहा है।

हमारे परिसरों से सभी उत्सर्जन और निकासी संबंधित एसपीसीबी द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर बनाए रखा जाता है। एमपीपीसीबी से प्राप्त एक नोटिस का समाधान लंबित है जिसके लिए पहले से ही कार्य प्रगति पर है।

सिद्धांत 7: नीति समर्थन (पॉलिसी अडवोकेसी)

बीएचईएल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ (फिक्की), एसोसिएटेड चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम), इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) और सार्वजनिक उपक्रम (स्कोप) का स्थायी सदस्य होने के साथ ही अनेक उद्योग और व्यापार निकायों का सदस्य है। कंपनी विश्व ऊर्जा परिषद (डबल्यूईसी) की भी सदस्य है जो ऊर्जा सुरक्षा, ऊर्जा इक्विटी और पर्यावरणीय स्थिरता पहलुओं को संतुलित करने वाली नीतियों को बढ़ावा देने में सक्षम है। बीएचईएल, नीति से संबंधित मामलों में अपने विचारों और राय को सामने रखने के लिए ऐसे निकायों (जैसे–सेमिनारों और बैठकों में भागीदारी, कार्य समूहों में भागीदारी आदि) के साथ बातचीत के विभिन्न तंत्रों का उपयोग करता है

कंपनी के हितों को सरकारी प्रश्नों के जवाब, जानकारी साझा करने, सर्वेक्षणों के उत्तर, उद्योग की जरूरतों पर प्रतिक्रिया जैसी सरकारी नीतियों का गठन, वित्तीय बजट के क्षेत्र में सरकारी नीतियों का निर्माण, विदेशी व्यापार, कंपनी कानून, औद्योगिक नीति, पूंजीगत वस्तु नीति, निर्यात संवर्धन इत्यादि की प्रविष्टि के माध्यम से दर्शाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सहयोग को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए कंपनी के विचार विभिन्न अंतर–सरकारी मंचों जैसे संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग (जेएमसी), संयुक्त संचालन समिति (जेएससी), संयुक्त कार्य समूह (जेडबल्यूजी), संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी), संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति (जेसीओसीओ), संयुक्त आयोग आर्थिक निगम (जेसीईसी), वर्किंग ग्रुप ऑन ट्रेड (डबल्यूजीटी), आदि में प्रस्तुत किए जाते हैं। कंपनी डीएचआई, डीपीई, डीआईपीपी, नीति आयोग जैसे सरकारी निकायों के साथ भी विचारों का आदान–प्रदान करती है और राष्ट्रीय विद्युत नीति, रोजगार उत्पादन, विकास और कौशल विकास की चुनौतियाँ, भारत में मेक इन हाउस आर–डी, मानव संसाधन प्रबंधन, सीपीएसई के विकास के लिए रोड मैप आदि जैसे नीतियों के निर्माण में भी भाग लेती है।

कंपनी ने देश में प्रौद्योगिकी के आधार को मजबूत करने वाली कौशल विकास, भारतीय विद्युत क्षेत्र के विकास, पूंजीगत वस्तु क्षेत्र के विकास और भारतीय विनिर्माण उद्योग, निर्यात, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विकास आदि नीतियों के विकास में सुशासन के माध्यम से विकसित करने के लिए सक्रिय रूप से योगदान दिया है।

सिद्धांत 8: समावेशी विकास

बीएचईएल के पास अच्छी संरचित संगठनात्मक सेट–अप, नीति और प्रक्रियाएं हैं जिनके माध्यम से विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों को लागू किया जाता है। सीएसआर नीति ने कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–VII से कई गतिविधियों की प्रमुख क्षेत्रों के रूप में पहचान की है। इन गतिविधियों को सात शीर्षकों जैसे स्वच्छ भारत, हरित भारत, स्वस्थ भारत, विरासत भारत, समावेशी भारत, शिक्षित भारत और जिम्मेदार भारत के शीर्षकों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। नीति वेबसाइट लिंक **https://www.bhel.com/sites/default/files/BHEL_CSR_Policy_July2017.pdf** पर उपलब्ध है और जो कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 की आवश्यकताओं के अनुरूप है।

नीति को यूनिट स्तरीय सीएसआर कमेटी के साथ कॉर्पोरेट स्तर (निदेशक मंडल, सीएसआर पर निदेशक मंडल स्तरीय समिति और लेवल–1 समिति) पर तीन स्तरीय सरंचना के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। कंपनी देश भर में कई सामाजिक पहल की सहायता करती है जो सीएसआर नीति के अनुरूप विशिष्ट एजेंसियों जैसे एनजीओ, सरकारी एजेंसियों के माध्यम से समाज के गरीब, जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की मदद की जाती है। बीएचईएल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ भारत, पर्यावरण संरक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास कार्यक्रम, बुनियादी ढांचा विकास और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के क्षेत्र में कई सीएसआर पहल की हैं, जिन्होंने अंततः समाज के समग्र कल्याण और समावेशी विकास में योगदान दिया है। समाज को अधिक से अधिक लाभ प्रदान करने और शुरू की गई पहलों की सुनिश्चितता के उद्देश्य से सीएसआर परियोजनाओं की निगरानी और पर्यवेक्षण किया जाता है।

वर्ष 2020–21के दौरान, सीएसआर गतिविधियों को वार्षिक रिपोर्ट के अनुलग्नक IV में संलग्न किया गया है। इसके अलावा परियोजना का विवरण लिंक **https://www.bhel.com/our-projects** पर देखा जा सकता है

सीएसआर के माध्यम से समावेश विकास के अलावा, कंपनी सरकार द्वारा अनिवार्य रूप से अल्पसंख्यकों और महिलाओं के प्रतिनिधित्व के साथ–साथ समाज के सामाजिक–आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों के प्रतिनिधित्व के लिए भर्ती और पदोन्नति में सकारात्मक कार्यवाही करती है। कंपनी सभी को समान अवसर प्रदान करने वाली नियोक्ता है जो भर्ती एवं रोजगार के संबंध में लिंग जाति, धर्म, भाषाई, क्षेत्र इत्यादि के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करती है।

सिद्धांत 9: ग्राहक मूल्य

ग्राहक मूल्य बीएचईएल की संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है जो हमारे विज़न, मिशन और मूल्य में भी दिखाई देता है। बीएचईएल लगातार उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों के लिए महत्व बनाने की दिशा में काम कर रहा है। लागू कानून की अनिवार्य आवश्यकता के अलावा, कंपनी अपनी आवश्यकताओं और अनुबंधों की शर्तें के अनुसार ग्राहकों को विस्तृत उत्पाद लेबल/ नाम प्लेट एवं परीक्षण प्रमाण–पत्र प्रदान करती है।

बीएचईएल के विविध और बड़े पैमाने पर परिचालन की प्रकृति को देखते हुए, ग्राहक शिकायतों को पंजीकृत और कई तरीकों से हल किया जाता है। दो केंद्रीकृत ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जैसे कस्टमर केयर मैनेजमेंट सिस्टम (सीसीएमएस) और साइट एक्शन रिक्वेस्ट (एसएआर)/ कमीशनिंग एक्शन रिक्वेस्ट (सीएआर) समाधान प्रणाली चालू हैं। वर्ष 2019–20 में ग्राहक द्वारा रिपोर्ट किए गए मुख्य गुणवत्ता वाले मुद्दों को मूल कारण विश्लेषण (आरसीए) के लिए लिया गया था जिसमें अट्ठाईस मामलों का समाधान किया गया। शिकायतों के अलावा, ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण, ग्राहकों की बैठक और आमने–सामने बातचीत एवं प्रशंसा पत्रों के माध्यम से ग्राहक प्रतिक्रिया नियमित रूप से ली जाती है।

पिछले पाँच वर्षो: के दौरान अनुचित व्यापार प्रथाओं, गैर–जिम्मेदार विज्ञापन और/या विरोधी प्रतिस्पर्धा व्यवहार के संबंध में कंपनी के खिलाफ किसी भी हितधारक द्वारा कोई मामला दायर नहीं किया गया है और न ही वित्तीय वर्ष के अंत दिनांक 31 मार्च 2021 तक लंबित है।

सौर ऊर्जा की उपयोगिता

बीएचईएल भारत की उन कुछ कंपनियों में से एक है जो घरेलू स्तर पर सौर ऊर्जा से संबन्धित सभी आवश्यकताओं के लिए एंड–टू–एंड समाधान प्रदान करती है।

बीएचईएल का सौर पोर्टफोलियो 1200 मेगावाट से अधिक है, जिसके अंतर्गत देश भर में ग्राउंड माउंटेड, रूफ टॉप, कैनाल टॉप सोलर पीवी प्लांट और फ्लोटिंग सोलर पीवी प्लांट कमीशन किए जाते हैं। पीवी सेगमेंट में अग्रणी ईपीसी कंपनी है। वर्तमान में 100 मेगावाट एनटीपीसी रामागुंडम, 25 मेगावाट एनटीपीसी सिम्हाद्री, और 22 मेगावाट एनटीपीसी कायमकुलम सहित कई फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र बड़े पैमाने पर एक साथ निष्पादित किए जा रहे हैं

बीएचईएल फ्लोटिंग सोलर पीवी क्षेत्र में देश का अग्रणी ईपीसी प्रदाता है। इस समय 100 मेगावाट एनटीपीसी रामागुंडम, 25 मेगावाट एनटीपीसी सिम्हाद्री और 22 मेगावाट एनटीपीसी कायमकुलम सहित बड़े पैमाने के कुछ फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट्स का निष्पादन साथ–साथ हो रहा है।

बीएचईएल ने वर्ष के दौरान सिम्हाद्री में 5 मेगावाट फ्लोटिंग एसपीवी प्लांट कमीशन करने के अलावा सागरदिग्घी में भी 5 मेगावाट फ्लोटिंग एसपीवी प्लांट कमीशन किया, जो कि भारत में अपने प्रकार का एक सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट है। अपनी प्रौद्योगिक क्षमता को सुदृढ़ बनाते हुए बीएचईएल ने अधिकतम दक्षता 21.7% और औसत दक्षता 21.08% के साथ उच्च दक्षता C&Si सोलर सेल्स के लिए घरेलू स्तर पर पैसिवेटिड एमीटर एंड रीयर सेल (पीईआरसी) प्रौद्योगिकी का विकास किया।

अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी उपलब्धियां

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक–VI

अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी उपलब्धियां

6.1 नवाचार

बीएचईएल आरएंडडी और नवाचार पर पिछले कई वर्षों से अपने राजस्व के 2.5% से अधिक के लगातार व्यय से सबसे अधिक खर्च करने वालों में से एक संगठन है। परिणामस्वरूप, बीएचईएल के उत्पाद नवीनतम तकनीकों के अनुरूप हैं और लगातार उच्च विश्वसनीयता, दक्षता और लागत–प्रतिस्पर्धा दिखाते हैं। हालाँकि, हाल के दिनों में तकनीकी परिदृश्य में तेजी से बदलाव देखा गया है, जिसका मौजूदा व्यवसायों पर दूरगामी प्रभाव पड़ा है और साथ ही कई नए अज्ञात अवसर भी उत्पन्न हुए हैं। कंपनी के नवाचार इकोसिस्टम को पिछले एक वर्ष में नया रूप दिया गया है, जिसमें नए उत्पादों और सेवाओं को कम अवधि में बाजार की आवश्यकताओं के साथ–साथ एक कार्बन मुक्त अर्थव्यवस्था के लिए भारत सरकार की नीति के अनुरूप उभरते और भविष्य के क्षेत्रों में काम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कंपनी का लक्ष्य इन–हाउस विकास के विवेकपूर्ण मिश्रण के साथ–साथ प्रौद्योगिकी में नेतृत्व/ वैश्विक ओईएम के साथ–साथ शिक्षाविदों का सहयोग प्राप्त करना है।

बीएचईएल का इंजीनियरिंग और अनुसंधान एवं विकास आधार अब नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे परिवहन, रक्षा और एयरोस्पेस, उद्योग 4.0, ईवी और चार्जर आदि जैसे क्षेत्रों में नए उत्पादों के आंतरिक विकास पर केंद्रित है। कल की प्रौद्योगिकियों में देश के प्रौद्योगिकी नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान एवं विकास महत्वाकांक्षी भविष्य की प्रौद्योगिकियों के विकास जैसे हाइड्रोजन, स्वच्छ कोयला, आदि पर काम कर रहा है।

अनुसंधान एवं विकास रणनीति में अपने कार्यबल के बौद्धिक विकास के लिए अपने नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान और सूचना का निरंतर सुदृढ़ीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है।

6.2 अनुसंधान एवं विकास रणनीति

बीएचईएल की पांच–आयामी अनुसंधान एवं विकास रणनीति में रणनीतिक दिशा, पोर्टफोलियो प्रबंधन, साझेदारी और गठबंधन, ज्ञान प्रबंधन और उसकी विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्थकर्ता शामिल हैं।

एयूएससी मिशन परियोजना के लिए उन्नत सामग्री के परीक्षण हेतु स्थापित युनिक हाइ टेम्परेचर स्पिन टेस्ट रिग (एचटीएसटीआर)

6.3 अनुसंधान एवं विकास संरचना

कंपनी की आरएंडडी संरचना का नेतृत्व निदेशक (ई, आरएंडडी) करते हैं, जिन्हें शीर्ष स्तर पर कॉर्पोरेट प्रौद्योगिकी प्रबंधन (सीटीएम) और कॉर्पोरेट आरएंडडी का सहयोग प्राप्त है। सीटीएम को कंपनी की समग्र अनु. एंव वि. रणनीति निर्धारित करने के लिए अधिकार दिया गया है ताकि बाजार की मांगों के अनुरूप इंजीनियरिंग और उत्पाद विकास के लिए अपनी इंजीनियरिंग और अनु. एंव वि. क्षमताओं को बढ़ाया जा सके, जबकि हैदराबाद में स्थित कॉर्पोरेट अनु. एंव वि. डिवीजन आंतरिक प्रौद्योगिकी विकास की दिशा में काम करता है। कॉर्पोरेट स्तर पर अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को विनिर्माण इकाइयों में विभिन्न अनुसंधान एवं उत्पाद विकास (आरपीडी) समूहों द्वारा पूरा किया जाता है। इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं के लिए, नवोन्मेष का ध्यान डिजाइन अनुकूलन और चक्र समय को कम करने पर है।

इन समूहों को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बेंचमार्क अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास बुनियादी संरचना से सहयोग प्राप्त है। आर एंड डी के बुनियादी ढांचे में कॉर्पोरेट आर एंड डी प्रभाग और विनिर्माण इकाइयों, उत्कृष्टता केंद्रों और विशेष अनुसंधान संस्थानों आदि में प्रयोगशालाएं शामिल हैं।



बीएचईएल के 14 उत्कृष्टता केंद्रों में कॉर्पोरेट आर एंड डी हैदराबाद (जैसे इंटेलिजेंट मशीन और रोबोटिक्स, मशीन डायनेमिक्स, यूएचवी प्रयोगशाला, कम्प्यूटेशनल फ्लूड डायनेमिक्स, स्थायी मैगनेट मशीन इत्यादि), एचपीबीपी तिरुच्चिरापल्ली (जैसे– कोयला अनुसंधान केंद्र) और ईडीएन बेंगलुरु (जैसे पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, आईजीबीटी और कंट्रोलर टेक्नोलॉजी) में प्रतिष्ठान शामिल हैं।

बीएचईएल में 5 विशिष्ट अनुसंधान संस्थान और हैं, अर्थात् प्रदूषण नियंत्रण और अनुसंधान संस्थान (पीसीआरआई), हरिद्वार, वेल्डिंग अनुसंधान संस्थान (डब्ल्यूआरआई), तिरुच्चि, सिरेमिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीटीआई), बेंगलुरु, इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन केंद्र (सीईटी), भोपाल और अमोर्फस सिलिकॉन सोलर सेल प्लांट (एएसएससीपी), गुरुग्राम।

उद्योग– शैक्षणिक सहयोग उत्पाद के साथ–साथ प्रक्रिया में सुधार के लिए नवाचार के अनुप्रयोग की सफलता का एक प्रमुख निर्धारक है। बीएचईएल ने फोकस क्षेत्रों में अनुप्रयुक्त अनुसंधान के लिए आईआईटी, एनआईटी, सीएसआईआर, एआरएआई, आदि सहित देश के अग्रणी शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के साथ साझेदारी की है।

उन क्षेत्रों में जहां इन–हाउस नवाचार प्रयासों को बाजार की आवश्यकताओं के कारण स्थापित संस्थानों के प्रौद्योगिकी सहयोग के साथ जोड़ने की आवश्यकता है, बीएचईएल वैश्विक इंजीनियरिंग और विनिर्माण अग्रणी संस्थान के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते करता है। भारतीय बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऐसी तकनीक के तेजी से समावेश और स्वदेशीकरण की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

वर्तमान में सक्रिय प्रौद्योगिकी सहयोग करार

भारतीय संस्थानों के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग

क्र.सं.	सहयोगी का नाम	उत्पाद
1.	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भारत	स्पेस ग्रेड लिथियम आयन सेल
2.	सीएसआईआर– आईआईपी देहरादून	पीवीएसए आधारित ऑक्सीज़न प्लांट

विदेशी कंपनियों के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग

क्र.सं.	सहयोगी का नाम	उत्पाद
1.	मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जापान	पंप
2.	सीमेंस एजी, जर्मनी	स्टीम टर्बाइन, जेनरेटर एवं लेटरल/ एक्सियल कंडेंसर
3.	मित्सुबिशी पावर लिमिटेड, जापान	फ्लू गैस डेसुलफुरिजेशन
4.	ओटो मेलारा, इटली** (**अब लियोनार्डो एसपीए इटली)	76/62 सुपर रैपिड गन माउंट
5.	वोग पावर इंटरनेशनल इंक, यूएसए	हीट रिकवरी स्टीम जेनरेटर्स
6.	कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जापान	मेट्रो के लिए स्टेनलेस स्टील कोचों और बोगियां
7.	एचएलबी पावर कंपनी लिमिटेड, कोरिया	गेट्स और डेम्पर्स
8.	नानो कंपनी लिमिटेड, कोरिया	डी–नॉक्स अनुप्रयोग के लिए एससीआर कटालिस्ट
9.	बैबॉक पॉवर एनवायरमेंटल इंक, यूएसए	डी–नॉक्स अनुप्रयोग के लिए एससीआर सिस्टम
10.	जनरल इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी जीएमबीएच, स्विट्जरलैंड	परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए 700 मेगावाट स्टीम टरबाइन
11.	वालमेट ऑटोमेशन ओय, फ़िनलेंड	न्यू जनरेशन सी– आई ऑटोमेशन

इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप, वेल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई), तिरुचि

6.4 वर्ष के दौरान उपलब्धियां

नए और बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के विकास की दिशा में कंपनी के प्रतिबद्ध अनुसंधान एवं विकास प्रयासों से निम्नलिखित प्रमुख विकास हुए हैं:

- **उन्नत अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल (एयूएससी) प्रौद्योगिकी का विकास:** जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) के अंतर्गत कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों के लिए (एयूएससी) की पहचान भारत सरकार द्वारा एक मिशन परियोजना के रूप में की गई थी। भारी उद्योग मंत्रालय और भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के तत्वावधान में, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और ~46% की उच्च दक्षता हासिल करने के लिए एयूएससी प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए बीएचईएल, एनटीपीसी और आईजीसीएआर के एक संघ का गठन किया गया था।

  भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) द्वारा संचालित, एयूएससी प्रौद्योगिकी विकास के अनुसंधान एवं विकास (आर–डी) का चरण दिसंबर 2020 में पूरा हो गया है। बीएचईएल अब अगले चरण में एनटीपीसी के सीपत साइट पर 800 मेगावाट प्रौद्योगिकी प्रदर्शन संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है और इसके लिए एनटीपीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस विकास यात्रा में एक प्रमुख मील का पत्थर एचपी एंड आईपी एयूएससी स्टीम टर्बाइन का डिजाइन है, जिसके अंतर्गत बहुत से नये कार्यों को करना जैसे विभिन्न धातुओं की वेल्डिंग, नई सामग्री की मशीनिंग और उन्नत परीक्षण पद्धतियां, जिसमें टर्बाइन रोटर के क्रीप–फेटिग क्षति आकलन के डिजाइन सत्यापन के लिए टेस्ट रिग का निर्माण जो दुनिया में अपनी तरह की पहली सुविधा होगी, वे सभी शामिल है।
- **अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल मापदंडों के लिए एचपी बाईपास वाल्व** के डिजाइन और निर्माण के सफल समापन ने बीएचईएल के पोर्टफोलियो में एक नये उत्पाद को भी जोड़ा है।
- भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा संचालित सीपीएसई कॉन्क्लेव फॉर विजन न्यू इंडिया 2022 की कार्य योजना में पहचाने गए बीएचईएल और पावरग्रिड के बीच एक सहयोगी परियोजना के अंग के रूप में पहले स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित बीएचईएल–निर्मित 420 केवी फाइबर ऑप्टिक करंट ट्रांसफॉर्मर (एफओसीटी), आईईसी 61850 अनुरूप इंटेलिजेंट इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (आईईडी), स्विचगियर कंट्रोलर यूनिट (एससीयू), और बे कंट्रोल यूनिट (बीसीयू) के साथ पावरग्रिड के 400/220 केवी भिवाड़ी सब–स्टेशन पर एक **डिजिटल सबस्टेशन** की सफल कमीशनिंग। यह सब–स्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम के पूर्ण डिजिटलीकरण और इसके स्वदेशीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।
- बीएचईएल ने **22 फीट लंबे कंटेनर का एक प्रोटोटाइप** सफलतापूर्वक डिजाइन और निर्मित किया है। वर्तमान में देश में ऐसे कंटेनर आयात किए जा रहे हैं और अपनी कंपनी ने इन आदेशों को क्रियान्वित करने के लिए विनिर्माण सुविधाएं स्थापित की हैं।
- भारत में पहली बार, **बीएचईएल ने बीना, मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे के लिए रेलवे ट्रैक के आसपास 1.7 मेगावाट के सोलर पीवी प्लांट की सफलतापूर्वक संकल्पना, डिजाइन, कमीशन और सिंक्रनाइज़ेशन** किया है ताकि 25kV ट्रैक्शन लाइन को विद्युत की आपूर्ति की जा सके। इस परियोजना में 850 kW सिंगल फेज पावर कंडीशनिंग यूनिट (पीसीयू), 400/25 kV ड्राई टाइप ट्रांसफार्मर और सौर ऊर्जा संयंत्र के परिचालन के प्रबंधन के लिए पीवी एससीएडीए का विकास भी शामिल है।
- बीएचईएल ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) से वित्त पोषण के साथ उच्च दक्षता वाले c&Si सौर सेल के लिए **स्वदेशी रूप से विकसित पैसिवेटेड एमिटर और रियर सेल (पीईआरसी) तकनीक** विकसित की है। नए पीईआरसी (पीईआरसी) सौर सेल की औसत दक्षता 21.08% और प्राप्त अधिकतम दक्षता 21.7% है। इस उन्नति के साथ, बीएचईएल के पास पीईआरसी प्रौद्योगिकी के उन्नयन में सहायता करने और आगामी प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान करने के लिए तकनीकी और समर्पित सेल स्तर की आर एंड डी सुविधा हासिल हो गई है।
- आगामी 1.5kV सौर पीवी सिस्टम व्यवसाय में जुडने के लिए, **बीएचईएल ने 1500V, 325Wp मल्टी–क्रिस्टलीय सेल पीवी मॉड्यूल के प्रोटोटाइप को विकसित, डिज़ाइन और निर्मित किया है।** प्रकार और सुरक्षा योग्यता परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा करने के साथ ही, बीएचईएल भविष्य के इस सौर व्यवसाय के खंड को हासिल करने के लिए तैयार है।
- **बीएचईएल ने 260 m-kW की विशिष्ट गति के साथ एक फ्रांसिस टर्बाइन मॉडल विकसित किया है।** सम्पूर्ण सीएफडी विश्लेषण के माध्यम से अनुकूलित रनर प्रोफाइल सहित पूर्ण जल मार्ग डिजाइन के साथ हाइड्रोलिक डिजाइन को अंतिम रूप दिया गया। डिज़ाइन किए गए मापदंडों के लिए प्रोटोटाइप मॉडल का सफलतापूर्वक परीक्षण कर

लिया गया है। भविष्य में इस उच्च विशिष्ट गति रेंज के साथ फ्रांसिस टर्बाइन के व्यवसाय के लिए बीएचईएल पूर्णतया तैयार है।

- कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में अपना सहयोग करने के लिए, **बीएचईएल ने भेलमिस्टर नामक एटमाइज्ड लिक्विड सैनिटाइजिंग उपकरण विकसित किया है।** देश के विभिन्न भागों में 150 से अधिक बीएचईएल मिस्टर उपकरणों की आपूर्ति की जा चुकी हैं।
- बीएचईएल ने पहली बार भारत की उच्चतम रेटिंग **500 एमवीए, 400/220/33 केवी, 3–फेज इंटरकनेक्टिंग ट्रांसफार्मर (आईसीटी) का डिजाइन और निर्माण किया है,** जिसका एनएचपीटीएल बीना में सफलतापूर्वक गतिशील शॉर्ट सर्किट परीक्षण किया गया है।
- बीएचईएल ने भारतीय रेल के **9000 एचपी डब्ल्यूएजी9एचएच इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए 3 फेज प्रोपल्सन इलेक्ट्रिक्स स्वदेशी रूप से विकसित और कमीशन किया है,** जिसमें ट्रैक्शन और ओक्जिक्लरी कन्वर्टर, ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर और 3–फेज एसी ट्रैक्शन मोटर शामिल हैं।
- बीएचईएल ने मोजाम्बिक रेलवे में अनुप्रयोगों के लिए **3000 एचपी केप गेज लोकोमोटिव 3–फेज एसी इंडक्शन मोटर्स और ट्रैक्शन अल्टरनेटर को सफलतापूर्वक विकसित और आपूर्ति किया है।** 3–फेज एसी इंडक्शन मोटर्स और ट्रैक्शन अल्टरनेटर के लिए यह अब तक का पहला निर्यात ऑर्डर है।
- बीएचईएल ने भारतीय रेलवे के उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में ओवरहेड ट्रैक्शन लाइनों में 25kV एसी के उपयोग के लिए **1600 मिमी क्रीपेज के साथ समग्र इंसुलेटर** विकसित किया है। आरडीएसओ के नवीनतम विनिर्देशों के अनुसार प्रोटोटाइप ने सभी आवश्यक प्रकार के परीक्षणों को सफलतापूर्वक पास कर लिया है।
- सामरिक अनुप्रयोगों में प्रयुक्त होने वाले आयातित उपकरणों के स्वदेशीकरण के एक भाग के रूप में, बीएचईएल ने **350kW, 104Hz, 520rpm, प्रतिवर्ती, स्थायी चुंबक, सिंक्रोनस रिजर्व प्रणोदन मशीन** विकसित किया है। मशीन ने लगातार परिचालन के 2500 घंटे के स्थायित्व परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।
- बीएचईएल ने एचपी बैक प्रेशर स्टीम टर्बाइन (एचएनजी63/50–3) और एक संयुक्त आईपीएलपी रीहीट कंडेनसिंग टर्बाइन (एचएनके80/5–3) जो फ्लेक्सिबल कपलिंग के माध्यम से जुड़े हैं के लिए एक कॉम्पैक्ट दो सिलेंडर रीहीट स्टीम टर्बाइन मॉड्यूल विकसित किया है। मॉड्यूल चक्रीय ऊष्मा दर में महत्वपूर्ण सुधार करने में सक्षम बनाता है, जिसके परिणामस्वरूप उच्च दक्षता और बेहतर विश्वसनीयता प्राप्त होती है।

6.5 अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी विकास के लिए फोकस क्षेत्र

बीएचईएल निम्नलिखित मौजूदा एवं उभरते हुए क्षेत्रों में अनुसंधान एवं

विद्युत परिवहन केंद्र (सीईटी), बीएचईएल भोपाल

विकास क्षमताओं का विकास एवं सुदृढ़ीकरण कर रहा है:

- इलेक्ट्रिक लोको, मेमू, मेट्रो के लिए कोच निर्माण और हाई स्पीड ट्रेन–सेट के लिए 3 फेज–एसी ड्राइव सिस्टम के क्षेत्रों में रेल परिवहन के लिए संपूर्ण समाधान।
- ताप विद्युत संयंत्रों के लिए उन्नत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल (एयूएससी) प्रौद्योगिकी के साथ प्रौद्योगिकी प्रदर्शन संयंत्र की स्थापना।
- फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) सिस्टम प्रौद्योगिकी का स्वदेशीकरण जिससे देश के आयात बिल को कम करने में भी मदद मिलेगी।
- आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत इस्पात उद्योगों में ब्लास्ट फर्नेस के लिए उच्च क्षमता वाले एक्सियल कम्प्रेसर का स्वदेशीकरण।
- हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था और ईंधन सेल अनुप्रयोगों के लिए उत्पाद और प्रणाली।
- उच्च राख वाले भारतीय कोयले से हरित ईंधन (मेथनॉल, हाइड्रोजन, आदि) प्राप्त करने के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी का विकास।
- डिजिटल सबस्टेशन और उन्नत पावर ट्रांसमिशन जैसे +800kV एचवीडीसी, 765kV, 1200 kV ट्रांसमिशन सिस्टम के लिए उत्पाद और प्रणाली।
- उच्च दक्षता वाले सौर सेल, ग्रिड से जुड़े नवीकरणीय ऊर्जा सौर पीवी अनुप्रयोगों का विकास।
- सामरिक अनुप्रयोगों के लिए उत्पाद और प्रणालियाँ।
- इंटेलिजेंट मशीनों और रोबोटिक्स एवं उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों सहित नई प्रौद्योगिकियों की तैनाती के साथ उद्योग 4.0 का अनुप्रयोग।
- ई–मोबिलिटी इकोसिस्टम जिसमें ई–बस, पावर ट्रेन, चार्जिंग स्टेशन, ऊर्जा संचयन प्रणाली आदि शामिल हैं, के लिए विभिन्न समाधानों को विकसित करना।

कम्प्यूटेशनल फ्लूड डायनेमिक्स (सीएफडी) का उत्कृष्टता केंद्र, कॉर्पोरेट आर एंड डी, हैदराबाद

निदेशक मण्डल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VII

7.1 ऊर्जा संरक्षण

बीएचईएल की व्यावसायिक प्रक्रियाओं में सतत विकास का सिद्धांत निहित हैं। हमारा मिशन वाक्य "ऊर्जा, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में स्थायी व्यावसायिक समाधान प्रदान करना" भी इसका प्रमाण है। यह अपने उत्पादों और सेवाओं को न्यूनतम पर्यावरणीय क्षति के साथ क्रियान्वित करने और अपने हितधारकों को बेहतर लाभ दिलाने के माध्यम से कॉर्पोरेट उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए एक सतत यात्रा है। यह सिद्धान्त हमारी सभी आंतरिक प्रक्रियाओं के लिए भी लागू की जाती है तथा समाज में समावेशी विकास को बढ़ावा देती है।

हमारे सभी परिसरों में ऊर्जा का सतत उपयोग हमारी व्यावसायिक निर्णय प्रक्रिया का एक अनुचित तत्व है। हमारे द्वारा अपनाई गई ऊर्जा संरक्षण/दक्षता परियोजनाओं के परिणामस्वरूप हमारे ऊर्जा खपत में काफी कमी आई है। विस्तृत ऊर्जा लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं शुरू की गई हैं और जिसके उपरांत आईएसओ 50001 प्रमाणीकरण को प्राप्त किया गया है। जिसके द्वारा हमें संभावित सीमा तक ऊर्जा बचत के अवसर प्राप्त होंगे। हमारे संगठन में नियमित रूप से कार्यालयों/स्ट्रीट लाइटिंग में अत्यंत कम ऊर्जा खपत करने वाले प्रकाश उपकरणों के उपयोग के माध्यम से ऊर्जा खपत में कमी कर रहे हैं। वित्त वर्ष 20–21 के दौरान ऊर्जा संरक्षण वाले परियोजनाओं जिसमें पारंपरिक रोशनी को ऊर्जा कुशल एलईडी से बदलना, पुराने एसी को ऊर्जा दक्ष 5–स्टार एसी से बदलना, लगभग 120 किलोवाट रूफ टॉप सोलर आदि लगाना इत्यादि को लागू किया गया है।

हाल के वर्षों में हमारे संगठन में कैप्टिव उपयोग के लिए अक्षय ऊर्जा के उत्पादन में तेजी आई है। सौर ऊर्जा संयंत्रों की 28 मेगावाट की इन–हाउस स्थापित क्षमता में ग्राउंड माउंटेड के साथ–साथ रूफटॉप सोलर सिस्टम शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप डीजी सेटों पर निर्भरता कम हुई है और हमारे परिचालन में स्थायी ऊर्जा मिश्रण प्राप्त हुआ है।

7.2 प्रौद्योगिकी समावेशन और अनुसंधान एवं विकास:

अनुसंधान एवं विकास

1. विशिष्ट क्षेत्र जिनमें कंपनी द्वारा अनुसंधान एवं विकास कार्य किए गए।	}	निदेशक मंडल की रिपोर्ट के अंतर्गत "अंनु.एवं वि. तथा प्रौद्योगिक उपलब्धियां" अनुबंध VI में दिया गया है।
2. उपर्युक्त अनुसंधान एवं विकास के फलस्वरूप प्राप्त लाभ।		
3. ध्यान दिए जाने वाले भावी क्षेत्र।		
4. अनुसंधान एवं विकास पर खर्च		
कुल	..	₹726.49 करोड़
क) आवर्ती	..	₹719.78 करोड़
ख) पूंजी		₹6.71 करोड़
सम्पूर्ण राजस्व में खर्च का प्रतिशत	..	**4.45 %**

7.3 प्रौद्योगिकी समावेशन:

पिछले 5 वर्षों के दौरान आयातित प्रौद्योगिकी का विवरण:

प्रौद्योगिकी	आयातित वर्ष	समावेशन स्थिति
स्टेनलेस स्टील मेट्रो कोच एवं बोगियां	2017	प्रौद्योगिकी समावेशन प्रगति पर है।
गेट एवं डेम्पर	2018	
सिलेक्टिव केटेलिटिक रिडक्शन (एससीआर) केटेलिस्ट	2018	
एस सी आर सिस्टम	2018	
न्यूक्लियर पीएचडबल्यूआर एप्लीकेशन के लिए स्टीम टरबाइन	2018	
स्पेस ग्रेड लिथियम आयन सेल्स	2018	
न्यू जनरेशन सी– आई ऑटोमेशन	2020	

7.4 विदेशी मुद्रा आय और व्यय (रुपए करोड़ में)

विवरण	2020–21	2019–20
उपयोग में लाई गई विदेशी मुद्रा	1598	4031
कमाई गई विदेशी मुद्रा	1743	3880

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के
निदेशक मंडल की ओर से

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 27.08.2021

निदेशक मण्डल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VII A

7क.1 राजभाषा कार्यान्वयन

बीएचईएल की सभी इकाइयों में इकाई/प्रभाग प्रमुख की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। कार्पोरेट कार्यालय सहित सभी इकाइयों/प्रभागों में तिमाही बैठकें आयोजित की गईं। कार्पोरेट कार्यालय सहित सभी इकाइयों/प्रभागों में हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/माह मनाया गया, जिसके दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन आयोजित किए गए। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का हिंदी दिवस संदेश 4 सितंबर, 2020 को ई–मेल के माध्यम से सभी बीएचईएल कर्मचारियों को भेजा गया था। इसके अलावा अखिल भारत (बीएचईएल) स्तर पर वीसी के माध्यम से हिंदी दिवस समारोह का आयोजन डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में किया गया था। इस अवसर पर प्रख्यात कवि विनय विनम्र जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

कार्पोरेट कार्यालय में राजभाषा उल्लास पर्व समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 30 सितंबर 2020 को आयोजित किया गया। डॉ. सुमीत जेरथ, सचिव (राजभाषा), गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सचिव (राजभाषा) ने बीएचईएल में "राजभाषा चक्र" बनाने के अभिनव प्रयास के साथ–साथ कंपनी भर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना की। कंपनी में राजभाषा कार्यान्वयन की गति में तीव्रता लाने के लिए पूरी कंपनी में कुल 30 से अधिक संख्या में राजभाषा चक्रों का गठन किया गया है।

बीएचईएल विभिन्न शहरों में स्थित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (ज्व्स्ह) में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। सभी इकाइयों/प्रभागों के प्रमुख अपने–अपने शहरों में स्थित नराकास के सदस्य हैं। इन समितियों के तत्वावधान में कई रोचक प्रतियोगिताएं, सेमिनार, सम्मेलन और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बीएचईएल टॉलिक प्रतियोगिताओं के साथ–साथ अन्य गतिविधियों के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। हमारे कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और कई पुरस्कार जीते हैं। राजभाषा कार्यान्वयन के लिए बीएचईएल को प्रथम पुरस्कार से और हमारी हिंदी पत्रिका अरुणिमा को नराकास, दिल्ली द्वारा सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हमारी कई इकाइयों को उनके संबंधित नराकास द्वारा भी सम्मानित किया गया है।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित एक प्रतियोगिता में स्मृति आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर कंठस्थ में 5000 से अधिक टीएम (अनुवाद स्मृति (वाक्य)) अपलोड करने की श्रेणी में भी बीएचईएल को स्थान प्राप्त हुआ।

कंपनी भर में कुल 17 हिंदी पत्रिकाएं प्रकाशित की जाती हैं। इन पत्रिकाओं में प्रकाशित उत्कृष्ट लेखों के लिए विभिन्न इकाइयों/प्रभागों के 27 कर्मचारियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए कंपनी की 14 इकाइयों/प्रभागों को राजभाषा शील्ड प्रदान की गई। बीएचईएल के 3 कर्मचारियों को हिंदी में पुस्तकें लिखने के लिए नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

विश्व हिंदी दिवस मनाने के लिए सभी इकाइयों/प्रभागों में विभिन्न प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा पुरस्कृत किया गया। कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा 22 अप्रैल, 2020 को एक ऑनलाइन हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। हिंदी प्रश्नोत्तरी में विभिन्न इकाइयों/प्रभागों के कुल 1030 कर्मचारियों ने भाग लिया।

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा क्रमशः 9 अक्टूबर 2020 और 25 नवंबर 2020 को पावर सेक्टर–पीईएम और पावर सेक्टर–एनआर का निरीक्षण किया गया। समिति ने राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सुझाव दिए।

वर्ष के दौरान राजभाषा से संबंधित विभिन्न विषयों पर 18 सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न इकाइयों/प्रभागों के 1664 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की।

अखिल बीएचईएल राजभाषा समन्वयकर्ता सम्मेलन 23 मार्च, 2021 को

बीएचईएल में सितंबर– 2020 में राजभाषा उल्लास पर्व मनाया गया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 के उद्घाटन दिवस पर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें कंपनी के कुल 70 प्राधिकारियों ने प्रतिभागिता की।

7क.2 सतर्कता तंत्र

पारदर्शिता, निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा कंपनी के लिए निर्णय लेने की सभी प्रक्रियाओं का आधार हैं। कंपनी के पास एक पूर्ण सतर्कता तंत्र है जिसके अंग के रूप में सतर्कता विभाग, आंतरिक लेखापरीक्षा, व्हिसल–ब्लोअर नीति तंत्र, स्वतंत्र बाहरी मॉनिटर (ओं) के साथ–साथ निदेशक मंडल स्तर की लेखा परीक्षा समिति शामिल है।

बीएचईएल के सतर्कता संबंधी कार्य मुख्य सतर्कता अधिकारी के नेतृत्व में किए जाते हैं जो कंपनी में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की विस्तारित शाखा के रूप में कार्य करते हैं। बीएचईएल की सभी इकाइयों और प्रभागों में एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में सतर्कता तंत्र विकसित किया गया है जो मुख्य सतर्कता अधिकारी को रिपोर्ट करते हैं।

बीएचईएल का प्रमुख ध्यान निवारक सतर्कता पर रहा है और वर्ष 2020–21 के दौरान, कंपनी की विभिन्न इकाइयों/ क्षेत्रों में निर्णय लेने की प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों के लिए निवारक सतर्कता पर 108 प्रशिक्षण कार्यक्रम/ कार्यशालाएं आयोजित की गईं। बीएचईएल के कॉर्पोरेट लर्निंग एंड डेवलपमेंट (सीएलडी) विभाग द्वारा आयोजित सामान्य प्रबंधन/ सामरिक प्रबंधन/ युवा प्रबंधक कार्यक्रमों में निवारक सतर्कता पर विशेष रूप से विभिन्न सत्र आयोजित किए जाते हैं। हालांकि, आयोग द्वारा प्राप्त सुझाव को ध्यान में रखते हुए, जनवरी, 2021 से कार्यपालकों के लिए आयोजित प्राथमिक प्रशिक्षण और मिड–कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में "निवारक सतर्कता" पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को शामिल किया गया है।

वित्त, कार्य निष्पादन और खरीद, सिविल संरचनात्मक कार्य निष्पादन, आईटी अनुप्रयोगों, खरीदी, विक्रेता पंजीकरण तथा गुणवत्ता और तीसरे पक्ष के निरीक्षण के लिए क्या करें और क्या न करें को अंतिम रूप दिया गया और उसे जारी किया गया। क्या करें और क्या न करें का उद्देश्य संबंधित प्राधिकारियों को एक जांच बिन्दु उपलब्ध काराना है जिससे वे सभी अपने काम को प्रभावी ढंग और कुशलता से कर सकें।

वर्ष 2020–21 के दौरान 29 मामलों में जांच किया गया, 70 दंड (22 बड़े और 48 लघु) लगाए गए और 14 चेतावनी/सलाह पत्र भी जारी किए गए। इसके अलावा, 200 बकाया शिकायतों (185 शिकायतें वर्ष 2020–21 के दौरान प्राप्त) में से 197 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया और शेष निपटान के विभिन्न चरणों में हैं।

वर्ष 2020–21 के दौरान लगभग 4830 कर्मचारियों (सीडीए नियमों के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों का लगभग 28.5%) की वार्षिक संपत्ति विवरणी की संवीक्षा की गई।

संगठन में विभिन्न गतिविधियों की यादृच्छिक जांच नियमित निरीक्षण, औचक निरीक्षण, प्रणाली अध्ययन, सीटीई प्रकार के निरीक्षण आदि के माध्यम से आयोजित की गई। इन निरीक्षणों/जांचों से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर, विवेकाधीन शक्तियों को कम करने और उन प्रावधानों में स्पष्टता लाने के लिए जहां गलत व्याख्या की गुंजाइश है, बीएचईएल नीतियों/ दिशानिर्देशों/नियमावली के विभिन्न प्रावधानों में सुधार का सुझाव दिया गया। तदनुसार, संशोधित रिवर्स ऑक्शन (आरए) दिशानिर्देश–2020 और आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों के साथ व्यापार सौदों के निलंबन से संबंधित दिशानिर्देशों में संशोधन जारी किए गए हैं।

वर्ष 2020–21 के दौरान, सतर्कता विभाग की सलाह पर विभिन्न एजेंसियों, कर्मचारियों, विक्रेताओं और ठेकेदारों से लगभग रुपये 482.45 लाख की वसूली की गई है।

मुख्य सतर्कता आयुक्त के दिनांक 8 सितंबर, 2020 के परिपत्र सं. 020/ VGL/036/459673 के माध्यम से जारी निर्देशों के अंतर्गत सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2020 दिनांक 27 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2020 के दौरान "सतर्क भारत – समृद्ध भारत" विषय पर कॉर्पोरेट कार्यालय, विनिर्माण प्रभागों, पावर सेक्टर क्षेत्र, बीएचईएल के कार्यालयों और परियोजना स्थलों में मनाया गया।

सतर्कता विभाग ने कोविड–19 दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए भारत भर के विभिन्न शहरों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय पर कर्मचारियों, उनके बच्चों और स्कूलों तथा कॉलेजों के छात्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों (लगभग 230) जैसे वाद–विवाद, भाषण, पैनल चर्चा, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, स्लोगन/कार्टून/पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया।

नियमों, विनियमों और नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कॉर्पोरेट सतर्कता विभाग द्वारा अखिल बीएचईएल ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लगभग 900 कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अलावा, एक ऑनलाइन क्रॉसवर्ड भी आयोजित किया गया जिसमें कुल लगभग 540 कर्मचारियों ने

भाग लिया।

विक्रेताओं की शिकायतों को दूर करने के लिए एक केंद्रीकृत विक्रेता शिकायत निवारण प्रणाली (सुविधा), जहां विक्रेता अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं और साथ ही दर्ज की गई शिकायतों की स्थिति को देख और ट्रैक कर सकते हैं, को विकसित किया गया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2020 के दौरान इसे लॉन्च किया गया। जागरूकता श्रृंखला के एक भाग के रूप में, कुल 09 एनिमेटेड क्लिप (वीएडब्ल्यू थीम, नीतिगत मामले, शिकायत दर्ज करना, सीडीए नियम, पासवर्ड सुरक्षा, व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी, चिकित्सा निर्भरता आदि) को इन–हाउस विकसित किया गया और वीएडब्ल्यू के दौरान जारी किया गया। इन क्लिप को कर्मचारियों के साथ साझा किया गया और बीएचईएल की वेबसाइट/सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी अपलोड किया गया।

खरीद नीति, नियमों और प्रक्रियाओं आदि के बारे में जागरूकता पैदा करने, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त और भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए निर्देशों/दिशानिर्देशों का प्रचार–प्रसार करने और सर्वोत्तम प्रथाओं, केस स्टडीज़ तथा लेखों आदि की सूचना देने के लिए सतर्कता विभाग अपनी तिमाही ई–न्यूजलेटर श्दिशाश प्रकाशित करता है। वर्ष के दौरान कुल चार अंक प्रकाशित किए गए और 2013 से अब तक कुल बत्तीस अंक प्रकाशित किए जा चुके हैं। ई–न्यूजलेटर का व्यापक प्रचार किया जाता है और सभी कर्मचारियों को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया जाता है और बीएचईएल की इकाइयों/ क्षेत्रीय इंट्रानेट वेबपेज पर भी होस्ट किया जाता है।

7क.3 स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई)

हमारा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि हम अच्छी एचएसई प्रथाओं को समेकित करें और उन्हें अपनी कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाएं। इसे ध्यान में रखते हुए, पावर सेक्टर के सभी क्षेत्रों में स्थित सभी सक्रिय साइटों के मासिक स्व–मूल्यांकन के लिए एक ऑनलाइन साइट सुरक्षा मूल्यांकन प्रणाली विकसित और शुरू की गई । यह प्रणाली, परियोजना स्थलों को नियमित स्व–मूल्यांकन के माध्यम से लगातार अपने सुरक्षा प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

बीएचईएल ने अपने कर्मचारियों और उप–ठेकेदारों के कर्मचारियों के लिए नियमित आधार पर एचएसई प्रशिक्षण/ विशेषज्ञ वार्ता/ वेबिनार आयोजित किया। संरचित प्रशिक्षणों के अलावा, बीएचईएल ने एचएसई अभियानों जैसे पर्यावरण जागरूकता माह (5–30 जून, 2020), स्वच्छता पखवाड़ा (16–31 अगस्त 2020), राष्ट्रीय सुरक्षा पखवाड़ा (04–18 मार्च 2021) आदि के दौरान अपने कर्मचारियों और बड़े पैमाने पर समाज के बीच जागरूकता फैलाई।

बीएचईएल ने अपनी टाउनशिप को ष्एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्तष् बनाने और उन्हें "एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त टाउनशिप" घोषित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट/ सर्विलांस ऑडिट कराने के लिए हर संभव प्रयास किया है। बीएचईएल के सभी 14 टाउनशिप को "सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री टाउनशिप" घोषित किया गया है।

अपने सुरक्षा प्रदर्शन और पर्यावरण संवर्धन को बेहतर बनाने में बीएचईएल के प्रयासों की काफी सराहना की गई है और इन प्रयासों को मान्यता दिलाने के रूप में बीएचईएल को कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वर्ष के दौरान प्राप्त पुरस्कारों में शामिल हैं।

- गोल्डन पीकॉक पर्यावरण प्रबंधन पुरस्कार (जीपीईएमए)–2020 – निदेशकों की संस्था द्वारा विद्युत उपकरण क्षेत्र में पर्यावरण प्रबंधन की दिशा में अनुकरणीय योगदान के लिए
- एपेक्स इंडिया "गोल्ड अवार्ड" 2020 – इंजीनियरिंग क्षेत्र में व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के अंतर्गत बीएचईएल में ओएचएस में अनुकरणीय योगदान के लिए

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के
निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 27.08.2021

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक–VIII

फार्म एओसी–1

(कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 5 के साथ पठित धारा 129 की उपधारा (3) के पहले प्रावधानों के अनुसरण में)

सहायक कंपनियों/सहभागी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण की प्रमुख बिंदु:

भाग "क" सहायक कंपनियां

(प्रत्येक सहायक कंपनी का विवरण करोड़ रूपए की राशि में)

1. क्रम संख्या	01
2. सहायक कंपनी का नाम	बीएचईएल इलेक्ट्रिकल्स मशीन्स लिमिटेड
3. उस तिथि से जब सहायक कंपनी का अधिग्रहण किया गया था।	19 जनवरी 2011
4. संबंधित सहायक कंपनी के लिए रिपोर्टिंग अवधि, यदि होल्डिंग कंपनी के रिपोर्टिंग समय से भिन्न हो।	लागू नहीं
5. विदेशी सहायक कंपनियों के मामले में प्रासंगिक वित्तीय वर्ष की अंतिम तिथि पर रिपोर्टिंग मुद्रा और विनिमय दर।	लागू नहीं
6. शेयर पूंजी	10.50
7. आरक्षित और अधिशेष	(34.23)
8. कुल संपति	24.64
9. कुल देनदारियां	48.36
10. निवेश	निरंक
11. कारोबार	0.25
12. कराधान से पूर्व लाभ	(7.05)
13. कराधान के लिए प्रावधान	(1.77)
14. कराधान के बाद लाभ	(5.28)
15. प्रस्तावित लाभांश	निरंक
16. शेयर धारिता का प्रतिशत	51%

कोष्ठक में दिए गए अंक ऋणात्मक हैं ।

बीएचईएल द्वारा बीएचईएल ईएमएल में 51% हिस्सेदारी के हस्तांतरण का प्रस्ताव भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा गया है। इसे 11 मई 2021 को अनुमोदित किया गया है।

केरल सरकार के साथ समझौते को निष्पादित करने तथा बीएचईएल ईएमएल में कंपनी की 51% हिस्सेदारी को केवल ₹1 के प्रतिफल पर एवं बीएचईएल द्वारा बीएचईएल ईएमएल को दिए गए ₹3 करोड़ के कार्यशील पूंजी ऋण के ब्याज तथा उस पर उपार्जित ब्याज की छूट पर केरल सरकार को हस्तांतरित करने के लिए आवश्यक गतिविधियों के लिए उचित कार्रवाई आरंभ की गई है।

1. सहायक कंपनियों के नाम जिन्होंने अब तक परिचालन शुरू नहीं किया है।	शून्य
2. सहायक कंपनियों के नाम, जिन्हें वर्ष के दौरान परिसमाप्त किया गया या बेचा गया।	शून्य

"ख": सहयोगी कंपनियो और संयुक्त उद्यम

सहयोगी कंपनियो एवं संयुक्त उद्यमों से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (3) के अनुसार विवरण

(₹ करोड़ में)

संयुक्त उद्यम के नाम	बीएचईएल– जीई गैस टरबाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	रायचूर पावर कारपोरेशन लिमिटेड
1. नवीनतम अंकेक्षित तुलन पत्र की दिनांक	31.03.2021	31.03.2020	31.03.2020
2. वह दिनांक जिसमे संबद्ध या संयुक्त उद्यम का संबद्धीकरण या अधिग्रहण किया गया था	5 मई 1997	28 अप्रैल 2008	15 अप्रैल 2009
3. वर्ष के अंत में बीएचईएल के द्वारा धारित संयुक्त उद्यमों के शेयर			
संख्या	2379999	50000000	664040000
निवेश की राशि	2.38	50.00	664.04
होल्डिंग प्रतिशत की सीमा	एक शेयर से 50% कम	50%	27.97%
4. महत्वपूर्ण प्रभाव का विवरण	संयुक्त नियंत्रित इकाइयां		
5. सहयोगी/संयुक्त उद्यम समेकित न होने का कारण	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
6. नवीनतम अंकेक्षित तुलन पत्र के अनुसार शेयर धारिता के लिए कारण नेटवर्थ	181.50	निरंक	निरंक
7. वर्ष के लिए लाभ/हानि	इक्विटी पद्धति के अनुसार		
i. समेकन में विचार किया गया	44.14	निरंक	निरंक
ii. समेकन में विचार नहीं किया गया	-	(12.26)	(152)

कोष्ठक में दिए गए अंक ऋणात्मक हैं। आरपीसीएल में, बीएचईएल द्वारा अपने नॉमिनी के नाम पर 300 शेयर भी रखे गए हैं।

मैसर्स पावर प्लांट परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट लिमिटेड परिसमापन के अधीन है। इसलिए इस पर समेकन हेतु विचार नहीं किया गया है। इस संयुक्त उद्यम में रु 2.00 करोड़ की राशि का प्रावधान निवेश हेतु किया गया है।

दादा धुनीवाले खंडवा पावर लिमिटेड (डीडीकेपीएल) को एनसीएलटी के 2 नवंबर, 2020 के आदेश के माध्यम से भंग कर दिया गया है।

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से

(राजीव कालड़ा)	**(सुबोध गुप्ता)**	**(डॉ. नलिन सिंघल)**
कंपनी सचिव	निदेशक (वित्त)	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
सद.संख्या 14567	डीआईएनः 08113460	डीआईएनः 01176857

हमारी समसंख्यक दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते राज हर गोपाल एवं कंपनी	**कृते तिवारी एवं एसोसिएट्स**	**कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी**
चार्टड एकाउंटेंट	चार्टड एकाउंटेंट	चार्टड एकाउंटेंट
एफआरएन – 002074N	एफआरएन – 002870N	एफआरएन – 006228C
(सीए गोपाल कृष्ण)	**(सीए संदीप सेंडिल)**	**(सीए प्रियंका जाजू)**
भागीदार	भागीदार	भागीदार
सद.संख्या 081085	सद.संख्या 085747	सद.संख्या 411739

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः 11 जून, 2021

फार्म एओसी–2

(अधिनियम की धारा 134 की उपधारा (3) के खंड (ज) एवं कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8 (2) के अनुसरण में)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उप–धारा (1) में संदर्भित संबंधित पक्षों के साथ कंपनी द्वारा किए गए अनुबंधों/व्यवस्थाओं के विवरण के प्रकटीकरण के लिए प्रपत्र जिसमें तृतीय प्रावधान के अंतर्गत कुछ निश्चित लेन–देन (आर्म्स लेंथ ट्रांजेक्शन) शामिल हैं।

1. ठेके/अनुबंधों/लेन–देन के विवरण, आर्म्स लेंथ आधार पर नहीं:

(क) संबंधित पक्ष का/के नाम एवं संबंध का स्वरूप	:	शून्य
(ख) ठेके/व्यवस्थाओं/लेन–देन का स्वरूप	:	शून्य
(ग) ठेकों या व्यवस्थाओं/लेन–देन की अवधि	:	शून्य
(घ) ठेकों या व्यवस्थाओं या लेन–देन की विशिष्ट शर्तें, मूल्य सहित अगर हो तो	:	शून्य
(ड) इन ठेकों या व्यवस्थाओं या लेन–देन का औचित्य	:	शून्य
(च) निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन की तिथि/तिथियां	:	शून्य
(छ) अग्रिम के तौर पर भुगतान की गई राशि, अगर हो तो	:	शून्य
(ज) वह दिनांक जब आम सभा मे प्रस्ताव पारित हुआ, जैसा कि खंड 188 के अंतर्गत वांछित है	:	शून्य

2. सामग्री संबंधी ठेकों या अनुबंधों या लेन–देन के विवरण, आर्म्स लेंथ आधार पर

(क) संबंधित पार्टी के नाम एवं संबंध का स्वरूप	:	शून्य
(ख ठेकों/व्यवस्थाओं/लेन–देन का प्रकृति	:	शून्य
(ग) ठेकों या व्यवस्थाओं/लेन–देन की अवधि		
(घ) ठेकों या व्यवस्थाओं या लेन–देन की विशिष्ट शर्तें, मूल्य सहित अगर हो तो	:	शून्य
(च) निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन की तिथि/तिथियां	:	शून्य
(छ) अग्रिम के तौर पर भुगतान की गई राशि, अगर हो तो	:	शून्य

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के
निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 27.08.2021

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक– IX

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में

सदस्यगण,

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

एकल वित्तीय विवरण पर लेखा परीक्षा रिपोर्ट

राय

हमने यहां भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ('कंपनी') के संलग्न एकल वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2021 के अनुसार तुलन पत्र तथा 31 मार्च को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ एवं हानि लेखा (अन्य व्यापक आय सहित) तथा इक्विटी में परिवर्तनों का विवरण एवं वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियां और अन्य व्याख्यात्मक सूचनाएं शामिल हैं, के सारांश की लेखा परीक्षा की है। इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण लेखा नीतियों तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं का सारांश भी दिया गया है (इसके पश्चात इसे "एकल वित्तीय विवरण" कहा जाएगा) जिसे लेखा परीक्षा की तिथि को / पर समाप्त हुए वर्ष के लिए हमारे द्वारा तैयार किया गया है। 19 शाखाओं का ऑडिट हमारे द्वारा किया गया और 10 शाखाओं का ऑडिट कंपनी के शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुरूप पूर्वोक्त वित्तीय विवरण, कंपनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") में अपेक्षित तरीके के अनुसार सूचना प्रदान करते हैं और यथा संशोधित कंपनी (इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडर्ड) नियम 2015, के साथ पाठित इस अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों, (इंड एएस) एवं भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के अनुपालन में 31 मार्च 2021 को कंपनी की स्थिति तथा इस दिनांक को समाप्त हुए वर्ष के लिए हानि और कुल व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तनों तथा नकदी प्रवाह को यथार्थ व उचित रूप से प्रस्तुत करते हैं।

राय का आधार

गैर–व्युत्पन्न वित्तीय देयताएं	**1 वर्ष के भीतर**	**1 वर्ष से अधिक**	**1 वर्ष के भीतर**	**1 वर्ष से अधिक**
व्यापार देनदारियां	**6677.74**	**1881.08**	8823.62	1076.23
ठेकेदारों और अन्य लोगों से जमा	**447.75**	**211.01**	491.93	150.99
वित्त पट्टा देयताएं	**48.20**	**53.41**	56.67	75.37
अन्य देय / देयताएं				
कर्मचारी बकाया	**117.61**	**-**	285.65	-
अन्य बकाया राशि	**294.80**	**-**	565.74	-
कैपेक्स बकाया	**57.49**	**5.71**	82.73	8.03
लघु अवधि की उधारी	**4833.78**	**-**	4933.39	-
कुल	**12477.37**	**2151.21**	**15239.73**	**1310.62**

ग) बाजार जोखिम का प्रबंधन

कंपनी के समक्ष अपने परिचालन से उत्पन्न होने वाले कुछ मुद्रा, माल, ब्याज दर जोखिम होते है। विदेशी मुद्रा जोखिमों को कवर करने के लिए कंपनी के पास विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबंधन नीति है। प्रमुख वस्तुओं के मूल्य में उतार–चढ़ाव से कंपनी को अप्रभावित रखने के लिए, आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों सहित आपूर्ति श्रृंखला भागीदारों के साथ दावों के माध्यम से मूल्य समझौते सहित रूपरेखा समझौते नियमित रूप से किए जा रहे हैं। ऑपरेशन से उत्पन्न अधिशेष निधियों को केवल पीएसयू बैंकों या बड़े–बड़े निजी बैंकों के साथ अल्पावधि जमा में निवेश किया जाता है और सार्वजनिक क्षेत्र के म्युचुअल फंडों की ऋण आधारित योजनाओं में, जिससे जोखिम कम हो जाता है।

विदेशी मुद्रा जोखिम एक्सपोजर–: रिपोर्टिंग अवधि के अंत में कंपनी का विदेशी मुद्रा जोखिम एक्सपोजर निम्नानुसार हैं:

(i) दिनांक 31.03.2021 को रुके हुये और शेष व्युत्पन्न विलेख शून्य (पिछला वर्ष का शून्य है) है

(ii) विदेशी मुद्रा एक्सपोज़र जो एक व्युत्पन्न उपकरण द्वारा या अन्यथा नहीं किया जाता है निम्नानुसार हैं:

विदेशी मुद्रा मिलियन में

(₹ करोड़ों में)

विवरण	मार्च 31, 2021 को		मार्च 31, 2020 को		मार्च 31, 2021 को	मार्च 31, 2020 को
संपत्तियां	यूरो	समतुल्य भा.रू.	यूरो	समतुल्य भा.रू.	अन्य भा.रू.	अन्य भा.रू.
व्यापार प्राप्य	**101.84**	**871.66**	148.34	1217.60	**1.35**	6.34
अनुबंध संपत्ति	**239.80**	**2056.26**	252.85	2075.37	**66.87**	70.83
अन्य संपत्ति	**13.68**	**110.08**	15.40	122.58	**144.71**	245.63
उप कुल (क)	**355.32**	**3038.00**	416.59	3415.55	**212.93**	322.80
देयताएं						
ग्राहक से अग्रिम	**41.03**	**281.34**	42.30	294.89	**40.97**	37.56
व्यापार का भुगतान और अन्य	**39.42**	**343.91**	60.20	507.94	**107.92**	209.13
उप कुल (ख)	**80.45**	**625.25**	102.50	802.83	**148.89**	246.69
संपत्ति (शुद्ध देयताएं)	**274.87**	**2412.75**	314.09	2612.72	**64.04**	76.11

विवरण	यूएसडी	समतुल्य भा.रू.	यूएसडी	समतुल्य भा.रू.
संपत्तियां				
प्राप्त व्यापार	**79.62**	**582.87**	130.45	978.26
अनुबंध की संपत्ति	**316.33**	**2315.32**	335.04	2512.53
अन्य संपत्ति	**0.90**	**6.79**	8.20	60.41
उप कुल (क)	**396.85**	**2904.99**	473.69	3551.20
देयताएं				
ग्राहक से अग्रिम	**115.93**	**675.39**	164.40	1037.62
व्यापार का भुगतान और अन्य	**144.50**	**1070.18**	196.70	1496.11
लघु अवधि की उधारी	**46.68**	**345.06**	118.67	900.79
उप कुल (ख)	**307.11**	**2090.63**	479.77	3434.52
संपत्ति (शुद्ध देयताएं)	**89.74**	**814.36**	(6.08)	116.68

उपर्युक्त आंकड़े प्रावधानों यदि कोई हो के शुद्ध हैं,

संवेदनशीलता विश्लेषण

भारतीय रुपये के अमरीकी डालर, यूरो और अन्य की तुलना में मजबूत / कमजोर होने के प्रभाव को वर्षांत लाभ या हानि के रूप में नीचे दिखाया गया है। यह विश्लेषण विदेशी मुद्रा विनिमय दर संस्करण पर आधारित है जिसे कंपनी ने समीक्षाधीन अवधि के अंत में यथोचित रूप से संभव माना है। विश्लेषण पिछले वर्ष के लिए इसी आधार पर किया जाता है, यद्यपि विदेशी मुद्रा विनिमय दर संस्करण भिन्न था, जैसा कि नीचे बताया गया है।

(₹ करोड़ों में)

विवरण	मार्च 31, 2021 को		मार्च 31, 2020 को	
लाभ पर प्रभाव / (हानि)	मजबूत	कमजोर	मजबूत	कमजोर
1% संचलन				
यूरो	**24.13**	**(24.13)**	26.13	(26.13)
यूएसडी	**8.14**	**(8.14)**	1.17	(1.17)
अन्य	**0.64**	**(0.64)**	0.76	(0.76)

घ पूंजी प्रबंधन

क्रियाशील इकाई के रूप में पूंजी प्रबंधन करते हुए कंपनी का उद्देश्य अपनी पूंजी को सुरक्षित, संरक्षित रखना और इसमें वृद्धि करना है ताकि शेयरधारकों को अधिकतम लाभ प्रदान किया जा सके, अन्य हितधारकों को लाभ प्रदान किया जा सके और पूंजी लागत को कम करने के लिए एक इष्टतम पूंजी संरचना बनाए रखी जा सके। निदेशक मंडल इक्विटी शेयरधारकों को लाभांश के स्तर की भी मॉनिटरिंग करते हैं। कंपनी समान्यतः उद्योग द्वारा और रेटिंग एजेंसियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कई वित्तीय अनुपातों के आधार पर मध्यम कालिक दृष्टिकोण व दीर्घकालिक दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए पूंजी को मॉनिटर करती है। कंपनी बाह्य पूंजी आवश्यकताओं के अधीन नहीं है। कंपनी की पूंजी संरचना को विभिन्न वित्तीय अनुपातों के अनुसार प्रबंधित किया जाता है जैसा की उच्चतम क्रेडिट रेटिंग बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

नोट [52] –परिचालन खंड

संबंधित व्यावसायिक क्षेत्रों द्वारा बुक किए गए आदेशों के आधार पर सेगमेंट की पहचान "पावर" और "इंडस्ट्री" के रूप में की गई है। अंतरराष्ट्रीय परिचालन समूह द्वारा बुक किए गए ऑर्डर को पावर या इंडस्ट्री में ले जाया जाता है; जैसा भी मामला हो सकता है।

कंपनी की कार्यकारी निदेशकों की समिति को मुख्य परिचालन निर्णय निर्माता (सीओडीएम) के रूप में पहचाना गया है।

(₹ करोड़ों में)

विवरण		वर्षांत 31 मार्च 2021			वर्षांत 31 मार्च 2020		
		पावर	उद्योग	कुल	पावर	उद्योग	कुल
I.	**खंड राजस्व**						
	बाहरी–परिचालन राजस्व	**11386.05**	**4909.50**	**16295.55**	14960.44	5530.20	20490.64
II.	**खंड परिणाम**						
क	खंड परिणाम	**(1246.16)**	**(850.48)**	**(2096.64)**	804.30	(205.84)	598.46
ख	गैर–आबंटित व्यय (आय का नेट)			**1141.87**			753.62
ग	वित्त लागत और इनकमटैक्स से पहले लाभ (क) – (ख)			**(3238.51)**			(155.16)
घ	वित्त लागत (ब्याज सहित छूट)			**373.09**			506.95
ड़	आयकर से पहले शुद्ध लाभ (ग) – (घ)			**(3611.60)**			(662.11)
च	आयकर			**(894.46)**			810.86
छ	आयकर के बाद शुद्ध लाभ			**(2717.14)**			(1472.97)
III	**परिसंपत्तियां और देयताएं**						
क	खंड संपत्ति	**35954.72**	**8417.10**	**44371.82**	41649.31	9421.21	51070.52
ख	आम संपत्ति			**11329.42**			9165.14
ग	कुल संपत्ति			**55701.24**			60235.66
घ	खंड देयताएं	**19221.65**	**4444.28**	**23665.93**	21370.29	4739.98	26110.27
ड़	सामान्य देयताएं			**5551.26**			4944.18
च	कुल देयताएं			**29217.19**			31054.45
IV	**अन्य सूचनाएं**						
क	पूंजीगत व्यय	**112.23**	**38.05**		243.40	107.83	
ख	अवमूल्यन और परिशोधन	**306.68**	**118.48**		320.44	135.73	
ग	गैर नकद व्यय (मूल्यह्रास और परिशोधन के अतिरिक्त)	**1302.02**	**499.07**		820.48	73.99	

(₹ करोड़ों में)

	भौगोलिक क्षेत्र	भारत के भीतर	भारत से बाहक	कुल	भारत के भीतर	भारत से बाहक	कुल
1	राजस्व से परिचालन/ शुद्ध बिक्री	**14440.47**	**1855.08**	16295.55	16669.61	3821.03	20490.64
2.	गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां (पीपीई और अमूर्त परिसंपत्तियां)	**2881.46**	**26.42**	2907.88	3085.96	42.12	3128.08
3.	पूंजीगत व्यय	**235.07**	**2.45**	237.52	402.62	12.71	415.33

प्रमुख ग्राहक– बीएचईएल के कुल राजस्व का 10% से अधिक एकल ग्राहक से राजस्व का विवरण (₹ करोड़ों में)

विवरण	पावर	उद्योग	कुल	पावर	उद्योग	कुल
बीआईएफपीसीएल (बांगलादेश)	**1653.65**	**-**	**1653.65**	3277.17	-	3277.17
सीपीएसयू	**2824.59**	**1791.55**	**4616.14**	3007.04	2324.72	5331.76
रेलवे	**-**	**1497.64**	**1497.64**	-	1434.87	1434.87
टीएसजीईएनसीओ	**1664.61**	**-**	**1664.61**	2178.63	-	2178.63

नोट [53] –अतिरिक्त खुलासा

(₹ करोड़ों में)

क.	आयात का मूल्य	वर्ष के अंत तक	
		2020-21	2019-20
	सीआईएफ आधार		
	कच्चा माल	**918.13**	2239.70
	कम्पोनेंट और स्पेयर पार्ट्स	**578.88**	1629.04
	पूंजीगत सामग्री	**35.39**	65.15
	कुल	**1532.40**	3933.89

(₹ करोड़ों में)

ख.	विदेशी मुद्रा में व्यय	वर्ष के अंत तक	
		2020-21	2019-20
	i) रॉयल्टी	**26.36**	53.11
	ii) तकनीकी जानकारी	**12.50**	8.90
	iii) पेशेवर परामर्श शुल्क	**0.90**	6.35
	iv) ब्याज और अन्य (विदेशी साइटों पर सम्मिलित)	**26.13**	29.23

(₹ करोड़ों में)

ग.	कच्चे माल, घटकों, दुकानों और स्पेयर पार्ट्स की खपत का मूल्य	वर्ष के अंत तक	
		2020-21	2019-20
	i) #आयात (कस्टम ड्यूटी सहित)	**2400.61**	3617.70
	ii) स्वदेशी	**6046.69**	8515.26
	iii) **कुल खपत का प्रतिशत**		
	आयात	**28.42**	29.82
	स्वदेशी	**71.58**	70.18

जहां कहीं भी निधारित कैनेलाईज्ड वस्तुएं सम्मिलित हैं

(₹ करोड़ों में)

घ.	विदेशी मुद्रा में आय	वर्ष के अंत तक	
		2020-21	2019-20
	माल का निर्यात (एफओबी आधार)	**1101.64**	2717.61
	निर्माण और अन्य सेवाएं	**389.69**	688.67
	विदेशी निर्यात पर विदेशी मुद्रा (घरेलू अनुबंध और एसईजेड निर्यात सहित)	**251.34**	473.45
	कुल	**1742.67**	3879.73

(₹ करोड़ों में)

च. कच्चे माल और खपत किए गए घटकों के लिए विवरण	वर्ष के अंत तक	
	2020-21	**2019-20**
सामग्री का समूह		
i) लौह सामग्री	**1721.12**	3054.31
ii) अलौह सामग्री	**137.96**	217.01
iii) इन्सुलेटिड सामग्री	**155.68**	177.14
iv) इन्सुलेटड केबल और चुंबक तार (मैग्नेट वायर)	**10.89**	29.67
v) कंपोनेंटस/घटक	**4702.87**	6122.30
vi) अन्य	**1430.04**	2179.68
कुल	**8158.56**	11780.11

नोट [54]

सेबी (सूचियन देयताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं), विनियम, 2015 के अनुसार कंपनी द्वारा प्रदत्त ऋण की प्रकृति में अग्रिम और ऋणों का अपेक्षित विवरण नीचे दिए गया है:

i) सहायक कंपनी के संबंध में:

(₹ करोड़ों में)

विवरण	मार्च 31, 2021 को	मार्च 31, 2020 को
बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशींस लिमिटेड:		
ऋण की प्रकृति में अग्रिम और ऋण बकाया	**3.00**	3.00
वर्ष के दौरान बकाया ऋण की प्रकृति में अग्रिम और ऋण की अधिकतम राशि	**3.00**	3.00

ii) ऐसा कोई ऋण नहीं दिया गया है (कर्मचारियों को ऋण के अतिरिक्त), जिसमें कोई पुनर्भुगतान कार्यक्रम नहीं है या पुनर्भुगतान अवधि सात वर्षों से अधिक है।

iii) फर्मों / कंपनियों के पास ऋण की प्रकृति में कोई ऋण और अग्रिम नहीं हैं जिनमें निदेशक रुचि रखते हैं ।

नोट [55]

परिसंपत्तियों और देनदारियों को 12 महीने की अवधि को परिचालन चक्र के रूप में मानते हुए चालू और गैर–चालू के बीच वर्गीकृत किया गया है।

नोट [56]

वर्ष के अंत में 7.07% (पिछले वर्ष /7.07%) पर उधार लेने की भारित औसत लागत को दीर्घकालिक प्रावधानों के वर्तमान मूल्य और अपेक्षित ऋण हानि की गणना के लिए माना गया है।

नोट [57]

पूर्व की अवधि की त्रुटियां जो भौतिक हैं पूर्वव्यापी रूप से प्रस्तुत की गई अवधि के लिए तुलनात्मक राशि को बहाल करके पूर्वव्यापी रूप से ठीक की जाती हैं जिसमें ऐसी त्रुटि हुई। प्रस्तुत अवधि से पहले हुई त्रुटि के लिए, प्रस्तुत की गई प्रारंभिक अवधि के लिए परिसंपत्तियां, देनदारियां और इक्विटी की प्रारंभिक शेष राशि को बहाल किया जाता है।

नोट [58]

रूपए करोड़ में दिए गए आंकड़े दशमलव के बाद दो अंकों तक राऊंड ऑफ किए गए हैं।

नोट [59]

जहां आवश्यक समझा गया वहाँ, पिछले वर्ष के आंकड़ों को फिर से व्यवस्थित / पुनर्व्यवस्थित किया गया है

नोट [60]

निदेशक मंडल ने 11 जून 2021 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय विवरण 2020–21 जारी करने के लिए अधिकृत किया है।

निदेशक मंडल की ओर से एवं उनके लिए

(राजीव कालड़ा)	**(सुबोध गुप्ता)**	**(डॉ. नलिन सिंघल)**
कंपनी सचिव	निदेशक (वित्त)	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
सद.संख्या 14567	डीआईएनः 08113460	डीआईएनः 01176857

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते राज हर गोपाल एवं कंपनी	**कृते तिवारी एवं एसोसिएट्स**	**कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी**
चार्टड एकाउंटेंट	चार्टड एकाउंटेंट	चार्टड एकाउंटेंट
एफआरएन – 002074N	एफआरएन – 002870N	एफआरएन – 006228C
(सीए गोपाल कृष्ण)	**(सीए संदीप सेंडिल)**	**(सीए प्रियंका जाजू)**
भागीदार	भागीदार	भागीदार
सद.संख्या 081085	सद.संख्या 085747	सद.संख्या 411739

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः 11 जून, 2021

वित्तीय विवरण

समेकित वित्तीय विवरण 236

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में
सदस्यगण,
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

समेकित वित्तीय विवरण पर लेखा परीक्षा रिपोर्ट

राय

हमने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (इसके बाद यहां इसे ''धारक कंपनी'' के रूप मे लिखा जाएगा) एवं इसकी सहायक कंपनियों (''धारक कंपनी'' और इसकी सहायक कंपनियों को संयुक्त रूप से ''समूह'' के नाम से संबोधित किया जाएगा) और तीन संयुक्त नियत्रित इकाईयों के संलग्न समेकित वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2021 को समेकित तुलन पत्र, इस दिनांक को समाप्त हुए वर्ष के लिए समेकित लाभ–हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तनों का समेकित विवरण एवं वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का समेकित विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक सूचनाएं शामिल हैं, (इसके पश्चात इसे ''समेकित वित्तीय विवरण'' लिखा जाएगा)

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुरूप पूर्वोक्त वित्तीय विवरण, कंपनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') में अपेक्षित तरीके के अनुसार सूचना प्रदान करते हैं और यथा संशोधित कंपनीज (इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडर्ड) नियम 2015, के साथ पठित इस अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों, (इंड एएस–भा.ले.मा.) एवं भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के अनुपालन में 31 मार्च 2021 को कंपनी के समेकित लाभ एवं कुल समेकित व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण और इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए इसका समेकित नकदी प्रवाह विवरण की स्थिति को यथार्थ व उचित रूप से प्रस्तुत करते हैं।

राय का आधार

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है। इन मानकों के अन्तर्गत हमारी जिम्मेदारियों को आगे हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षा में लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियां खंड में वर्णित किया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट द्वारा जारी आचार संहिता के साथ ही कंपनी अधिनियम, 2013 और इससे आधारित नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिये प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के अनुसार हम कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों का पालन किया है। हमारा मानना है कि लेखा परीक्षा के जो साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं, वे कंपनी के समेकित वित्तीय विवरण पर हमारी राय का आधार बनने के लिये पर्याप्त और उचित हैं।

मुख्य लेखा परीक्षा विषय

मुख्य लेखा परीक्षा के विषय वे हैं जो कि हमारे व्यावसायिक मतानुसार वर्तमान कालखंड के समेकित वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के दौरान सबसे महत्वपूर्ण थे। अपनी राय बनाते हुए और समेकित वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के परिप्रेक्ष्य में इन विषयों का समग्र रूप से समाधान किया गया और हमें इन विषयों पर और कोई राय नहीं देनी है। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले प्रमुख लेखा परीक्षा विषयों के नीचे वर्णित मामलों का उल्लेख किया है।

मुख्य लेखा परीक्षा विषय	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया
इंड एएस 115 के अंतर्गत "ग्राहकों के साथ संविदा से राजस्व" के संबंध मे राजस्व एवं अन्य शेषों की मान्यता, मापन, प्रस्तुति की सटीकता। इन राजस्व लेखा मानकों के अनुप्रयोग में विशिष्ट निष्पादन दायित्वों का चिह्नित करना, चिह्नित विशिष्ट निष्पादन दायित्वों के लेन–देन मूल्य का निर्धारण, एक अवधि में मान्य राजस्व के मापन के आधार की उपयुक्तता, वित्तीय विवरणों में शेष के प्रस्तुतीकरण सहित प्रकटीकरण से संबंधित कतिपय मुख्य निर्णय शामिल हैं। आंकलित प्रयास राजस्व निर्धारण करने का एक महत्वपूर्ण आंकलन है क्योंकि इसके लिए अनुबंध की प्रगति, आज तक किए गए प्रयासों, शेष निष्पादन दायित्व को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रयासों पर विचार करना आवश्यक है। एकल वित्तीय विवरण के **नोट 52** को देखें।	**प्रधान लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं** आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता के परीक्षण से निहित हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित शामिल हैः • पूर्णता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन की गई जानकारी रचना प्रक्रिया पर नियंत्रण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। • मौजूदा जारी अनुबंधों और नए अनुबंधों में से एक सेंपल चुनकर विशिष्ट निष्पादन दायित्व और लेन–देन मूल्य का निर्धारण से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया। • इंड एएस115 के अनुरूप राजस्व के अभिलेखन एवं प्रकटीकरण में अनुप्रयुक्त लेखांकन प्रणालियों और अनुबंधों एवं इससे संबंद्ध सूचनाओं में परिवर्तन के संगत सूचनाओं का परीक्षण किया, जिनका नए राजस्व लेखा मानकों के अनुसार का खुलासा करने और अभिलेखबद्ध करने में प्रयोग किया गया। • महत्वपूर्ण उपलब्धियां (Milestone) प्राप्त करने में संभावित देरी की पहचान के लिए अनुबंधों में से एक सेंपल चुनकर समीक्षा की गई, जिसमें कि शेष निष्पादन दायित्व को पूर्ण करने में आकलित प्रयासों को बदलने की आवश्यकता है। • तर्कसंगतता और अन्य संबंधित सामग्री मदों के ब्योरों पर विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं और परीक्षणों को किया।
व्यापार प्राप्य एवं अनुबंध संपत्तियों का मूल्यांकन एवं वसूली की संभावना 31 मार्च, 2021 के अंत में कंपनी के पास ₹24079.48 करोड़ (निवल) की अनुबंध संपत्तियां तथा ₹7214.81 करोड़ के व्यापार प्राप्य बकाया हैं। यह शेष इंड एएस115 "ग्राहकों के साथ अनुबंधों से राजस्व" के अनुसार पूर्ण हुए अनुबंधों और चालू अनुबंधो के लिए मान्य राजस्व से संबंधित हैं। इसके आकार और प्रबंधकीय निर्णय के उच्च स्तरीय होने कारण इसकी वसूली की संभावना का आकलन एक मुख्य लेखा विषय है। समेकित वित्तीय विवरणों के **नोट 6,9,11,17,51** को देखें।	**प्रधान लेखा परीक्षा प्रक्रिया** अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य के राजस्व मान्यता और समीक्षा तंत्र के लिए हमने कंपनी की आतंरिक प्रक्रिया का आकलन किया है। आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता के परीक्षण से निहित हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित शामिल हैः • बीजक बनाने, सत्यापन करने तथा ग्राहकों के साथ पुनर्मिलान की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। • परियोजनावार बकाया विवरण और प्रबंधन द्वारा इसके समीक्षा तंत्र की सूची को प्राप्त किया। • अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य की क्षति पर कंपनी के दिशानिर्देशों और नीतियों की समीक्षा की। • सेंपल आधार पर वर्ष के अंत में अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य की एजिंग की सटीकता की जांच की। • तर्कसंगतता, वसूली की संभावना और अन्य संबंधित सामग्री मदों के विवरणों पर विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं और परीक्षणों को किया।

समेकित वित्तीय विवरण के अतिरिक्त अन्य जानकारी और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाएं बनाने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में प्रबंधकीय परिचर्चा व विश्लेषण में सम्मिलित की गई जानकारी, निदेशक मण्डल रिपोर्ट के अनुलग्नकों सहित बोर्ड रिपोर्ट, व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट, कॉर्पोरेट अभिशासन तथा शेयरधारकों की सूचना आती है परंतु लेकिन समेकित वित्तीय विवरण और इस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट इसमें सममितलित नहीं होती है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी को कवर नहीं करती है और हम इस पर कोई आश्वासन या निष्कर्ष नहीं देते हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षण के संबंध में, हमारी उत्तरदायित्व अन्य सूचनाओं को पढ़ना और ऐसा करते हुए ध्यान रखना कि वित्तीय विवरणों के साथ अन्य सूचनाएं कहीं सारतः असंगत तो नहीं हैं अथवा लेखापरीक्षा में प्राप्त जानकारी अन्यथा भौतिक रूप से अनुचित प्रतीत तो नहीं हो रही है।

यदि, हमारे किए गए कार्य के आधार पर, हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि यह अन्य सूचना सारतः अनुचित कथित है, तो हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है। हमें इस संदर्भ में कुछ भी रिपोर्ट नहीं करना है।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 134(5) में वर्णित विषयों के संदर्भ में इन वित्तीय विवरणों को इस प्रकार तैयार किए जाने हेतु उत्तरदायी है, जो भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्ध ांतों और इंड एएस के अनुरूप कंपनी के समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय प्रदर्शन, समेकित कुल व्यापक आय, समेकित इक्विटी में परिवर्तनों तथा समेकित नकदी प्रवाह का एक वास्तविक और सही विवरण प्रदान करते हों। इस उत्तरदायित्व में ऐसे पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड का अनुरक्षण भी सम्मिलित है जो अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा हेतु और धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं को पता लगाने और रोकने हेतु; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; उचित और विवेकपूर्ण आकलन और निर्णय लेने; एवं धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाले किसी भी प्रकार के मूर्त अनुचित कथन से मुक्त तथा वास्तविक और उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत कराने वाले वित्तीय विवरणों के निर्माण और प्रस्तुतीकरण हेतु पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों, जो कि लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव हेतु प्रासंगिक हों।

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में, समूह को एक क्रियाशील इकाई के रूप में बनाए रखने के लिए समूह की योग्यता का आकलन करने, क्रियाशील इकाई से संबंधित जानकारियाँ यथा आवश्यक प्रकटीकरण करने और जब तक प्रबंधन समूह के परिसमापन या परिचालन रोकने की मंशा न रखती हो अथवा इसके अतिरिक्त कोई यथार्थ कारण न हो, तब तक समूह को लेखांकन का आधार बनाने के लिए कंपनियों के निदेशक मण्डल सामूहिक रूप से उत्तरदायी है।

समूह में सम्मिलित कंपनी के संबंधित निदेशक मंडल समूह की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए उत्तरदायी हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियां

हमारा उद्देश्य इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाले सारतः त्रुटिपूर्ण कथन से समग्र रूप में मुक्त है और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना, जिसमें हमारी राय शामिल हो। तर्कसंगत आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार किया गया लेखा परीक्षण सदैव किसी सारतः त्रुटिपूर्ण कथन का पता लगा ही लेगा, यदि कोई हो तो। त्रुटिपूर्ण कथन धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और इन्हें संदेहास्पद माना जाता है, यदि, एकल रूप में या कुल मिलाकर, वे इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को यथोचित रूप में प्रभावित करना प्रत्याशित है।

लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार लेखा परीक्षण के भाग के रूप में, पूरे लेखा परीक्षण के दौरान हम व्यावसायिक रूप से निर्णय लेते हैं और व्यावसायिक संशयात्मकता को बनाए रखते हैं। हम यह भी करते हैं:

- वित्तीय विवरणों के सारतः मिथ्या कथन, चाहे वे धोखाधड़ी के कारण हों या त्रुटि के कारण, की पहचान करना और इसके जोखिमों को आंकना और इन जोखिमों के अनुक्रियाशील लेखा परीक्षण प्रक्रियाओं को डिजाइन करना एवं निष्पादित करना, और लेखा परीक्षण साक्ष्यों को प्राप्त करना जो कि हमारी राय का आधार बनाने लिए पर्याप्त और उचित हों। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप सारतः मिथ्या कथन को न पहचाने का जोखिम, गलती से किए गए के सारतः मिथ्या कथन से कहीं ज्यादा होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जाल–साजी, जानबूझकर की गई चूकें, गलतबयानी या आंतरिक नियंत्रणों को अधिभावी (override) किया जाता है।

- परिस्थितियों के अनुसार समुचित लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखा परीक्षण के संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत, हम इस बात पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायी हैं कि क्या कंपनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और इस तरह के नियंत्रणों के परिचालन में प्रभावशीलता है।

- अनुप्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन आकलनों और संबंधित प्रकटन की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।

- प्रबंधन के क्रियाशील इकाई को लेखांकन का आधार की तरह उपयोग करने उपयुक्तता पर और प्राप्त लेखा परीक्षण साक्ष्य के आधार पर, एक क्रियाशील इकाई के रूप मे बने रहने की समूह की क्षमता पर सार्थक संदेह उत्पन्न करने हेतु साक्ष्य या स्थितियों से संबन्धित कोई वास्तविक अनिश्चितता पर निष्कर्ष प्राप्त करना। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई वास्तविक अनिश्चितता व्याप्त है, तो हमें अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटन पर इस संबंध मे उल्लेख करना होगा, यदि यह प्रकटीकरण अपर्याप्त लगे तो हमें अपनी राय को संशोधित करना होता है। हमारे निष्कर्ष, इस दिनांक तक हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट से प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं । हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाएं या स्थितियां समूह को क्रियाशील इकाई के रूप में न बने रहने का कारण बन सकती हैं। प्रकटन सहित समेकित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुतीकरण, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करना, और क्या समेकित वित्तीय विवरण वास्तविक लेनदेनों और घटनाओं का इस प्रकार वर्णन करते हैं जो निष्पक्ष प्रस्तुतीकरण के उद्देश्य को प्राप्त करता हो।

- समेकित वित्तीय विवरणों पर एक राय व्यक्त करने के लिए समूह के अंदर व्यावसायिक गतिविधियों की इकाइयों की वित्तीय जानकारी के

बारे में पर्याप्त उपयुक्त लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना। हम समेकित वित्तीय में सम्मिलित ऐसी इकाइयों के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की दिशा, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए उत्तरदायी हैं।

प्रत्यक्षता (Materiality) समेकित वित्तीय विवरणों में मिथ्या कथनी की मात्रा है जो, व्यक्तिगत या समग्र रूप से, वित्तीय विवरणों के एक उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय को प्रभावित कर सकता हैं। हम (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य क्षेत्र की योजना बनाने और परिणामों का मूल्यांकन करने में; और (ii) वित्तीय विवरणों में पाई गई किसी मिथ्या कथनी के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक प्रत्यक्षता (Materiality) और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों के साथ ही लेखा परीक्षा के योजनाबद्ध कार्य क्षेत्र एवं समय सीमा के निर्धारण और हमारी लेखा परीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में किसी भी महत्वपूर्ण कमी सहित महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षो के बारे में अभिशासन प्रभारियों से संवाद करते हैं।

हमने अभिशासन के प्रभारियों को स्वतंत्रता की प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के अनुपालन संबंधी एक विवरण प्रदान किया है और हमारी स्वतंत्रता के साथ, और जहां लागू हो संगत सुरक्षा से तर्कसंगत रूप से जुड़े लगाने वाले उन सभी रिश्तों एवं अन्य विषयों के बारे में उन्हें बता दिया है।

अभिशासन के प्रभारियों को वर्णित विषयों में से, हमने उन विषयों का निर्धारण किया है जो समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के सबसे महत्तवपूर्ण/ उल्लेखनीय हैं और इसलिए वे प्रधान लेखा परीक्षा विषय हैं। हम अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में इन विषयों का वर्णन करते हैं जब तक कि विधि या विनियमन इन विषयों के प्रकटीकरण को निषेध ना करता हो, और अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में जब, हमें यह प्रतीत हो कि इस विषय के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण नहीं करना चाहिए है क्योंकि ऐसा करने के दुष्परिणाम इस सूचना के जनहित लाभों पर हावी होने की यथोचित संभावना है।

अन्य विषय:

1. साथ में दिए गए विवरणों में एक सहयोगी कंपनी के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम / विवरण सम्मिलित हैं, जिनके वित्तीय विवरण / परिणाम 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष की समूह के शुद्ध लाभ का अंश 44.14 करोड़ रुपये और अन्य व्यापक आय 0.07 करोड़ रुपये को दर्शाते है, इन्हें संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई का समेकित वित्तीय विवरण माना जाता है। इन वित्तीय विवरणों का लेखापरीक्षण अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है, जिसकी रिपोर्ट प्रबंधन ने हमें दी है और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संदर्भ में समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी रिपोर्ट, जहां तक इसका संबंध राशि और प्रकटीकरण से है, और अधिनियम की धारा 143 की उप–धाराओं (3) और (11) के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट, जहां तक उक्त कथित संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संदर्भ में है, पूरी तरह से अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

2. हमने संयुक्त रूप से नियंत्रित दो इकाइयों के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नहीं किया था। समेकित वित्तीय विवरणों में उस संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों में से समूह की शुद्ध हानि और अन्य व्यापक हानियों का अंश सम्मिलित नहीं हैं क्योंकि समूह ने पहले से ही इन संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों के संबंध में अपने वित्तीय विवरणों में निवेश की लागत के बराबर संचित घाटे को मान्यता दी है। इन वित्तीय विवरणों का लेखापरीक्षण नहीं किया गया है, जिसकी रिपोर्ट प्रबंधन ने हमें दी है और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संदर्भ में समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी रिपोर्ट, जहां तक इसका संबंध राशि और प्रकटीकरण से है, और अधिनियम की धारा 143 की उप–धाराओं (3) और (11) के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट, जहां तक उक्त कथित संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संदर्भ में है, पूरी तरह से बिना लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों पर आधारित है। ये वित्तीय विवरण समूह के लिए मूर्त नहीं हैं।

3. हमने एक सहायक कंपनी के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नहीं किया था। समेकित वित्तीय वक्तव्यों में एक एक सहायक कंपनी के लेखा परीक्षण पूर्व वित्तीय परिणाम/विवरण सम्मिलित हैं जिनके वित्तीय विवरण / परिणाम में 31 मार्च, 2021 तक निवल परिसंपत्तियां 24.63 करोड़ रूपये और शुद्ध परिसंपत्तियां ऋणात्मक 23.73 करोड़ रूपये, इसी दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए कुल राजस्व 0.25 करोड़ रूपये और शुद्ध नकदी प्रवाह 7.28 करोड़ रूपये था जैसा की समेकित वित्तीय विवरणों में दिखाया गया है। इन वित्तीय जानकारियों का लेखा परीक्षण नहीं किया गया हैं और प्रबंधन द्वारा हमें यह प्रस्तुत की गई है संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संदर्भ में समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी रिपोर्ट, जहां तक इसका संबंध राशि और प्रकटीकरण से है, और अधिनियम की धारा 143 की उप–धाराओं (3) और (11) के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट, जहां तक उक्त कथित सहयोगी कंपनी के संदर्भ में है, पूरी तरह से लेखा परीक्षण पूर्व के वित्तीय विवरणों पर आधारित है। ये वित्तीय विवरण समूह के लिए मूर्त नहीं हैं।

4. बीएचईएल के एक संयुक्त उद्यम– पावरप्लांट परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट्स लिमिटेड के खातों को समेकित नहीं किया गया है क्योंकि उक्त कंपनी परिसमापन के अधीन है और इक्विटी निवेश की पूरी राशि प्रदान कर दी गई है। दादा धुनीवाले खंडवा पावर लिमिटेड के खातों को भी समेकित नहीं किया गया है क्योंकि उक्त कंपनी परिसमापन के अधीन है और निवेश प्रदान कर दिया गया है।

हमारे द्वारा किए गए कार्य और प्रबंधन द्वारा प्रमाणित लेखा परीक्षा पूर्व वित्तीय विवरणों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर निर्भरता के संबंध में समेकित वित्तीय वक्तव्यों पर हमारी राय, और नीचे दी गई अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट, उपर्युक्त विषयों के सापेक्ष संशोधित नहीं की गई है।

अन्य विधि एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट:

1) अधिनियम के खंड 143 के अनुसार आवश्यक हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर और "अन्य विषय" पैराग्राफ में विनिर्दिष्ट सहायक कंपनी, संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई की लेखा परीक्षा रिपोर्ट पर विचार करने पर, यथा सम्भव तक, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

    क) हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के आधार पर हमने उक्त कथित समेकित वित्तीय विवरणों कि लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक जानकारियां एवं स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त कर लिए हैं;

    ख) हमारे विचार से, कंपनी ने उक्त कथित समेकित वित्तीय विवरण बनाने के संबंध में विधि के अनुसार लेखा बहियां बनाई हैं, जहां तक हमारे द्वारा इन बहियों की जांच से और अन्य लेखा परीक्षकों कि रिपोटों से प्रतीत होता है;

    ग) इस रिपोर्ट के साथ व्यावहृत समेकित बैलेंस शीट, लाभ और हानि का समेकित विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण और समेकित नकदी प्रवाह विवरण; समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के उद्देश्य से बनाई गई संगत लेखा पुस्तिकाओं के अनुबंध में है;

    घ) हमारी राय में, पूर्वोक्त समेकित वित्तीय विवरण, अधिनियम की

धारा 133 सहपाठित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 यथासंशोधित, के अंतर्गत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों और भारत में सामान्यत; स्वीकार्य अन्य लेखांकन सिद्धांतों का अनुपालन करते हैं;

ङ) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत निदेशकों की अयोग्यता के संबंध में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं.: जी.एस.आर. 463 (ई) दिनांक 05–06–2015 कंपनी पर लागू नहीं है;

च) भारत में निगमित धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में **"अनुलग्नक–क"** में हमारी पृथक रिपोर्ट का अवलोकन करें;

छ) कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसरण में, लेखा परीक्षा रिपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले अन्य विषयों को, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें प्रदत्त स्पष्टीकरण के अनुरूप और सहायक कंपनी एवं संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों की अन्य वित्तीय जानकारी के रूप में पृथक वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार के आधार पर, "अन्य विषयों" पैराग्राफ में उल्लेखित किया गया है;

i. समेकित वित्तीय विवरण समूह और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों की समेकित वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटीकरण करते हैं – समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 42 देखें;

ii. दीर्घकालिक अनुबंधों में मूर्त निकटवर्ती हानि, यदि हो तो, के लिए समेकित वित्तीय विवरणों में प्रावधान किया गया है जैसा की लागू कानून या भारतीय लेखांकन मानकों के अंतर्गत आवश्यक है– ऐसे मदों के संदर्भ में समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 51 देखें क्योंकि इनका संबंध समूह और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों से है और;

iii. भारत में निगमित धारक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों हो और उसकी सहायक कंपनियों के द्वारा इंवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फ़ंड में स्थानांतरित की जाने वाली राशि को स्थानांतरित करने में कोई विलंब नहीं किया गया है

कृते राज हर गोपाल एवं कंपनी	**कृते तिवारी एवं एसोसिएट्स**	**कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट	चार्टर्ड एकाउंटेंट	चार्टर्ड एकाउंटेंट
एफआरएन – 002074N	एफआरएन – 002870N	एफआरएन – 006228C
(सीए गोपाल कृष्ण)	**(सीए संदीप सेंडिल)**	**(सीए प्रियंका जाजू)**
भागीदार	भागीदार	भागीदार
सद.संख्या 081085	सद.संख्या 085747	सद.संख्या 411739
UDIN:21081085AAAAJM5214	UDIN: 21085747AAAABB3291	UDIN: 21411739AAAADI2053

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 11 जून, 2021

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड की इंड एएस के अनुरूप समेकित वित्तीय विवरण पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की समसंख्यक रिपोर्ट का अनुलग्नक "क"

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी के इंड एएस के अनुरूप समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संजोजन के रूप में, हमने इसी दिनांक पर भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (इसके बाद में इसे "होल्डिंग कंपनी" के रूप में संदर्भित किया गया है।") की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा परीक्षण किया है। हमने एक सहायक कंपनी और तीन संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नहीं किया, जिसमें से एक संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई का अन्य लेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षण किया गया है और दो संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयां और एक सहायक कंपनी का लेखा परीक्षण नहीं किया गया है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियां, जो भारत में निगमित की गई कंपनियां हैं, के संगत निदेशक मण्डल इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण दिशा निर्देश नोट में कथित आंतरिक नियंत्रण के वांछित घटकों पर विचार करते हुये कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंड पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और इसे बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय जानकारी का समयबद्ध बनाया जाना, लेखांकन अभिलेखों की शुद्धता और संपूर्णता, त्रुटियों व धोखाधड़ी का पता लगाना और रोकथाम, कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा, संबंधित कंपनी की नीतियों का दृढ़ता से पालन सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से क्रियाशील पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव इन जिम्मेदारियों में सम्मिलित है।

लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना हमारा उत्तरदायित्व है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण दिशानिर्देश नोट ("दिशानिर्देश नोट") एवं आईसीएआई द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण के लिए लागू, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण की सीमा लागू करने के लिए कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित समझी गईं हों, के अनुरूप हम अपना लेखा परीक्षण करते हैं। उन मानकों और गाइडेंस नोट की अपेक्षा है कि हम नैतिक अपेक्षाओं की पूर्ति करें और इस तथ्य पर यथोचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और अनुरक्षित था और यह नियंत्रण सभी मूर्त पहलुओं पर प्रभावी रूप से संचालित था, लेखा परीक्षा योजना बनाएं तथा लेखापरीक्षा करें।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली कि पर्याप्तता और इसकी परिचालन प्रभावशीलता के बारे मे लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं को निष्पादित करना सम्मिलित है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, किसी मूर्त निर्बलता के होने का संकट का आकलन और आकलित संकट के आधार पर आंतरिक नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता एवं डिजाइन का मूल्यांकन व परीक्षण करना सम्मिलित है। वित्तीय विवरणों की मूर्त मिथ्या कथन, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, का संकट के आकलन सहित लेखा परीक्षकों के निर्णय पर प्रक्रियाएं चयनित की जाती हैं।

हमें विश्वास है कि जो लेखापरीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं और अन्य लेखा परीक्षकों ने अपनी रिपोर्ट के संदर्भ में जो लेखापरीक्षा साक्ष्य अन्य विषय पैराग्राफ में नीचे दिए हैं, वह कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली हेतु लेखा परीक्षा राय का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक प्रक्रिया है जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए और सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी करने हेतु डिजाइन की जाती है। कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं, जो (1) ऐसे अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित हैं, जिसमें कंपनी की सम्पत्तियों के लेनदेनों और निपटान का यथार्थ और और उचित रूप में युक्तियुक्त विवरण दर्शाया गया है। (2) उचित आश्वासन देते हैं कि लेनदेन सामान्यतः स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी की अनुमति के लिए दर्ज हो रहे हैं और कंपनी कि प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी प्रबंधन और कंपनी के निदेशक प्राधिकरण के अनुसरण में हो रही है; और (3) कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान; जो वित्तीय विवरणों पर मूर्त प्रभाव डाल सकते हैं, का समय पर पता लगाने या रोकथाम के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करें।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं जिनमें मिलीभगत की संभावना, नियंत्रण अधिभाव का अनुचित प्रबंधन सम्मिलित है, कारण त्रुटि या धोखाधड़ी से मूर्त मिथ्या कथनी हो सकती है जिसका पता नहीं लगता है। इसके अतिरिक्त, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन है कि स्थितियों में परिवर्तन के कारण अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन के स्तर में कमी के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकता है।

अन्य विषय

अधिनियम की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी उपर्युक्त रिपोर्ट, जहां तक एक सहायक कंपनी और तीन संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों, जो कि भारत में निगमित कंपनियाँ है, से संबंधित है, भारत में निगमित एक

संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई की संगत लेखापरीक्षक रिपोर्ट पर और दो संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाईयों एवं एक सहायक कंपनी के प्रबंधन प्रमाण पत्र पर आधारित है।

राय

हमारी राय में, धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियां में, जो भारत में निगमित गई कंपनियां हैं, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण दिशा निर्देश नोट में कथित आंतरिक नियंत्रण के वांछित घटकों पर विचार करते हुये कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण मानदंड के आधार पर, सभी मूर्त पहलुओं के सापेक्ष वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली स्थापित थी और 31 मार्च, 2021 को प्रभावशाली रूप से संचालित थी ।

कृते राज हर गोपाल एवं कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट
एफआरएन – 002074N

(सीए गोपाल कृष्ण)
भागीदार
सद.संख्या 081085
UDIN:21081085AAAAJM5214

कृते तिवारी एवं एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट
एफआरएन – 002870N

(सीए संदीप सेंडिल)
भागीदार
सद.संख्या 085747
UDIN: 21085747AAAABB3291

कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट
एफआरएन – 006228C

(सीए प्रियंका जाजू)
भागीदार
सद.संख्या 411739
UDIN: 21411739AAAADI2053

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 11 जून, 2021

DGA(Energy)/Rep/01-61/A/cs-BHEL-CFS/2021-22/Vol-15/292

गोपनीय

भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग
कार्यालय महा निदेशक लेखापरीक्षा (ऊर्जा)
नई दिल्ली
INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT
Office of the Director General of Audit (Energy)
New Delhi

सत्यमेव जयते

Dated: 12/8/2021

सेवा में,

अध्यक्ष एवं प्रबंध-निदेशक,
भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
नई दिल्ली

महोदय,

विषय: 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के समेकित वित्तीय विवरण (Consolidated Financial Statements) पर कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(b) एवं धारा 129(4) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ।

मैं, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के समेकित वित्तीय विवरण (Consolidated Financial Statements) पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) एवं धारा 129(4) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ अग्रेषित कर रहा हूँ। कृपया इस पत्र की संलग्नकों सहित प्राप्ति की पावती भेजी जाए।

भवदीय,

संलग्नक:- यथोपरि।

डी.के.शेखर

(डी. के. शेखर)
महानिदेशक

पाँचवा, छठा, सातवाँ, एवं दसवां तल, सी.ए.जी बिल्डिंग, एनैक्सी, 10, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली- 110002
5th, 6th, 7th & 10th Floor, C.A.G Building Annexe, 10 Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi- 110002
Tel. : 011-23239213, 23239235 Fax : 011-23239211, Email : pdaenergydl@cag.gov.in

COMMENTS OF THE COMPTROLLER AND AUDITOR GENERAL OF INDIA UNDER SECTION 143(6) (b) READ WITH SECTION 129 (4) OF THE COMPANIES ACT, 2013 ON THE CONSOLIDATED FINANCIAL STATEMENTS OF BHARAT HEAVY ELECTRICALS LIMITED FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2021

The preparation of consolidated financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited for the year ended 31 March 2021 in accordance with the financial reporting framework prescribed under the Companies Act, 2013 (Act) is the responsibility of the management of the company. The statutory auditors appointed by the Comptroller and Auditor General of India under section 139 (5) read with section 129 (4) of the Act are responsible for expressing opinion on the financial statements under section 143 read with section 129 (4) of the Act based on independent audit in accordance with the standards on auditing prescribed under section 143(10) of the Act. This is stated to have been done by them vide their Audit Report dated 11 June 2021.

I, on behalf of the Comptroller and Auditor General of India, have conducted a supplementary audit of the consolidated financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited for the year ended 31 March 2021 under section 143(6)(a) read with section 129(4) of the Act. We conducted a supplementary audit of the financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited, but did not conduct supplementary audit of the financial statements of companies mentioned in Annexure-I for the year ended on that date. Further, Section 139(5) and 143(6)(a) of the Act are not applicable to the BHEL-GE Gas Turbine Services Limited being private entity, for appointment of their Statutory Auditor and for conduct of supplementary audit. Accordingly, Comptroller & Auditor General of India has neither appointed the Statutory Auditor nor conducted the supplementary audit of this company. This supplementary audit has been carried out independently without access to the working papers of the statutory auditors and is limited primarily to inquiries of the statutory auditors and company personnel and a selective examination of some of the accounting records.

On the basis of my supplementary audit nothing significant has come to my knowledge which would give rise to any comment upon or supplement to statutory auditors' report under section 143(6)(b) of the Act.

For and on behalf of the
Comptroller & Auditor General of India

(D. K. Sekar)
Director General of Audit (Energy),
Delhi

Place: New Delhi
Dated: 12 August 2021

ANNEXURE I

List of subsidiaries, associate companies and jointly controlled entities whose financial statements were not audited by the Comptroller and Auditor General of India

Subsidiaries Companies

1. BHEL Electrical Machines Limited

Joint Venture Companies

1. NTPC-BHEL Power Projects Private Limited
2. Raichur Power Corporation Limited

समेकित तुलन पत्र (बैलेंस शीट) 31 मार्च, 2021 का

(₹ करोड़ों में)

विवरण	नोट	पेज	31 मार्च 2021 की स्थिति		31 मार्च 2020 की स्थिति	
अ. परिसंपत्तियां						
1. गैर चालू परिसंपत्तियां						
(क) संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण	3a	259		**2428.98**		2738.51
(ख) पूंजीगत चालू कार्य	3b	259		**403.21**		306.74
(ग) अमूर्त परिसंपत्तियां	4a	259		**62.16**		78.61
(घ) विकासशील अमूर्त परिसंपत्तियां	4b	259		**16.35**		7.26
(ङ) इक्विटी पद्धति का उपयोग करने के लिए निवेश की गणना	5	263		**181.76**		158.97
(ङ) वित्तीय परिसंपत्तियां						
(i) निवेश	5a	264	**3.58**		3.09	
(ii) व्यापार प्राप्य	6	265	**3179.74**		4533.50	
(iii) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	7	266	**97.39**	**3280.71**	83.17	4619.76
(च) आस्थगित कर परिसंपत्तियां (शुद्ध देनदारियां)	8	266		**3671.24**		2765.87
(छ) अन्य गैर चालू परिसंपत्तियां	9	267		**16852.44**		16361.66
कुल गैर चालू परिसंपत्तियां				**26896.85**		27037.38
2. चालू परिसंपत्तियां						
(क) माल सूची	10	268		**7194.45**		8908.23
(ख) वित्तीय परिसंपत्तियां						
(i) व्यापार प्राप्य	11	269	**4035.07**		7108.60	
(ii) नगद एवं नगद समकक्ष	12	269	**1527.19**		1402.86	
(iii) नगद एवं नगद समकक्ष के अतिरिक्त अन्य बैंक बैलेंस	13	270	**5174.26**		5015.73	
(iv) ऋण	14	270	**-**		-	
(v) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	15	271	**232.65**	**10969.17**	262.74	13789.93
(ग) चालू कर परिसंपत्तियां (शुद्ध)	16	271		**403.60**		229.07
(घ) अन्य चालू परिसंपत्तियां	17	272		**9776.14**		9783.95
कुल चालू परिसंपत्तियां				**28343.35**		32711.18
कुल परिसंपत्तियां				**55240.21**		59748.56
ब. इक्विटी एवं देयता:						
3. इक्विटी						
(क) इक्विटी शेयर पूंजी	18	273		**696.41**		696.41
(ख) अन्य इक्विटी	18a	274		**25287.25**		27964.31
				25983.66		28660.72
अनियंत्रित ब्याज				**(11.66)**		(9.07)
कुल इक्विटी				**25972.00**		28651.65

समेकित तुलन पत्र (बैलेंस शीट) 31 मार्च, 2021 का

(₹ करोड़ों में)

विवरण	नोट	पेज	31 मार्च 2021 की स्थिति		31 मार्च 2020 की स्थिति	
4. देयताएं						
4.1 गैर चालू देयताएं						
(क) वित्तीय देयताएं						
(i) पट्टा देयताएं	19	274	53.41		75.37	
(ii) व्यापार देय	20	275				
(i) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों का कुल बकाया राशि			157.92		72.91	
(ii) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के अलावा अन्य का कुल बकाया राशि			1723.16		1003.32	
(iii) अन्य वित्तीय देयताएं	21	275	216.72	2151.21	159.02	1310.62
(ख) प्रावधान	22	275		3925.56		4225.16
(ग) अन्य गैर चालू देयताएं	23	276		2831.54		2952.65
कुल गैर चालू देयताएं				8908.31		8488.43
4.2 चालू देयताएं						
(क) वित्तीय देयताएं						
(i) उधार	24	276	4849.28		4947.92	
(ia) पट्टा देयताएं	19	274	48.20		56.67	
(ii) व्यापार देय	25	277				
(i) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों का कुल बकाया राशि			662.94		611.12	
(ii) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के अलावा अन्य का कुल बकाया राशि			6020.57		8218.04	
(iii) अन्य वित्तीय देयताएं	26	278	929.58	12510.57	1430.62	15264.37
(ख) प्रावधान	27	278		3168.52		3085.76
(ग) अन्य चालू देयताएं	28	278		4680.80		4258.35
कुल चालू देयताएं				20359.90		22608.48
कुल देयताएं				29268.20		31096.91
कुल इक्विटी एवं देयता				55240.21		59748.56
तैयारी का आधार, मापन एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	2	254				
साथ में दिए गए नोट इन वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न हिस्सा हैं	41-62	287				

निदेशक मंडल की ओर से एवं उनके लिए

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव
सद.संख्या 14567

(सुबोध गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
डीआईएनः 08113460

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 01176857

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते राज हर गोपाल एवं कंपनी
चार्टड एकाउंटेंट
एफआरएन – 002074N

कृते तिवारी एवं एसोसिएट्स
चार्टड एकाउंटेंट
एफआरएन – 002870N

कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी
चार्टड एकाउंटेंट
एफआरएन – 006228C

(सीए गोपाल कृष्ण)
भागीदार
सद.संख्या 081085

(सीए संदीप सेंडिल)
भागीदार
सद.संख्या 085747

(सीए प्रियंका जाजू)
भागीदार
सद.संख्या 411739

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 11 जून, 2021

समेकित लाभ–हानि विवरण 31 मार्च, 2021 को

(₹ करोड़ों में)

विवरण	नोट	पेज		31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए		31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए
आय						
परिचालनों से राजस्व	29	279		**17308.69**		21463.14
अन्य आय	30	280		**348.42**		564.30
कुल आय				**17657.11**		22027.44
व्यय						
सामग्री खपत, इरेक्सन एवं इंजीनीयरिंग व्यय	31	280		**11359.77**		15081.72
तैयार माल, प्रगतिशील कार्य एवं स्क्रेप की माल सूची में परिवर्तन	32	281		**510.86**		(1042.43)
कर्मचारी लाभ व्यय	33	281		**5378.15**		5431.88
अन्य व्यय	34	282		**1799.57**		2430.27
विनिमय दर (शुद्ध (लाभ)/ हानि)				**(65.83)**		(434.73)
प्रावधान	35	283		**1467.46**		233.80
वित्तीय लागत	36	284		**373.95**		508.45
मूल्यह्रास एवं परिशोधन खर्च	3.1/4.1	260/262		**473.25**		503.27
कुल व्यय				**21297.18**		22712.23
इक्विटी प्रणाली का उपयोग कर निवेश का लाभ (हानि) पूर्व शेयर का शुद्ध लाभ / (पूर्व) तथा कर				**(3640.07)**		(684.79)
इक्विटी प्रणाली का उपयोग कर संयुक्त उद्यम का शुद्ध लाभ / (हानि)				**44.14**		25.72
कर पूर्व लाभ				**(3595.93)**		(659.07)
कर व्यय	37	284				
क) वर्तमान कर			**15.82**		1.52	
ख) आस्थगित कर			**(912.05)**	**(896.23)**	807.76	809.28
वर्ष के लिए लाभ (क)				**(2699.70)**		(1468.35)
अन्य व्यापक आय	38	285				
वे आइटम जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा (शुद्ध कर)						
–निर्धारित कर्मचारी लाभों का पुनर्मापन				**19.98**		(273.87)
–इक्विटी प्रणाली का उपयोग कर संयुक्त उद्यम में ओसीआई का शेयर				**0.07**		0.13
वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय (ख)				**20.05**		(273.74)
वर्ष के लिए कुल व्यापक आय (क+ख)				**(2679.65)**		(1742.09)
पर भारित:						
मूल इकाई के इक्विटी धारक				**(2677.06)**		(1739.75)
अनियंत्रित ब्याज				**(2.59)**		(2.34)
कुल				**(2679.65)**		(1742.09)

समेकित लाभ–हानि विवरण 31 मार्च, 2021 को

(₹ करोड़ों में)

विवरण	नोट	पेज	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए
वर्ष की कुल अन्य व्यापक आय				
पर भारितः				
मूल इकाई के इक्विटी धारक			**20.05**	(273.74)
अनियंत्रित ब्याज			**-**	-
कुल			**20.05**	(273.74)
कुल वर्ष के लिए लाभ				
पर भारितः				
मूल इकाई के इक्विटी धारक			**(2697.11)**	(1466.01)
अनियंत्रित ब्याज			**(2.59)**	(2.34)
कुल			**(2699.70)**	(1468.35)
प्रति इक्विटी शेयर आय	**39**	**286**		
(1) मूल [प्रत्येक का अंकित मूल्य 2 रुपये]			**(7.75)**	(4.21)
(2) मिश्रित [प्रत्येक का अंकित मूल्य 2 रुपये]			**(7.75)**	(4.21)
तैयारी का आधार, मापन एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	**2**	**254**		
साथ में दिए गए नोट इन वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न हिस्सा हैं	**41-62**	**287**		

निदेशक मंडल की ओर से एवं उनके लिए

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव
सद.संख्या 14567

(सुबोध गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
डीआईएनः 08113460

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 01176857

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते राज हर गोपाल एवं कंपनी
चार्टड एकाउंटेंट
एफआरएन – 002074N

(सीए गोपाल कृष्ण)
भागीदार
सद.संख्या 081085

कृते तिवारी एवं एसोसिएट्स
चार्टड एकाउंटेंट
एफआरएन – 002870N

(सीए संदीप सेंडिल)
भागीदार
सद.संख्या 085747

कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी
चार्टड एकाउंटेंट
एफआरएन – 006228C

(सीए प्रियंका जाजू)
भागीदार
सद.संख्या 411739

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 11 जून, 2021

इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण

31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए

अ. इक्विटी शेयर पूंजी

(₹ करोड़ों में)

2 रु. प्रत्येक के जारी किए गए, पूर्णतरू प्रदत्त इक्विटी शेयर	शेयरों की संख्या		राशि	
	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20
अवधि की शुरूआत में शेष	**3482063355**	3482063355	**696.41**	696.41
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	**-**	-	**-**	-
अवधि के अंत में शेष	**3482063355**	3482063355	**696.41**	696.41

ब. अन्य इक्विटी

31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ों में)

विवरण	राजस्व एवं अधिशेष				अन्य व्यापक आय की अन्य मदें	कुल अन्य इक्विटी	अनियंत्रित ब्याज
	आरक्षित पूंजी	पूंजी मोचन कोष	सामान्य कोष	प्रतिधारित आय			
01, अपैल 2020 को शेष राशि	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(2170.37)**	**(415.03)**	**27964.31**	**(9.07)**
जोड़ें: वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	-	-	-	(2697.11)	20.05	(2677.06)	(2.59)
31 मार्च 2021 को शेष	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(4867.48)**	**(394.98)**	**25287.25**	**(11.66)**

इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण

31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए

31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ों में)

विवरण	राजस्व एवं अधिशेष				अन्य व्यापक आय की अन्य मदें	कुल अन्य इक्विटी	अनियंत्रित ब्याज
	आरक्षित पूंजी	पूंजी मोचन कोष	सामान्य कोष	प्रतिधारित आय			
01, अपैल 2019 को शेष राशि	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(232.56)**	**(141.16)**	**30175.99**	**(6.73)**
जोड़ें: लेखांकन प्रणाली में परिवर्तन (इंड एएस 115)	-	-	-	31.94	-	31.94	-
01, अपैल 2019 को पुनर्वर्णित शेष	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(200.62)**	**(141.16)**	**30207.93**	**(6.73)**
जोड़ें: वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	-	-	-	(1466.01)	(273.87)	(1739.88)	(2.34)
घटाएँ: वित्त वर्ष 2018–19 के लिए अंतिम लाभांश [नोट 41]	-	-	-	417.85	-	417.85	-
घटाएँ: लाभांश वितरण कर [नोट 41]	-	-	-	85.89	-	85.89	-
31 मार्च 2020 को शेष	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(2170.37)**	**(415.03)**	**27964.31**	**(9.07)**

निदेशक मंडल की ओर से एवं उनके लिए

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव
सद.संख्या 14567

(सुबोध गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 08113460

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 01176857

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार
5 से 10 वर्ष के बीच	**1984.72**	1502.75
10 वर्ष के बाद	**3568.92**	3837.24
कुल	**8395.04**	**8160.39**

iv. सेवानिवृत्ति पर यात्रा का दावा– (निपटान भत्ता – गैर वित्त पोषित योजना)

निपटान भत्ता किसी कर्मचारी द्वारा किए गए उस व्यय की प्रतिपूर्ति है, जो वह कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति या सेवाकाल में मृत्यु के पश्चात उसका परिवार भारत में अपने इच्छित शहर या स्थान पर बसने के लिए यात्रा करने और अपने सामान को ले जाने के लिए करता है।

निपटान भत्ता देयता में संचलन

(₹ करोड़ों में)

विवरण	भविष्य निधि	
	31 मार्च 2021 को	31 मार्च 2020 को
आरंभिक शेष	**9.56**	8.53
वर्ष के लिए लाभ में शामिल:	**0.63**	0.58
वर्तमान सेवा लागत	**0.65**	0.64
ब्याज लागत / आय	**1.28**	1.22
बीमांकिक हानि (लाभ)	**2.16**	1.86
वर्ष के लिए लाभ में मान्यता प्राप्त कुल राशि	**3.44**	3.08
अन्य		
नियोक्ता द्वारा भुगतान किया गया अंशदान	**-**	-
प्रदत्त लाभ	**(2.70)**	(2.05)
अंतिम शेष	**10.30**	9.56

बीमांकिक अनुमान

रिपोर्टिंग की तिथि तक मुख्य बीमांकिक अनुमान इस प्रकार थे:

विवरण	बीमांकिक अनुमान	
	31 मार्च 2021 को	31 मार्च 2020 को
आर्थिक अनुमान:		
छूट दर	**6.75%**	6.75%
वेतन वृद्धि दर	**प्रथम 4 वर्षों के लिए 6.50% प्रतिवर्ष और उसके बाद 6% प्रतिवर्ष**	प्रथम 4 वर्षों के लिए 6.50% प्रतिवर्ष और उसके बाद 6% प्रतिवर्ष
जनसांख्यिकी अनुमान:		
सेवानिवृत्ति आयु	**60**	60
मृत्यु दर तालिका	**आईएएलएम का 100% (2012–14)**	आईएएलएम का 100% (2012–14)
निकासी दर: (सभी आयु वर्ग)		
30 वर्ष तक	**3%**	3%
31 से 44 वर्ष तक	**2%**	2%
44 वर्ष से अधिक	**1%**	1%

ख. दीर्घकालिक छुट्टी देयता (नकदी योग्य छुट्टी –ईएल / अर्ध वेतन अवकाश–एचपीएल) – (गैर वित्त पोषित योजना)

कंपनी अपने कर्मचारियों को प्रति छमाही में 15 दिन (अधिकतम) अर्जित अवकाश और और 10 दिन का अर्ध वैतनिक अवकाश की सुविधा प्रदान करती है। अर्जित अवकाश का नकदीकरण सेवा के दौरान होता है। कंपनी नीतियों व नकदीकरण नियमों के आधार पर सेवानिवृत्ति / अधिवर्षिता आयु पर अर्जित अवकाश और अर्ध वैतनिक अवकाश एक साथ मिलाकर अधिकतम 300 दिनों तक नकदीकरण किया जा सकता है। अवकाश देयताओं को अन्य दीर्घकालिक लाभों के रूप में माना जाता है और अनुमानित यूनिट क्रेडिट एक्चुरियल विधि का उपयोग करके मूल्यांकन किया गया है।

दीर्घ अवधि छुट्टी देयता में संचलन

(₹ करोड़ों में)

विवरण	दीर्घ अवधि छुट्ती देयता	
	31 मार्च 2021 को	31 मार्च 2020 को
आरंभिक शेष	**1392.73**	1492.44
वर्ष के लाभ में शामिल:		
वर्तमान सेवा लागत	**157.75**	155.94
ब्याज लागत (आय)	**93.98**	115.63
बीमांकिक हानि (लाभ) से उत्पन्न	**(130.95)**	(138.64)
वर्ष के लिए लाभ में मान्यता प्राप्त कुल राशि	**120.78**	132.93
प्रदत्त लाभ	**271.43**	232.64
अंतिम शेष	**1242.08**	1392.73

बीमांकिक अनुमान

रिपोर्टिंग तिथि पर प्रमुख बीमांकिक अनुमान निम्नलिखित थे:

विवरण	दीर्घ अवधि छुट्टी देयता	
	31 मार्च 2021 को	31 मार्च 2020 को
आर्थिक अनुमान:		
छूट दर	**6.75%**	6.75%
वेतन वृद्धि दर	**प्रथम 4 वर्षों के लिए 6.50% प्रतिवर्ष और उसके बाद 6% प्रतिवर्ष**	प्रथम 4 वर्षों के लिए 6.50% प्रतिवर्ष और उसके बाद 6% प्रतिवर्ष
जनसांख्यिकी अनुमान:		
सेवानिवृत्ति आयु	**60**	60
मृत्यु दर तालिका	**आईएएलएम का 100% (2012–14)**	आईएएलएम का 100% (2012–14)
निकासी दर: (सभी आयु वर्ग)		
30 वर्ष तक	**3%**	3%
31 से 44 वर्ष तक	**2%**	2%
44 वर्ष से अधिक	**1%**	1%

ग. पेंशन फंड

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए पेंशन योजना (परिभाषित योगदान योजना) के संबंध में ₹280 करोड़ का योगदान दिया है

नोट [50] – संबंधित पक्षों से लेनदेन

i.

संयुक्त उपक्रम	अन्य
बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड(बीजीजीटीएस)	सेंट्रल गवर्मेंट कंट्रोल संस्थाएं
एनटीनीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्टस प्रोजेक्टस प्रायवेट लिमिटेड(एनबीपीपीएल)	भविष्य निधि न्यास
रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमि. (आरपीसीएल)	ग्रेच्युटी न्यास, पीआरएमबी न्यास, पेंशन न्यास
दादा धुनीवाले खंडवा पावर लिमि.	
पावरप्लांट परफारमेंस इम्प्रूवमेंट लिमि.	

*नवंबर 2020 में भंग किया

अन्य संबंधित पक्षः

क. कार्यकारी निदेशक एवं कम्पनी सचिव (₹ करोड़ों में)

विवरण	अल्पकालिक कर्मचारी लाभ		रोजगार के बाद के लाभ		कुल पारिश्रमिक	
	20-21	19-20	20-21	19-20	20-21	19-20
श्री [डॉ.] नलिन सिंघल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	0.52	0.35	0.08	0.07	0.60	0.42
श्री सुबोध गुप्ता निदेशक (वित्त)	0.49	0.44	0.07	0.09	0.56	0.53
श्री एस. बालकृष्णन[1] निदेशक (आईएस एंड पी)	0.66	0.50	0.05	0.09	0.71	0.59
श्री मनोज कुमार वर्मा[2] निदेशक (पावर)	0.62	0.52	0.06	0.09	0.68	0.61
श्री कमलेश दास निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास)	0.47	0.38	0.07	0.08	0.54	0.46
श्री अनिल कपूर[3] निदेशक (मानव संसाधन)	0.46	0.20	0.07	0.04	0.53	0.24
सुश्री रेणुका गेरा[4] निदेशक (आईएस एंड पी)	0.16	-	0.03	-	0.19	-
श्री राजीव कालड़ा कंपनी सचिव	0.38	0.33	0.06	0.07	0.44	0.40
श्री टीएस चक्रवर्ती[5] प्रबंध निदेशक बीएचईएल–ईएमएल	0.40	-	0.07	-	0.47	-

1. 30 नवंबर, 2020 तक

2. 31 जनवरी 2021 तक

3. 1 फरवरी, 2021 से निदेशक (पावर) का अतिरिक्त प्रभार

4. 1 दिसंबर, 2020 से प्रभावी

5. मई 05, 2020 से प्रभावी

कंपनी भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और इसकी अधिकांश हिस्सेदारी भारत सरकार के पास है। महत्वपूर्ण लेन–देन अन्य सार्वजनिक उपक्रमों, राज्य के स्वामित्व वाली उपयोगिताओं, रेलवे आदि के साथ होते हैं जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत सरकार द्वारा नियंत्रित होते हैं। ऐसी संस्थाओं के साथ लेन–देन सामान्य है, जो आर्म्स लैंथ प्राइज पर आधारित बाजार संचालित दरों पर है।

ख. सरकारी निदेशक/ स्वतंत्र निदेशक

(₹ लाखों में)

सरकारी/ स्वतंत्र निदेशक	बैठक शुल्क	
	समाप्त वर्ष के लिए 31 मार्च, 2021	समाप्त वर्ष के लिए 31 मार्च, 2020
श्री शशांक प्रिय सरकारी निदेशक	-	-
श्री अमित वरदान सरकारी निदेशक (02.09.2020 तक)	-	-
श्री अमित मेहता सरकारी निदेशक (02.09.2020 से प्रभावी)	-	-
श्री देश दीपक गोयल स्वतंत्र निदेशक (11.09.2020 तक)	**3.30**	6.30
श्री रंजीत रे स्वतंत्र निदेशक (11.09.2020 तक)	**3.50**	6.90
श्री राजेश शर्मा स्वतंत्र निदेशक	**5.10**	4.50
श्री राज कमल बिंदल स्वतंत्र निदेशक	**4.60**	0.30
श्री मनीष कपूर स्वतंत्र निदेशक	**4.80**	0.30

ग. विलगित न्यास के माध्यम से प्रबंधित सेवा उपरांत लाभ योजना में संव्यवहार

(₹ करोड़ों में)

न्यास का नाम	रोजगार के बाद लाभ योजना	नियोक्ता द्वारा योगदान	
		समाप्त वर्ष के लिए मार्च 31	
		2021	2020
पीआरएमबी न्यास	सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा योजना	41.62	-
ग्रेच्युटी न्यास	ग्रेच्युटी	154.00	48.00
कर्मचारी सेवानिवृत्ति कोष	पेंशन निधि	280.00	92.27
बीएचईएल ईपीएफ न्यास, रानीपुर, हरिद्वार	भविष्य निधि	52.21	50.81
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि–त्रिची	भविष्य निधि	52.97	56.76
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि भोपाल	भविष्य निधि	50.86	63.52
बीएचईएल नई दिल्ली कर्मचारी भविष्य निधि न्यास	भविष्य निधि	39.25	34.18
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि–हैदराबाद	भविष्य निधि	39.36	16.57
बीएचईएल पीपीडी ईपीएफ न्यास, चेन्नई	भविष्य निधि	26.34	25.37
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि–बेंगलुरु	भविष्य निधि	29.16	33.50
बीएचईएल (बीएपी यूनिट) ईपीएफ न्यास, रानीपेट	भविष्य निधि	19.24	19.79
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि न्यास झांसी	भविष्य निधि	12.77	21.65
भारत हैवी प्लेट्स एंड वेसल्स लिमिटेड कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि–विजाग	भविष्य निधि	5.45	5.18

iii. संयुक्त उद्यम के साथ समव्यवहारों और शेष राशि का विवरण

(₹ करोड़ों में)

विवरण	समाप्त वर्ष के लिए	
	31 मार्च 2021	31 मार्च 2020
माल और सेवाओं की बिक्री		
बीजीजीटीएस	**215.85**	169.61
आरपीसीएल	**7.80**	17.28
एनबीपीपीएल	**10.86**	2.80
लाभांश आय		
बीजीजीटीएस	**21.42**	16.30
रॉयल्टी आय		
बीजीजीटीएस	**1.46**	1.10
माल और सेवाओं की खरीद		
बीजीजीटीएस	**1.96**	0.86
आरपीसीएल	**-**	-
एनबीपीपीएल	**0.75**	3.05
वर्ष के अंत में बीएचईएल देय राशि		
बीजीजीटीएस	**68.79**	29.45
आरपीसीएल	**552.00**	541.93
एनबीपीपीएल	**195.56**	262.51
वर्ष के अंत में बीएचईएल (अग्रिम के साथ) से देय राशि		
बीजीजीटीएस	**0.15**	0.24
आरपीसीएल	**7.67**	9.30
एनबीपीपीएल	**56.79**	79.16
संदिग्ध ऋण और अग्रिम के लिए प्रावधान		
एनबीपीपीएल	**187.98**	183.90

नोटः निवेश के मूल्य में कमी के प्रावधान के लिए नोट [5क] देखें

नोट [51] – प्रकटीकरण (प्रावधान में संचलन) – इंड एएस – 37

(₹ करोड़ों में)

क. परिनिर्धारित नुकसान	31 मार्च, 2021 तक	31 मार्च, 2020 तक
आरंभिक शेष	**8467.67**	7549.65
जोड़ें: परिवर्निधि	**1546.68**	1706.20
घटाएँ: उपयोग / बट्टे खाते में डालना / भुगतान	**98.36**	3.88
घटाएँ: आहरण / समायोजन	**404.19**	784.30
अंतिम शेष	**9511.80**	8467.67

कंपनी की लेखा नीति के अनुरूप तरल क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है और निपटान या अन्य खातों में समान रूप से निपटाया जाता है। तरल क्षतिपूर्ति से संबंधित आकस्मिक देयता को नोट 42 के पैरा ए (प) (जी) में दिखाया गया है।

(₹ करोड़ों में)

ख. अनुबंधात्मक दायित्व	31 मार्च, 2021 तक	31 मार्च, 2020 तक
आरंभिक शेष	**4319.11**	5295.44
जोड़ेरू लागत उधार	**141.68**	195.61
जोड: परिवर्निधि	**447.20**	567.75
घटाएँ: पीवी समायोजन	**194.95**	119.83
घटाएँ: उपयोग / बट्टे खाते में डालना / भुगतान	**87.56**	63.11
घटाएँ: आहरण / समायोजन	**621.74**	1545.18
जोड़ें / (कम): अनुमान और दरों में परिवर्तन	**(11.29)**	(11.57)
अंतिम शेष	**3992.45**	4319.11

अनुबंध के नियमों और शर्तों के अनुसार वारंटी दायित्वों को पूरा करने के लिए संविदात्मक दायित्व का प्रावधान महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या 10 के अनुरूप समय के मूल्य के प्रभाव को देखते हुए बनाया गया है। अनुबंध की वारंटी दायित्वों के पूरा होने तक इसे यथावत रखा गया है। वारंटी दायित्व पर वास्तविक व्यय अनुबंध से अनुबंध तक और संबंधित अनुबंध के नियमों और शर्तों के आधार पर वर्ष–दर–वर्ष भिन्न हो सकते हैं। दोनों लेखा अवधियों में समायोजन में पूर्णतः प्रावधान की गई परियोजनाओं से संबंधित बकाया राशि, बी एंड डी ऋणों के लिए गैर–वर्तमान भत्ते में प्रकट संविदात्मक दायित्व शामिल है।

नोट [52] – प्रकटीकरण – ग्राहकों के साथ अनुबंध से राजस्व – इंड एएस –115

क. क्षति प्रावधानों में संचलन

(₹ करोड़ों में)

विवरण	2020-21		2019-20	
	व्यापारिक प्राप्तियाँ	अनुबंध संपत्ति	व्यापारिक प्राप्तियाँ	अनुबंध संपत्ति
आरंभिक शेष	**5448.93**	**805.05**	6401.93	654.73
जोड़ेः परिवर्निधि	**677.99**	**337.37**	463.41	192.17
घटाएँः बट्टे खाते डालना	**49.34**	**-**	57.60	-
घटाएँः रिवर्सल	**1169.17**	**18.10**	1358.81	41.85
अंतिम शेष	**4908.41**	**1124.32**	5448.93	805.05

ख. ग्राहकों के साथ अनुबंध से राजस्व का विभाजन

(₹ करोड़ों में)

विवरण	पावर		उद्योग		कुल
	भारत में	भारत से बाहर	भारत में	भारत से बाहर	
2020–21					
ग्राहकों से राजस्व					
राजस्व मान्यता का समय					
(अ) समय में एक बिंदु पर (उत्पादन/सेवाएं)	**1902.18**	**10.00**	**3780.92**	**21.30**	**5714.40**
(ब) अधिसमय	**7650.09**	**1823.78**	**1107.53**	**-**	**10581.40**
2019–20					
ग्राहकों से राजस्व					
राजस्व मान्यता का समय					
(अ) समय में एक बिंदु पर (उत्पादन/सेवाएं)	1946.05	34.48	3607.92	1.88	5590.33
(ब) अधिसमय	9197.31	3782.6	1922.28	2.07	14904.26

(₹ करोड़ों में)

विवरण	2020-21		2019-20	
	पावर	उद्योग	पावर	उद्योग
ग्राहकों से राजस्व				
बीआईएफपीसीएल (बांगलादेश)	**1653.65**	**-**	3277.17	-
सीपीएसयू	**2824.59**	**1791.55**	3219.25	2324.72
रेलवे	**-**	**1497.65**	-	1434.87
टीएसजीईएनसीओ	**1664.61**	**-**	2065.9	-

ग. अनुबंध शेष (शुद्ध प्रावधान)

(₹ करोड़ों में)

विवरण	31 मार्च, 2021 को	31 मार्च, 2020 को
व्यापारिक प्राप्तियाँ	**7214.81**	11642.10
अनुबंध संपत्ति (अनबिल्ड राजस्व शामिल)	**24079.48**	23794.22
अनुबंध दायित्वों	**6864.35**	6719.24

घ. मान्य अनुबंध राजस्व

(₹ करोड़ों में)

विवरण	31 मार्च, 2021 को	31 मार्च, 2021 को
अनुबंध देनदारियों के प्रतिकूल मान्य प्राप्त राजस्व (ग्राहक अग्रिमों का समायोजन और वर्ष के दौरान मूल्यांकन समायोजन)	**3591.86**	3140.51
पिछले वर्ष में संतुष्ट निष्पादन दायित्व के प्रतिकूल मान्य प्राप्त राजस्व (अनुबंध राजस्व में परिवर्तन के कारण प्रभाव)	**92.96**	727.34

विद्युत परियोजनाओं की स्थापना एक दीर्घचक्रीय व्यवसाय है, जहां कंपनी द्वारा प्राप्त अनुबंध या तो ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रिक्योरमेंट और कमीशनिंग) या बीटीजी पैकेज (यानी बॉयलर, टर्बाइन और जनरेटर पैकेज) हैं। 3 से 5 वर्ष के बीच अनुबंध की सामान्य निष्पादन अवधि के साथ विद्युत परियोजनाएं लंबी अवधि की परियोजनाएं हैं। बीएचईएल सेवाओं के दायरे में उपकरण की आपूर्ति, निर्माण, कमीशनिंग, प्लांट को ग्रिड से सिंक्रोनाइज़ करना, ट्रायल ऑपरेशन को पूरा करना और गारंटीकृत पैरामीटर प्रदान करना सम्मिलित है।

यद्यपि समग्र दायरे में कई घटक हैं, ऐसी परियोजनाओं को आमतौर पर एक प्रदर्शन दायित्व माना जाता है। नियंत्रण निष्पादन अवधि पर एक साथ स्थानांतरित होता है क्योंकि इकाई समय में असतत बिंदुओं के बजाय समग्र रूप से निष्पादन कार्य करती है और इसलिए प्रगति की माप के आधार पर समय की अवधि में राजस्व को मान्यता दी जाती है (इनपुट लागत विधि)

नोट [53]

वैश्विक स्तर पर कोविड 19 महामारी के प्रसार के परिणामस्वरूप राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन ने आर्थिक गतिविधियों में व्यवधान एवं मंद गति का कारण बना। इसने वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान कंपनी के परिचालनों को प्रभावित किया, जिसमें उत्तरोत्तर सुधार हुआ। इन वित्तीय विवरणों के अनुमोदन की तिथि तक की आंतरिक और बाहरी जानकारी के आधार पर, कंपनी को अपनी परिसंपत्तियों, निवेशों, व्यापार प्राप्तियों, अनुबंध परिसंपत्तियों और इन्वेंट्री की अग्रणीत राशि की वसूली की उम्मीद है। कंपनी भविष्य की आर्थिक स्थितियों की निगरानी करना और अपने वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव का आकलन करना जारी रखेगी।

नोट [54] – इंड एएस–107 के अनुपालन में प्रकटीकरण [वित्तीय लिखित – लेखा वर्गीकरण और उचित मूल्य माप]

क नकद और नकद तुल्य, बैंक शेष, ऋण, व्यापार प्राप्य, व्यापार देयताएं और अन्य का उचित मूल्य उनकी वहन राशि का अनुमान लगाता है। व्यापारिक प्राप्तियों का मूल्यांकन अपेक्षित क्रेडिट हानि पर विचार करने के बाद किया जाता है। कंपनी मूल्यांकन तकनीक द्वारा वित्तीय लिखितों के उचित मूल्य का निर्धारण और खुलासा करने के लिए निम्नलिखित पदानुक्रम का उपयोग करती है।

उचित मूल्य पदानुक्रम

मूल्यांकन तकनीक में उपयोग किए गए इनपुट के आधार पर वित्तीय लिखितों का उचित मूल्य निम्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

स्तर 1: समान परिसंपत्तियों या देनदारियों के लिए सक्रिय बाजारों में कोटिड मूल्य (असमायोजित)।

स्तर 2: स्तर 1 के भीतर शामिल कोटिड कीमतों के अलावा अन्य इनपुट जो कि परिसंपत्ति या देयता के लिए प्रत्यक्ष (अर्थात, कीमतों के रूप में) या अप्रत्यक्ष रूप से (अर्थात, कीमतों से प्राप्त)।

स्तर 3: संपत्ति या देयता हेतु इनपुट जो अवलोकन योग्य बाजार डेटा पर आधारित नहीं हैं (अप्रचलित इनपुट)

(₹ करोड़ों में)

ख वित्तीय संपत्ति/ दायित्वों वर्गीकरण	आगे ले जाने वाली राशि	
	31 मार्च, 2021 का	31 मार्च, 2021 का
परिशोनिधि लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां		
व्यापारिक प्राप्य	**7214.81**	11642.10
नकद और नकद तुल्य	**1527.19**	1402.86
अन्य बैंक शेष राशि	**5174.26**	5015.73
ऋण	**-**	-
अन्य वित्तीय संपत्ति	**330.04**	345.91
लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय संपत्ति		
निवेश (इक्विटी इंस्ट्रूमेंट)	**3.58**	3.09
परिशोनिधि लागत पर वित्तीय देनदारियां		
व्यापारिक देनदारियां	**8564.59**	9905.39
अन्य वित्तीय देनदारियां	**1146.30**	1589.64
वित्त लीज दायित्व	**101.61**	132.04
अल्पावधि उधार	**4849.28**	4947.92

(₹ करोड़ों में)

उचित मूल्य – आवर्ती उचित मूल्य पर मापी गई वित्तीय परिसंपत्तियां और देनदारियां	स्तर 3 पदानुक्रम	
	31 मार्च, 2021 को	31 मार्च, 2020 को
वित्तीय संपत्तियॉं:		
अनकोटिड इक्विटी उपकरणों में निवेश	**3.58**	3.09

ग. उचित मूल्य निर्धारण हेतु प्रयुक्त मूल्यांकन तकनीक

अनकोटिड इक्विटी उपकरण का उचित मूल्य स्तर 3 इनपुट का उपयोग करके निर्धारित किया जाता है, जिसमें प्रति शेयर शुद्ध संपत्ति मूल्य के आधार पर निवेशकर्ता कंपनी के वित्तीय विवरणों के इनपुट शामिल होते हैं ।

एफवीटीपीएल परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत अनकोटिड इक्विटी शेयरों के उचित मूल्य माप का पुनर्मिलान

(₹ करोड़ों में)

31 मार्च, 2020 को	**3.09**
उचित मूल्य में परिवर्तन	0.49
31 मार्च, 2021 को	**3.58**

वित्तीय जोखिम प्रबंधन

उद्देश्य और नीतियां

कंपनी की गतिविधियाँ जो प्राकृतिक व्यापार के क्षेत्र में काम करने वाली किसी भी कंपनी के उत्पन्न विभिन्न वित्तीय जोखिमों को उजागर करने के लिए होती हैं। वित्तीय जोखिम का प्रबंधन हमेशा कंपनी की व्यावसायिक रणनीतियों और नीतियों का एक अभिन्न अंग रहा है। कंपनी अपने विभिन्न हितधारकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के अनुरूप वित्तीय जोखिमों को दूर करने के लिए समय–समय पर अपनी नीतियों और दिशानिर्देशों की समीक्षा और उन्हें संरेखित करती है। वित्तीय लिखितों के उपयोग से जोखिम को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जा सकता है:

क. ऋण जोखिम

ख. लिक्विडिटी जोखिम

ग. बाजार ज़ोखिम

यह नोट उपर्युक्त जोखिमों में से प्रत्येक के लिए कंपनी के जोखिम, कंपनी के उद्देश्यों, नीतियों और प्रक्रियाओं को मापने और प्रबंधन और कंपनी की पूंजी के प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रस्तुत करता है। इन वित्तीय विवरणों में आगे मात्रात्मक खुलासे शामिल हैं।

जोखिम प्रबंधन ढांचा

बीएचईएल के पास एक बोर्ड द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन चार्टर और नीति है जो कंपनी में जोखिम प्रबंधन के लिए समग्र रूपरेखा प्रदान करता है। चार्टर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपयुक्त जोखिम शमन उपायों को अपनाकर जोखिमों की सही पहचान, आकलन और प्रभावी तरीके से प्रबंधन किया जा रहा है। कंपनी के पास 3–परत जोखिम प्रबंधन ढांचा है। पहले स्तर पर, कंपनी के बोर्ड स्तर जोखिम प्रबंधन समिति (बीएलआरएमसी) को कंपनी के जोखिम शासन संरचना, जोखिम मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन ढांचे, दिशानिर्देशों, नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। दूसरे स्तर पर जोखिम प्रबंधन संचालन समिति (आरएमएससी) जोखिम प्रबंधन ढांचे को अपनाने और लागू करने और कंपनी भर में जोखिम प्रबंधन पहल का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदार है। मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) बीएलआरएमसी और आरएमएससी के संयोजक होने के नाते बोर्ड / बीएलआरएमसी को जोखिम प्रबंधन पर आवधिक रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है। कंपनी द्वारा होने वाले प्रमुख जोखिमों का विश्लेषण यूनिट स्तर से उनके संबंधित क्षेत्रों के लिए जोखिम शमन योजना तैयार करने और कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया जाता है।

क्रेडिट जोखिम के लिए प्रबंधन

क्रेडिट जोखिम को व्यापार करने के रिस्क रिवार्ड संतुलन का एक अभिन्न अंग माना जाता है। बीएचईएल भारत और विदेशों में सरकारी क्षेत्रों (राज्य उपयोगिताओं, पीएसयू, रेलवे और अन्य सरकारी विभागों आदि) और निजी क्षेत्रों से संबंधित बिजली परियोजनाओं की स्थापना में शामिल है। परियोजनाएं आमतौर पर वित्तीय संस्थानों / बैंकों द्वारा वित्त पोषित होती हैं या भुगतान साख पत्र (एलसी) के माध्यम से कवर किए जाते हैं। परियोजना की अवधि 3 से 5 वर्ष तक होती है और भुगतान आमतौर पर अनुबंध की शर्तों के अनुसार चरणों में किया जाता है, जिसमें अग्रिम, प्रगति भुगतान, मील के पत्थर के भुगतान और इस तरह की परियोजनाओं के पूरा होने पर जारी किए जाने वाले रिटेंशन भी शामिल हैं। चूंकि अधिकांश ग्राहक सरकारी क्षेत्र से संबंधित हैं, इसलिए कुल प्राप्तियों का 81% इस तथ्य के साथ मिलकर बनता है कि कंपनी स्वयं एक सीपीएसई है, क्रेडिट जोखिम अपेक्षाकृत कम है। निजी क्षेत्रों के ग्राहकों के संबंध में, भुगतान की शर्तें मुख्य रूप से एलसी के माध्यम से हैं। कंपनी ने संगठन के भीतर विभिन्न स्तरों पर प्राप्तियों के लिए अच्छी तरह से समीक्षा तंत्र स्थापित किया है, ताकि कंपनी की नीतियों, प्रक्रियाओं और दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्राप्ति पर ध्यान दिया जा सके। कंपनी क्षति हानि या लाभ का आकलन करने हेतु अपेक्षित क्रेडिट लॉस मॉडल का उपयोग करती है और उसी का खुलासा अन्यत्र किया जाता है। इसके अलावा, किसी भी घटना को संबोधित करने के लिए पर्याप्त प्रावधान बनाए हुए हैं।

क्रेडिट जोखिम अनावरण

वित्तीय परिसंपत्तियों की वहन राशि अधिकतम ऋण जोखिम का प्रतिनिधित्व करती है। रिपोर्टिंग तिथि पर क्रेडिट जोखिम के लिए अधिकतम जोखिम था:

(₹ करोड़ों में)

विवरण	31 मार्च, 2021 को	31 मार्च, 2020 को
वित्तीय परिसंपत्तियां जिनके लिए 12 महीने की अनुमानित क्रेडिट हानि (ईसीएल) का उपयोग करके हानि भत्ता को मापा जाता है		
नकद और नकद तुल्य	**1527.19**	1402.86
अन्य बैंक शेष राशि	**5174.26**	5015.73
अन्य वित्तीय संपत्ति	**330.04**	345.91
वित्तीय परिसंपत्तियां जिनके लिए हानि भत्ता को लाइफ टाइम एक्सपेक्टेड क्रेडिट लॉस (ईसीएल) सहित क्षति हानि सहित मूल्यांकन किया जाता है।		
व्यापारिक प्राप्य	**7214.81**	11642.10

क्रेडिट जोखिम सांद्रता– भौगोलिक	कुल राजस्व के प्रतिशत	
	31 मार्च, 2021 को	31 मार्च, 2020 को
भारत में	**92%**	92%
भारत के बाहर	**8%**	8%
	100%	100%

व्यापार प्राप्य, अनुबंध परिसंपत्तियों और अन्य प्राप्य के लिए क्रेडिट जोखिम हेतु कंपनी का प्रतिपक्ष के प्रकार के अनुसार जोखिम इस प्रकार है –

नोट	कुल व्यापार प्राप्तियों का प्रतिशत	
	31 मार्च, 2021 को	31 मार्च, 2020 को
रेलवे और सरकारी विभागों सहित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र	**36%**	34%
राज्य विद्युत बोर्ड	**43%**	47%
निजी और अन्य ग्राहक	**13%**	11%
निर्यात	**8%**	8%
	100%	100%

ii) क्षति हानि

(क) वित्तीय परिसंपत्तियां जिनके लिए 12 महीने की अपेक्षित क्रेडिट हानि का उपयोग करके हानि भत्ता मापा जाता है ।

कंपनी के पास ऐसी संपत्तियां हैं जहां प्रतिपक्षों के पास दायित्वों को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता है और जहां डिफ़ॉल्ट का जोखिम बहुत कम है। वर्ष के दौरान ऋण के संबंध में हानि के लिए भत्ता में संचलन इस प्रकार था:

(₹ करोड़ों में)

विवरण	31 मार्च, 2021 को	31 मार्च, 2020 को
1 अप्रैल को शेष राशि	**32.38**	22.34
क्षति हानि स्वीकृत/बट्टे खाते में/ आहरण	**(0.43)**	10.04
31 मार्च को शेष राशि	**31.95**	32.38

(ख) क्षति हानि प्रावधानों का पुनर्मिलान

वर्ष के दौरान व्यापार प्राप्तियॉं और अनुबंध परिसंपत्तियों के संबंध में हानि हेतु भत्ता में इस प्रकार था:

(₹ करोड़ों में)

	31 मार्च, 2021 को	31 मार्च, 2020 को
1 अप्रैल को शेष राशि	**6250.62**	7053.30
क्षति हानि स्वीकृत	**1015.36**	655.58
बट्टे खाते में डाली राशि	**(1233.25)**	(1458.26)
31 मार्च को शेष राशि	**6032.73**	6250.62

कंपनी निवेश नीति के अनुसार डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप और बोर्ड द्वारा अनुमोदन के आधार पर अधिशेष कोष में से निवेश करती है। नकद और नकद समकक्षों और सावधि जमाओं पर क्रेडिट जोखिम बहुत सीमित है क्योंकि कंपनी आमतौर पर "क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों" द्वारा सौंपी गई उच्च क्रेडिट रेटिंग वाले बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ जमा में निवेश करती है।

ख) संपत्ती जोखिम के लिए प्रबंधन

कंपनी सावधि जमा सहित पर्याप्त नकदी और नकदी समतुल्य बनाए रखने और क्रेडिट सुविधाओं की पर्याप्त मात्रा के माध्यम से और जब और जिस तरह से देय हो, को पूरा करने के लिए निधि की उपलब्धता को बनाए रखकर तरलता जोखिम का प्रबंधन करती है। मजबूत नकदी प्रबंधन प्रणाली और नकदी प्रवाह की नियमित निगरानी प्रबंधन को वर्ष भर में अपनी निधि की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्रोतों की योजना बनाने और बनाए रखने में सक्षम बनाती है। पर्याप्त नकदी और बैंक बैलेंस के अलावा, कंपनी क्रेडिट सुविधाओं का उपयोग करती है। कंपनी आंतरिक संसाधनों से अपने सभी फंड की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है यानी निवेश से मिलने वाले रिटर्न को ऑप्टिमाइज़ करने के लिए बेहतर ट्रेजरी मैनेजमेंट ऑपरेशंस के लिए इस्तेमाल होने वाले शॉर्ट टर्म उधार के जरिए।

संविदात्मक नकदी प्रवाह के आधार पर, गैर–व्युत्पन्न वित्तीय देनदारियों की संविदात्मक परिपक्वताएं निम्नलिखित हैं:

(₹ करोड़ों में)

वित्तीय देनदारियों	31 मार्च, 2021		31 मार्च, 2020	
	1 वर्ष के भीतर	1 वर्ष से अधिक	1 वर्ष के भीतर	1 वर्ष से अधिक
व्यापारिक देय	**6683.51**	**1881.08**	8829.16	1076.23
ठेकेदारों और अन्य लोगों से जमा	**447.92**	**211.01**	492.10	150.99
वित्तीय लीज देयताएँ	**48.20**	**53.41**	56.67	75.37
अन्य देय / देयताएँ				
कर्मचारी बकाया	**126.88**	**-**	289.10	-
अन्य बकाया	**297.29**	**-**	566.69	-
कैपेक्स देय राशि	**57.49**	**5.71**	82.73	8.03
अल्पावधि उधार	**4849.28**	**-**	4947.92	-
कुल	**12510.57**	**2151.21**	**15264.37**	**1310.62**

ग. बाजार जोखिम प्रबंधन

कंपनी अपने परिचालन से उत्पन्न होने वाली कुछ मुद्रा, व्यापारिक वस्तुएं, ब्याज दर जोखिमों के संपर्क में रहती है। विदेशी मुद्रा जोखिमों को कवर करने के लिए कंपनी के पास विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबंधन नीति है। कंपनी प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं के मूल्य में अस्थिरता के प्रतिकूल को पृथक करने हेतु, आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों सहित आपूर्ति श्रृंखला भागीदारों के साथ दावों के माध्यम से मूल्य पास सहित रूपरेखा समझौते नियमित रूप से दर्ज किए जा रहे हैं। परिचालन से उत्पन्न अधिशेष निधियों को केवल पीएसयू बैंकों या बड़े आकार के निजी बैंकों के साथ अल्पावधि जमा में निवेशित रखा जाता है और सार्वजनिक क्षेत्र के म्यूचुअल फंडों की ऋण आधारित योजनाओं में, जिससे जोखिम के किसी भी अवसर को कम किया जा सके।

विदेशी मुद्रा जोखिम एक्सपोजरः– कंपनी का एक्सपोजर रिपोर्टिंग अवधि के अंत में विदेशी मुद्रा जोखिम निम्नानुसार हैं:

(i) 31.03.2021 को प्राप्त किए गए व्युत्पन्न उपकरण कुछ नहीं (पिछले वर्ष के कुछ नहीं) हैं

(ii) विदेशी मुद्रा एक्सपोज़र जो एक व्युत्पन्न लिखित द्वारा रोका नहीं जाता है या भिन्न प्रकार से निम्नानुसार हैं:

वि.मु. ₹ लाख में

(₹ करोड़ों में)

विवरण	31 मार्च 2021 तक		31 मार्च 2020 तक		31 मार्च 2021 को	31 मार्च 2020 को
संपत्ति	यूरो	समतुल्य भा.रू.	यूरो	समतुल्य भा.रू.	अन्य भा.रू.	अन्य भा.रू.
व्यापारिक प्राप्य	**101.84**	**871.66**	148.34	1217.60	**1.35**	6.34
अनुबंध संपत्ति	**239.80**	**2056.26**	252.85	2075.37	**66.87**	70.83
अन्य संपत्ति	**13.68**	**110.08**	15.40	122.58	**144.71**	245.63
उप कुल (अ)	**355.32**	**3038.00**	416.59	3415.55	**212.93**	322.80
उत्तरदायित्व						
ग्राहक से अग्रिम	**41.03**	**281.34**	42.30	294.89	**40.97**	37.56
व्यापारिक भुगतान एवं अन्य	**39.42**	**343.91**	60.20	507.94	**107.92**	209.13
उप कुल (ब)	**80.45**	**625.25**	102.50	802.83	**148.89**	246.69
संपत्ति (कुल उत्तरदायित्व)	**274.87**	**2412.75**	314.09	2612.72	**64.04**	76.11

विवरण	31 मार्च 2021 को		31 मार्च 2020 को	
संपत्ति	यूएसडी	समतुल्य भा.रू.	यूएसडी	समतुल्य भा.रू.
व्यापारिक प्राप्तियाँ	**79.62**	**582.87**	130.45	978.26
अनुबंध संपत्ति	**316.33**	**2315.32**	335.04	2512.53
अन्य संपत्ति	**0.90**	**6.79**	8.20	60.41
उप कुल (अ)	**396.85**	**2904.99**	473.69	3551.20
उत्तरदायित्व				
ग्राहक से अग्रिम	**115.93**	**675.39**	164.40	1037.62
व्यापारिक एवं अन्य प्राप्तियाँ	**144.50**	**1070.18**	196.70	1496.11
अल्पावधि उधार	**46.68**	**345.06**	118.67	900.79
उप कुल (ब)	**307.11**	**2090.63**	479.77	3434.52
संपत्ति (कुल उत्तरदायित्व)	**89.74**	**814.36**	(6.08)	116.68

उपर्युक्त आंकड़े प्रावधानों के शुद्ध हैं, यदि कोई हो

संवेदनशीलता विश्लेषण

वर्ष के अंत में भारतीय रुपया के अमरीकी डालर, यूरो और अन्य के रूप मजबूत /कमजोर होने के लाभ या हानि पर प्रभाव को नीचे दिखाया गया है। विश्लेषण विदेशी मुद्रा विनिमय दर संस्करण पर आधारित है जिसे कंपनी ने समीक्षाधीन अवधि के अंत में यथोचित रूप से संभव माना है। विश्लेषण पिछले वर्ष के आधार पर किया जाता है, यद्यपि यह संभव है कि विदेशी मुद्रा विनिमय दर भिन्न हो, जैसा कि नीचे दिया गया है।

विवरण	31 मार्च 2021 को		31 मार्च 2020 को	
लाभ/हानि पर प्रभाव	सुदृढ़	अदृढ़	सुदृढ़	अदृढ़
1% संचलन				
यूरो	**24.13**	**(24.13)**	26.13	(26.13)
यूएसडी	**8.14**	**(8.14)**	1.17	(1.17)
अन्य	**0.64**	**(0.64)**	0.76	(0.76)

घ. पूंजी प्रबंधन

कंपनी का उद्देश्य, पूंजी का प्रबंधन करते हुये शेयरधारकों के लिए अधिकतम लाभ प्रदान करने, अन्य हितधारकों को लाभ प्रदान करने और पूंजी की लागत को कम करने के लिए एक इष्टतम पूंजी संरचना बनाए रखने के लिए अपनी चिंता को सुरक्षित रखने, संरक्षित करने और बढ़ाने के लिए व्यापार को जारी रखना है। निदेशक मंडल इक्विटी शेयरधारकों के लाभांश के स्तर को भी नियंत्रित करता है। कंपनी आमतौर पर मध्यम एवं दीर्घकालिक अवधि के दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए उद्योग और साथ ही रेटिंग एजेंसियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कई वित्तीय अनुपातों के आधार पर पूंजी की निगरानी करती है कंपनी बाहरी रूप से लगाए गए पूंजी आवश्यकताओं के अधीन नहीं है। कंपनी की पूंजी संरचना को विभिन्न वित्तीय अनुपातों के विरूद्ध प्रबंधित किया जाना उच्चतम क्रेडिट रेटिंग बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

नोट [55] – समेकित परिचालन खंड

संबंधित व्यावसायिक क्षेत्रों द्वारा बुक किए गए आदेशों के आधार पर सेगमेंट की पहचान "पावर" और "उद्योग" के रूप में की जाती है। इंटरनेशनल ऑपरेशन ग्रुप द्वारा बुक किए गए ऑर्डर को यथास्थिति पावर या इंडस्ट्री में ले जाया जाता है।

कार्यकारी निदेशकों की कंपनी की समिति को मुख्य परिचालन निर्णय निर्माता के रूप में पहचाना गया है (सीओडीएम)

(₹ करोड़ों में)

	विवरण	31.3.2021 को समाप्त वर्ष के लिए			31.3.2020 को समाप्त वर्ष के लिए		
		पावर	उद्योग	कुल	पावर	उद्योग	कुल
I.	**सेगमेंट राजस्व**						
	परिचालन राजस्व–बाहरी	**11386.05**	**4909.75**	**16295.80**	14960.44	5534.15	20494.59
II.	**सेगमेट परिणाम**						
क	सेगमेंट परिणाम	**(1246.16)**	**(856.62)**	**(2102.78)**	804.30	(210.71)	593.59
ख	आबंटित व्यय (आय का शुद्ध)			**1119.20**			744.21
ग	वित्तीय लागत और आयकर से पूर्व का शुद्ध लाभ (क)–(ख)			**(3221.98)**			(150.62)
घ	वित्तीय लागत(इसमें ब्याज की छूट शामिल)			**373.95**			508.45
ड.	आयकर से पूर्व का शुद्ध लाभ (ग) – (घ)			**(3595.93)**			(659.07)
च	आयकर			**(896.23)**			809.28
छ	आयकर के बाद शुद्ध लाभ (ड.) – (च)			**(2699.70)**			(1468.35)
III	**संपत्ति और दायित्व**						
क	सेगमेंट संपत्ति	**35954.72**	**8441.74**	**44396.46**	41649.31	9442.52	51091.83
ख	सामान्य संपत्ति			**10843.75**			8656.73
ग	कुल संपत्ति			**55240.21**			59748.56
घ	सेगमेंट दायित्व	**19221.65**	**4492.64**	**23714.29**	21370.29	4779.80	26150.09
ड.	सामान्य दायित्व			**5553.91**			4946.82
च	कुल दायित्व			**29268.20**			31096.91
IV	**अन्य जानकारियॉं**						
क	पूंजीगत व्यय	**112.23**	**38.05**		243.40	107.83	
ख	अवमूल्यन और परिशोनिधि	**306.68**	**118.68**		320.44	136.14	
ग	गैर नगद व्यय (अवमूल्यन और परिशाधन के अलावा)	**1302.02**	**499.07**		820.48	74.51	

	भौगोलिक सेगमेंट	भारत में	भारत से बाहर	कुल	भारत में	भारत से बाहर	कुल
1	परिचालन से शुद्ध बिक्री / राजस्व	**14440.72**	**1855.08**	**16295.80**	16673.56	3821.03	20494.59
2.	गैर– चालू संपत्ति (पीपीई और अमूर्त संपत्ति)	**2884.28**	**26.42**	**2910.70**	3089.00	42.12	3131.12
3.	पूंजीगत व्यय	**235.07**	**2.45**	**237.52**	402.62	12.71	415.33

प्रमुख ग्राहक– बीएचईएल के कुल राजस्व का 10% से अधिक एकल ग्राहक से राजस्व का विवरण

विवरण	पावर	उद्योग	कुल	पावर	उद्योग	कुल
बीआईएफपीसीएल (बांग्लादेश)	**1653.65**	**-**	**1653.65**	3277.17	-	3277.17
सीपीएसयू	**2824.59**	**1791.55**	**4616.14**	3007.04	2324.72	5331.76
रेलवे	**-**	**1497.64**	**1497.64**	-	1434.87	1434.87
टीएसजीएनसीओ	**1664.61**	**-**	**1664.61**	2178.63	-	2178.63

नोट [56] – अतिरिक्त जानकारी

(₹ करोड़ों में)

समूह में इकाई का नाम	वित्तीय वर्ष	कुल संपत्ति, अर्थात, कुल संपत्ति(–) कुल देयताएं		लाभ या हानि में हिस्सेदारी		अन्य व्यापक आय में हिस्सा		कुल व्यापक आय में हिस्सा	
		समेकित नेट परिणामों का %	राशि	समेकित लाभ या हानि का % में	राशि	कुल अन्य व्यापक आय % में	राशि	कुल व्यापक आय % में	राशि
बीएचईएल	**2020-21**	**99.39**	**25813.96**	**101.44**	**(2738.56)**	**99.65**	**19.98**	**101.45**	**(2718.58)**
	2019-20	99.51	28651.65	101.43	(1489.28)	100.05	(273.88)	101.21	**(1763.16)**
सहायक कंपनी–									
बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन लिमिटेड (बीएचईएल ईएमएल)	**2020-21**	**(0.05)**	**(12.10)**	**0.10**	**(2.69)**	**0.00**	**0.00**	**0.10**	**(2.69)**
	2019-20	(0.03)	(9.44)	0.17	(2.44)	(0.00)	0.01	0.14	**(2.43)**
बीएचईएल ईएमएल में गैर–नियंत्रण में ब्याज	**2020-21**	**(0.04)**	**(11.62)**	**0.10**	**(2.59)**	**0.00**	**0.00**	**0.10**	**(2.59)**
	2019-20	(0.03)	(9.07)	0.16	(2.35)	0.00	0.00	0.13	**(2.35)**
संयुक्त उद्यम (इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश) –									
बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड	**2020-21**	**0.70**	**181.76**	**(1.63)**	**44.14**	**0.35**	**0.07**	**(1.65)**	**44.21**
	2019-20	0.55	158.97	(1.75)	25.72	(0.05)	0.13	(1.48)	**25.85**
एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	**2020-21**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
	2019-20	-	-	-	-	-	-	-	**-**
रायचुर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	**2020-21**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
	2019-20	-	-	-	-	-	-	-	**-**
कुल	**2020-21**	**100.00**	**25972.00**	**100.00**	**(2699.70)**	**100.00**	**20.05**	**100.00**	**(2679.65)**
	2019-20	100.00	28651.65	100.00	(1468.35)	100.00	(273.74)	100.00	**(1742.09)**

नोट [57]

12 महीने की अवधि को परिचालन चक्र के रूप में मानते हुये परिसंपत्तियों और देयताओं को चालू और गैर–चालू के बीच वर्गीकृत किया गया है।

नोट [58]

वर्ष के अंत में 7.07% (पिछले वर्ष का 7.07%) पर उधार की भारित औसत लागत को दीर्घकालिक प्रावधानों के वर्तमान मूल्य और अपेक्षित ऋण हानि के लिए मान्य किया गया है।

नोट [59]

पूर्व की अवधि की त्रुटियां जो भौतिक हैं पूर्वव्यापी रूप से प्रस्तुत किए गए पूर्व अवधियों के लिए तुलनात्मक राशि को बहाल करके पूर्वव्यापी तरीके से ठीक की जाती हैं।प्रस्तुत की गई प्रारंभिक अवधि से पहले हुई त्रुटि के लिए, प्रस्तुत की गई प्रारंभिक अवधि के लिए परिसंपत्तियों, देनदारियों और इक्विटी के शुरुआती संतुलन को बहाल किया जाता है।

नोट [60]

करोड़ रुपये के आंकड़ों को दशमलव के दो अंकों तक राउंड ऑफ किया गया है

नोट [61]

जहां आवश्यक समझा गया, पिछले वर्ष के आंकड़ों को फिर से व्यवस्थित / पुनर्व्यवस्थित किया गया।

नोट [62]

निदेशक मंडल ने 11 जून, 2021 को आयोजित बैठक में वित्तीय विवरण 2020–21 जारी करने के लिए अधिकृत किया है।

निदेशक मंडल की ओर से एवं उनके लिए

(राजीव कालड़ा) कंपनी सचिव सद.संख्या 14567	**(सुबोध गुप्ता)** निदेशक (वित्त) डीआईएनः 08113460	**(डॉ. नलिन सिंघल)** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डीआईएनः 01176857

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते राज हर गोपाल एवं कंपनी चार्टड एकाउंटेंट एफआरएन – 002074N	**कृते तिवारी एवं एसोसिएट्स** चार्टड एकाउंटेंट एफआरएन – 002870N	**कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी** चार्टड एकाउंटेंट एफआरएन – 006228C
(सीए गोपाल कृष्ण) भागीदार सद.संख्या 081085	**(सीए संदीप सेंडिल)** भागीदार सद.संख्या 085747	**(सीए प्रियंका जाजू)** भागीदार सद.संख्या 411739

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 11 जून, 2021

हितधारकों के लिए अतिरिक्त जानकारी



वित्तीय निष्पादन प्रवृति 320

वर्षवार पूंजी व्यय 323

मूल्य वर्धित विवरण 323

उत्पाद सूची 324

शब्दावली एवं संक्षेपाक्षर 331

शब्दावली (वित्तीय पद) 332

वित्तीय निष्पादन प्रवृत्ति

क्रं. सं.	विवरण	इकाई	2020-21	2019-20	2018-19	2017-18	2016-17
	प्राप्त आदेश	रू. करोड़ में	**13472**	23547	23859	40932	23489
	बकाया आदेश	रू. करोड़ में	**102090**	108443	108680	118000	105200
क.	**वित्तीय परिणाम**	रू. करोड़ में					
I	**आय**	रू. करोड़ में					
	राजस्व	रू. करोड़ में	**16296**	20491	29423	27850	27740
	अन्य परिचालन आय	रू. करोड़ में	**1013**	969	1000	963	859
	परिचालनों से राजस्व (अ)	रू. करोड़ में	**17308**	21459	30423	28813	28599
	अन्य आय (ब)	रू. करोड़ में	**370**	581	678	694	766
	कुल (I= अ+ब)	रू. करोड़ में	**17678**	22040	31101	29507	29365
II	**परिचालन व्यय**	रू. करोड़ में					
	सामग्री खपत, इरेक्शन व इंजीनियरिंग व्यय	रू. करोड़ में	**11360**	15080	19249	15793	16542
	एफजी, डब्ल्यूआईपी व स्क्रेप की मालसूची में परिवर्तन	रू. करोड़ में	**511**	(1042)	(991)	736	994
	कर्मचारी लाभ व्यय	रू. करोड़ में	**5372**	5427	5502	5911	6360
	अन्य व्यय	रू. करोड़ में	**1799**	2429	2760	2522	2844
	विनिमय परिवर्तन (लाभ)/हानि (शुद्ध)	रू. करोड़ में	**(66)**	(435)	(67)	(520)	270
	प्रावधान	रू. करोड़ में	**1467**	233	1837	2438	528
	मूल्यह्रास व परिशोधन व्यय	रू. करोड़ में	**473**	503	475	786	849
	वित्तीय लागत	रू. करोड़ में	**373**	507	287	255	351
	कुल (II)	रू. करोड़ में	**21290**	22702	29053	27922	28737
III	**परिचालन लाभ /(हानि) (अ-II)**	रू. करोड़ में	**(3982)**	(1243)	1370	891	(138)
IV	**कर पूर्व लाभ /(हानि) (I-II)**	रू. करोड़ में	**(3612)**	(662)	2048	1585	628
	कर व्यय (शुद्ध)	रू. करोड़ में	**(894)**	811	839	778	132
V	**कर पश्चात लाभ /(हानि)**	रू. करोड़ में	**(2717)**	(1473)	1209	807	496
	अन्य व्यापक आय	रू. करोड़ में	**20**	(274)	(120)	83	(29)
VI	**कुल व्यापक आय**	रू. करोड़ में	**(2697)**	(1747)	1089	890	467
	लाभांश भुगतान	रू. करोड़ में	**-**	-	696	668	387
	लाभांश वितरण कर	रू. करोड़ में	**-**	-	143	136	79
	ईबीआईडीटी	रू. करोड़ में	**(3239)**	(155)	2335	1840	979
	ईबीआईडीटीए	रू. करोड़ में	**(2765)**	348	2810	2626	1828
	नकदी प्रवाह:	रू. करोड़ में					
	परिचालन गतिविधियों से	रू. करोड़ में	**562**	(2892)	(3856)	991	562
	निवेश गतिविधियों से	रू. करोड़ में	**(43)**	1877	1915	964	(566)
	वित्तीय गतिविधियों से	रू. करोड़ में	**(395)**	1622	(32)	(671)	(470)

वित्तीय निष्पादन प्रवृत्ति

क्रं. सं.	विवरण	इकाई	2020-21	2019-20	2018-19	2017-18	2016-17
ख.	**वित्तीय स्थिति (परिसंपत्ति, इक्विटी और देयताएं)**						
VII	**परिसंपत्तियां**						
	संपत्ति, प्लांट व उपकरण एवं अमूर्त परिसंपत्तियां	रू. करोड़ में	**2488**	2814	2967	3069	3596
	विकासशील पूंजी डब्ल्यूआईपी एवं अमूर्त परिसंपत्तियां	रू. करोड़ में	**420**	314	235	203	168
	गैर चालू निवेश	रू. करोड़ में	**670**	670	669	691	661
	गैर चालू परिसंपत्तियों के अतिरिक्त	रू. करोड़ में	**365**	321	362	291	282
	व्यापार प्राप्य (शुद्ध)	रू. करोड़ में	**7213**	11641	15796	17303	12779
	अनुबंध संपत्ति (शुद्ध)	रू. करोड़ में	**24079**	23794	22819	18491	19084
	नकद और बैंक शेष	रू. करोड़ में	**6701**	6419	7503	11176	10492
	मालसूची	रू. करोड़ में	**7191**	8905	7797	6025	7372
	आस्थगित कर संपत्ति (शुद्ध)	रू. करोड़ में	**3660**	2756	3497	3605	3841
	अन्य मौजूदा परिसंपत्तियों	रू. करोड़ में	**2913**	2601	2784	2911	2954
	कुल संपत्ति	रू. करोड़ में	**55701**	60236	64431	63764	61230
VIII	**इक्विटी**						
	इक्विटी शेयर पूंजी	रू. करोड़ में	**696**	696	696	734	490
	अन्य इक्विटी	रू. करोड़ में	**25788**	28485	30735	31905	31805
	कुल इक्विटी	रू. करोड़ में	**26484**	29181	31432	32640	32294
IX	**देयताएं**						
	उधारी	रू. करोड़ में	**4834**	4933	2432	-	-
	व्यापार देयताएं	रू. करोड़ में	**8559**	9900	12078	11066	9340
	अनुबंध देयताएं	रू. करोड़ में	**6864**	6718	6839	7573	8245
	अन्य गैर चालू देयताएं	रू. करोड़ में	**295**	266	225	199	199
	गैर चालू प्रावधान	रू. करोड़ में	**3913**	4212	5463	4923	5001
	अन्य चालू देयताएं	रू. करोड़ में	**1589**	1943	3477	3574	1958
	वर्तमान प्रावधान	रू. करोड़ में	**3164**	3082	2486	3790	4192
	कुल देनदारियों	रू. करोड़ में	**29217**	31054	32999	31125	28936
X	**कुल इक्विटी और देयताएं (VIII+IX)**	रू. करोड़ में	**55701**	60236	64431	63764	61230
	इक्विटी शेयर (प्रत्येक का ₹ 2 अंकित मूल्य)	न. करोड़ में	**348**	348	348	367	245
	वर्ष के अंत में बाजार पूंजीकरण	रू. करोड़ में	**16975**	7243	26081	29885	39920
	निवल मूल्य	रू. करोड़ में	**26484**	29181	31432	32640	32294
	निवल मूल्य (ओसीआई को छोड़कर)	रू. करोड़ में	**26879**	29596	31573	32662	32400
	नियोजित पूंजी	रू. करोड़ में	**22405**	26111	27699	28832	28285
XI	**मानव संसाधन**	No.	**32131**	33752	35471	37540	39821
	कार्यपालक	No.	**9742**	10075	10400	10943	11525
	गैर कार्यपालक	No.	**22389**	23677	25071	26597	28296

वित्तीय निष्पादन प्रवृत्ति

क्रं. सं.	विवरण	इकाई	2020-21	2019-20	2018-19	2017-18	2016-17
XII	**वित्तीय निष्पादन अनुपात**						
1	निवल संपत्ति पर आय	%	**(9.62)**	(4.82)	3.76	2.48	1.54
2	नियोजित पूंजी पर आय	%	**(14.45)**	(0.59)	8.43	6.38	3.46
3	इबीआइटीए मार्जिन	%	**(16.97)**	1.70	9.55	9.43	6.59
4	परिचालन लाभ मार्जिन	%	**(23.01)**	(5.79)	4.50	3.09	(0.48)
5	प्रति कर्मचारी राजस्व	रू. लाख में	**51**	61	83	74	70
6	कर्मचारी लाभ व्यय का प्रति रुपया राजस्व	₹	**3.03**	3.78	5.35	4.71	4.36
XIII	**तुलन पत्र अनुपात**						
1	वर्तमान अनुपात	अनुपात	**1.39**	1.45	1.67	1.92	2.13
2	राजस्व के % रूप में नकद संग्रहण (अग्रिम को छोड़कर)	%	**123**	120	91	85	97
3	चालू वर्ष के शुद्ध बिलिंग का लिक्विडेशन	%	**82**	73	59	56	71
4	प्राप्य व्यापार (दिनों की संख्या)	दिन	**134**	175	165	192	154
5	माल सूची (दिनों की संख्या)	दिन	**161**	159	97	79	97
6	परिसंपत्ति कारोबार	समय	**0.29**	0.34	0.46	0.44	0.45
XIV	**राजकोष में योगदान**	रू. करोड़ में	**2948**	3999	5732	4682	3213
XV	**प्रति शेयर आय**						
1	प्रति शेयर आमदनी	(₹)	**(7.80)**	(4.23)	3.33	2.20	1.35
2	प्रति शेयर निवल मूल्य	(₹)	**76.06**	83.80	90.27	88.90	87.96
3	वर्ष के अंत में प्रति शेयर बाजार मूल्य (बीएसई)	(₹)	**48.75**	20.80	74.90	81.40	163.10
4	बाजार मूल्य का बुक मूल्य से	अनुपात	**0.64**	0.25	0.83	0.92	1.24
XVI	**खंड राजस्व**						
	पावर खंड	रू. करोड़ में	**11386**	14960	23474	22881	22795
	उद्योग खंड	रू. करोड़ में	**4910**	5530	5949	4969	6046
	कुल	रू. करोड़ में	**16296**	20491	29423	27850	28840
	खंड शेयर						
	पावर खंड	%	**70**	73	80	82	79
	उद्योग खंड	%	**30**	27	20	18	21

I पिछले वर्ष के आंकड़ों को जहां आवश्यक समझा गया, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
II परिचालनों से टर्नओवर व राजस्व में उत्पाद शुल्क व कर सम्मिलित नहीं है।
III लाभांश भुगतान अंतरिम लाभांश एवं वर्ष के लिए प्रस्तावित अंतिम लाभांश है।
IV वित्तीय वर्ष 2018–19 के वर्षान्त इक्विटी शेयर पूंजी जनवरी 2019 में बायबैक के पश्चात है।
V 2017–18 में बोनस शेयर 1:2 के अनुपात में जारी किए गए थे। 2016–17 के लिए प्रति शेयर आय और प्रति शेयर निवल मूल्य को बोनस जारी करने के बाद पुनर्घोषणा की गई है।

टिप्पणी:
1 ईबीआईटी = पीबीटी+वित्त लागत
2 ईबीआईटीए = ईबीआईटी + मूल्यह्रास एवं परिशोधन
3 नियोजित पूंजी = नेट वर्थ–कैपिटल डब्ल्यूआईपी एवं विकास के अंतर्गत अमूर्त संपत्ति – आस्थगित कर
4 नेट वर्थ पर आमदनी = (पीएटी/औसत नेट वर्थ को छोड़कर ओसीआई)x100
5 नियोजित पूंजी पर आमदनी = ईबीआईटी/पूंजी नियोजित x 100
6 एबिटा मार्जिन: = ईबीआईटीए /राजस्व x 100
7 परिचालन लाभ मार्जिन = ऑपरेटिंग प्रॉफिट/ऑपरेशंस से रेवेन्यूx100
8 चालू अनुपात = चालू संपत्ति/चालू देनदारियां
9 नकद संग्रह राजस्व के% के रूप में = अग्रिम/राजस्व को छोड़कर नकद संग्रह
10 व्यापार प्राप्य (दिन की संख्या) = व्यापार प्राप्य x 365 / परिचालन से राजस्व (जीएसटी सहित)
11 इन्वेंटरी (दिन की संख्या) = इन्वेंटरी x 365/राजस्व
12 एसेट टर्नओवर = रेवेन्यू/कुल एसेट्स

वर्षवार पूंजी व्यय

(₹ करोड़ में)

निवेश श्रेणी	2020-21	2019-20	2018-19	2017-18	2016-17
योजनाएं	**129**	137	112	19	210
आधुनिकीकरण और युक्तिकरण, अन्य	**36**	136	61	164	51
ग्राहक परियोजना संबंधित पूंजी निवेश	**23**	63	99	66	33
कुल	**188**	336	272	249	294

मूल्य वर्धित विवरण

(₹ in Crore)

विवरण	2020-21		2019-20	
राजस्व (जीएसटी सहित)	18688		23328	
अन्य राजस्व	1383	**20071**	1549	**24877**
घटाएँ:				
सामग्री की लागत, निर्माण व इंजीनियरिंग व्यय	11871		14038	
विद्युत एवं ईंधन	319		459	
अन्य परिचालन व्यय	2882	**15072**	1769	**16265**
कुल मूल्यवर्धन		**4999**		**8612**
वितरण:				
कर्मचारियों को:				
कर्मचारी लाभ व्यय		**5372**		**5427**
पूंजी प्रदाता को				
वित्तीय लागत	373		507	
लाभांश	-	**373**	418	**925**
सरकार को:				
माल एवं सेवा कर	2392		2837	
आयकर	16		2	
लाभांश वितरण कर	-	**2408**	86	**2925**
व्यवसाय में यथावत:				
मूल्यह्रास और परिशोधन	473		503	
आस्थगित आयकर (संपत्ति) / देयताएं	(910)		809	
अन्य इक्विटी में स्थानांतरण – (हानि) / लाभ	(2717)	**(3154)**	(1977)	**(665)**
कुल		**4999**		**8612**

बीएचईएल के उत्पादों की सूची

थर्मल पावर प्लांट

- जीवाश्म ईंधन के लिए 1000 मेगावाट क्षमता तक के एवं कंबाईंड साईकल एप्लीकेशन 350 मेगावाट क्षमता तक वाले पुनर्योजी (रिजर्वेटिव) फ़ीड चक्र के साथ सहायक प्रणालीयों सहित स्टीम जनरेटर, स्टीम टरबाईन, टर्बो जनरेटर के विनिर्माण व आपूर्ति की क्षमता।
- 1000 मेगावाट तक की क्षमता या इससे अधिक क्षमता के टरबाइन और जनरेटर सेट और स्टीम जनरेटर के साथ फिट होने के लिए हवा और पानी से ठंडा होने वाले कंडेनसर, कंडेनसेट एक्सट्रैक्शन पंप, बॉयलर फीड पंप, डुप्लेक्स हीटर, वाल्व और हीट एक्सचेंजर्स।
- ऊर्जा दक्ष नवीकरण और आधुनिकीकरण (ईई आर एंड एम), पुराने थर्मल पावर प्लांटों(संयंत्रों) के जीवन विस्तार (एलई) का अध्ययन और उनके शेष जीवन का मूल्यांकन (आरएलए)।

परमाणु (न्यूक्लियर) पावर प्लांट

- न्यूक्लियर पावर प्लांट्स के लिए रिएक्टर साइड घटक (कंपोनेंट्स) जैसे – स्टीम जेनरेटर, रिएक्टर हेडर्स, एंड शील्ड्स, स्पेशल पर्पज (विशेष उद्देश्य) हीट एक्सचेंजर्स, प्रेशर वेसल्स, मोटर्स आदि।
- पीएचडबल्यूआर (उच्च दबाव वाले वाटर रिएक्टरों), एफ़बीआर (फास्ट ब्रीडर रिएक्टर) और एएचडबल्यूआर (एडवांस्ड हेवी वाटर रिएक्टर) जिसमें तीन टर्बाइन, टर्बो जनरेटर, एमएसआर (मोइश्चर सेपरेटर रिहिटर्स) अन्य हीट एक्सचेंजर्स और पंप शामिल हैं, जो ईपीसी समाशान भी प्रदान करते हैं।

गैस आधारित पावर प्लांट

- निम्नलिखित विशेषताओं के साथ 26 मेगावाट से 299 मेगावाट (आईएसओ) रेटिंग तक के गैस टर्बाइन और उनके जनरेटर:
  - उद्योग और यूटिलिटी (उपयोगिता) अनुप्रयोगों के लिए गैस टरबाइन आधारित सह–उत्पादन और संयुक्त–चक्र प्रणाली
  - विभिन्न मिश्रित संयोजनों के ईंधन को जलाने की क्षमता के साथ विभिन्न प्रकार के ईंधनों (गैसीय और तरल दोनों) को जलाने की क्षमता।
  - ड्राई लो NOx (डीएलएन) कंबस्तर (दहन) और शोर को कम करने हेतु उत्सर्जन स्तर की आवश्यकता को 15 पीपीएम तक कम करना।

हाइड्रो पावर प्लांट

- काप्लान, फ्रांसिस और पेल्टन टाइप के कस्टम बिल्ट पारंपरिक 300 मेगावॉट तक के हाइड्रो टरबाइनों के मैचिंग जनरेटरों सहित टर्नकी कॉन्ट्रैक्ट
- 250 मेगावाट तक के मोटर–जनरेटर के साथ मैचिंग वाले पंप टर्बाइन।
- 10 मेगावॉट तक के जेनरेटरों के साथ मैचिंग वाले बल्ब टर्बाइन।
- लिफ्ट सिंचाई योजनाओं (150 मेगावाट तक) की मोटरों के साथ मैचिंग वाले उच्च क्षमता के पंप।
- 25 मेगावाट तक की रेटिंग वाले मिनी / माइक्रो और छोटे हाइड्रो पावर प्लांट।
- सभी प्रकार के हाइड्रो पावर प्लांट के लिए माइक्रोप्रोसेसर आधारित डिजिटल गवर्निंग सिस्टम।
- हाइड्रो पावर संयंत्रों का नवीनीकरण, आधुनिकीकरण और उन्नयन।
- हाइड्रो स्टेशनों के लिए स्फेरिकल (रोटरी) वाल्व, बटर फ्लाई वाल्व और सहायक उपकरण।
- लांट और सिस्टम इंटीग्रेशन (संयंत्र और प्रणाली एकीकरण) ।

सौर ऊर्जा प्रणाली

- सौर पीवी ऊर्जा संयंत्रों के ईपीसी समाधान:
  - ग्रिड इंटरएक्टिव सिस्टम बीईएसएस (बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली) के साथ और बिना बीईएसएस
  - स्टैंडअलोन सिस्टम
  - रूफ टॉप सिस्टम
  - हाइब्रिड सिस्टम
  - कैनाल टॉप सिस्टम
  - फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र
  - रेलवे ट्रैक्शन पावर नेटवर्क के लिए सोलर पीवी सिस्टम
- सौर आधारित वाटर पम्पिंग सिस्टम

डीजी पावर प्लांट

- इमरजेंसी, पीकिंग तथा बेस लोड परिचालन (ऑपरेशंस) के लिए टर्नकी आधार पर 20 मेगावॅाट एवं 11 केवी वोल्टेज तक की यूनिट रेटिंग वाले एचएसडी, एलडीओ, एफओ, एलएसएचएस, नेचुरल गैस आधारित डीजल जनरेटर पावर प्लांट।

अलवणीकरण (डिसेलिनेशन) और जल उपचार संयंत्र

- पावर प्लांट, औद्योगिक अनुप्रयोगों और नगर–निगम अनुप्रयोगों के लिए विभिन्न उपचार प्रौद्योगिकी वाले पूर्ण जल प्रबंधन समाधान:
  - प्री–ट्रीटमेंट प्लांट
  - अलवणीकरण (डिसेलिनेशन) प्लांट
  - विखनिजीकरण (डिमिनेरीलाइजेशन) प्लांट (डीएम)
  - इलेक्ट्रो डिआयोनाइजेशन प्लांट
  - एफ्ल्युएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी)
  - सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी)
  - जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) प्रणाली
  - कूलिंग वाटर ट्रीटमेंट प्लांट
  - टरशियरी ट्रीटमेंट प्लांट
  - मेम्ब्रेन आधारित उपचार प्रणालियाँ जैसे– प्री–ट्रीटमेंट के लिए अल्ट्राफिल्ट्रेशन (यूएफ), रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) और इलेक्ट्रो डिआयोनाइजेशन (ईडीआई) ।
  - पीने के पानी के लिए इलेक्ट्रो–डायलिसिस प्लांट।

प्रणालियाँ और सेवाएं

- विद्युत उत्पादन प्रणालियां
  - टर्नकी विद्युत स्टेशन / ईपीसी संविदा
  - कम्बाइन्ड सायकल (संयुक्त–चक्र) विद्युत संयंत्र
  - को–जनरेशन सिस्टम
  - कैप्टिव पावर प्लांट
  - पावर स्टेशनों का आधुनिकीकरण, नवीनीकरण और उनके शेष जीवन–चक्र का अध्ययन
  - विभिन्न प्रतिष्ठानों के लिए सिमुलेटर सहित सॉफ्टवेयर पैकेज
  - उपर्युक्त सभी प्रणालियों के लिए निर्माण, कमीशनिंग, सहायक सेवाएं, स्पेयर (पुर्जों का) प्रबंधन और परामर्श सेवाएं
- रेलवे ट्रैक विद्युतीकरण

औद्योगिक प्रणालियाँ

- सिविल, स्ट्रक्चरल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल वर्क्स और ऑटोमेशन सिस्टम सहित कोयला हैंडलिंग और ऐश हैंडलिंग प्लांट

- माइन (खदान) विंडर सिस्टम
- कच्चे माल के प्रसंस्करण और कॉम्पैक्टिंग, आयरन निर्माण, प्राइमरी और सेकेंडरी स्टील निर्माण, ढलाई और स्टील फिनिशिंग जैसे मिल्स और लंबे तथा फ्लैट उत्पादों की प्रोसेस लाइन्स के लिए इलेक्ट्रिक्स, ड्राइव कंट्रोल्स और स्वचालन प्रणाली (ऑटोमेशन सिस्टम)
- स्टील और अन्य उद्योगों के लिए सिविल, स्ट्रक्चरल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन सिस्टम सहित रॉ मटेरियल हैंडलिंग सिस्टम
- ऐल्युमिनियम प्लांट के लिए प्रोसेसिंग मिल्स और स्मेल्टर्स के हाई करंट रेक्टिफायर के लिए इलेक्ट्रिक्स और ऑटोमेशन सिस्टम
- स्वचालित भंडारण और पुनर्प्राप्ति प्रणाली (रिट्रीवल सिस्टम) (एएसआरएस)

बॉयलर

- कोयला, लिग्नाइट, तेल, प्राकृतिक गैस या इन ईंधनों के संयोजन से चलने वाले प्रतिष्ठानों के लिए 30 से 800 मेगावाट क्षमता के स्टीम जनरेटर; 1000 मेगावाट प्लांटों तक के बॉयलरों की सुपरक्रिटिकल मापदंडों के साथ निर्माण की क्षमता।
- विविध प्रकार के स्वदेशी / विदेशी (आयातित) कोयले / लिग्नाइट, पेट कोक, आदि के विभिन्न संयोजनों के सममिश्रण/दहन में सक्षम फ्यूल फ्लेक्सिबल बॉयलर।
- न्यूक्लियर पावर प्लांट के लिए स्टीम जनरेटर।
- 40 से 450 टन प्रति घंटा क्षमता वाले फायरिंग कोल, प्राकृतिक गैस, औद्योगिक गैसों, बायोमास, लिग्नाइट, तेल, बगैस या इनके मिश्रणों हेतु निम्नलिखित प्रकार के औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए स्टीम जनरेटर
  - पल्वेराइज्ड कोल / लिग्नाइट फायर्ड बॉयलर
  - स्टॉकर फायर्ड बॉयलर
  - बबलिंग फ्लूडाइज्ड बेड कम्बस्चन (बीएफबीसी) बॉयलर
  - सर्कुलेटिंग फ्लूडाइज्ड बेड कम्बस्चन (बीएफबीसी) बॉयलर
  - हीट रिकवरी स्टीम जनरेटर (एचआरएसजी)
  - कागज उद्योग के लिए 100 से 1000 टन प्रति दिन ड्राई सॉलिड दहन की क्षमता वाले केमिकल रिकवरी बॉयलर
- ग्रेविमिट्रिक फीडर / वॉल्यूमेट्रिक फीडर
- अकौस्टिक स्टीम लीके डिटेक्शन सिस्टम

बॉयलर के सहायक उपकरण

- फैन (पंखे)
  - स्वच्छ वायु अनुप्रयोगों और 200° C तक की धूल भरी गर्म गैसों के लिए, 40 से 1300घन मीटर प्रति सेकंड तक की क्षमता और 225 से 1,500 एमएमडबल्यूसी तक के प्रेशर के लिए सिंगल स्टेज और डबल स्टेज के एक्सियल रिएक्शन फैन्स।
  - शुद्ध हवा और 200°C तक की फ्लू गैस अनुप्रयोगों के लिए 25 से 300 घन मीटर प्रति सेकंड तक की क्षमता और 300 से 700 एमएमडबल्यूसी तक के दबाव के लिए, एक्सियल इंपल्स फैन।
  - स्वच्छ वायु और 400°C तक की धूल भरी गर्म गैसों के अनुप्रयोगों के लिए, 4 से 660 घन मीटर प्रति सेकंड तक की क्षमता और 200 से 3000 एमएमडबल्यूसी तक के दबाव के लिए सिंगल और डबल–सक्शन रेडियल फैन (प्लेट एरोफोइल ब्लेड)।
- एयर प्रिहीटर्स
  - उद्योगों, बॉयलर उपयोगों और सीएफबीसी बॉयलरों के लिए ट्यूबलर एयर प्रिहीटर्स।
  - 1000 मेगावाट तक की यूटिलिटीज क्षमताओं के लिए (विभिन्न प्रकारों के बाइसेक्टर, ट्राई सेक्टर और क्वाड सेक्टर) रोटरी रिजनरेटिव(पुनर्योजी) एयर–प्रीहीटर्स
  - डी–एनओएक्स अनुप्रयोगों के लिए सिलेक्टिव कैटेलिक रिडक्शन (चयनात्मक उत्प्रेरक कमी) (एससीआर) वाले बॉयलरों के लिए एयर प्रीहीटर
- पल्वेराइजर्स
  - कोयले से चलित 10 टन प्रति घंटा से 120 टन प्रति घंटा क्षमता वाले, 1000 मेगावाट तक के थर्मल स्टेशनों के लिए उपयुक्त कम और मध्यम गति (दोनों दबाव(प्रेशर) और चूषण(सक्सन) प्रकार) के बाउल मिल्स।
  - 110 मेगावाट से 500 मेगावाट तक के थर्मल पावर स्टेशनों के उपयोग हेतु अधिक ऐश (राख) की मात्रा वाले लो–ग्रेड कोयले की पल्वेराइजिंग करने वाले के बॉल ट्यूब मिल्स।
  - ब्लास्ट फर्नेस अनुप्रयोगों के लिए 15 टन प्रति घंटा से 120 टन प्रति घंटा क्षमता वाले बाउल मिल्स।
  - पोंड ऐश, स्टील प्लांट ब्लास्ट फर्नेस स्लैग और क्लिंकर को पीसने के लिए बाउल मिल्स।
  - डे सिलो और इसकी संरचना वाले एफजीडी अनुप्रयोगों के लिए चूना पत्थर पीसने के लिए वेट बॉल मिलिंग सिस्टम।
- इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर्स (ईएसपी)
  - कोयला फायर्ड यूटिलिटी, कैप्टिव और औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए जिनमें बायो मास फायर्ड बॉयलर, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, सोडा रिकवरी बॉयलर आदि शामिल हैं, के लिए 17 मिलिग्राम प्रति क्यूबिक मीटर (क्षमता 99.97% तक) के न्यूनतम उत्सर्जन आउटलेट वाले इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर्स।
  - औद्योगिक अनुप्रयोगों और यूटिलिटीज के लिए बैग फिल्टर।
  - एससीआर अनुप्रयोगों के लिए मैकेनिकल डस्ट कलेक्टर।
  - अमोनिया फ्ल्यू गैस कंडीशनिंग सिस्टम।
- गिलोटिन गेट्स और डैम्पर्स
  - इलेक्ट्रिक/न्यूमैटिक एक्च्युवेटर वाले गिलोटिन गेट्स। 7 मीटर तक चौड़ाई और 14.5 मीटर डक्ट ऊंचाई तक के सील एयर वाले 100% लीक प्रूफ।
  - इलेक्ट्रिक/न्यूमैटिक एक्च्युवेटर वाले बाई–प्लेन डैंपर्स। सील एयर के साथ 100% लीक प्रूफ, टाइप–1 चौड़ाई 7 मीटर और डक्ट ऊंचाई 14.5 मीटर; टाइप–2 चौड़ाई 12 मीटर और डक्ट ऊंचाई 10.5 मीटर।
  - इलेक्ट्रिक/न्यूमैटिक एक्च्युवेटर वाले ल्यूवर डैंपर्स(ओपन क्लोज / रेगुलेटिंग)। टाइप–1 चौड़ाई 7 मीटर और डक्ट ऊंचाई 14.5 मीटर; टाइप–2 चौड़ाई 12 मीटर और डक्ट ऊंचाई 10.5 मीटर।
  - इलेक्ट्रिक/न्यूमैटिक एक्च्युवेटर वाले कंट्रोल डैंपर्स (रेगुलेटिंग)। टाइप–1 चौड़ाई 7 मीटर और डक्ट ऊंचाई 14.5 मीटर; टाइप–2 चौड़ाई 12 मीटर और डक्ट ऊंचाई 10.5 मीटर।
- फ्यूल गैस डिसल्फराइजेशन (एफ़जीडी) सिस्टम
  - बिजली संयंत्रों और औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए गीले चूना पत्थर और समुद्री जल आधारित एफ़जीडी प्रणाली (सिस्टम)
- स्टील की चिमनियाँ
  - हीट रिकवरी स्टीम जनरेटर (एचआरएसजी), औद्योगिक बॉयलरों, सहायक बॉयलरों और अन्य फ्यूल गैस निकास अनुप्रयोगों के लिए स्टील चिमनी।
- सिलेक्टिव कैटेलिटिक रिडक्शन (एससीआर) सिस्टम
  - एनओएक्स (NO_x) उत्सर्जन नियंत्रण के लिए निर्जल अमोनिया / जलीय अमोनिया / यूरिया अभिकर्मक (रीएजेंट) वाले एससीआर

सिस्टम (हनीकॉम्ब और प्लेट टाइप)।

- सिलेक्टिव नॉन–कैटेलिटिक रिडक्शन (एसएनसीआर) सिस्टम
  - यूरिया और अमोनिया हैंडलिंग सिस्टम वाले सिलेक्टिव नॉन–कैटेलिटिक रिडक्शन (एसएनसीआर) सिस्टम।

सूट ब्लोवर्स

- 12.2 मीटर तक की दूरी के लिए लॉन्ग रिट्रैक्टेबल सूट ब्लोवर्स (एलआरएसबी)
- 10 मीटर की दूरी के लिए फर्नेस टेम्प्रेचर प्रोब (एफ़टीपी)
- एयर हीटर के लिए फारवर्ड ब्लोविंग वाले लॉन्ग रिट्रैक्टेबल नॉन रोटेटिंग (एलआरएनआर) सूट ब्लोवर्स
- सीएफबीसी बॉयलर अनुप्रयोगों के लिए ऐश डिस्चार्ज वाल्व
- क्रमबद्ध पीएलसी, नियंत्रण कक्ष और इंटिग्रल स्टार्टर सहित सूट ब्लोवर्स
18. कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 की धारा 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा सूचीयन विनियम के उपबंध 44 के अनुसरण में कंपनी अपने सदस्यों को वार्षिक सामान्य बैठक में पारित किए जाने वाले प्रस्तावित संकल्पों के लिए अपने मताधिकर का प्रयोग इलक्ट्रानिक विधि से करने की सुविधा मैसेर्स के.फिन टेक्नोलोजीस प्राईवेट लिमिटेड के माध्यम से उपलब्ध करवा रही है।जिन सदस्यों के नाम सोमवार, 16 सितंबर, 2021 (अंतिम तिथि) को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में है, वे ई–वोटिंग/एजीएम में मतदान करने हेतु पात्र होंगे और ऐसे व्यक्ति जो अंतिम तिथि को सदस्य नहीं है वे इस सूचना को केवल जानकारी के उद्देश्य से लें। ई–वोटिंग का समयावधि वृहस्पतिवार, 20 सितम्बर, 2021 प्रातः 09.00 से आरंभ होगी और रविवार 22 सितम्बर, 2021 सायं 05.00 बजे समाप्त होगी। ई–वोटिंग मॉड्यूल 27 सितंबर, 2020 को सायं 05.00 बजे बंद हो जाएगी। शेयरधारक द्वारा किसी संकल्प पर एक बार मतदान किए जाने के उपरांत, बाद में शेयरधारक को इसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। शेयरधारकों को मतदान का अधिकार अंतिम तिथि 16 सितंबर, 2021 कि स्थिति के अनुरूप में कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी में उनके अंश के समानुपात में होगा।

19. ऐसे सदस्य जिन्होंने अपना मत ई रिमोट से एजीएम के पहले किया हो और वे बैठक में उपस्थित हो तो उनको पुनः मतदान करने का अधिकार नहीं होगा

20. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने की सुविधा वार्षिक सामान्य बैठक में उपलब्ध कराई जाएगी और सुविधा वार्षिक सामान्य बैठक में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे तात्क्षणिक मतदान के माध्यम से बैठक में मतदान कर सकेंगे।

21. कंपनी ने मेसर्स अग्रवाल एस एंड एसोसिएट कंपनी के सचिव श्री सचिन अग्रवाल जो की एक पेशेवर कंपनी सचिव हैं, को दूरस्थ ई–वोटिंग और तात्क्षणिक मतदान में निष्पक्ष तथा पारदर्शिता मतदान प्रक्रिया की जांच करने हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है। संवीक्षक वार्षिक सामान्य बैठक में मतदान के समापन के तुरंत बाद, बैठक के दौरान मतदान और दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से डाले गए मत को समेकित करके पक्ष या विपक्ष, यदि कोई हो तो, में डाले गए कुल मतों पर संवीक्षक रिपोर्ट बनाएगा और अध्यक्ष को प्रस्तुत करेगा। बैठक के समापन के अड़तालीस घंटों के भीतर अध्यक्ष या उनके द्वार नामित किसी व्यक्ति द्वारा संवीक्षक रिपोर्ट सहित परिणाम घोषित किया जाएगा और यह परिणाम अध्यक्ष अथवा उसके द्वारा लिखित रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के तुरंत बाद कंपनी की वेबसाइट (www.bhel.com) और ई–वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट (https://www.evoting.nsdl.com) पर उपलब्ध करया जाएगा। परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद स्टॉक एक्सचेंजों को भी तत्काल अग्रेषित कर दिए जाएंगे।

22. वीसी के माध्यम से वार्षिक सामान्य बैठक में शामिल होने, दूरस्थ ई–वोटिंग एवं बैठक में मतदान की प्रक्रिया के साथ इससे संबंधित शिकायतों की सुनवाई के लिए संपर्क विवरण सूचना के साथ संलग्न निर्देशों में उपलब्ध कराये गए हैं।

निदेशक मण्डल के आदेश से

राजीव कालड़ा
कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः जुलाई 30, 2021

सूचना का अनुलग्नक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुपालन में व्याख्यात्मक विवरण

निम्नलिखित मद क्रमांक 5 से 7 में संलग्न सूचना दिनांक जुलाई 30, 2021 में उल्लिखित मुख्य कार्यों से संबंधित व्याख्यात्मक विवरणों के वास्तविक तथ्यों को दर्शाया गया है:

मद संख्या 5

कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अनुसार निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित एवं उसके बाद सदस्यों द्वारा पुष्टि किया जाने वाला पारिश्रमिक दिया जाना आवश्यक है।

लेखा परीक्षा समिति की अनुशंसा के आधार पर निदेशक मंडल की 30 जुलाई, 2021 को आयोजित बैठक में लागत लेखापालों/फर्मों के नामों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई है जिनका कुल पारिश्रमिक 15.01 लाख रूपये है। विवरण नीचे दिया गया है:

(रू लाख में)

क्र. सं.	लागत लेखा परीक्षक का नाम	इकाई	वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए पारिश्रमिक
1	मेसर्स शोम और बनर्जी, दिल्ली (लीड कॉस्ट ऑडिटर)	समेकन लेखा परीक्षा रिपोर्ट	0.96
		झांसी	0.77
		एचईआरपी वाराणसी	0.38
		भोपाल	1.91
2	मेसर्स आर.जे. गोयल एंड कंपनी, दिल्ली	हीप हरिद्वार	1.91
		सीएफएफपी हरिद्वार	0.38
3	मेसर्स केआरजे एंड एसोसिएट्स, हैदराबाद	हैदराबाद	1.91
4	मेसर्स एम कृष्णास्वामी एंड एसोसिएट्स, चेन्नई	त्रिची	2.54
		बीएपी रानीपेट	1.27
5	मेसर्स जे.एच एंड एसोसिएट्स, बेंगलुरु	एसबीडी बैंगलोर	0.50
		ईडीएन बैंगलोर	0.64
6	मैसर्स के.बी. सक्सेना एंड एसोसिएट्स, लखनऊ	आईवीपी गोइंदवाल	0.38
		एफएसआईपी जगदीशपुर	0.58
		सीएफपी रुद्रपुर	0.38
7	मेसर्स उप्पलपति एंड एसोसिएट्स, विशाखापत्तनम	एचपीवीपी विशाखापत्तनम	0.50
		कुल	**15.01**

उपर्युक्त शुल्क लागू करों एवं अन्य व्ययों जो अतिरिक्त रूप से देय है, को छोड़कर है।

तदनुसार सदस्यों से अनुरोध है की 31 मार्च 2022 को वर्षांत वित्त वर्ष के लिए लागत लेखा परीक्षकों को भुगतान किए जाने वाले पारिश्रमिक की पुष्टि करें।

कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार किसी अन्य प्रकार से मद क्रमांक 5 में पारित संकल्प से वित्तीय या अन्यथा से संबध अथवा हितबद्ध नहीं हैं और न ही इसमे उनकी कोई रूचि है।

निदेशक मंडल ने शेयरधारकों द्वारा अनुमोदन किए जाने हेतु संकल्प की अनुशंसा की।

मद संख्या 6

सुश्री रेणुका गेरा (DIN: 08970501), आयु 57 वर्ष, को बीएचईएल के निदेशक मण्डल में 1 दिसंबर 2020 को निदेशक (इंडस्ट्रियल सिस्टम एंड प्रोडक्ट्स) के रूप में नियुक्त किया गया।

वे दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग में स्नातक हैं।

इससे पूर्व, वे कार्यपालक निदेशक के रूप में बीएचईएल के उद्योग क्षेत्र का नेतृत्व कर रही थीं।

सुश्री गेरा ने 1984 में बीएचईएल के ट्रांसमिशन बिजनेस ग्रुप में अभियंता प्रशिक्षु के रूप में अपने कैरियर का आरंभ किया था। उन्हें हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट ट्रांसमिशन (एचवीडीसी), रिन्यूएबल एनर्जी और वाटर मैनेजमेंट सिस्टम सहित व्यावसायिक विकास तथा विविधीकरण प्रयासों के माध्यम से उद्योग क्षेत्र को ऊर्जा भंडारण प्रणाली इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन, परिवहन, रक्षा, ट्रांसमिशन सिस्टम के विभिन्न कार्यक्षेत्रों का 36 वर्षों का सैद्धांतिक कार्यानुभव प्राप्त है।

सुश्री गेरा के पास बीएचईएल की भोपाल विनिर्माण इकाई में 5 वर्ष तक अपनी सेवा प्रदान करने सहित विपणन, व्यवसाय विकास, इंजीनियरिंग, अनुबंध एवं परियोजना प्रबंधन, मानव संसाधन, प्रशासन, योजना, वित्त और विधि के क्षेत्रों में नेतृत्व करने के साथ ही कंपनी के सभी आयामों में विभिन्न गतिविधियों का अनुभव है। अपने करियर के दौरान, उनकी देश भर की एचवीडीसी परियोजनाओं में विस्तृत भागीदारी रही थी और वे भारत में सबसे बड़ी एचवीडीसी मल्टी–टर्मिनल परियोजनाओं में से एक की परियोजना प्रबंधक थीं।

उल्लेखनीय है कि वे बीएचईएल की पहली महिला कर्मचारी हैं जो निदेशक पद पर नियुक्त हुई हैं। सुश्री गेरा को पूर्व में बीएचईएल द्वारा सार्वजनिक उद्यम विभाग के तत्वावधान में आयोजित बिजनेस मैनेजमेंट के एक अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन कार्यक्रम हेतु नामित किया गया था

सुश्री रेणुका गेरा "सौर ऊर्जा प्रयुक्त इलेक्ट्रिक बसों के वायरलेस चार्जिंग के अवसरों के अध्ययन" के लिए संचालन समिति की अध्यक्ष हैं। यह समिति विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के एक स्वायत्त निकाय– टीआईएफ़एसी द्वारा गठित की गई है।

वे रिसर्च काउंसिल सीएसआईआर– एनईआरआई (नेशनल एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) की सदस्य हैं एवं "द कमेटी फॉर इंटरनेशनल काउंसिल ऑन लार्ज इलेक्ट्रिक सिस्टम्स (सीआईजीआरई), इंडिया" की गवर्निंग काउंसिल की उपाध्यक्ष भी हैं।

सुश्री रेणुका गेरा की नियुक्ति वेतनमान रु 1,80,000 – 3,40,000 प्रति माह पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों पर 31.08.2023 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो पर की गई है।

सुश्री रेणुका गेरा का बीएचईएल में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों / प्रबंधक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों से कोई संबंध नहीं है।

सुश्री रेणुका गेरा ने वित्त वर्ष 2020–21 में अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित दो बोर्ड बैठकों में भाग लिया है।

कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुच्छेद 67 (iv) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के आधार पर, सुश्री रेणुका गेरा आगामी वार्षिक आम बैठक तक पद पर रहेंगे हैं और नियुक्ति के लिए पात्र हैं।कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के अनुसार, कंपनी के निदेशक पद हेतु सुश्री रेणुका गेरा की नियुक्ति का प्रस्ताव करते हुए, कंपनी को लिखित रूप से सूचना मिली है।

सुश्री रेणुका गेरा को छोड़कर, नियुक्त होने के नाते, कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार वित्तीय या अन्यथा किसी भी प्रकार से, मद क्रमांक 6 में पारित संकल्प से संबद्ध या हितबध नहीं है।

निदेशक मंडल ने शेयरधारकों द्वारा अनुमोदन किए जाने हेतु संकल्प की अनुशंसा की।

मद संख्या 7

श्री जीतेन्द्र सिंह (DIN: 09207792), आयु 50 वर्ष, को बीएचईएल के निदेशक मण्डल में 18 जून 2021 को अंशकालिक आधिकारिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

श्री सिंह भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसईई) संवर्ग के अधिकारी हैं उन्होंने वीएनआईटी, नागपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बीई) तथा आईआईएम कोलकाता से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएम) फॉर एग्जीक्यूटिव्स किया है

वे वर्तमान में भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थ हैं भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार में पदस्थापना से पूर्व, वे रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक कॉर्पोरेट कोर्डिनेशन के रूप में पदस्थ थे

श्री सिंह इससे पहले नीति आयोग में शहरी विकास निदेशक पद पर तथा पूर्वनामी योजना आयोग में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) तथा अधोसंरचना निर्माण क्षेत्रों में काम कर चुके हैं रेल मंत्रालय में निदेशक (योजना) के रूप में उनकी जिम्मेदारियों में रेलवे की दीर्घकालिक योजना और आधुनिकीकरण, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) का विकास तथा भारी माल ढुलाई का संचालन शामिल था अपने प्रारंभिक करियर में उन्होंने विभिन्न रेलवे इकाइयों में विद्युत कर्षण (ट्रैक्शन), लोकोमोटिव अनुरक्षण और परिचालन क्षेत्रों में काम किया है

श्री जीतेंद्र सिंह एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड, एचएमटी लिमिटेड, एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड, एचएमटी (आई) लिमिटेड और हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में अंशकालिक आधिकारिक निदेशक का पद धारण करते हैं। बीएचईएल के निदेशक मण्डल में भारत सरकार के नामित होने के नाते, श्री जीतेंद्र सिंह बीएचईएल से कोई पारिश्रमिक प्राप्त नहीं करते हैं।

श्री जीतेंद्र सिंह का कंपनी में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों / प्रबंधक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों से कोई संबंध नहीं है।

चूंकि श्री जीतेंद्र सिंह को 18.06.2021 को निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, इसलिए वे वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान किसी भी बोर्ड बैठक में शामिल नहीं हुए

कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुच्छेद 67 (iv) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के आधार पर, श्री जीतेंद्र सिंह आगामी वार्षिक आम बैठक तक इस पद पर बने रहेंगे हैं और नियुक्ति के लिए पात्र होगें। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के अनुसार, कंपनी के निदेशक पद हेतु श्री जीतेंद्र सिंह की अभ्यर्थता का प्रस्ताव करते हुए, कंपनी को लिखित रूप से सूचना मिली है।

श्री जीतेंद्र सिंह को छोड़कर, नियुक्त होने के नाते, कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार वित्तीय या अन्यथा किसी भी प्रकार से, मद क्रमांक 7 में पारित संकल्प से संबंधित या इच्छुक नहीं है।

निदेशक मंडल ने शेयरधारकों द्वारा अनुमोदन किए जाने हेतु संकल्प की अनुशंसा की।

निदेशक मण्डल के आदेश से

राजीव कालड़ा

कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः जुलाई 30, 2021

पुनः नियुक्ति हेतु निदेशकों का विवरण

सुबोध गुप्ता

श्री सुबोध गुप्ता, (DIN: 08113460), आयु 57 वर्ष, को बीएचईएल के निदेशक मण्डल में 18 अप्रैल, 2018 को निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया गया था।

श्री गुप्ता (आईसीएआई) इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एकाउन्टेंट्स आफ इंडिया के मानद सदस्य हैं एवं दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य (ऑनर्स) में स्नातक हैं। निदेशक मंडल में नियुक्ति के पूर्व वे महाप्रबंधक (कार्पोरेट वित्त) थे और वित्तीय आयोजना एवं स्ट्रेटजी, कोषालय प्रबंधन, टैक्सेशन का कार्य देख रहे थे। इसके साथ ही वे कंपनी के व्यावसायिक परिक्षेत्र 'उद्योग क्षेत्र' के अधीन विभिन्न रणनीतिक व्यावसायिक इकाइयों में वित्त विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य कर रहे थे।

एक कुशल वित्तीय व्यवसायी, श्री गुप्ता को बीएचईएल के वित्तीय संचालन में 35 से अधिक वर्षों का विविध अनुभव हैं। उन्होंने 1985 में बीएचईएल में प्रशिक्षु (वित्त) के रूप में अपना करियर शुरू किया और अपने करियर के उन्नयन के दौरान, चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियों को निभाने के लिए स्वयं को वित्तीय प्रबंधन के सभी पहलुओं में विशेषज्ञ बनाया।

श्री गुप्ता के कुशल नेतृत्व में, बीएचईएल को लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए प्रथम आईसीडब्ल्यूएआई राष्ट्रीय पुरस्कार 2005 और व्यवसायिक उत्कृष्टता के लिए प्रथम प्रतिष्ठित सीआईआई–एक्ज़िम बैंक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यूरोपियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट के एक प्रमाणित टीक्यूएम मूल्यांकनकर्ता के रूप में, उन्होंने व्यावसायिक प्रक्रियाओं में सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और कई आंतरिक और बाहरी टीक्यूएम आकलन किए हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा "पीएसयू मैन्युफैक्चरिंग–लार्ज" श्रेणी के तहत कॉर्पोरेट प्रबंधन प्राणियों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें "सीएमए अचीवर्स अवार्ड" – सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट 2016 से सम्मानित किया गया। उन्हें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वित्त व्यवसायी के लिए "टॉप रैंकर्स एक्सीलेंस अवार्ड 2020" से भी सम्मानित किया गया।

श्री सुबोध गुप्ता ने वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, बैलेंस शीट में संपत्ति की गुणवत्ता में वृद्धि, कुशल ट्रेजरी प्रबंधन और वित्तीय जोखिमों को कम करने के मामले में वित्तीय रणनीति में नए दृष्टिकोणों को अपनाने में उत्प्रेरक भूमिका निभाई है। वे रणनीतिक योजना को बढ़ावा दे रहें हैं, बजटीय अनुशासन को सशक्त कर रहें हैं और महत्वपूर्ण बडी चुनौतियों का समाधान करने और परिचालन दक्षता में सुधार के लिए माध्यम के रूप में के प्रणालियों और प्रक्रियाओं को संरेखित कर रहें हैं। उन्होंने संगठन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी लागत कटौती प्रभावपूर्ण उपायों को अपनाया है। विभिन्न घटकों की लागत प्रक्षेप पथ पर कड़ी निगरानी रखी है, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय निष्पादन, लाभप्रदता और लिक्विडिटी में अत्यधिक सुधार हुआ है। उन्होंने आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एवं जोखिम प्रबंधन की सशक्त संरचना बनाने के लिए सर्वोत्तम वित्तीय पद्धतियों को अपनाने की संस्कृति को आत्मसात किया तथा प्रभावी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्माण के लिए विभिन्न प्रयासों का नेतृत्व किया है

वैश्विक महामारी के प्रसार के कारण लंबे समय तक नकदी की कमी के बावजूद, उन्होंने विभिन्न मदों की लागत पर कड़ी निगरानी बनाए रखी है और समग्र प्राप्त राशि के प्रबंधन पर विशेष बल देकर परिचालन नकद, अधिशेष उत्पन्न करने तथा पिछले दशक की व्यापार प्राप्तियों के स्तर को न्यूनतम महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विवेकपूर्ण वित्तीय नीतियों को अपनाने की उनकी पहल, लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए नकदी संरक्षण का पालन और सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन ने महामारी के प्रसार के कारण होने वाले व्यवधानों के बीच मंद परिचालन की विद्यमान चुनौतियों का सामना कर परिचालन घाटे को कम करने में सहायता की

वे वित्तीय प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण के माध्यम से प्रणालीगत सुधारों के प्रबल समर्थक हैं और विभिन्न डिजिटलीकृत प्रणालियों के विकास और एकीकरण को संचालित किया है जिससे दक्षता के उच्च स्तर तथा वित्तीय नियंत्रण एवं पारदर्शिता के संवर्धित स्तर प्राप्त होते हैं

उनके वित्तीय नेतृत्व में, बीएचईएल को लगभग चार दशकों के बाद, वित्तीय विवरणों में वित्तीय जानकारी के अनुपालन, व्यापकता और गुणवत्ता की मान्यता स्वरूप "इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर" श्रेणी में वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई अवार्ड से सम्मानित किया गया है

श्री सुबोध गुप्ता रायचूर पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में अंशकालिक नामित निदेशक के पद पर हैं। उन्हें "स्कोप" कार्यकारी बोर्ड 2021–23 में 01.04.2021 से सदस्य के रूप में भी चुना गया है। इसके अतिरिक्त, वे 22.06.2021 से "वित्तीय प्रबंधन पर स्कोप समिति" के अध्यक्ष और 'स्कोप नीति सलाहकार समूह' और "डिजिटल परिवर्तन पर स्कोप समिति" के सदस्य के रूप में भी कार्य कर रहे हैं।

श्री सुबोध गुप्ता की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों पर वेतनमान रु 1,80,000–3,40,000 प्रति माह पर 17.04.2023 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, की गई है

श्री सुबोध गुप्ता का बीएचईएल में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों / प्रबंधक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ कोई संबंध नहीं है।

श्री सुबोध गुप्ता ने वित्त वर्ष 2020–21 में आयोजित निदेशक मण्डल की सभी बैठकों (आठ) में भाग लिया है

श्री शशांक प्रिय

श्री शशांक प्रिय (DIN: 08538400), आयु 55 वर्ष, को बीएचईएल के निदेशक मण्डल में 4 अक्टूबर 2019 को अंशकालिक शासकीय निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

श्री शशांक प्रिय भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और जीएसटी) 1988 बैच के सिविल अधिकारी हैं। वे वर्तमान में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव व वित्त सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं।

इनके पास अप्रत्यक्ष कर और विश्व व्यापार संगठन से संबंधित विषयों में कार्य करने का 32 से अधिक वर्षों का अनुभव है। इन्होंने जीएसटी से संबंधित विषयों पर विभिन्न पदों जैसे संयुक्त सचिव, जीएसटी परिषद; अपर महानिदेशक (जीएसटी) और आयुक्त, जीएसटी में काम किया है।

इनके पास विश्व व्यापार संगठन के विषयों पर काम करने का एक दशक का अनुभव है। इन्होंने विश्व व्यापार संगठन के अध्ययन केंद्र भारतीय विदेश व्यापार संस्थान में प्रोफेसर के रूप में पांच वर्ष तक काम किया और विश्व

व्यापार संगठन और व्यापार सहयोग से संबंधित विषयों में व्यापक स्तर पर कार्य किया है। उन्होंने वाणिज्य विभाग के व्यापार नीति प्रभाग में उप सचिव / निदेशक के रूप में 5 वर्षों तक काम किया। उन्होंने विश्व व्यापार संगठन समिति की कई बैठकों तथा कैनकुन, जिनेवा और हांगकांग में विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में वार्ताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

उन्होंने सीमा व केंद्रीय उत्पाद शुल्क के विभिन्न अंगो जैसे केंद्रीय उत्पाद प्रभाग, एंटी–स्मगलिंग, अप्रेजिंग, सतर्कता और निर्यात संवर्धन में भी काम किया है।

उन्होंने कई प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए एक बाह्य संकाय के रूप में भूमिका निभाई है और भारत और विदेशों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों के समक्ष जीएसटी और विश्व व्यापार संगठन के विषयों पर कई प्रस्तुतियां दी हैं। वे 2011 और 2012 में विश्व व्यापार संगठन, जिनेवा के सहयोग से विश्व व्यापार संगठन अध्ययन केंद्र द्वारा एशिया प्रशांत देशों के लिए आयोजित दीर्घकालिक विश्व व्यापार संगठन क्षेत्रीय व्यापार नीति पाठ्यक्रम के अकादमिक समन्वयक थे।

उन्होंने विश्व व्यापार संगठन के मुद्दों पर समाचार पत्रों/पत्रिकाओं में लेखों के रूप में योगदान दिया है और दो पुस्तकें लिखी हैं, जिसका नाम है 'भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों की व्यापार नीतियों की समीक्षा' और 'भारत में सीमा निकासी प्रक्रियाओं के लिए व्यापार सुविधा अंतराल विश्लेषण' उन्होंने UN ESCAP, बैंकॉक के लिए 'सीमापार कागज रहित व्यापार' विषय पर एक लेख भी लिखा।

श्री शशांक प्रिय एमएमटीसी लिमिटेड, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन, इन्वेस्ट इंडिया, स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन सेंटर लिमिटेड, एचएमटी लिमिटेड के निदेशक मण्डल में अंशकालिक आधिकारिक निदेशक का पदभार भी संभाल रहे हैं। वे एमएमटीसी लिमिटेड और इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन की ऑडिट कमेटी के सदस्य हैं तथा स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ऑडिट कमेटी और स्टेकहोल्डर्स रिलेशनशिप कमेटी के अध्यक्ष हैं।

बीएचईएल के निदेशक मण्डल में भारत सरकार के नामिती होने के नाते, श्री शशांक प्रिय बीएचईएल से कोई पारिश्रमिक प्राप्त नहीं करते हैं।

श्री शशांक प्रिय का बीएचईएल में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों / प्रबंधक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ कोई संबंध नहीं है।

श्री शशांक प्रिय ने वित्त वर्ष 2020–21 में आयोजित निदेशक मण्डल की सभी बैठकों (आठ) में भाग लिया है

निदेशक मण्डल के आदेश से

राजीव कालड़ा

कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः जुलाई 30, 2021

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा वार्षिक सामान्य बैठक से जुड़ने, रिमोट ई–वोटिंग और वार्षिक सामान्य बैठक में वोटिंग करने की प्रक्रियाः

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 यथासंशोधित, सपठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108 एवं सेबी लिस्टिंग विनियमों के नियम 44 के प्रावधानों, तथा ई–वोटिंग सुविधा प्रदान कराने वाली सूचीबद्ध संस्थाओं के संबंध में सेबी परिपत्र संख्याः सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242 दिनांक 9 दिसंबर, 2020, के अनुपालन में, कंपनी अपने सदस्यों को वार्षिक सामान्य बैठक में (एजीएम) पारित किए जाने वाले संकल्पों पर उनके मताधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (ई–वोटिंग) के माध्यम से करने की सुविधा प्रदान कर रही है। यह सुविधा एनएसडीएल की ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से प्रदान कर रही है।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि इस प्रकार होगीः–

दूरस्थ ई–वोटिंग का प्रारम्भ	सोमवार, 20 सितंबर, 2021, प्रातः 9 बजे से
ई–वोटिंग का समापन	बुधवार, 22 सितंबर, 2021 को शाम 5 बजे तक

ऐसे सदस्य जो अंतिम तिथि अर्थात गुरुवार, 16 सितंबर, 2021 को भौतिक रूप में या अभौतिक रूप में शेयर धारण करते हैं वे उक्त अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इस अवधि के बाद एनएसडीएल द्वारा मतदान के लिए ई–वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्यों के पास रिमोट ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करके किसी भी संकल्प पर अपना वोट डालने का विकल्प या तो 20 सितंबर, 2021 से शुरू होने वाली और 22 सितंबर, 2021 को समाप्त होने वाली अवधि के दौरान या एजीएम के दौरान ई–वोटिंग करने का होता है। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं लेकिन उन्हीं प्रस्ताव (वों) पर अपना वोट दोबारा डालने के पात्र नहीं होंगे।

कंपनी के निदेशक मंडल ने मेसर्स अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स के पेशेवर कंपनी सचिव श्री सचिन अग्रवाल को रिमोट ई–वोटिंग तथा आम सभा के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए संवीक्षक (स्क्रूटिनीजर) का काम सौंपा है। इस नियुक्ति को स्वेच्छा से स्वीकार करते हुए उन्होंने आवश्यकतानुसार उपलब्ध होने की हामी भरी है।

किसी सदस्य / लाभार्थी को वोटिंग अधिकार अंतिम तिथि को कंपनी की पेड–अप इक्विटी शेयर पूंजी में उसके शेयर के अनुपात के अनुसार होगा।

संवीक्षक, बैठक में ई–वोटिंग के समापन के बाद, बैठक में डाले गए वोटों एवं दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से डाले गए वोटों की जांच करेगा और इन्हें समेकित कर एक संवीक्षक रिपोर्ट बनाकर अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत करेगा। ई–वोटिंग का परिणाम बैठक के समापन के दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किया जाएगा और इसी के साथ, समेकित संवीक्षक रिपोर्ट, कंपनी की वेबसाइट (www.bhel.com) और ई–वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर पर डाल दी जाएगी। परिणाम उसी समय स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा।

अपेक्षित संख्या में वोटों की प्राप्ति पर, नोटिस में प्रस्तावित प्रस्तावों को बैठक की तिथि पर, अर्थात् 23 सितंबर, 2021 को पारित माना जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से वोटिंग और आभासी (वर्चुअल) बैठकों में भाग लेने की प्रक्रिया

क. रिमोट ई–वोटिंग और एजीएम में वोटिंग के लिए प्रक्रिया नीचे समझाई गई हैः

चरण –1: एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम में प्रवेश एवं एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालना

क.1) डीमैट मोड में प्रतिभूतियां धारण करने वाले शेयरधारक व्यक्ति के लिए लॉगिन विधि

सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली ई–वोटिंग सुविधा संबंधी सेबी के 9 दिसंबर, 2020 के परिपत्र के अनुसार और मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के हिस्से के रूप में, डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को धारण करने वाले सभी व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग प्रक्रिया को इस प्रकार सक्षम किया गया है कि वे डिपोजिटरी/डिपॉजिटरी की वेबसाइट/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास खोले गए उनके डीमैट खाते के माध्यम से वोट कर सकें। शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल–आईडी अपडेट करें।

शेयरधारकों का प्रकार	लॉगिन विधि
एनएसडीएल में डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	**I. एनएसडीएल आईडीएएस (IDeAS) सुविधाः** • **यदि आप पहले से ही एनएसडीएल आईडीईएएस सुविधा में पंजीकृत हैंः** 1. कृपया एनएसडीएल की ई–सेवा वेबसाइट देखें। पर्सनल कंप्यूटर या मोबाइल फोन के वेब ब्राउजर में निम्नलिखित यूआरएल टाइप करके खोलेंः https://eservices.nsdl.com/ 2. ई–सेवाओं का होमपेज दिखाई देने के बाद, "आइडीएएस" अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध "लॉगिन" के अंतर्गत "बेनिफिशियल ओनर" आइकन पर क्लिक करें। 3. एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आप ई–वोटिंग सेवाओं को देख पाएंगे। 4. ई–वोटिंग सेवाओं के तहत "एक्सेस टू ई–वोटिंग" पर क्लिक करें और आप ई–वोटिंग पेज देख पाएंगे। 5. कंपनी के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता – एनएसडीएल के सामने उपलब्ध विकल्पों पर क्लिक करें। तब आपको रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान या मीटिंग के दौरान मतदान करने के लिए एनएसडीएल ई–वोटिंग वेबसाइट पर री डाइरेक्ट किया जाएगा।

	• **यदि आप आईडीईएएस ई–सेवाओं में पंजीकृत नहीं हैं:** 1. पंजीकरण करने का विकल्प https://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है 2. 'IDeAS में ऑनलाइन पंजीकरण करें' चुनें या https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें। 3. सफलतापूर्वक पंजीकरण होने पर, कृपया उपर्युक्त बिंदु 1 – 5 में दिए गए निर्देशों का पालन करें। **II. एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट:** 1. एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर या मोबाइल फोन के वेब ब्राउजर में निम्नलिखित यूआरएल टाइप करके खोलें: https://www.evoting.nsdl.com/ 2. ई–वोटिंग सिस्टम का होमपेज दिखाई देने के बाद, "शेयरधारक/सदस्य" अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध "लॉगिन" आइकन पर क्लिक करें। 3. एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी (यानी एनएसडीएल के पास 16 अंकों का डीमैट खाता नंबर), पासवर्ड / ओटीपी और स्क्रीन पर दिखाए गए सत्यापन कोड को दर्ज करना होगा। 4. सफल प्रमाणीकरण के बाद, आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर भेज दिया जाएगा, जहां आप ई–वोटिंग पेज देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता – एनएसडीएल के सामने उपलब्ध विकल्पों पर क्लिक करें और रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान या मीटिंग के दौरान मतदान करने के लिए आपको एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। III. शेयरधारक / सदस्य निर्बाध मतदान अनुभव के लिए नीचे उल्लिखित क्यूआर कोड को स्कैन करके एनएसडीएल मोबाइल ऐप "एनएसडीएल स्पीड–ई" सुविधा भी डाउनलोड कर सकते हैं। **NSDL Mobile App is available on** App Store Google Play

सीडीएसएल में डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	1. मौजूदा उपयोगकर्ता जिन्होंने ईज़ी/ईज़ीएस्ट का विकल्प चुना है, वे अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं। ई–वोटिंग पेज तक पहुंचने का विकल्प बिना किसी और प्रमाणीकरण के उपलब्ध कराया जाएगा। उपयोगकर्ताओं के लिए Easi/Easiest में लॉगिन करने के लिए https://web.cdslindia.com/myeasi/home/login या www.cdslindia.com है और 'New System Myeasi' पर क्लिक करें। 2. ईज़ी/ईज़ीएस्ट के सफल लॉगिन के बाद, आप ई वोटिंग मेनू भी देख पाएंगे। मेनू में ई–वोटिंग सेवा प्रदाता (ईएसपी) यानी एनएसडीएल पोर्टल के लिंक होंगे। अपना वोट डालने के लिए एनएसडीएल पर क्लिक करें। 3. यदि आप Easi/Easiest में पंजीकृत नहीं हैं, तो पंजीकरण करने का विकल्प https://web.cdslindia.com/myeasi/Registration/EasiRegistration पर उपलब्ध है। 4. वैकल्पिक रूप से, आप www.cdslindia.com होम पेज में एक लिंक से डीमैट खाता संख्या और पैन नंबर प्रदान करके सीधे ई–वोटिंग पेज तक पहुंच सकते हैं। सिस्टम डीमैट खाते में पंजीकृत मोबाइल और ईमेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को प्रमाणित करेगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, उपयोगकर्ता को संबंधित ईएसपी यानी एनएसडीएल के लिए लिंक प्रदान किए जाएंगे जहां ई–वोटिंग चल रही है।
शेयरधारक (डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले) का उनके डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से लॉगिन	1. आप ई–वोटिंग सुविधा के लिए एनएसडीएल/सीडीएसएल के साथ पंजीकृत अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से अपने डीमैट खाते के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉग इन कर सकते हैं। 2. लॉग इन करने के बाद आपको ई–वोटिंग का विकल्प दिखाई देगा। एक बार जब आप ई–वोटिंग विकल्प पर क्लिक करते हैं, तो सफल प्रमाणीकरण के बाद आपको एनएसडीएल/सीडीएसएल डिपॉजिटरी साइट पर भेज दिया जाएगा, जहां आप ई–वोटिंग सुविधा देख सकते हैं। 3. कंपनी के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता–एनएसडीएल के सामने उपलब्ध विकल्पों पर क्लिक करें और रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान या मीटिंग के दौरान मतदान करने के लिए आपको एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट पर रीडायरेक्ट कर दिया जाएगा।

महत्वपूर्ण टिप्पणी: जो सदस्य यूजर आईडी / पासवर्ड याद करने में असमर्थ हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगॉट यूजर आईडी एंड पासवर्ड विकल्प का उपयोग करें।

डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों की डिपॉजिटरी यानी एनएसडीएल और सीडीएसएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान हेतु हेल्पडेस्क

लॉगिन प्रकार	हेल्पडेस्क विवरण
एनएसडीएल में डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन करने में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य NSDL हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं वे evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर या टोल फ्री नंबरः 1800–1020–990 और 1800–22–4430 पर कॉल करके समस्या का हल पा सकते हैं।
सीडीएसएल में डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन करने में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य NSDL हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं वे helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर या टोल फ्री नंबरः 022– 23058738 और 022–23058542/43 पर कॉल करके समस्या का हल पा सकते हैं।

क. 2) व्यक्तिगत शेयरधारकों के अलावा, डीमैट मोड में प्रतिभूतियों के धारक तथा भौतिक मोड में प्रतिभूतियों के धारक शेयरधारकों के लिए लॉगिन विधि

1. एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल के वेब ब्राउज़र पर निम्नलिखित URL टाइप करके खोलें: https://www.evoting.nsdl.com ।
2. ई–वोटिंग सिस्टम का होम पेज दिखाई देने के बाद, शेयरधारक/सदस्य अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध लॉगिन आइकन पर क्लिक करें।
3. एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी, अपना पासवर्ड/ओटीपी और स्क्रीन पर दिखाई देने वाला एक सत्यापन कोड दर्ज करना होगा।
4. वैकल्पिक रूप से, यदि आप एनएसडीएल ई–सेवाओं यानी आईडीईएएस में पंजीकृत हैं, तो आप अपने मौजूदा आईडीईएएस लॉगिन से https://eservices.nsdl.com/ पर लॉगिन कर सकते हैं। एक बार जब आप अपने लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करने के बाद एनएसडीएल ई–सेवाओं में लॉग इन करते हैं, तो ई–वोटिंग पर क्लिक करें और आप चरण 2 पर आगे बढ़ सकते हैं यानी एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालें।
5. आपका यूजर आईडी विवरण नीचे दिया गया है:

शेयर धारिता का स्वरूप अर्थात डीमैट (एनएसडीएल या सीडीएसएल) या भौतिक	**आपकी यूजर आईडी है:**
क. एनएसडीएल में डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत सदस्यों के लिए	8–कैरेक्टर डीपी आईडी के बाद 8– डिजिट क्लाइंट आईडी उदाहरण के लिए यदि आपकी डीपी आईडी IN300*** है और क्लाइंट आईडी 12****** है तो आपकी यूजर आईडी IN300***12****** होगी
ख. सीडीएसएल में डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत सदस्यों के लिए	16. अंक वाली लाभार्थी आईडी उदाहरण के लिए यदि आपकी लाभार्थी आईडी 12************** है तो आपकी उपयोगकर्ता आईडी 12************* होगी।
ग. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए	ईवन नंबर के बाद कंपनी के साथ पंजीकृत फोलियो नंबर उदाहरण के लिए यदि फोलियो नंबर 001*** है और EVEN 116681 है तो यूजर आईडी 116681001*** होगी।

6. व्यक्तिगत शेयरधारकों के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों के लिए पासवर्ड विवरण नीचे दिया गया है:

   अ. यदि आप पहले से ही ई–वोटिंग के लिए पंजीकृत हैं, तो आप अपने मौजूदा पासवर्ड का उपयोग से लॉग इन करके अपना वोट डाल सकते हैं।

   आ. यदि आप पहली बार एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम का उपयोग कर रहे हैं, तो आपको "आरंभिक पासवर्ड" याद/प्राप्त करना होगा जो आपको सूचित किया गया था। एक बार जब आप अपना "आरंभिक पासवर्ड" याद/प्राप्त कर लेते हैं, तो आपको "आरंभिक पासवर्ड" दर्ज करना होगा और सिस्टम आपको अपना पासवर्ड बदलने के लिए संकेत देगा।

   इ. अपना आरंभिक पासवर्ड कैसे याद/प्राप्त करें?

   i. यदि आपकी ईमेल आईडी आपके डीमैट खाते में या कंपनी के साथ पंजीकृत है, तो आपका "प्रारंभिक पासवर्ड" आपको आपकी ईमेल आईडी पर सूचित किया जाता है। एनएसडीएल से आपको भेजे गए ईमेल को आपके मेलबॉक्स से ट्रेस करें। इस ईमेल खोलें और अटैचमेंट में एक .pdf फ़ाइल होगी, उसे खोलें। .pdf फ़ाइल खोलने का पासवर्ड एनएसडीएल खाते में आपकी 8 अंकों की क्लाइंट आईडी, सीडीएसएल खाते में क्लाइंट आईडी के अंतिम 8 अंक अथवा भौतिक रूप में धारित शेयरों का फोलियो नंबर है। .pdf फाइल में आपकी "यूजर आईडी" और आपका "आरंभिक पासवर्ड" दिया गया है।

   ii. यदि आपकी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं है, तो कृपया नीचे दिए गए "शेयरधारकों के लिए सामान्य दिशानिर्देश" के चरणों का पालन करें।

7. यदि आप "आरंभिक पासवड" याद/पुनः प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं या प्राप्त नहीं किया है या अपना पासवर्ड भूल गए हैं:

   अ. "फॉरगॉट यूजर डिटेल्स/पासवर्ड" पर क्लिक करें। (यदि आप एनएसडीएल या सीडीएसएल में डीमैट खाते में शेयर रखते हैं) विकल्प www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

   आ. "फिजिकल यूजर रीसेट पासवर्ड" पर क्लिक करें (यदि आप भौतिक रूप में शेयर धारण कर रहे हैं) विकल्प www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

   इ. यदि आप अभी भी उपर्युक्त दोनों विकल्पों द्वारा पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, तो आप अपना डीमैट खाता संख्या/फोलियो नंबर,

अपना पैन, अपना नाम और अपना पंजीकृत पता आदि का उल्लेख करते हुए evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

ई. सदस्य एनएसडीएल की ई–वोटिंग प्रणाली पर वोट डालने के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) आधारित लॉग–इन का भी उपयोग कर सकते हैं।

8. अपना पासवर्ड दर्ज करने के बाद, "नियमों और शर्तों से सहमत" के चेक बॉक्स पर चयन करके टिक करें।

9. अब, आपको "लॉगिन" बटन पर क्लिक करना होगा।

10. "लॉगिन" बटन पर क्लिक करने के बाद ई–वोटिंग का होम पेज खुल जाएगा।

चरण 2: एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालना

1. चरण 1 में सफलतापूर्वक लॉगिन करने के बाद, आप उन सभी कंपनियों को 'EVEN' देख पाएंगे जिनमें आपके शेयर हैं और जिनका मतदान चक्र सक्रिय स्थिति में है।

2. रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने और आम बैठक के दौरान अपना वोट डालने के लिए कंपनी के "ईवन 116681" का चयन करें। वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के लिए, आपको "ज्वाइन जनरल मीटिंग" के तहत दिए गए 'VC/OAVM' लिंक पर क्लिक करना होगा।

3. जैसे ही वोटिंग पेज खुलेगा, आप ई–वोटिंग के लिए तैयार हैं।

4. सहमति या असहमति में से उचित विकल्प का चयन करके अपना वोट दें, उन शेयरों की संख्या को सत्यापित/संशोधित करें जिनके लिए आप अपना वोट देना चाहते हैं और "सबमिट" पर क्लिक करें और संकेत मिलने पर "कनफम" पर भी क्लिक करें।

5. "कनफर्म" होने पर, "वोट कास्ट सक्सेसफुली" संदेश प्रदर्शित होगा और आपको डिपॉजिटरी से पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर पर एक एसएमएस के माध्यम से एक पुष्टिकरण प्राप्त होगा।

6. आप कन्फर्मेशन पेज पर प्रिंट विकल्प पर क्लिक करके अपने द्वारा डाले गए वोटों का प्रिंटआउट भी ले सकते हैं।

7. एक बार जब आप संकल्प पर अपने वोट की पुष्टि कर देते हैं, तो आपको अपना वोट संशोधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ख. सदस्यों को वीसी के माध्यम से सामान्य बैठक में भाग लेने तथा सामान्य बैठक के दिन वोटिंग करने संबंधी निर्देश:

1. सदस्यों को वीसी के माध्यम से एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम द्वारा एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सदस्य "एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम में प्रवेश" हेतु ऊपर बताए गए चरणों का पालन करके इसे एक्सेस कर सकते हैं। सफल लॉगिन के बाद, सदस्यों को कंपनी के नाम के सामने "ज्वाइन जनरल मीटिंग" मेन्यू के तहत रखे गए "वीसी/ओएवीएम लिंक" पर क्लिक करना चाहिए। वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक शेयरधारक/सदस्य लॉगिन में उपलब्ध होगा जहां कंपनी का ईवन प्रदर्शित किया जाएगा।

2. जिन सदस्यों के पास ई–वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड नहीं है या वे यूजर आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं, वे नोटिस में उल्लिखित रिमोट ई–वोटिंग निर्देशों का पालन करके इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।

3. सदस्यों को बेहतर अनुभव के लिए लैपटॉप के माध्यम से बैठक में शामिल होने का परामर्श दिया जाता है। इसके अलावा, सदस्यों को बैठक के दौरान किसी भी गड़बड़ी से बचने के लिए कैमरे की अनुमति देने और अच्छी गति के साथ इंटरनेट का उपयोग करने की आवश्यकता होगी।

4. कृपया ध्यान दें कि मोबाइल उपकरणों या टैबलेट से या मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से लैपटॉप के माध्यम से जुड़ने वाले प्रतिभागियों को अपने संबंधित नेटवर्क में उतार–चढ़ाव के कारण ऑडियो/वीडियो व्यवधान का अनुभव हो सकता है। इसलिए किसी भी प्रकार की पूर्वोक्त गड़बड़ियों को कम करने के लिए स्थिर वाई–फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करने की अनुशंसा की जाती है।

5. ऐसे सदस्य जिन्हें एजीएम से पहले या उसके दौरान सहायता की आवश्यकता है, वे एनएसडीएल से evoting@nsdl.co.in / 1800–102–0990 और 1800–22–4430 पर संपर्क कर सकते हैं या एनएसडीएल की श्रीमती सोनी सिंह से`वदपे/देकस.बव पर संपर्क कर सकते हैं।

6. ऐसे सदस्य जो एजीएम के दौरान अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं या प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे 17 सितंबर, 2021 (सुबह 9:00 बजे भा.स.अ.) से 18 सितंबर, 2021 (5:00 बजे भा.स.अ.) तक अपने नाम, डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी / फोलियो नंबर, पैन, मोबाइल नंबर और संभावित प्रश्न (यदि कोई हो) का उल्लेख करते हुए अपने पंजीकृत ई–मेल पते से अनुरोध shareholderquery@ bhel.in भेजकर खुद को एक स्पीकर के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं। वे सदस्य जिन्होंने स्वयं को स्पीकर के रूप में पंजीकृत किया है, उन्हें ही एजीएम के दौरान अपने विचार व्यक्त करने/प्रश्न पूछने की अनुमति होगी। कंपनी एजीएम के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त समय की उपलब्धता के अधीन प्रश्नों की संख्या और वक्ताओं की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

7. सदस्य अपने नाम, डीमैट खाता संख्या/फोलियो नंबर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और अपेक्षित विचारों/प्रश्नों का उल्लेख करते हुए अग्रिम रूप से shareholderquery@bhel.in पर मेल भेजकर लिखित में प्रश्न पूछ सकते हैं। इसका कंपनी द्वारा उपयुक्त उत्तर दिया जाएगा।

8. बैठक में शामिल होने की सुविधा एजीएम के निर्धारित समय से 15 मिनट पहले खोली जाएगी और एजीएम की पूरी कार्यवाही के दौरान खुली रखी जाएगी।

9. एजीएम के दिन ई–वोटिंग की प्रक्रिया वही है जो रिमोट ई–वोटिंग के लिए ऊपर दिए गए निर्देशों के अनुसार है।

10. केवल वे सदस्य/शेयरधारक, जो वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होंगे और रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से संकल्पों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे।

11. रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने वाले सदस्य एजीएम में भाग लेने के पात्र होंगे। परंतु वे एजीएम में मतदान करने पात्र नहीं होंगे।

ग. शेयरधारकों के लिए सामान्य दिशानिर्देश

1. कॉर्पोरेट/संस्थागत सदस्यों (अर्थात व्यक्तियों, एचयूएफ, एनआरआई, आदि के अलावा) को अपने विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि के सत्यापित नमूना हस्ताक्षर (हस्ताक्षरों) सहित बोर्ड संकल्प/प्राधिकरण पत्र आदि की स्कैन की गई प्रमाणित मूल प्रति (पीडीएफ प्रारूप) संवीक्षक को sachin@companylawworld.com पर एवं evoting@nsdl.co.in पर कॉपी भेजना आवश्यक है।

2. प्रबल अनुशंसा की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें। सही पासवर्ड डालने के पांच असफल प्रयासों पर ई–वोटिंग वेबसाइट पर लॉगिन अक्षम हो जाएगा। ऐसी स्थिति में, आपको "उपयोगकर्ता विवरण/पासवर्ड भूल गए" के माध्यम से जाना होगा? या "भौतिक उपयोगकर्ता रीसेट पासवर्ड" पासवर्ड रीसेट करने के लिए www.evoting.nsd.com पर विकल्प उपलब्ध है।

3. नोटिस भेजने के बाद भौतिक रूप में शेयर रखने वाला कोई भी व्यक्ति और गैर–व्यक्तिगत शेयरधारक, जो कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है एवं कंपनी का सदस्य बन जाता है तथा अंतिम तिथि को शेयर रखता है, वह evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी व पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। परंतु यदि वह रिमोट ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पहले से पंजीकृत है तो वह वोट डालने के लिए अपनी मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है। नोटिस भेजने के बाद डीमैट मोड में शेयर रखने वाला कोई भी व्यक्ति और गैर–व्यक्तिगत शेयरधारक, जो कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है एवं कंपनी का सदस्य बन जाता है तथा अंतिम तिथि को शेयर रखता है, वह उपर्युक्त वर्णित डीमैट मोड में प्रतिभूतियां धारण करने वाले शेयरधारक व्यक्ति के लिए लॉगिन विधि में दिए निर्देशों का पालन कर सकता है।

4. किसी भी शंका के समाधान हेतु, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देख सकते हैं या टोल फ्री नंबरः 1800–1020–990 और 1800–22–4430 पर कॉल कर सकते हैं अथवा सुश्री सोनी सिंह को evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजें।

5. जिन सदस्यों की ईमेल आईडी डिपॉजिटरी/कंपनी में पंजीकृत नहीं हैं, वे ई–वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने हेतु www.evoting.nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं:

   i. यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं तो कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की सेल्फ–अटेस्टेड स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की प्रति की स्व–सत्यापित स्कैन की गई) प्रदान करें।)।

   ii. यदि शेयर डीमैट मोड में हैं, तो कृपया डीपीआईडी–सीएलआईडी (16 अंकों का डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंकों का लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की प्रति की स्व–सत्यापित स्कैन की गई)

   iii. यदि आप डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक हैं, तो आपसे अनुरोध किया जाता है कि आप (बिंदु संख्या ए.1) में बताई गई लॉगिन विधि, अर्थात डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए लॉगिन विधि को देखें।

   iv. सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली ई–वोटिंग सुविधा संबंधी सेबी के 9 दिसंबर, 2020 के परिपत्र के अनुसार, डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ बनाए गए डीमैट खाते के माध्यम से वोट करने की अनुमति है। ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए शेयरधारकों को अपने डीमैट खाते में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सही अपडेट करना आवश्यक है।

6. कंपनी में अपना ईमेल पता स्थायी रूप से पंजीकृत/अपडेट करने के लिए और भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक रूप से सभी संचार (नोटिस, वार्षिक रिपोर्ट और ई–वोटिंग निर्देश, यूजर आईडी और पासवर्ड के साथ) प्राप्त करने के लिए, कृपया नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करें:

   क. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य प्रथम शेयरधारक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र, की स्कैन की गई प्रति के साथ shareholderquery@bhel.in पद को अथवा कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को rta@alankit.com पर–मेल अनुरोध भेज सकते हैं, जिससे आरटीए उनका ई–मेल पता पंजीकृत कर सकेगा। अनुरोध पत्र में ईमेल, मोबाइल नंबर, पैन की स्व–सत्यापित प्रति एवं शेयर प्रमाणपत्र की एक प्रति होनि चाहिए।

   ख. डीमैटीरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अपने ईमेल पते को रजिस्टर/अपडेट करें।

   ग. इस संबंध में किसी अन्य प्रश्न के उत्तर हेतु सदस्यों से अनुरोध है कि वे rta@alankit.com पर मेल लिखें या 011–42541234 पर कॉल करें।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(सीआईएन : एल74899डीएल1964जीओआई004281)
पंजीकृत कार्यालयः बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली : 110049
फोनः 011–66337000, फ़ैक्सः 011–66337428
वेबसाइटः www.bhel.com ई–मेलः shareholderquery@bhel.in

प्रिय शेयरधारक (को)

संदर्भ : राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवाओं (एनईसीएस)/इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवाओं (ईसीएस) के माध्यम से लाभांश का भुगतान

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसरण में सभी सूचीबद्ध कंपनियाँ को लाभांश के भुगतान के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्वीकृत किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मोड जैसे ईसीएस/एनईसीएस/डाएरेक्ट क्रेडिट आदि के भुगतान की पद्धति को अपनाना हैं।

यदि आपने पहले से हमारे रजिस्ट्रार यानि मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड या अपने डिपोजिटरी प्रतिभागी (डीमैट होल्डिंग के मामले में), एनईसीएस/ईसीएस/बैंक खाता विवरण प्रेषित नहीं किए हैं, तो आपसे हमारा अनुरोध है कि नीचे दिए गए फॉर्मेट में उक्त विवरण उपलब्ध कराएं, ताकि कंपनी द्वारा घोषित होने वाले लाभांश का त्वरित, सुरक्षित एवं सही भुगतान किया जा सके।

कृपया सुनिश्चित करें कि रजिस्ट्रारों/ डिपोजिटरी प्रतिभागी को आपके द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण सही हों, क्योंकि उनमें कोई त्रुटि होने पर लाभांश की राशि गलत खाते में जमा हो जाएगी।

कृपया आपकी बेहतर सेवा करने में हमें सहयोग करें।

भवदीय

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

विशेष टिप्पणीः यदि आपके पास डीमैट रूप में शेयर हैं तो अपने डिपोजिटरी प्रतिभागी को आपके बैंक खाता विवरणों/एनईसीएस/ईसीएस/सीधे क्रेडिट अधिदेश पर ध्यान देने का परामर्श दें।

....

एनईसीएस/ईसीएस अधिदेश/बैंक खाता विवरणों के लिए फॉर्म

मैं/हम...एतद द्वारा बीएचईएल/अपने डिपोजिटरी प्रतिभागी कोः

☐ मेरे/हमारे लाभांश वारंट पर निम्न विवरण छापने

☐ एनईसीएस/ईसीएस द्वारा बैंक खाते में मेरे लाभांश राशि जमा करने हेतु प्राधिकृत करता हूं/करते हैं

(जो लागू न हो कृपया उसे काट दें)

मेरा/हमारा फोलियो सं............................ अथवा डीपी आईडी सं. ....ग्राहक सं................................ हैं।

बैंक खाते का विवरणः

क.	बैंक का नाम	....
ख.	शाखा का नाम (केवल अधिदेश के लिए पता)	....
ग.	एमआईसीआर चैक में दिए गए बैंक और शाखा के 9 अंको की कोड संख्या	....
घ.	आईएफ़एससी कोड	....
ङ.	खाते का प्रकार (बचत/चालू)	....
च.	बैंक बुक में दिए गए अनुसार खाता सं.	....
छ.	शेयरधारक का एसटीडी कोड एवं फोन न.	....

यदि एनईसीएस/ईसीएस कार्यान्वित न हो सकी अथवा बैंक एनईसीएस/ईसीएस को किसी कारण से समाप्त कर देता है, तो मैं/हम कंपनी को जिम्मेदार नहीं ठहराऊंगा/ठहराएंगे।

भेजें:

मेसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
इकाईः बीएचईएल
4ई/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन,
नई दिल्ली–110055

____
शेयरधारक के हस्ताक्षर

कृपया (1) 9 अंको की कोड सं. की यथार्थता के सत्यापन हेतु आपके उक्त खाते से संबन्धित आपके बैंक द्वारा जारी चैक या खाली रद्द किए गए चैक की प्रति और (2) अपने पैन कार्ड की एक प्रति इस फॉर्म के साथ संलग्न करें।

बैंकर, लेखा परीक्षक और शेयर अंतरण एजेंट

बैंकर्स	लेखा परीक्षक
ऐक्सिस बैंक	राज हर गोपाल एंड कंपनी, नई दिल्ली
बैंक ऑफ बड़ौदा	तिवारी एंड एसोसिएट्स, नई दिल्ली
केनरा बैंक	महेश सी सोलंकी एंड कंपनी, भोपाल
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	पोनराज एंड कंपनी, त्रिची
सिटी बैंक एन ए	राव एंड एम्मार, बैंगलोर
डच बैंक एजी	राव एंड कुमार, हैदराबाद
एक्सपोर्ट–इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया	गोपालैयार एंड सुब्रमण्यम, चेन्नई
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड	
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड	**लागत लेखा परीक्षक**
आईडीबीआई बैंक	शोम एंड बनर्जी, दिल्ली
इंडियन बैंक	आर जे गोयल एंड कंपनी, दिल्ली
इंडियन ओवरसीज बैंक	केआरजे एंड एसोसिएट्स, हैदराबाद
इंडसइंड बैंक	एम. कृष्णास्वामी एंड एसोसिएट्स, चेन्नई
कोटक महिंद्रा बैंक	जे एच एंड एसोसिएट्स, बेंगलुरु
पंजाब नेशनल बैंक	के बी सक्सेना एंड एसोसिएट्स, लखनऊ
आरबीएल बैंक लिमिटेड	उप्पलपति एंड एसोसिएट्स, विशाखापत्तनम
स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक	
भारतीय स्टेट बैंक	
फेडरल बैंक लिमिटेड	
हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	**शेयर ट्रांसफर एजेंट**
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली– 110055 दूरभाष: 91–11–4254 1234 फैक्स: 91–11–4254 1201
यैस बैंक लिमिटेड	

पंजीकृत कार्यालय
बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049 (भारत)
सीआईएन: L74899DL1964GOI004281
फोन: 011–66337000, फैक्स: 011–66337428
वेबसाईट: www.bhel.com ई–मेल shareholderquery@bhel.in

रक्षा और एयरोस्पेस में महत्वपूर्ण उपलब्धियां!

बीएचईएल तीन दशकों से अधिक समय से रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए रणनीतिक उपकरणों और सेवाओं का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

राष्ट्र के अंतरिक्ष कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण योगदान करते हुए, बीएचईएल 1992 से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लंबे समय से चले आ रहे भागीदारों में से एक है। बीएचईएल को इसरो के सभी अंतरिक्ष कार्यक्रमों के साथ जुड़े होने पर बहुत गर्व है। इनसैट, जीसैट, आईआरएनएसएस श्रृंखला और रिसैट श्रृंखला सहित राष्ट्रीय महत्व के मिशनों को बीएचईएल निर्मित अंतरिक्ष ग्रेड सौर पैनलों और लिथियम–आयन बैटरी द्वारा संचालित किया गया है। बीएचईएल इसरो को टाइटेनियम मिश्र धातु आधारित अंतरिक्ष यान प्रणोदक टैंक घटकों की आपूर्ति भी करता रहा है।

2020–21 में नई उपलब्धि प्राप्त करते हुए, देश के महत्वपूर्ण मिशन चंद्रयान 3 के प्रति प्रतिबद्धता को और सशक्त किया गया। वर्ष के दौरान, बीएचईएल ने इस मिशन के लिए इसरो को 100वीं स्पेस ग्रेड की बैटरी की आपूर्ति करने का अनूठा गौरव हासिल किया और रिकॉर्ड समय में चंद्रयान 3 के लिए सेंट्रल रिंग्स का निर्माण भी पूरा किया।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049 भारत

सी आई एनः L74899DL1964GOI004281

www.bhel.com

हमें इन पर फॉलो करें

BHELOfficial BHEL_India BHEL_India bhel.india company/bhel